दैनिक सच्चाई की जंग

लोकमित्र

वर्ष : 31 | अंक :74
प्रतापगढ़ | बुधवार , 15 जनवरी-2025
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

त्रिवेणी के तट पर उमड़ा आस्था का जनसैलाब

3.50 करोड़ से ज्यादा लोगों ने किया अमृत स्नान

इष्ट महादेव की तरह ही नागा साधुओं का शृंगार भी देश भर के श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा

लोकमित्र ब्यूरो

महाकुम्भनगर । महाकुम्भ के दूसरे स्नान पर्व मकर संक्रांति पर मंगलवार को सुबह से दोपहर तक 13 अखाड़ों के साधु संतों ने बारी-बारी अमृत स्नान किया। मेला प्रशासन के मुताबिक, अपराह्न तीन बजे तक 2.50 करोड़ श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में आस्था की डुबकी लगाई। अखाड़ों के अमृत स्नान में सबसे पहले सन्यासी अखाड़ों में पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी और शंभू पंचायती अटल अखाड़ा के साधु संतों ने 'हर हर महादेव' के घोष के साथ संगम पर अमृत स्नान किया।

अमृत स्नान के उपरांत महानिर्वाणी अखाड़े के महामंडलेश्वर चेतनगिरी जी महाराज ने कहा कि हर 12 साल में पूर्ण कुंभ प्रयागराज में होता है और 12 पूर्ण कुंभ होने पर 144 साल बाद यह महाकुंभ आता है। बहुत भाग्यशाली लोगों को महाकुंभ में स्नान का अवसर मिलता है। महानिर्वाणी अखाड़े से 68 महामंडलेश्वर और हजारों साधु संतों ने अमृत स्नान किया।

अमृत स्नान के अगले क्रम में तपोनिधि पंचायती निरंजनी अखाड़ा और आनंद अखाड़ा के साधु संतों ने अमृत स्नान किया जिसमें सबसे आगे अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी थे और उनके बाद अखाड़ा के झंडे और फिर आराध्य देवता कार्तिकेय स्वामी और सूर्य नारायण पालकी पर सवार थे। इनके पीछे नागा सन्यासियों की टोली थी और इन सभी के बीच निरंजनी के आचार्य महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरि एक भव्य रथ पर सवार थे। अमृत स्नान के बाद निरंजनी अखाड़ा के सचिव महंत रविंद्र पुरी ने कहा कि निरंजनी के 35 महामंडलेश्वरों ने और हजारों की संख्या में नागा सन्यासियों ने अमृत स्नान किया।

निरंजनी अखाड़े की साध्वी और पूर्व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा कि घाट पर युवाओं की भीड़ यह बताती है कि युवाओं में सनातन धर्म के प्रति कितनी आस्था है। जब भी किसी ने सनातन धर्म को चुनौती दी, युवा और संत समाज ने आगे आकर धर्म की रक्षा की। निरंजनी और आनंद अखाड़े के बाद जूना अखाड़े, आवाहन अखाड़े और पंचअग्नि अखाड़े के हजारों साधु संतों ने अमृत स्नान किया। जूना के साथ ही किन्नर अखाड़े के संतों ने भी गंगा में डुबकी लगाई। जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि भव्य रथ पर सवार होकर स्नान घाट पर आए और उनके साथ हजारों की संख्या में नागा सन्यासी भी थे।

सन्यासी अखाड़ों के बाद तीन बैरागी अखाड़ों- पंच निर्मोही अनी अखाड़ा, पंच दिगंबर अनी अखाड़ा और पंच निर्वाणी अनी अखाड़ा ने बारी बारी से स्नान किया। इनके बाद उदासीन अखाड़ों- पंचायती नया उदासीन और पंचायती बड़ा उदासीन अखाड़े ने स्नान किया। सबसे आखिर में पंचायती निर्मल अखाड़ा के साधु संतों ने अमृत स्नान किया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ÷यह हमारी सनातन संस्कृति और आस्था का जीवंत स्वरूप है।

कड़ाके की ठंड और कोहरे के बावजूद प्रयागराज में हर दिशा से जनसैलाब सुबह से ही संगम की ओर जाता दिखाई दिया। आम श्रद्धालु स्नान के साथ ही संगम क्षेत्र में अखाड़ों के साधु संतों के भी दर्शन कर रहे हैं। इधर, संगम स्नान करके अपने गंतव्यों की ओर लौट रहे श्रद्धालुओं के लिए नगर के विभिन्न चौराहों और मुख्य मार्गों पर नगर वासियों द्वारा व्यापक स्तर पर सब्जी पूड़ी और खिचड़ी प्रसाद वितरण किया जा रहा है।

21 शृंगार कर नागा संन्यासियों ने अमृत स्नान की लगाई डुबकी; धारण की दीक्षा की दिगंबर वेशभूषा

21 शृंगार कर नागा संन्यासियों ने अमृत स्नान की पहली डुबकी लगाई। दीक्षा की दिगंबर वेशभूषा धारण की। महाकुंभ के पहले अमृत स्नान में अपने इष्ट महादेव की तरह ही नागा साधुओं का शृंगार भी देश भर के श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा। नख से शिख तक भभूत। जटाजूट की वेणी, आंखों में सूरमा, हाथों में चिमटा, होठों पर सांब सदाशिव का नाम। भभूत लपेटे, दिगंबर, हाथ में डमरू, त्रिशूल और कमंडल के साथ ही अवधूत की धुन में झूमते हुए नागा त्रिवेणी के तट पर पहले अमृत स्नान के लिए प्रस्थान किया। साधुओं ने 21 शृंगार के साथ अमृत स्नान की पहली डुबकी लगाई।

हर हर महादेव के जयघोष के साथ आगे बढ़े साधु

किन्नर अखाड़े के सदस्य हर हर महादेव का नारे लगाते हुए संगम की ओर बढ़े। बीच में छत्र के नीचे आचार्य महामंडलेश्वर चल रहे थे और उनके साथ अखाड़े के अन्य महामंडलेश्वर उपस्थित थे। इस दौरान किन्नर अखाड़े के साधु पारंपरिक शस्त्रों का प्रदर्शन कर रहे थे। तलवारें लहराते हुए और जयघोष करते हुए उन्होंने अमृत स्नान का शुभारंभ किया।

योगी आदित्यनाथ को संतों ने बताया सनातन संस्कृति का ध्वजवाहक

- भव्य और दिव्य महाकुम्भ के साथ ही योगी ने महाकुम्भ को बनाया नव्य
- संगम स्नान कर बोले संत- साधुवाद सरकार!
- सरकार ने महाकुम्भ की व्यवस्था बहुत अच्छी की है: जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य

महाकुम्भ नगर, 14 जनवरी (हि.स.)। महाकुम्भ को इस बार भव्य और दिव्य के साथ-साथ नव्य भी है और वो इसलिए, क्योंकि पहली बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुगलकालीन परम्परा को तोड़ते हुए शाही स्नान समेत कई अन्य कार्यक्रमों को सनातन से जोड़ते हुए नया नाम दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इस कदम की महाकुम्भ में हर कोई प्रशंसा कर रहा है। साधु संतों समेत आम श्रद्धालुओं ने भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सनातन संस्कृति का ध्वजवाहक करार दिया।सभी संतजनों ने 144 वर्ष पश्चात पड़े इस सुखद संयोग में स्नान कर स्वच्छ, सुरक्षित, दिव्य-भव्य महाकुम्भ के आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इतनी बड़ी भीड़ को नियंत्रित करने, अद्भुत व्यवस्था पर साधु-संतों ने सरकार के प्रति आभार भी जताया। जगदुरू स्वामी रामभद्राचार्य ने कहा कि सरकार की व्यवस्था से बहुत प्रसन्न हूं। सरकार ने महाकुम्भ की व्यवस्था बहुत अच्छी की है। इस व्यवस्था से मैं बहुत प्रसन्न हूं। सरकार ने इतनी बड़ी भीड़ को भी नियंत्रित किया है, इसलिए सरकार साधुवाद की पात्र है।परमार्थ निकेतन आश्रम, ऋषिकेश के प्रमुख स्वामी चिदानंद सरस्वती ने कहा कि मोदी-योगी की यह जोड़ी इस देश में नया योग खड़ा करने आई है। योगी जी ने दिखा दिया, वातावरण मस्त-मस्त और सुरक्षा जबर्दस्त है। जो कहते हैं कि हम बटे पड़े हैं, वे आकर देखें- सारे घाट पटे पड़े हैं। यह पूरे सनातन का स्नान है। यह अमृत व सनातन के अमर होने का पर्व है। इस कुम्भ ने बताया कि सारे घाट पटे पड़े हैं,लोग कहते हैं हम बटे पड़े हैं। आखिर हम कहां बटे पड़े हैं। करोड़ों कल,करोड़ों आज आए और करोड़ों आ रहे हैं। हर घाट पटा है। मैं सभी को आमंत्रित करता हूं कि आओ महाकुम्भ चलें। संगम के तट से संदेश है कि सनातन का संगम सदैव गंगा के पावन प्रवाह की तरह प्रवाहित रहे।पूर्व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा कि 1982 से कुम्भ में आ रही हूं। कई महाकुम्भ व अर्धमहाकुम्भ किए हैं, लेकिन प्रयागराज महाकुम्भ की अनुभूति अलग ही है। यह अद्भुत कुम्भ है। इसकी शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की। 500 साल की प्रतीक्षा के बाद रामलला मंदिर में विराजित हुए और उनकी वर्षगांठ हो रही है, इससे महाकुम्भ की महिमा और बढ़ जाती है। परमार्थ निकेतन आश्रम, ऋषिकेश के प्रमुख स्वामी चिदानंद सरस्वती ने कहा कि मोदी-योगी की यह जोड़ी इस देश में नया योग खड़ा करने आई है। योगी जी ने दिखा दिया, वातावरण मस्त-मस्त और सुरक्षा जबर्दस्त है।

जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंची पूजा खेडकर

नई दिल्ली, एजेंसियॉ। पूर्व आईएएस प्रशिक्षु अधिकारी पूजा खेडकर ने यूपीएससी धोखाधड़ी मामले में जमानत देने से इनकार करने के दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देते हुए मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। यह मामला बुधवार 15 जनवरी को शीर्ष अदालत के समक्ष सूचीबद्ध होने की संभावना है। खेडकर पर फर्जी पहचान दिखाकर यूपीएससी परीक्षा में स्वीकार्य सीमा से अधिक प्रयास का फर्जीवाड़ा करने का आरोप है।यह घटनाक्रम दिसंबर में दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा पूर्व आईएएस प्रशिक्षु पूजा खेडकर को अग्रिम जमानत देने से इनकार करने के बाद आया, जिसमें कहा गया था कि उनके द्वारा उठाए गए कदम सिस्टम में हेरफेर करने की बड़ी साजिश का एक हिस्सा थे।सितंबर में, केंद्र सरकार ने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में अधिक प्रयासों का लाभ उठाने के लिए अपनी पहचान फर्जी बनाने के आरोपों के बाद खेडकर को आईएएस से बर्खास्त कर दिया।

अमृत स्नान पर भी श्रद्धालुओं पर हुई पुष्पवर्षा, लगे जयकारे

लोकमित्र ब्यूरो

महाकुम्भनगर । महाकुम्भ 2025 के पहले अमृत स्नान मकर संक्रांति के दिन मंगववार को संगम तट पर डुबकी लगाने पहुंचे करोड़ों श्रद्धालुओं पर योगी सरकार ने हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा कराई। हेलीकॉप्टर से सभी घाटों और अखाड़ों पर स्नान के दौरान श्रद्धालुओं पर फूलों की बारिश की गई। गुलाब की पंखुड़ियों की बारिश देख संगम तट पर मौजूद श्रद्धालुओं ने अभिभूत होकर जय श्री राम और हर हर महादेव के नारे लगाए।

महाकुम्भ मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं पर स्नान पर्वों के मौके पर पुष्प वर्षा को लेकर योगी सरकार के निर्देश पर उद्यान विभाग ने पिछले काफी समय से तैयारी कर रखी थी। इसके लिए गुलाब की पंखुड़ियों की खास तौर पर व्यवस्था की गई थी। महाकुम्भ के सभी स्नान पर्वों पर पुष्प वर्षा कराने की तैयारी की गई है। प्रत्येक स्नान पर्व पर लगभग 20 कुंतल गुलाब की पंखुड़ियों की बारिश करने की तैयारी है, जिसकी श्रृंखला में पहले स्नान पर्व पौष पूर्णिमा स्नान पर सोमवार को श्रद्धालुओं पर गुलाब की पंखुड़ियां बरसाई गई थीं, जबकि दूसरे दिन यानी मंगलवार को मकर संक्रांति पर अमृत स्नान के दौरान भी पुष्पवर्षा से श्रद्धालु अभिभूत नजर आए। मालूम हो कि उद्यान विभाग की ओर से पहले दो दिनों के लिए पर्याप्त फूलों की व्यवस्था की गई है। उद्यान विभाग की ओर से इन दो दिनों के लिए 40 क्विंटल से अधिक मात्रा में गुलाब के फूलों का स्टॉक जमा किया गया था।

राहुल गांधी ने पूर्व सीएम पर कसा तंज

ये है केजरीवाल जी की 'चमकती' दिल्ली - पेरिस वाली

नई दिल्ली, एजेंसियॉ। राहुल गांधी ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी की सफाई को लेकर पूर्व सीएम और उनके सहयोगी दल अरविंद केजरीवाल पर कटाक्ष किया। गौरतलब है कि आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में सहयोगी दल अकेले चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस नेता ने अपने एक्स अकाउंट पर राष्ट्रीय राजधानी के कई हिस्सों में गंदगी को दिखाते हुए एक वीडियो साझा किया। उन्हें यह कहते हुए सुना जा सकता है %देखो दिल्ली देखो..चमकती हुई दिल्ली...पेरिस है पेरिस।केजरीवाल पर निशाना साधते हुए गांधी ने याद दिलाया कि आप प्रमुख ने कहा था कि वह दिल्ली को साफ करेंगे, भ्रष्टाचार हटाएंगे और राष्ट्रीय राजधानी को पेरिस में बदल देंगे।

लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा, ÷वास्तव में क्या हुआ - प्रदूषण के कारण कोई घूम नहीं सकता और महंगाई बढ़ रही है।÷ गांधी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने भ्रष्टाचार हटाने की बात की थी। क्या उन्होंने भ्रष्टाचार हटा दिया है? जैसे मीडिया के माध्यम से मोदी जी का प्रचार, एक के बाद एक झूठे वादे करना, वह (केजरीवाल) उसी रणनीति का पालन कर रहे हैं। इसमें कोई अंतर नहीं है।दिलचस्प बात यह है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि दोनों नेताओं के बीच कोई अंतर नहीं है और वे नहीं चाहते कि पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों को उनका उचित हिस्सा मिले। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए अपनी पहली सार्वजनिक बैठक में केजरीवाल पर विशेष रूप से निशाना साधते हुए, गांधी ने कहा कि,क्क संयोजक राष्ट्रीय राजधानी में बढ़ते प्रदूषण, भ्रष्टाचार और मुद्रास्फीति के बावजूद ÷मोदी की प्रचार और झूठे वादों की रणनीति÷ का पालन कर रहे थे।

कांग्रेस ने यूजीसी मसौदा नियमों को तत्काल वापस लेने की मांग की

नई दिल्ली, (हि.स.)। कांग्रेस ने मंगलवार को विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में शिक्षकों और शैक्षणिक कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के हाल ही में जारी मसौदा नियमों को कठोर और संविधान विरोधी करार दिया। कांग्रेस ने मांग की कि इन्हें तुरंत वापस लिया जाए।कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने कहा कि यूजीसी ने हाल ही में विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में शिक्षकों और शैक्षणिक कर्मचारियों की नियुक्ति और पदोन्नति के लिए न्यूनतम योग्यताएं और उच्च शिक्षा में मानकों के रखरखाव के लिए उपाय विनियम, 2025 का मसौदा जारी किया है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि इसमें कई नियम खतरनाक उद्देश्यों के साथ लाए गए हैं

भाजपा का आप पर बड़ा आरोप

स्कूलों को बम की धमकी मामले में आप और एनजीओ का बताया कनेक्शन

- संजय सिंह ने किया पलटवार

नई दिल्ली, एजेंसियॉ। दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों का एलान होने के बाद से ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और आम आदमी पार्टी (आप) एक दूसरे पर हमलावर हैं। मंगलवार को भाजपा ने दिल्ली के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मामले में आप पर बड़ा आरोप लगाया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने कहा है कि स्कूलों को मिली धमकियों के पीछे एक नाबालिग बच्चा था। उसके परिजन एक एनजीओ से जुड़े हैं। आरोप लगाते हुए बोले कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी का न सिर्फ तमाम ऐसे आवांछित एनजीओ से बहुत गहरा संबंध रहा है बल्कि तमाम ऐसी गतिविधियों से रहा है जो अफजल गुरु की फांसी और देशविरोधी तमाम गतिविधियों में लिप्त रहे। वहीं इसके बाद आप ने भी भाजपा पर पलटवार करते हुए कहा है कि जो खुलासे पुलिस नहीं करती वे सुधांशु त्रिवेदी करते हैं।भाजपा प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा है कि आपको याद होगा दिल्ली के तमाम स्कूलों में बम धमाके की कई कॉल्स और ई-मेल आये थे।

जांच में पता चला ये ई-मेल अल्पव्यस्क व्यक्ति के द्वारा आ रहे थे। कोई नाबालिग बालक क्या अपने मन से ऐसा कर रहा है या क्या वो सिर्फ एक मोहरा है? उसके माता-पिता और पीछे के एनजीओ है उनकी इसमें कोई भूमिका है जिससे दिल्ली की कानून व्यवस्था को बिगाड़ कर दिल्ली में भय का वातावरण उत्पन्न कर के कोई राजनीतिक लाभ या राजनीतिक विचारधारा की पुष्टि की जा सके।हम सभी जानते है कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी का बहुत गहरा संबंध है, न सिर्फ तमाम ऐसे आवांछित एनजीओ से रहा है और तमाम ऐसी गतिविधियों से रहा है जो अफजल गुरु की फांसी और देशविरोधी तमाम गतिविधियों में लिप्त रहे हैं, फरवरी 2015 में जो टुकड़े-टुकड़े का नारा लगा था। वो अफजल गुरु की बरसी के ऊपर था और जिसकी फाइल को महीनों तक आम आदमी पार्टी ने बचा के रखा था। अब ये सवाल गहरा रहा है कि वो एनजीओ कौन है, उनका आम आदमी पार्टी से कोई संबंध है क्या?आप नेता संजय सिंह ने भाजपा पर पलटवार करते हुए कहा है कि %जो खुलासे पुलिस नहीं करती वे सुधांशु त्रिवेदी करते हैं। भाजपा छोटे-छोटे बच्चों को मिल रही बमों की धमकी का राजनैतिक लाभ उठा रही है। भाजपा को दिल्ली और भारत की सुरक्षा से कोई मतलब नहीं है। इनके पास नेता, नीति और नीयत नहीं केवल आरोप-प्रत्यारोप है। बिना आरोपों और सबूतों के कुछ भी कहना कैसी राजनीति है?

श्रद्धा के आगे हाड़ कंपाती ठंड बनी खिलौना

महाकुम्भ के पहले अमृत स्नान में दिखा आस्था का प्रचंड वेग, साधुओं के दर्शन के साथ पवित्र डुबकी लगाकर प्राप्त किया पुण्य

मकर संक्रांति पर महाकुम्भ में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

लोकमित्र ब्यूरो

महाकुम्भ नगर। तीर्थराज प्रयागराज में जब उजाले की एक किरण तक नहीं निकली थी, हाड़ कंपा देने वाली ठंड के बीच मकर संक्रांति के पावन पर्व पर महाकुम्भ नगर में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। अमृत स्नान के लिए देश-विदेश से करोड़ों लोग गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम पर पहुंचे। पवित्र स्नान का यह दृश्य भारतीय संस्कृति और परंपरा की गहराई को दर्शाता नजर आ रहा था। ब्रह्म मुहूर्त में ही लोगों ने पतित पावनी गंगा और संगम तट पर आस्था की डुबकी लगाकर सुख, स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना की।

पंचायती निर्वाणी अखाड़े के नागा साधुओं ने भाला, त्रिशूल और तलवारों के साथ अपने राजसी स्वरूप में अमृत स्नान किया। साधु-संत घोड़े और रथों पर सवार होकर शोभायात्रा में शामिल हुए, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हो गया। उनके साथ चल रही भजन मंडलियों और श्रद्धालुओं के जयघोष ने माहौल को और दिव्य बना दिया।नागवासुकी मंदिर और संगम क्षेत्र में तड़के से ही श्रद्धालुओं का तांता लग गया। बुजुर्ग, महिलाएं और युवा, सभी अपने सिर पर गठरी लादे आस्था से भरे हुए संगम की ओर बढ़ते दिखे। स्नान के लिए श्रद्धा ऐसी थी कि लोग रात से ही गंगा के पवित्र जल में डुबकी लगाना शुरू कर चुके थे।महाकुम्भ नगर में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए। हर मार्ग पर बैरिकेडिंग लगाकर वाहनों की गहन जांच की गई। चप्पे-चप्पे पर पुलिस और सुरक्षा बलों की तैनाती से पूरा आयोजन शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रहा। डीआईजी कुम्भ मेला वैभव कृष्ण, एसएसपी राजेश द्विवेदी समेत पुलिस टीम ने घोड़े के साथ मेला क्षेत्र में पैदल मार्च किया और अमृत स्नान जा रहे अखाड़ा साधुओं का मार्ग प्रशस्त किया।

12 किलोमीटर क्षेत्र में फैले स्नान घाटों पर हर हर महादेव और जय श्री राम के जयघोष सुनाई दिए। साधुओं के अमृत स्नान के साथ ही आम श्रद्धालुओं ने भी अपनी आस्था की डुबकी लगाई। संगम के आसपास गंगा स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ चारों ओर से देखी गई। इस दौरान सभी ने हर हर महादेव और जय श्री राम के नारों से संगम क्षेत्र को गुंजायमान

महिला नागा संन्यासी भी जुटीं

प्रयागराज। पुरुष नागा साधुओं के साथ ही महिला नागा संन्यासियों की भी बड़ी संख्या में मौजूदगी रही। पुरुष नागाओं की तरह ही महिला नागा संन्यासी भी उसी ढंग से तप और योग में लीन रहती हैं। फर्क सिर्फ इतना होता है कि ये गेरुआ वस्त्र धारत करती हैं उसमें भी ये बिना सिलाया वस्त्र धारण करती हैं। उन्हें भी परिवार से अलग होना पड़ता है। खुद के साथ परिवार के लोगों का पिंड दान करना होता है तब जाकर महिला नागा संन्यासी बन पाती हैं। जब एक बार महिला नागा संन्यासी बन जाती हैं तो उनका लक्ष्य धर्म की रक्षा, सनातन की रक्षा करना होता है। इस महाकुम्भ में हर कोई इनके बारे में जानने को उत्सुक नजर आ रहा है।

करोड़ों श्रद्धालुओं ने संगम में लगाई अमृत डुबकी

त्रिवेणी तट पर नागा साधु बने आकर्षण का केंद्र

हर हर बम बम के बीच अखाड़ों का हुआ पहला राजसी स्नान

लोकमित्र ब्यूरो

महाकुम्भ नगर। महाकुम्भ 2025 के प्रथम अमृत स्नान के दौरान नागा साधुओं का अद्भुत प्रदर्शन श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बना। त्रिवेणी तट पर इन साधुओं की पारंपरिक और अद्वितीय गतिविधियों ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। अमृत स्नान के लिए ज्यादातर अखाड़ों का नेतृत्व कर रहे इन नागा साधुओं का अनुशासन और उनका पारंपरिक शस्त्र कौशल देखने लायक था। कभी डमरू बजाते हुए तो कभी भाले और तलवारें लहराते हुए, इन साधुओं ने युद्ध कला का अद्भुत प्रदर्शन किया। लाठियां भांजते और अठखेलियां करते हुए ये साधु अपनी परंपरा और जोश का प्रदर्शन कर रहे थे।

अमृत स्नान के लिए निकली अखाड़ों की शोभा यात्रा में कुछ नागा साधु घोड़ों पर सवार थे तो कुछ पैदल चलते हुए अपनी विशिष्ट वेशभूषा और आभूषणों से सजे हुए थे। जटाओं में फूल, फूलों की मालाएं और त्रिशूल हवा में लहराते हुए उन्होंने महाकुम्भ की पवित्रता को और भी बढ़ा दिया। स्व-अनुशासन में रहने वाले इन साधुओं को कोई रोक नहीं सकता था, लेकिन वो अपने अखाड़ों के शीर्ष पदाधिकारियों के आदेशों का पालन करते हुए आगे बढ़े। नगाड़ों की गूंज के बीच उनके जोश ने इस अवसर को और भी खास बना दिया। त्रिशूल और डमरू के साथ उनके प्रदर्शन ने यह संदेश दिया कि महाकुम्भ केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि प्रकृति और मनुष्य के मिलन का उत्सव है।

शोभायात्रा के दौरान मीडिया ही नहीं, बल्कि आम श्रद्धालुओं के मोबाइल के कैमरे भी नागा साधुओं को कैप्चर करने के लिए हवा में लहरा रहे थे। नागा भी किसी को निराश नहीं कर रहे थे, बल्कि वो अपने हाव भाव से उन्हें आमंत्रित कर रहे थे। कुछ नागा तो आंखों में काला चश्मा लगाकर आम लोगों से इंटरैक्ट भी कर पा रहे थे। उनकी इस स्टाइल को हर कोई कैद कर लेना चाहता था। यही नहीं, नागा साधु नगाड़ों की ताल पर नृत्य करते हुए अपनी परंपराओं का जीवंत प्रदर्शन कर रहे थे। उनकी जोश और उत्साह से भरपूर गतिविधियों ने श्रद्धालुओं के बीच अपार उत्साह पैदा किया। जितने उत्साहित नागा साधु थे, उतने ही श्रद्धालु भी उनकी हर गतिविधि को देख मंत्रमुग्ध हो गए।

स्नान के दौरान भी नागा साधुओं का अंदाज निराला था। त्रिवेणी संगम में उन्होंने पूरे जोश के साथ प्रवेश किया और बर्फ के समान पानी के साथ ऐसे अठखेलियां कीं जैसे वो गुनगुने पानी में उतरे हों। इस दौरान सभी नागा आपस में मस्ती करते नजर आए। इस दौरान उन्होंने मीडिया के साथ भी अठखेलियां कीं और कैमरामैन पर पानी छिड़क दिया।

- महाकुम्भ 2025 के पहले अमृत स्नान मकर संक्रांति के पावन अवसर पर नागा श्रद्धालुओं ने खींचा ध्यान
- अखाड़ों का नेतृत्व कर रहे नागा साधुओं के अद्भुत प्रदर्शन को देखने को जमा हुई भारी भीड़
- घोड़ों पर सवार होकर और पैदल चल रहे नागा साधुओं ने शस्त्रों के साथ अपनी युद्ध कला का किया प्रदर्शन

सिद्धार्थ की मौत का खुलासा नहीं मृतक की साइकिल बरामद

लोकमित्र ब्यूरो

लेड़ियारी(प्रयागराज)। खीरी थाना क्षेत्र के कैथवल गांव के मजरा कटनहवा में गुरुवार 24 अक्टूबर को छात्र सिद्धार्थ केशरी पुत्र राजेश केशरी साइकिल से शिव जियावन इंटर कॉलेज लेड़ियारी का कक्षा 12 का छात्र था।

अर्धवार्षिक परीक्षा देने के पूर्व कोलसरा निवासी गौरव कुशवाहा से मोबाइल से कुछ देर तक बात करके साइकिल से सुबह दस बजे घर से निकला था।

वहीं मंगलवार को शाम पांच बजे पवांरी गांव का एक युवक लेड़ियारी बाजार मृतक की साइकिल लेकर आया जिससे पीड़ित परिवार के सदस्य की निगाहें पहुंची तो उसे रोका लेकिन वह भागने के प्रयास किया। लेकिन धीरे-धीरे भीड़ एकत्रित हो गयी । जिससे लोगों ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंचकर साइकिल सहित सहायता केंद्र पर लाया गया। पुछताछ के दौरान बताया गया कि जिसने साइकिल लिए हुए थे। वह भी शिवजियावन इंटर कालेज लेड़ियारी का कक्षा 12 का छात्र है। वह दिल्ली गया हुआ है।

सिद्धार्थ केसरी के मौत होने पर पिता राजेश केशरी इसकी लिखित तहरीर खीरी पुलिस को दी गई थी। लेकिन पैसठ दिन मौत के बीत जाने के बाद अभी तक हत्यारे को पुलिस सुराग नहीं लगा सकी।

आरोपित द्वारा मृतक के परिजनों को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। मृतक के पिता राजेश कुमार केशरवानी कातिल के भय से अपने परिवार को लेकर पैतृक गांव खूंटा चला गया।

किन्नर अखाड़े ने समाज कल्याण की कामना कर किया अमृत स्नान

आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी की अगुवाई में किन्नर अखाड़े के सदस्यों ने किया अमृत स्नान

लोकमित्र ब्यूरो

महाकुम्भ नगर। महाकुम्भ 2025 के पहले अमृत स्नान के पावन अवसर पर किन्नर अखाड़ा आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना। आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी की अगुवाई में किन्नर अखाड़े के सभी सदस्यों ने दोपहर में संगम नोज पहुंचकर अमृत स्नान किया। महासंक्रांति के पर्व पर किन्नर अखाड़े ने समाज के कल्याण और उन्नति की कामना की।किन्नर अखाड़े के सदस्य हर हर महादेव का नारे लगाते हुए संगम की ओर बढ़े। बीच में छत्र के नीचे आचार्य महामंडलेश्वर चल रहे थे और उनके साथ अखाड़े के अन्य महामंडलेश्वर उपस्थित थे। इस दौरान किन्नर अखाड़े के साधु पारंपरिक शस्त्रों का प्रदर्शन कर रहे थे। तलवारें लहराते हुए और जयघोष करते हुए उन्होंने अमृत स्नान का शुभारंभ किया।

समाज कल्याण के लिए विशेष प्रार्थना

किन्नर अखाड़े की सदस्य राम्या नारायण गिरी ने बताया कि अमृत स्नान के अवसर पर प्रत्येक सदस्य ने भारतवासियों की सुख-समृद्धि और देश के कल्याण की कामना की। उन्होंने कहा कि महाकुंभ का यह पर्व न केवल धार्मिक आयोजन है, बल्कि समाज के प्रति सकारात्मक संदेश देने का भी एक माध्यम है।किन्नर अखाड़े के सदस्य शस्त्रों के साथ अपनी परंपराओं का अद्भुत प्रदर्शन करते नजर आए। तलवारों और अन्य शस्त्रों को लहराते हुए उन्होंने अपनी शक्ति और परंपरा का परिचय दिया। जयघोष और हर हर महादेव के नारों के बीच पूरा माहौल उत्साह और आस्था से भर गया। किन्नर अखाड़े के इस आयोजन ने महाकुम्भ 2025 में एक विशेष छवि प्रस्तुत की। उनके संदेश ने यह स्पष्ट किया कि समाज के हर वर्ग का उत्थान और कल्याण भारतीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है।

शंकराचार्य गोवर्धन मठ पुरी उड़ीसा स्वामी निश्चलानंद सरस्वती का आगमन कल

प्रयागराज। ऋग्वेदीय पूर्वाम्नाय जगद्गुरु शंकराचार्य गोवर्धन मठ पुरी उड़ीसा स्वामी निश्चलानंद सरस्वती का आगमन दिनांक 16 जनवरी को महाकुंभ क्षेत्र में हो रहा है। शंकराचार्य कल दिनांक 15 जनवरी को हावड़ा से ट्रेन द्वारा चलकर 16 जनवरी को प्रयागराज जंक्शन(बड़े स्टेशन) पहुंचेंगे। शंकराचार्य के स्वागत एवं अभिनंदन को लेकर शिष्यों ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। शंकराचार्य महाकुंभ क्षेत्र के संगम लोअर मार्ग सेक्टर 19 मोरी मार्ग चौराहा स्थित अपने शिविर में 16 जनवरी से 6 फरवरी तक प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान प्रतिदिन सुबह 11ः30 बजे से दर्शन, दीक्षा संगोष्ठी एवं शाम 5ः30 बजे से धर्म सभा का आयोजन किया जाएगा। शंकराचार्य के शिविर की व्यवस्था देख रहे राजेश चैतन्य ब्रम्हचारी ने बताया कि शंकराचार्य के आगमन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। देश के कई प्रांतों से शिष्यगण शिविर में पहुंच रहे हैं।

जनसेवा का मूर्त रूप है मानव धर्म- रामकृष्ण त्रिपाठी

एक दशक से गरीबों के बीच देवदूत की बनी है छवि,शोषितों, वंचितों की सेवा व सहयोग का अंतहीन अभियान जारी

लोकमित्र ब्यूरो

मेजा (प्रयागराज)। कड़ाके की ठंढ में करवट बदलते रात गुजारने वाली जमात के लिए एक कम्बल किसी सौगात से कम नही है।प्रतिवर्ष विभिन्न गांवों के गरीब बस्ती के लोग आशा भरी नजरों से समाजसेवी रामकृष्ण तिवारी जैसे लोगों का इंतजार करते हैं, जो देवदूत बन उनके जीवन को महफूज रखने के लिए कम्बल व रजाई जैसी सौगात देकर मानवीय धर्म निभाते हैं।

तीर्थराज प्रयाग में पुण्यकाल चल रहा है।वैदिक और पौराणिक मान्यताएं इसमे दान,,ध्यान और सत्कर्म को मानव धर्म बताती हैं। सनातन संस्कृति भूखे को रोटी,प्यासे को पानी,असहाय को सहारा और शोषितों, वंचितों का सहयोग की पोषक रही है।माण्डा क्षेत्र के कुशालपुर गांव के समाजसेवी रामकृष्ण तिवारी ने कहा मुझे गर्व है कि हम सनातनी है और हमारे पाल्यों ने जो संस्कार दिए हैं, उन्हें हम सम्मान देते हुए मानव सेवा धर्म निभा रहे हैं।कम्बल वितरण से मिलने वाले आशीर्वाद बड़े बुजुर्गों की दुआएं हमे सदमार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं।मैं परमपिता का आभारी हूँ,जिन्होंने मुझे मानवीय गुण दिया है।

श्री त्रिपाठी ने बताया कि क्षेत्र के मझिगवां, धनावल, सिरावल,

केडवर, बेरी, गजाधरपुर, पचेड़ा, नेवढ़िया 92, पूरा लक्षन, पियरी, बनवारी खास, गेरुआडीह, दशवार, मेहा, कोसडा खुर्द, धाय, सोनवर्षा, दोहथा, सिरौथी, बदौआ, बामपुर, भरुही भरारी सहित कुल 24 गांवों तक यह कारंवा पहुंच चुका है। अभियान जारी रहेगा।

इस मिशन में ताराशंकर पांडेय, राजमणि दुबे, शांति प्रसाद पांडेय, रवि दुबे, विकास त्रिपाठी, प्रेम शंकर दुबे, वीरेंद्र दुबे, सत्यम पांडेय, विनय शुक्ला, विक्की पांडेय, रिशु तिवारी, दिनेश तिवारी, विवेक तिवारी, रमाकांत तिवारी, महेश तिवारी, हरि कुंवर तिवारी, रोहित दुबे तथा राजू त्रिपाठी सहित कई लोगों का सक्रिय सहयोग रहा है।

कुंभ नेत्र शिविर कल

कोरांव (प्रयागराज) आगामी 16 जनवरी रैटिना स्पेशलिस्ट डॉ वीके सिंह अपनी टीम के साथ इंडिया हेल्थ लाइन नेत्र कुंभ का का आयोजन कोरांव से सटे बैदवार गाँव मे स्थित प्रेम शंकर सिंह दिशा भारत गैस एजंसी के नेतृत्व में आयोजित हो रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ प्रवीण भाई तुगड़ीया अंर्तराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के संस्थापक व अध्यक्ष के कर कमलों द्वारा किया जाएगा। दिलीप सिंह चन्देल अंर्तराष्ट्रीय हिन्दू परिषद प्रान्त मंत्री ने अधिक संख्या में पहुचने की अपील की। नेत्र शिविर में निःशुल्क जांच पड़ताल की जाएगी।

संक्रांति महात्म्य से जुड़ा है खिचड़ी दान-प्रेमशंकर सिंह

लोकमित्र ब्यूरो

मेजा (प्रयागराज)। भारत देश में अनेक पर्व, त्योहार हैं। प्रत्येक त्योहार के अपने अलग महात्म्य हैं।मकर संक्रांति पर्व पर गंगा स्नान और खिचड़ी दान की परंपरा रही है। क्षेत्र के भाजपा नेता व गिरिराज चैरिटेबिल ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेम शंकर सिंह ने गरीबों को खिचड़ी व तिल के लड्डू बांटकर उनके त्योहार की मिठास बढ़ाई है।

माँ गंगा की गोदी में पले बढ़े प्रयागराज जनपद के छतवा गांव के गिरिराज चैरिटेबिल ट्रस्ट के रास्ट्रीय अध्यक्ष प्रेमशंकर सिंह सनातन मान्यताओं और परम्पराओं में आस्था व विश्वास रखते है।पर्वों पर गरीबों को सहयोग देना और जनसेवा के जरिए आम लोगों के बीच बने रहना उनकी जीवन शैली रही है।उच्च शिक्षा प्राप्त और पेशे से कारोबारी श्री सिंह ट्रस्ट के माध्यम से विशेष स्थिति और पर्वों पर हर सम्भव सहयोग करते हैं।मकर संक्रांति पर्व पर वह प्रत्येक वर्ष खिचड़ी दान जरूर करते है।इसको वह जन कल्याण के साथ पुण्यदायी मानते हैं।

उन्होने बच्चों को भी सेवा और सहयोग की सीख दी है।

तीर्थराज प्रयाग के नजरिए से माघ मास का विशेष महात्म्य है। वैदिक मान्यताओं में जब सूर्य मकर राशि पर होता है उस वक्त प्रयाग के कण कण में देवताओं का वास होता है।सूर्य की चमक के साथ दान,पुण्य,पूजा के साथ खिचड़ी और तिल दान को फलदायी बताया जाता है।उंन्होने कहा कि ट्रस्ट , सेवा सहयोग को मिशन

की तरह निरन्तर आगे बढ़ाता रहेगा।

मकर संक्रांति पर्व पर घोघर वीर महाराज में लगा मेला, सुरक्षा की दृष्टि से मुस्तैद रही पुलिस

खीरी (प्रयागराज)। दक्षिणांचल क्षेत्र का प्रसिद्ध घोघर वीर महाराज का मेला आज मकर संक्रांति के पर्व पर लगा। मेले में सैकड़ो गांव के महिला,पुरुष, और बच्चों ने पहुंचकर मेले का आनंद लिया। वहीं दूसरी ओर सुरक्षा के दृष्टि से स्थानीय पुलिस भारी संख्या में तैनात रही। बताते चलें कि उक्त स्थान पर सैकड़ो वर्षो से भगवान शंकर जी के प्राचीन मंदिर के पास मेले का आयोजन होता है। मेले में अत्यधिक भीड़ होने का मुख्य कारण संपूर्ण दक्षिणांचल क्षेत्र कृषि प्रधान क्षेत्र है और इस समय किसान अपने कृषक कार्यों से खाली हो जाया करते हैं और सबके घरों में अनाज सुरक्षित पहुंचा दिया जाता है। स्थानीय लोगों द्वारा बतलाया गया कि भगवान शंकर की बड़ी ही प्राचीन मूर्ति उक्त स्थान के टीले पर स्थापित थी। स्थानीय लोगों की सहायता से उक्त स्थान पर मंदिर का निर्माण कर दिया गया है। मेले के बीचो-बीच सुंदर नदी बहा करती है और नदी के दोनों छोर पर लोग पहुंच कर मेले में प्रतिभाग करते हैं। जिसकी शोभा देखते ही बनती है।

आस्था की एक डुबकी से धुल जाते हैं सारे मैल-राकेश शुक्ल

मकर संक्रांति के अमृत मुहूर्त में संगम स्नान विशेष फलदायी,स्नान के बाद खिचड़ी दान कर किया विश्व कल्याण की कामना

लोकमित्र ब्यूरो

मेजा (प्रयागराज)। पूर्ण महाकुम्भ के प्रथम स्नान पर्व पर संगम में डुबकी लगाकर अक्षय पुण्य लाभ लेने वाले श्रद्धालुओं ने रात जागकर बिताई है।मकर संक्रांति के अमृत मुहूर्त में त्रिवेणी संगम तट पर शिविर संयोजक प्रयाग पुत्र राकेश शुक्ला के साथ वरिष्ठ आईएएस अधिकारी संजय कुमार सहित दर्जनों विशिष्टजनों ने संगम स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया।प्रयाग पुत्र के नाम से चर्चित एवं भाजपा नेता एक पखवारे से संत सेवा में जुटे हुए हैं।

पूर्ण महाकुम्भ के प्रथम अमृत स्नान पर्व पर वह विभिन्न क्षेत्र से आए श्रद्धालुओं की वह मेजबानी कर रहे थे। शिविर में देर रात तक आध्यात्मिक चर्चाएं होती रही। यहाँ हुए सेलिब्रेटी समूह में आईएएस अधिकारी संजय कुमार, विधायक मुंबई और प्रवक्ता भारतीय जनता पार्टी राम कदम, उज्जैन महाकाल के पूज्य प्रमोद गुरु जी, राजीव सूरी वरिष्ठ छायाकार, शरद तिवारी, सौरभ शर्मा, अजय मिश्रा, विशाल अग्रवाल एवम् परिवार जनों ने परम पूज्य जगत गुरु शंकराचार्य कांची कामकोटि पीठाधीश्वर श्रीशंकर विजेंद्र सरस्वती जी के सेक्टर 3 स्थित शंकर विमान मंडपम स्थित शिविर में रात्रि प्रवास कर अमृत काल में त्रिवेणी संगम में स्नान किया।

भाजपा नेता श्री शुक्ल ने बताया कि श्री सत्य नारायण व्रत कथा का पाठ उज्जैन वाले गुरु द्वारा सम्पन्न हुआ जिसमें सभी परिवार जन और श्रद्धालु उपस्थित रहे। मकर संक्रांति के पर्व के अवसर पर खिचड़ी दान एवं सत्य नारायण की कथा विश्व कल्याण की कामना के साथ सम्पन्न हुईज इस अवसर पर शिविर प्रभारी राकेश शुक्ला के द्वारा सब का वैदिक विधि से सम्मान एवं आतिथ्य किया गया है।

मकर संक्रांति पर प्रभाष गिरी पर उमड़ा श्रद्धालुओं का जन शैलाब, खूब हुई खरीददारी

लोकमित्र ब्यूरो

बारा, (कौशाम्बी)। मकर संक्रांति के पावन पर्व पर प्रभाष गिरी में और मेले में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही क्षेत्र में भक्तों की भारी भीड़ जुटने लगी। मंदिर परिसर और आसपास के घाटों पर श्रद्धालु स्नान और पूजन के लिए पहुंचे। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मकर संक्रांति के दिन प्रभाष गिरी पर स्नान और पूजा का विशेष महत्व है।और ऐतिहासिक मेला भी लगता है इस अवसर पर स्थानीय बाजारों में खूब रौनक देखने को मिली। श्रद्धालुओं ने पूजन सामग्री, तिल, गुड़, और खिचड़ी के लिए आवश्यक सामान की जमकर खरीदारी की। मेले में मिठाइयों, खिलौनों और अन्य सामान की दुकानों पर भी भीड़ रही। महिलाओं और बच्चों में विशेष उत्साह देखा गया। प्रभासगिरी में लाठियों की बिक्री जमकर हुई। पर्व के चलते स्थानीय व गैर जनपद के व्यापारियों ने भी अच्छा कारोबार किया। दुकानदारों ने बताया कि त्योहार के मौके पर उनकी बिक्री में कई गुना इजाफा हुआ। मेले के आयोजन ने स्थानीय अर्थव्यवस्था में नई ऊर्जा का संचार किया।और यह मेला एक ऐतिहासिक मेला है।

▸▸दोआबा का दो धर्मों का प्रतीक है प्रभासगिरी पर्वत और मेला

कौशाम्बी। प्रभासगिरी पर्वत, जो दोआबा क्षेत्र में स्थित है, सांप्रदायिक सद्भाव और धार्मिक एकता का एक अद्वितीय प्रतीक है। यह स्थान हिंदू और जैन धर्म के अनुयायियों के लिए समान रूप से पवित्र और आस्था का केंद्र है। धार्मिक महत्व और ऐतिहासिक पृष्ठभूमि प्रभासगिरी का ऐतिहासिक महत्व प्राचीन समय से ही रहा है। हिंदू धर्म में इसे भगवान शिव और विष्णु की आराधना का स्थान माना जाता है। बहुला मंदिर भी यहां एक प्रसिद्ध है मकर संक्रांति के अवसर पर यहां स्नान, दान और पूजन का विशेष महत्व है। वहीं, जैन धर्म के अनुयायियों के लिए यह पर्वत तीर्थंकरों की साधना स्थली के रूप में जाना जाता है। जैन ग्रंथों में इसे पवित्र भूमि का दर्जा प्राप्त है। प्रभासगिरी मेले की सांस्कृतिक छटा मकर संक्रांति के अवसर पर लगने वाला प्रभासगिरी मेला क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। इस मेले में दोनों धर्मों के अनुयायी बड़ी संख्या में शामिल होते हैं। श्रद्धालु यहां धार्मिक अनुष्ठान के साथ-साथ मेलजोल और खरीदारी का आनंद भी लेते हैं।मेलें में विभिन्न प्रकार की पूजन सामग्री, तिल-गुड़, खिचड़ी, खिलौने, कपड़े, और हस्तशिल्प की दुकानें लगती हैं। और लाठियां ,सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होता है, जो मेले की रौनक को बढ़ाते हैं।

▸▸सांप्रदायिक सौहार्द का संदेश

कौशाम्बी। प्रभासगिरी पर्वत और मेला, दोनों धर्मों के अनुयायियों को एक साथ लाने का कार्य करते हैं। यहां आने वाले श्रद्धालु यह संदेश देते हैं कि आस्था और श्रद्धा के नाम पर कोई भी भेदभाव नहीं होना चाहिए। पर्यटन और स्थानीय विकास यह स्थल धार्मिक महत्व के साथ-साथ एक प्रमुख पर्यटन स्थल भी है। मेले के दौरान स्थानीय व्यापारियों और छोटे दुकानदारों को आर्थिक लाभ होता है। प्रशासन भी हर साल मेले को भव्य और व्यवस्थित बनाने का प्रयास करता है। प्रभासगिरी पर्वत और यहां का मेला दोआबा क्षेत्र में न केवल धार्मिक बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है। यह स्थल हर वर्ष हजारों श्रद्धालुओं और पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है।

▸▸जाम के झाम से पब्लिक और प्रशासन परेशान

कौशाम्बी। प्रभाष गिरी में भारी भीड़ और वाहनों की आवाजाही के चलते इलाके में कई जगहों पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। सुबह से लेकर देर शाम तक मुख्य मार्गों पर गाड़ियों की लंबी कतारें लगी रहीं। श्रद्धालुओं के वाहनों और स्थानीय ट्रैफिक की वजह से स्थिति और विकट हो गई।जाम के कारण श्रद्धालुओं को मंदिर और मेले तक पहुंचने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रशासन ने यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए पुलिस बल तैनात किया था, लेकिन भीड़ के अनुपात में ये इंतजाम नाकाफी साबित हुए। स्थानीय लोगों और दुकानदारों ने प्रशासन से बेहतर यातायात प्रबंधन की मांग की है। वहीं, पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अगले साल के लिए बेहतर योजना बनाई जाएगी ताकि श्रद्धालुओं को जाम की समस्या से राहत मिल सके। पर्व के इस विशेष अवसर पर हालांकि, श्रद्धालुओं ने संयम और श्रद्धा का परिचय दिया और मकर संक्रांति का त्योहार उत्साहपूर्वक मनाया। इस मौके पर सदर एसडीएम आकाश सिंह सीओ अभिषेक सिंह थाना अध्यक्ष पश्चिम शरीरा त्रिलोकीनाथ पांडे थाना अध्यक्ष महेवाघाट भानु प्रताप सिंह थाना अध्यक्ष कौशाम्बी उर्मिला सिंह व अन्य पुलिस कर्मी मुस्तैद रहे। तथा सहयोगियों में ओम तिवारी सुनील तिवारी, महेश चौधरी, भास्कर तिवारी, विनोद गर्ग सहित तमाम क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्ति मौजूद रहें।

▸▸हिसामबाद के मकर संक्रांति मेले में जमकर हुई खरीदारी, व्यापारियों और ग्राहकों में दिखा उत्साह

विजिया चौराहा, (कौशाम्बी)। कौशाम्बी विकास खंड के हिसामबाद में आयोजित मकर संक्रांति मेले में इस बार बिक्री का नया रिकॉर्ड बना। ग्रामीण क्षेत्र के इस पारंपरिक मेले ने न केवल स्थानीय लोगों बल्कि आसपास के क्षेत्रों के लोगों को भी आकर्षित किया। मेले में व्यापारियों और ग्राहकों के बीच खासा उत्साह देखने को मिला, और विभिन्न प्रकार के उत्पादों की बिक्री ने मेले की रौनक को चार चांद लगा दिए। मेले स्थानीय व्यंजन जैसे पकौड़ी, जलेबी, और कचौड़ी ने भी खूब बिक्री की।

स्थानीय कारीगरों द्वारा तैयार किए गए मिट्टी के बर्तन, लकड़ी की मूर्तियां, और अन्य हस्तशिल्प वस्तुओं ने ग्राहकों को खूब लुभाया। साज-सज्जा के सामान और रंगीन खिलौनों ने बच्चों और महिलाओं का ध्यान खींचा। सर्दियों के मौसम को देखते हुए गर्म कपड़े, स्वेटर, शॉल और ऊनी मोजों की अच्छी बिक्री हुई। इसके अलावा, पारंपरिक और आधुनिक जूते-चप्पल के स्टॉल भी ग्राहकों से भरे रहे। झूले, मैजिक शो, और अन्य खेल-तमाशे मेले के मुख्य आकर्षण रहे। बच्चों और युवाओं के लिए यह एक विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा। कौशाम्बी थाना पुलिस ने सहयोग मेले का आयोजन सैकड़ों वर्षों से होता आ रहा है सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किया गया है। साफ सफाई करना ब्लाक प्रशासन नहीं समझा उचित सरकार स्वच्छ भारत मिशन जैसे कार्यक्रम चला कर धार्मिक और ऐतिहासिक मेला के स्थानों पर करने का आदेश दिया था लेकिन ब्लाक प्रशासन सफाई का ध्यान नहीं दिया यह गंभीर सवाल है यह जिम्मेदारी ब्लाक प्रशासन उचित नहीं समझा।

ग्रामीण संस्कृति का अनूठा संगम हिसामबाद का यह मेला न केवल व्यापार के लिए बल्कि ग्रामीण संस्कृति और परंपराओं को जीवंत रखने का एक माध्यम भी है। मकर संक्रांति जैसे त्योहारों पर इस तरह के आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस मौके पर कौशाम्बी थाना पुलिस, ग्राम प्रधान मुन्नू लाल दिवाकर, पूर्व प्रधान प्रतिनिधि अशोक कुमार मिश्रा, बृजेश मिश्रा,अमित कुमार मिश्र, उमाशंकर मिश्र, मनीष, सत्यानंद मिश्रा, भूप नारायण त्रिपाठी, अमृत लाल मिश्र, भोला मिश्रा, अरुण कुमार पंचायत सहायक, शिव लाल,रामराज, सहित संभ्रांत व्यक्ति मौजूद रहे।

केपीएस भरवारी के हॉस्टल में मकर संक्रांति का उत्साहपूर्ण आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

भरवारी, (कौशाम्बी)। केपीएस भरवारी के हॉस्टल में आज मकर संक्रांति का पर्व धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ पतंगबाजी की, एक-दूसरे की पतंग काटने की प्रतिस्पर्धा का आनंद लिया और हंसी-खुशी के बीच समरसता का संदेश दिया।

इस अवसर पर हॉस्टल के छात्रों ने रंग-बिरंगी पतंगों से आकाश को सजाया। पूरे मैदान में बच्चों के उत्साह और काट दिया, वो गया जैसी आवाजों से माहौल गूंज उठा। पतंग उड़ाने की इस प्रतियोगिता में बच्चों ने न केवल मस्ती की बल्कि एकता और भाईचारे का संदेश भी दिया।

कार्यक्रम में डायरेक्टर मैडम और चेयरमैन सर ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया। उन्होंने बच्चों के साथ पतंग उड़ाने का आनंद लिया और उनका उत्साहवर्धन किया। इसके साथ ही हॉस्टल के शिक्षक भी इस आयोजन में शामिल रहे और बच्चों का हौसला बढ़ाया। संस्थान के चेयरमैन निवर्तमान विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने बच्चों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के मानसिक और भावनात्मक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। डायरेक्टर सीमा पवार ने कहा, मकर संक्रांति न केवल खुशी और उल्लास का पर्व है, बल्कि यह समरसता और एकजुटता का प्रतीक भी है। इस तरह के आयोजन बच्चों को हमारे भारतीय त्योहारों और उनकी सांस्कृतिक महत्ता से जोड़ते हैं। कार्यक्रम का समापन सामूहिक भोज के साथ हुआ, जिसमें बच्चों को तिल-गुड़ के लड्डू और पारंपरिक पकवान परोसे गए। इस आयोजन ने न केवल बच्चों बल्कि शिक्षकों के बीच भी उत्साह और खुशी का संचार किया। केपीएस भरवारी ने मकर संक्रांति के इस आयोजन के माध्यम से बच्चों को परंपराओं से जोड़ा और एकता और समरसता का संदेश दिया।

25,000 रूपए के इनामिया वांछित आरोपी गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पिपरी पुलिस उपनिरीक्षक अतुल रंजन तिवारी मय हमराह पुलिस बल द्वारा 25,000 रूपए के इनामिया वांछित झल्लर निवासी औधन थाना पिपरी को रसूलपुर ब्यूर डम्प तिराहा फक्कीराबाद के पास से गिरफ्तार किया गया।

बाल अपचारी को नियमानुसार पुलिस अभिरक्षा में लेकर विधिक कार्यवाही की गयी

कौशाम्बी। थाना सैनी पुलिस उपनिरीक्षक नन्दू यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा बाल अपचारी को नियमानुसार पुलिस अभिरक्षा में लेकर विधिक कार्यवाही के पश्चात न्यायालय किशोर न्याय बोर्ड भेजा गया।

वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया, चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 138 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा 01 वाहन सीज किया गया।

मकर संक्रांति पर संदीपन घाट में श्रद्धालुओं ने किया गंगा स्नान

लोकमित्र ब्यूरो

भरवारी, (कौशाम्बी)। कोखराज थाना क्षेत्र के संदीपन गंगा घाट में मंगलवार को मकर संक्रांति पर्व पर भोर से श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा श्रद्धालुओं ने मा गंगा के पवित्र जल में डुबकी लगाई स कोखराज पुलिस ने सुरक्षा के लिए बड़े वाहनों के लिए मंदिर से बाहर पार्किंग व्यवस्था की गई जिससे आने जाने वाले श्रद्धालु मंदिर में शान्ति पूर्वक पूजा अर्चना कर सके, गंगा का जलस्तर बढ़ने के कारण नहाने वाले स्थान पर नाव को नाविक संचालक के साथ मुस्तैद रखा गया जिससे गंगा में डूबने जैसी घटनाएं न घट सके व पुलिस प्रशासन द्वारा माइक लाउडस्पीकर से श्रद्धालुओं को गहरे पानी में न जाने के लिए सचेत किया गया, महिला पुलिस कर्मी मौजूद रहीं। एम्बुलेंस की व्यवस्था पहली बार संदीपन गंगा घाट में देखा गया मौके पर एंबुलेंस मौजूद रही जिससे कि

कोई हादसा होने पर तत्काल मेडिकल चिकित्सा के लिए श्रद्धालूओं को सही समय पर इलाज मिल सके, एम्बुलेंस पर डाक्टर भी मौजूद रहे। इस कड़ाके की ठंड के बावजूद संदीपन घाट पर भक्तों ने आस्था की डुबकी लगाकर स्नान कर दान-पुण्य किया।

समाजसेविको द्वारा खिचड़ी प्रसाद किया वितरित

कौशाम्बी। श्रद्धालुओं को खिचड़ी, तिल, दान किया गया क्योंकि इस दिन खिचड़ी, तिल, वस्त्र और पात्र का दान विशेष महत्व रखता है इसलिए खिचड़ी प्रसाद को समाजसेवी दुर्गेश गुप्ता द्वारा वितरित कराया गया इस दौरान अनुराग केसरवानी, अभय साहू, आर्यन सेन, दीपक केसरवानी, गौरव केसरवानी आदि लोग मौजूद रहे।

महाकुम्भ-2025 के आयोजन को लेकर क्षेत्राधिकारी भ्रमणशील रहकर लिया जायजा

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। महाकुम्भ-2025 के आयोजन को सकुशल सम्पन्न कराने एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत तथा आमजन में सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य से क्षेत्राधिकारी सिराथू द्वारा थाना सैनी अंतर्गत कनवार अन्तर्जनपदीय बॉर्डर पर बैरियर लगाकर व मोर्चा बनाकर की जा रही सघन चेकिंग का निरीक्षण किया गया । साथ ही ड्यूटी में मौजूद पुलिस बल व अर्ध सैनिक बल को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए एवं श्रद्धालुओं के साथ विनम्र व्यवहार रखने हेतु बताया गया।

साथ ही कस्बा अझुआ में पैदल गस्त किया गया। महाकुम्भ-2025 के आयोजन को सकुशल सम्पन्न कराने एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी सिराथू द्वारा थाना कोखराज व पैरामिलिट्री फोर्स के साथ थाना कोखराज अंतर्गत सकाढा तिराहा पर संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की बैरियर लगाकर सघन चेकिंग की जा रही है।

क्षेत्राधिकारी सिराथू अवधेश विश्वकर्मा द्वारा मकर संक्रांति के अवसर पर थाना कड़ाधाम अन्तर्गत मां शीतलाधाम में लगे मेले व गंगा स्नान हेतु कुबरी घाट, कालेश्वर घाट, हनुमान घाट का भ्रमणशील रहकर जायजा लिया गया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था ड्यूटी में लगे पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

कुंभ के पवित्र जल से 500 कैदियों ने किया स्नान

टेवां, (कौशाम्बी)। जिला कारागार कौशांबी में सजायाफ्ता 500 कैदियों ने कुंभ जल से स्नान किया जिसमें मुस्लिम कैदियों ने गंगाजल छिड़क कर कलवा भी बांधा। जिला कारागार में बंदी कैदियों में 16 बीमार कैदियों को चिकित्सक के परामर्स अनुसार लड्डू का प्रसाद दिया गया एवं उनके ऊपर गंगाजल का छिड़काव किया गया जिला कारागार में कैदियों के द्वारा कुंभ जल से स्नान करने के बाद सुंदरकांड का पाठ एवं हवन पूजन व आरती की गई साथ ही जय श्री राम, हर हर गंगे का जय घोष किया गया इसके बाद प्रसाद के रूप में लड्डू व खिचड़ी वितरण कार्यक्रम भी संपन्न हुआ। जिला कारागार में बंद सजायाफ्ता 500 कैदियों में प्रतापगढ़, फ्तेहपुर ,संभल ,प्रयागराज, आजमगढ़, कानपुर, महाराष्ट्र, हरियाणा, तेलंगाना, चित्रकूट, आदि के कैदी मौजूद हैं। उक्त जानकारी जेल अधीक्षक अजितेश कुमार ने दिया।

महाकुंभ और मकर संक्रांति मेले के मद्देनजर कौशाम्बी थाना पुलिस ने चलाया सघन चेकिंग अभियान

लोकमित्र ब्यूरो

बारा, कौशाम्बी। कौशाम्बी थाना प्रभारी उर्मिला सिंह ने उच्च अधिकारियों के निर्देशन से महाकुंभ मेले और मकर संक्रांति के मौके पर आयोजित स्थानीय मेलों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कौशाम्बी थाना पुलिस ने पूरे क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया। यह अभियान श्रद्धालुओं, स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने के उद्देश्य से चलाया गया। विजिया चौराहा,महिला पुल, पर कौशाम्बी थाना पुलिस ने मकर संक्रांति के मेलों और महाकुंभ से जुड़े मार्गों पर विशेष चौकसी बरती।भीड़भाड़ वाले बाजार और मेले के प्रवेश द्वारों पर गहन चेकिंग अभियान चलाया गया। प्रमुख चौराहों और मेले के आसपास के इलाकों में संदिग्ध वाहनों की जांच की गई। बिना वैध दस्तावेजों वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई और कई वाहनों का चालान भी किया गया।महिला श्रद्धालुओं और स्थानीय महिलाओं की सुरक्षा के लिए महिला पुलिस बल को तैनात किया गया। महिला पुलिस कर्मियों ने भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष निगरानी रखी बिना वैध दस्तावेजों के चलने वाले वाहनों को ई चालान भी किया गया। कौशाम्बी थाना प्रभारी ने कहा, ष्महाकुंभ और मकर संक्रांति के मेलों के चलते क्षेत्र में भारी भीड़ होती है। ऐसे में सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। यह अभियान लोगों की सुरक्षा और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए चलाया जा रहा है। स्थानीय निवासियों और श्रद्धालुओं ने पुलिस के इस अभियान की सराहना की। एक दुकानदार ने कहा, इस तरह की चेकिंग से हम सुरक्षित महसूस करते हैं। महाकुंभ और मकर संक्रांति मेले के दौरान कौशाम्बी पुलिस का यह सघन चेकिंग अभियान क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने में सफल रहा। पुलिस की सतर्कता और स्थानीय जनता के सहयोग से मेलों का आयोजन सुरक्षित और शांतिपूर्ण माहौल में हो रहा है।

भरवारी रेलवे स्टेशन पर अचानक से रुकी तेज रफ्तार प्रयागराज एक्सप्रेस, यात्रियों की अटकी सांस

लोकमित्र ब्यूरो

भरवारी, (कौशाम्बी)। कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी रेलवे स्टेशन का है, जहा अचानक नई दिल्ली से प्रयागराज जा रही गाड़ी संख्या 12418 प्रयागराज एक्सप्रेस अचानक भरवारी रेलवे स्टेशन पर दोपहर 12 बजकर 30 मिनट पर रुक गई। नगर पालिका भरवारी के स्थानीय कस्बे में स्थित भरवारी रेलवे स्टेशन में दिल्ली से प्रयागराज जा रही तेज रफ्तार प्रयागराज एक्सप्रेस के अचानक रुकने से हड़कंप मच गया। ट्रेन रुकते ही यात्री घबरा गए और दरवाजे खोलकर बाहर देखने लगे। सूचना पर पहुंची रेलवे पुलिस और कर्मचारियों ने ट्रेन के बारे में जानकारी ली। सिग्नल न मिलने के चलते लगभग 16 मिनट तक भरवारी में प्रयागराज एक्सप्रेस ट्रेन खड़ी रही। ट्रेन चालक और गार्ड को सिग्नल मिलते ट्रेन को रवाना किया।

कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी रेलवे स्टेशन का है जहां अचानक नई दिल्ली से प्रयागराज जा रही गाड़ी संख्या 12418 प्रयागराज एक्सप्रेस अचानक भरवारी रेलवे स्टेशन पर दोपहर 12 बजकर 30 मिनट पर रुक गई। अचानक ट्रेन रुकने से यात्रियों में हड़कंप मच गया। ट्रेन रुकते ही रेलवे कर्मचारियों के साथ पुलिस भी पहुंची। इस दौरान यात्रियों में अफरातफरी मची रही। ट्रेन चालक और गार्ड ने ट्रेन को स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक में खड़ी करके ट्रेन को खड़ी कर सिग्नल मिलने का इंतजार करने लगे 16 मिनट बाद सिग्नल मिलते ही ट्रेन को 12 बजकर 46 मिनट पर रवाना किया। इस दौरान सभी ट्रेनों को मेन लाइन से रवाना किया गया, जिससे कोई अन्य ट्रेन प्राभावित नहीं हुई।

मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के अन्तर्गत चलाया गया जागरूकता अभियान

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के अन्तर्गत आज पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों के थाना प्रभारी व महिला बीट उपनिरीक्षक, आरक्षियों द्वारा चौराहों, बस स्टैण्ड, टैक्सी स्टैण्ड, जिला अस्पताल, विद्यालय, गांव व कस्बा में भ्रमण कर, चौपाल लगाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस क्रम में थाना कडाधाम पुलिस टीम द्वारा शीतला माता मंदिर मे जाकर एवं थाना सैनी व थाना सराय अकिल पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए, चौपाल लगाकर, कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चियों, छात्राओं, महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया तथा उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों अथवा थानों में बने महिला हेल्प डेस्क पर सूचना देने के लिए जागरूक किया गया। महिलाओं एवं बच्चियों को पम्पलेट वितरित कर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, 181 वन स्टाप सेन्टर, तथा 112 पुलिस आपात कालीन सेवा आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा इमरजेन्सी कॉलध्वैनिक बटन का मोबाइल पर उपयोग करने हेतु डेमो दिखाया गया एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, अभ्युदय योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित महिलाओं को पेंशन योजना, राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना, आयुष्मान योजना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी।

संक्षिप्त खबरें

जमीनी विवाद को लेकर महिला को पीटा, मुकदमा दर्ज

पट्टी प्रतापगढ़। कंधई थाना क्षेत्र के चक्र मझनीपुर गांव की रहने वाली सैफुनिशा ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था। बीते 11 जनवरी को सुबह 6 बजे के आसपास वह अपने जानवरों को चारा डाल रही थी। इस दौरान जमीनी विवाद को लेकर विपक्षी हाथ में लाठी डंडा आदि लिए हुए आए और पीड़िता को पीटने लगे। पीड़िता घर में भागी तो उक्त लोग घर में घुसकर तोड़फोड़ किए और पीड़िता को पीट करके घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर छानबीन के बाद मंगलवार को दिन में 1,30 बजे के आसपास पुलिस ने अब्दुल अनस, इजमामुल हक, सहरून निशा, अमीना बेगम व मोमिना बेगम के खिलाफ मारपीट घर में घुसकर तोड़फोड़ समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। साथ ही अग्रिम विधि कार्यवाही में पुलिस जुटी हुई है।

युवक को बाजार में ले जाकर पीटा, दो नामजद

पट्टी प्रतापगढ़। फत्तनपुर थाना क्षेत्र के पटहटिया कला गांव की रहने वाली अमरावती देवी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है। बीते 5 जनवरी को शाम 6 बजे के आसपास पीड़िता के मंदबुद्धि बेटे ललित सरोज को गांव का ही बृजेश हरिजन अपने साथ फत्तनपुर बाजार लेकर गया था। यह लोग अंडे की दुकान पर खड़े थे, इतने में एक और लड़का पहुंचा और दोनों मिलकर पीड़िता के बेटे को पीटने लगे। जिससे पीड़िता के बेटे के सिर व शरीर में गंभीर चोटे आई हुई है। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की थी। पीड़िता को तहरीर पर मंगलवार को दिन में 2 बजे के आसपास पुलिस ने बृजेश हरिजन व मुन्नू विश्वकर्मा के खिलाफ मारपीट व जानलेवा हमले समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

फूड प्वाइजनिंग से आधा दर्जन हुए बीमार

लालगंज, प्रतापगढ़। उदयपुर थानान्तर्गत डड़वा भइयापुर दर्रा गांव में भोजन करने के बाद अचानक परिवार के आधा दर्जन लोगों के बीमार हो जाने से हडकंप मच गया। आननफानन में सभी को इलाज के लिए स्थानीय सीएचसी भेजवाया गया। बीमार लोगो की हालत खतरे से बाहर बतायी गयी है। गांव निवासी शिवबरन सिंह के घर में सोमवार की रात भोजन करने के बाद आधा दर्जन लोग बीमार हो गये। भोजन के करीब आधा घंटे बाद शिवबरन सिंह के पुत्र उन्नींस वर्षीय महेन्द्र, सत्रह वर्षीय सूरज व तेरह वर्षीय अतुल तथा बीस वर्षीय वीर सिंह पुत्र जयसिंह, चौदह वर्षीय अंकुश पुत्र राजू सिंह व अड़तीस वर्षीय नीलम पत्नी फूल सिंह को उल्टी व खुजली होने लगी। अचानक आधा दर्जन लोगों में उल्टी होते देख परिवार में हडकंप मच गया। आननफानन में सभी को इलाज के लिए सीएचसी सांगीपुर ले जाया गया। जहां इलाज के बाद मंगलवार सुबह सभी को घर भेज दिया गया। परिजनों मे चर्चा के मुताबिक भोजन बनाने के दौरान कड़ाही में छिपकली गिर जाने से लोग बीमार हुए थे। सीएचसी डा. धर्मेश शुक्ला का कहना है कि फूड प्वाइजनिंग के चलते लोग बीमार हो गये थे। इलाज के बाद सभी खतरे से बाहर हैं।

रंजिश में वृद्ध को किया घायल, दी तहरीर

लालगंज, प्रतापगढ़। रंजिश में वृद्ध को मारपीट कर घायल करने की घटना को लेकर पीड़ित पक्ष ने पुलिस को तहरीर दी है। उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे दिकतन मंगापुर गांव निवासी बजरंग बहादुर सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि आठ जनवरी को सुबह करीब नौ बजे उसके पिता अवधपाल सिंह 90 गांव के पास मवेशी चरा रहे थे। आरोप है कि इसी बीच धारदार हथियार लेकर गांव का राजेश मौर्य वहां पहुंचा और मारपीट कर वृद्ध को घायल कर दिया। घायल वृद्ध का एम्स रायबरेली में इलाज जारी है। एसओ राधेबाबू का कहना है कि तहरीर मिली है, जांच के बाद मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

अज्ञात चालक पर गैर इरादतन हत्या का केस

लालगंज, प्रतापगढ़। दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान हुई मौत को लेकर पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के तुलापुर निवासी रेनू सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि पचीस दिसंबर को घर से बाजार जाते समय लीलापुर साहबगंज मार्ग पर अज्ञात बाइक सवार ने उसके पति अवनीश प्रताप सिंह को जोरदार टक्कर मार दिया। इलाज के दौरान एक्स रायबरेली में छब्बीस दिसंबर को अवनीश की मौत हो गयी। श्राद्ध कर्म के बाद पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी। एसओ अरूण कुमार सिंह का कहना है कि तहरीर के आधार पर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है।

तीन पर मारपीट का केस दर्ज

लालगंज, प्रतापगढ़। मारपीट गालीगलौज व धमकी को लेकर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के इदिलपुर गांव निवासी सुधाकर विश्वकर्मा पुत्र राम नारायण विश्वकर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि रंजिश को लेकर चार जनवरी को सुबह करीब आठ बजे परिवार के दिवाकर, सुमन पत्नी प्रेमशंकर समेत तीन लोगों ने उसे मारापीटा व जानलेवा धमकी दी। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

नाबालिग किशोरी भगाने का आरोप

सुवंशा (प्रतापगढ़)। फतनपुर थाना क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसकी 13 वर्षीय नाबालिग पुत्री को पड़ोसी गांव का युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया। पीड़ित पिता ने बताया कि किशोरी लगभग एक लाख रुपए कीमत के गहने सहित पांच हजार रुपए नगद भी ले गई है। पीड़ित पिता ने किशोरी के साथ अनहोनी की संभावना व्यक्त की है। थाना प्रभारी फतनपुर राकेश कुमार राय ने बताया की पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

कार्यकर्ता ही किसी पार्टी के होते हैं रीढ़ -डा. आशुतोष त्रिपाठी

प्रतापगढ। भाजपा नेता एवं सदर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ. आशुतोष त्रिपाठी के जन्मदिन के अवसर पर उनके समर्थकों और क्षेत्रवासियों द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उनके निवास स्थान पर संपन्न हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, स्थानीय नेता, और क्षेत्रीय जनता की उपस्थित रही। सुंदरकांड पाठ के बाद प्रसाद वितरण और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। डॉ. त्रिपाठी ने सभी उपस्थित लोगों का धन्यवाद करते हुए कहा कि मैं आज जहां भी हूं उसका पूरा का पूरा श्रेय जनपद की महान जनता और सम्मानित कार्यकर्ता को देना चाहता हूं। मेरा गौरव मेरा कार्यकर्ता है, मेरा अभिमान मेरा कार्यकर्ता है, मेरा गुरूर मेरा कार्यकर्ता है। उन्होंने समाज और क्षेत्र के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम ने क्षेत्र में सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया। जन्मदिन कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव भारतीय जनता पार्टी युवा जिला अध्यक्ष अंशुमान सिंह भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रुचि केसरवानी आलोक त्रिपाठी गली तिवारी भास्कर शुक्ला कोमल दत्त मिश्रा बंटी सिंह आदि उपस्थित रहे।

मकर संक्रांति पर श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई पुण्य की डुबकी

▶▶परंपरागत ढंग से मनाया गया मकर संक्रांति का पर्व
▶▶स्नान के बाद तिल व गुड़ दान करके मांगा आशीष

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा प्रतापगढ़। माघ महीने के पहले महत्वपूर्ण मकर संक्रांति (खिचड़ी) के पर्व पर पुण्य की डुबकी लगाने को गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी। भोर से ही श्रद्धालुओं ने हरहर गंगे के जयकारे संग गंगा में डुबकी लगाई और भगवान भोले नाथ का जलाभिषेक करके विधि विधान से पूजन किया। पौषपूर्णिमा के बाद माघ महीने का महत्वपूर्ण त्योहार मकर संक्रांति (खिचड़ी) का पर्व मंगलवार को मनाया गया। मकर संक्रांति पर गंगा में डुबकी लगाने को श्रद्धालुओं की भीड़ घाटों पर जुटी। भोर से ही हर हर गंगे के जयकारे संग भक्तों ने गंगा में डुबकी लगाई। भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर गंगा मैया का पूजन करके ब्राम्हणों और जरूरतमंदों को अन्नदान, वस्त्रदान देकर आशीर्वाद लिया। श्रद्धालुओं की भीड़ बाबा हौदेश्वरनाथ धाम पर पहुंची। गंगा जल से भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक करके विधि विधान से पूजन किया। शिव मंदिर की व्यवस्था में लगे व्यवस्थापक जुगनू विश्वकर्मा की टीम श्रद्धालुओं की सेवा सुविधा में लगी रही। इसी तरह जब कालाकांकर, मानिकपुर, करेंटी, हौदेश्वर नाथ, नौबस्ता, जहानाबाद गंगा घाटों पर भी श्रद्धालुओं की भीड़ रही।मकर संक्रांति का पर्व मंगलवार को जिले में परंपरागत ढंग से श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह स्नान करने के बाद श्रद्धालुओं ने पुरोहितों को दान दिया और मंदिरों में पूजा अर्चना की गई। लोगों ने महाकुंभ पर प्रयागराज जाकर संगम में स्नान भी किया। सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने पर मनाए जाने वाले मकर संक्रांति पर्व को लेकर लोगों में पहले ही उत्साह दिख रहा था। दान पुण्य के लिए तिलवा, गट्टा घरों में बनाने के साथ ही लोगों ने दुकानों से खाद्य सामग्रियों की जमकर खरीददारी किया था। तमाम लोग संगम स्नान के लिए सोमवार को रात में ही प्रयागराज रवाना हो गए थे।

वहीं बहुत से लोगों ने घर पर ही पानी में गंगा जल मिलाकर स्नान किया। मंगलवार को सुबह स्नान के बाद पुरोहितो को तिल, गुड़ व खिचड़ी दान करने के बाद खुद खिचड़ी खायी।शहर में लोगों ने बेल्हा देवी धाम में पूजा अर्चना करके ऐश्वर्य, शक्ति एवं भक्ति की कामना की। साथ ही मंदिर परिसर में रहने वाले कर्मकांडी ब्राह्मणों को दान दिया। तमाम लोगों ने ऊनी वस्त्रों को भी दान दिया।

सुबह श्रद्धालुओं से गुलजार रहा स्टेशन

प्रतापगढ़। महाकुंभ मेला पहुंचने के लिए सुबह बस एवं रेलवे स्टेशन पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। वहीं दोपहर बाद यात्रियों की कमी से स्टेशन सूना नजर आने लगा। जनवरी महीने की शुरुआत से ही संगम जाने के लिए यात्रियों की भीड़ दिखाई देने लगी थी। मकर संक्रांति पर तो सुबह यात्रियों की काफी भीड़ रही। सुबह संगम स्नान के लिए प्रयागराज की ओर जाने वाली रेलगाड़ियों में काफी भीड़ रही। यही हाल बस स्टेशन का भी रहा। इस दौरान लखनऊ फैजाबाद एवं अयोध्या से आने वाली मेला स्पेशल ट्रेनों में भारी संख्या में लोग सवार थे।इन ट्रेनों में सवार होने के लिए यात्रियों को काफी मशक्कत करनी पड़ रही थी। यही हाल प्रयागराज की ओर जाने वाली बसों का भी रहा। हालांकि दोपहर बाद प्रयागराज की तरफ से आने वाली बसों एवं ट्रेनों में उतनी भीड़ नहीं रही। उधर से अयोध्या एवं फैजाबाद को जाने वाली मेला स्पेशल समेत सभी ट्रेनों में काफी भीड़ रही। इस बाबत महकमे के अधिकारियों का मानना है कि मकर संक्रांति पर्व पर संगम स्नान के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंच चुके हैं। उन्हें उम्मीद है कि अब मौनी अमावस्या तथा अन्य स्नान पर्वों पर संगम की ओर जाने के लिए यात्रियों का भारी रेला उमड़ेगा।

बच्चों ने पतंगबाजी का लिया लुत्फ

मकर संक्रांति पर शहर से लेकर गांव तक के बच्चों ने जमकर पतंगबाजी का लुत्फ उठाया। शहर में पतंग की दुकानों पर बच्चे सुबह से ही पहुंचने लगे थे। शाम को अपने घरों की छतों के साथ ही पार्क में पतंगबाजी का लुत्फ लेने के लिए बच्चों की भीड़ लगी रही।

राज भवन बेंती मे मकर संक्रान्ति पर्व पर समरसता भोज आयोजित

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा प्रतापगढ़ । सनातन धर्म में विशेष महत्व रखने वाले इस मकर संक्रांति के त्योहार पर बड़े ही हर्षोल्लास से राज भवन बेंती में मनाया गया। जनसत्ता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री कुंडा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया के द्वारा राज भवन बेंती में मंगलवार को समरसता भोज का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों लोगों ने सहभागिता की। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष बाबागंज विधायक विनोद सरोज, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कुलदीप पटेल, राष्ट्रीय महासचिव डा. के. एन. ओझा, प्रतिनिधि हरि ओम शंकर श्रीवास्तव,पूर्व प्रमुख वर्तमान जिला पंचायत सदस्य बबलू सिंह बछरौली,पूर्व प्रमुख बाबागंज हितेश प्रताप सिंह पंकज, पूर्व प्रमुख विहार प्रफुल्ल सिंह डब्बू, प्रमुख विहार पति राम यश सरोज,प्रमुख कुंडा पति संतोष सिंह, प्रमुख बाबागंज पति राम यश सरोज,चेयरमैन कुंडा प्रतिनिधि शिवकुमार तिवारी भगवन, व्यापार मंडल अध्यक्ष हीरागंज प्रधान उतरार विनोद यादव, विजय पांडेय डीहा, राजेश त्रिपाठी सोनी प्रधान ढिंगवश, विनीत पांडेय रामनगर, अन्नू सिंह टिकरिया, पवन सिंह,सोनू सिंह नरियावां, बबलू शुक्ला पूर्व जिला पंचायत सदस्य, लल्ला तिवारी पहिलेपार, मुकेश सिंह कल्याण पुर, दिवाकर तिवारी, दिव्यांशु गुप्ता बाबूगंज,सूरज मिश्र , बब्बन सिंह कुंडा, आजाद सिंह परसीपुर, अनूप दुबे,समाजसेवी नीतीश पांडेय राज पटना आदि मौजूद रहे।

मकर संक्रांति पर एसडीएम सदर ने गौ माता की पूजा करके पहनाए बोरे के कोट

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़ । एलायंस क्लब इंटरनेशनल द्वारा चलाए जा रहे बेजुबान जानवरों को ठंड से बचाने के लिए बोरे के कोट पहनाए जा रहे हैं। आज मकर संक्रांति खिचड़ी के अवसर पर एसडीएम सदर शैलेंद्र कुमार वर्मा के नेतृत्व में गौशाला बराछा में सभी गायों को गुड़ आदि खिलाकर गौ माता का पूजन किया गया एवं ठंड से बचाने के लिए बोरे के कोट पहनाए गए। इस अवसर पर एसडीएम सदर ने कहा कि गौ माता की सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं है। समाज सेवी रोशनलाल उमरवैश्य द्वारा बेजुबान पशुओं के लिए जो अभियान चलाया जा रहा है वह सराहनीय है।

ईओ नगर पालिका राकेश कुमार ने कहा कि पशुओं की सेवा सभी को करनी चाहिए।

एलायंस क्लब इंटरनेशनल डायरेक्टर समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि बेजुबान पशुओं के लिए क्लब यह अभियान 7 वर्षों से चला रहा है। सभी जनमानस से अपील है कि हम सबको गौ माता की सेवा करके अपना जीवन सफल बनाना चाहिए। गौ माता की सेवा से कई जन्मों का पूण्य मिलता है। यह अभियान पूरे जाड़े भर चलता रहेगा। इस अवसर पर ईओ नगर पालिका राकेश कुमार, सुरेश चंद पांडे नेताजी, आ राई लाल बहादुर, संतोष कुमार, छेदीलाल, देवानंद, आदर्श कुमार, विवेक कुमार, शिवेश शुक्ला, परमानंद मिश्रा आदि ने गौ माता की पूजा करके बोरे के कोट पहनाए।

लोक भारती नें स्नानार्थियों को निशुल्क चाय नाश्ते का किया वितरण

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़ । महाकुंभ 2025 के स्नान पर्व मकर संक्रांति के अवसर पर लोक भारती के कार्यकर्ताओं ने संगम तट के स्नानर्थियों को निःशुल्क चाय और नाश्ते का वितरण करवाया । मुख्य सहयोगियों में पंडित स्वामीनाथ मिश्रा शिक्षण संस्थान एवं ग्राम सभा उत्तर माध्यमिक संस्कृत विद्यालय गहरौली शाहपुर के साथ ही बद्री प्रसाद पांडे विद्यालय के पूर्व अध्यक्ष के पुत्र समीर दुबे, नितिन दुबे नें पुण्य कर्म में मुख्य भूमिका निभाई। इस अवसर पर अमन, प्रियांशु, प्रभात मिश्र ओम मिश्रा प्रिंस इंडियन अरुणेश मिश्र (पंकज) ऋषभ तिवारी एवं सागर मिश्र आदि लोक भारती के कार्यकर्त्ता मौजूद रहे। वहीं जिला संयोजक डी के शर्मा नें कार्यकर्ताओं के उत्साह की प्रशंसा करते हुए महाकुम्भ के प्रथम शाही स्नान पर्व एवं मकर संक्रांति की सभी को शुभकामनायें दी।

कायस्थ समाज द्वारा मकर संक्रांति पर खिचड़ी वितरित

▶▶जेल रोड स्थित चित्रगुप्त मंदिर पर किया गया पूजन अर्चन

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़ । मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर जेल रोड स्थित चित्रगुप्त मंदिर पर कायस्थ समाज के लोगों द्वारा पूजा अर्चन किया गया और उसके बाद खिचड़ी वितरण कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव जी मौजूद रहे। कार्यक्रम में संजय खरे,कमला श्रीवास्तव,अरविंद श्रीवास्तव संजय श्रीवास्तव,डॉ डी सहाय,संवेदना अध्यक्ष मीना श्रीवास्तव,जीजीआईसी प्रधानाचार्य पूनम श्रीवास्तव, रीता श्रीवास्तव,वरिष्ठ पत्रकार,अमितेंद्र श्रीवास्तव लक्ष्मी फाउंडेशन संस्थापक मनोज श्रीवास्तव,ज्योति श्रीवास्तव,डॉ क्षितिज श्रीवास्तव,दीपक श्रीवास्तव,डॉ गौरव श्रीवास्तव,देश दीपक श्रीवास्तव,डॉ राजीव श्रीवास्तव,सुनील श्रीवास्तव, आदि कायस्थ परिवार के लोग मौजूद रहे।

खिचड़ी भोज में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

लोकमित्र ब्यूरो

दिलीपपुर-प्रतापगढ़। विकास खण्ड बाबा बेलखरनाथधाम अन्तर्गत स्थानीय बाजार में हर वर्ष की भांति मकर-संक्रांति के पावन पर्व पर खिचड़ी भोज कार्यक्रम धूम-धाम से सम्पन्न हुआ। खिचड़ी भोज में क्षेत्रीय लोगों सहित आने-जाने वाले राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया। खिचड़ी भोज कार्यक्रम अपराह्न में प्रारम्भ हुआ और देर शाम तक चलता रहा।इस खिचड़ी भोज में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मकर संक्रान्ति के पावन पर्व यह खिचड़ी भोज कार्यक्रम कई वर्षों से क्षेत्रीय लोगों के सहयोग से सम्पन्न हो रहा है।इस मौके पर मोरध्वज गुप्ता ग्राम प्रधान, सूर्य प्रकाश विश्वकर्मा उर्फ सोनू (जिला पंचायत सदस्य पति), आशुतोष सोनी,शिव कुमार मोदनवाल,राम अवध, पप्पू मोदनवाल ,समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

सामाजिक एकता और सदभावना हमारी सांस्कृतिक धरोहर - पंकज मिश्र

▶▶मकर संक्रांति पर किया कंबल वितरण एवं वृक्षारोपण

लोकमित्र ब्यूरो

रानीगंज (प्रतापगढ़) मकर संक्रांति के पावन पर्व पर दरियापुर कोर्ट, पूरेगोसाई गांव में सामाजिक एकता एवं सद्भावना अभियान के अंतर्गत कंबल वितरण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआस कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी एवं भाजपा नेता पंकज मिश्रा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेस उन्होंने उपस्थित लोगों को मकर संक्रांति और महाकुंभ की बधाई देते हुए सामाजिक एकता पर बल दियास उन्होंने कहा कि समाज में कुछ दूषित मानसिकता के लोग ही जाति-पाति की खाई तैयार कर रहे हैंस केंद्र व प्रदेश की सरकार भी भेदभाव से हटकर समाज के चहुमुखी विकास में लगी हुई हैस सामान्य जनमानस आज भी सामाजिक एकता के बंधन में बंधा हुआ हैस ग्रामीण अंचल का कोई भी आयोजन इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि हम सब एक दूसरे के प्रति स्नेह और सहयोग का भाव रखते हैंस उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील किया कि सब अपनी कर्मठता अनुसार एक दूसरे का सहयोग करते रहें स पं. रामानंद ओझा ने अपने संबोधन में मकर संक्रांति पर दान के महत्व को बतायास आजाद पंडित जी ने भी लोगों को सामाजिक रूप से एकजुट रहने की अपील कीस कैप्टन दिवाकर पांडेय ने पंकज मिश्रा के द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की चर्चा कीस कार्यक्रम के दौरान सैकड़ो लोगों को कंबल प्रदान किया गयास इसके पूर्व पंकज मिश्र द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया

इस दौरान पं.सीताराम तिवारी, वेदप्रकाश गौतम, प्रधान मुजम्मिल हुसैन, बृजेश यादव, ने अपने विचार रखेंस कार्यक्रम में बिरहा गायक विनोद लहरी, हरिशंकर तिवारी, रविंद्रधर द्विवेदी, प्रदीप त्रिपाठी, रामचंद्र त्रिपाठी, मो. सगीर खान, विजय मोहन यादव, नाथ गौतम, सौरभ, बाबा तिवारी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन सूरज त्रिपाठी एवं संचालन आशीष तिवारी ने किया

चंद्रशेखर तिवारी के जिलाध्यक्ष चयनित होने पर जतायी गयी खुशी, पत्रकार सुरक्षा कानून की उठी आवाज

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज, प्रतापगढ़। भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ की मंगलवार को यहां हुई संगठनात्मक बैठक में महासंघ के जिलाध्यक्ष पद पर वरिष्ठ पत्रकार चंद्रशेखर तिवारी के चयन को लेकर खुशी जतायी गयी। बैठक में स्थानीय पत्रकारो ने चयन को लेकर महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुनेश्वर मिश्र तथा राष्ट्रीय संयोजक डॉ. भगवान प्रसाद उपाध्याय एवं मुख्य राष्ट्रीय महासचिव मथुरा प्रसाद धुरिया के प्रति धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया। वही बैठक मे छत्तीसगढ़ के पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या को लेकर महासंघ द्वारा न्यायिक जांच की भी मांग उठायी गयी है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए पत्रकार उत्पीडन निवारण प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि केंद्र पत्रकार सुरक्षा कानून विधेयक के जरिए पत्रकारो की सुरक्षा सुनिश्चित करे। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार अजय पाण्डेय रहे।

संचालन तहसील इकाई अध्यक्ष विकास मिश्र ने किया। इस मौके पर डॉ. आशीष सिंह, सुरेन्द्र तिवारी सागर, बाबा नरेन्द्र ओझा, अखिलेश मिश्र, विनोद सिंह, साकेत मिश्र, मनोज सिंह, सुरेश मिश्र मदन, संजय शुक्ल, राजेन्द्र मिश्र, राजकुमार मिश्र, आशुतोष मिश्र, शत्रुघ्न पाण्डेय, जाकिर अली आनन्द त्रिपाठी, मुकेश तिवारी, सुनील सिंह, प्रमोद सिंह बाबा, अशोकधर द्विवेदी, राहुल मिश्र, मनोज त्रिपाठी, आनन्द त्रिपाठी, राजेश पाण्डेय, दयाशंकर तिवारी, संतोष तिवारी, आईपी मिश्र, सुशील सिंह बघेल, धर्मेन्द्र मिश्र, प्रेम मिश्र, लवलेश शुक्ल, अनूप तिवारी, उमेश तिवारी, जगत वर्मा, गौरीशंकर तिवारी, रामू मिश्र, शास्त्री सौरभ, संजीव त्रिपाठी, अनिल महेश, एसएस यादव, राजीव तिवारी, सरवर आलम, सुमित त्रिपाठी, अरविन्द दुबे, शुभम श्रीवास्तव, प्रमोद श्रीवास्तव, शिवाकान्त मिश्र आदि रहे।

विद्यालय के संस्थापक का जन्मोत्सव आज

कुंडा प्रतापगढ़। आरएन द्विवेदी इंटर कालेज पनिगौं के संस्थापक स्व.पंडित आरएन द्विवेदी का जन्मोत्सव कार्यक्रम विद्यालय प्रांगण में बुधवार 15 जनवरी को आयोजित किया गया है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ पवन द्विवेदी ने सभी लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

संक्षिप्त खबरें

परास में प्रधान प्रतिनिधि ने वितरण किया साड़ी

शहजादपुर, (कौशाम्बी)। मकर संक्रांति पर परास गांव में प्रधान प्रतिनिधि ने साड़ी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया इस दौरान महिलाओं को साड़ी मिलते ही उनके चेहरे खिल उठे। मकर संक्रांति के अवसर पर विकास खंड कड़ा के परास गांव में मंगलवार को प्रधान प्रतिनिधि मो अवैश ने गांव की लगभग पांच सौ महिलाओं को साड़ी वितरण किया। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि मो अवैश ने कहा कि गांव का विकास उनकी प्राथमिकता है ताकि लोगों को मूलभूत समस्याएं न हो सके। इस दौरान लगभग पांच सौ महिलाओं को साड़ी वितरण किया गया , साड़ी मिलते ही महिलाओं के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम में प्रधान प्रतिनिधि मो अवैश, मो सैफ, हो गुफ्रान , रमेश कुमार सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहें।

अजुहा में मकर संक्रांति पर व्यापार मंडल के तत्वाधान में आयोजित हुआ खिचड़ी भोज

अजुहा, (कौशाम्बी)। मकर संक्रांति पर व्यापार मंडल अजुहा की तरफ से बाजार में खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। इसमें हजारों लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और प्रसाद ग्रहण किया। मकर संक्रांति पर खिचड़ी खाने का विशेष महत्व है। खिचड़ी खाने का आयोजन दोपहर से शाम तक चला। इस मौके पर बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने खिचड़ी का लुत्फ उठाया। इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष रमेश अग्रहरि, ठाकुर सुघर सिंह, राजाराम अग्रहरि, दीपक साहू, कपूर चंद्र, राकेश केशरवानी, उदय अग्रहरि, होरीलाल, रवि कुमार वैश्य आदि लोग शामिल रहें।

सैनी के श्रद्धालुओं को वितरण किया गया खिचड़ी प्रसाद

सैनी, (कौशाम्बी)। मकर संक्रांति से ही सूर्य उत्तरायण होते है। इसी दिन से हिंदू धर्म में शुभ कार्यों की शुरुआत होती है। कहा जाता है कि मकर संक्रांति को जो महाप्रसाद बनता है उसे ग्रहण करने वाले श्रद्धालु आरोग्य, सुख, समृद्धि की प्राप्ति होती है। मंगलवार की मकर संक्रांति के इस महापर्व पर टेढ़ीमोड़ में ग्रामीणों ने गंगा स्नान कर वापस लौट रहे श्रद्धालुओं के खिचड़ी महाप्रसाद का वितरण किया। श्रद्धालुओं ने बड़े उत्साह के साथ प्रसाद ग्रहण किया। खिड़की प्रसाद का आयोजन अरुण राज पासी, सुरेंद्र त्रिपाठी, बबलू गुप्ता, सुभाष गुप्ता, अमरनाथ पटेल, विपिन पाल, लाल चंद्र, बड़े लाल, नवीन कुमार, नितिन केसरवानी, सचिन केसरवानी, रामजी, ब्रह्मचारी आदि भक्त ने किया।

मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में बांटी गई राहगीरों को खिचड़ी

पश्चिम शरीरा, (कौशाम्बी)। पश्चिम शरीरा कस्बा स्थित हनुमान मंदिर चौराहे में पश्चिम शरीरा व्यापार मंडल अध्यक्ष विपिन केसरवानी के नेतृत्व में खिचड़ी वितरण का आयोजन किया गया इस दौरान आने जाने वाले राहगीरों को खिचड़ी वितरित की गई। इस दौरान कोषाध्यक्ष हरि नारायण केसरवानी पश्चिम शरीरा सहकारी समिति अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह मंत्री ऋषि मोदनवाल जितेंद्र गुप्ता वीरेंद्र सोनी आकाश कौशल समेत तमाम व्यवस्थापक मौजूद रहें।

निरोधात्मक कार्यवाही में 16 गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में(थाना मंझनपुर से 02, थाना करारी से 04, थाना सराय अकिल से 02, थाना पिपरी से 04, थाना चरवा से 02, थाना मोहब्बतपुर पइन्सा 02) कुल 16 आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया गया।

मकर संक्रांति के पर्व पर संदीपन घाट में समाजसेवी दुर्गेश गुप्ता ने किया प्रसाद का वितरण

भरवारी, कौशाम्बी। कोखराज थाना अंतर्गत संदीपन घाट में मंगलवार को मकर संक्रांति के पावन पर्व श्रद्धालुओं काफी संख्या में गंगा स्नान करते हैं, समाजसेवी दुर्गेश गुप्ता द्वारा श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया।

बता दे कि मंगलवार को मकर संक्रांति के दिन लोग कोखराज के संदीपन घाट में क्षेत्र के काफी संख्या में श्रद्धालुओं आते हैं जो गंगा स्नान और सूर्य देव को जल चढ़ा कर अपने दिन की शुरुआत करते हैं, इस दिन मकर संक्रांति सूर्य देव को खिचड़ी का भोज अर्पित करते हैं। इस पर्व पर क्षेत्र के समाजसेवी दुर्गेश गुप्ता द्वारा अपने साथियों के साथ स्टाल लगा कर कड़ी चावल प्रसाद तैयार कर आये हुए श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया है, प्रसाद ग्रहण कर लोगो ने सराहना की है। इनके टीम के द्वारा तीन वर्षों से लगातार प्रसाद का वितरण किया जाता है। इस अवसर पर रोहित गुप्ता, जगदीश गुप्ता, अनुराग केसरवानी, आर्यन सेन, अभय साहू, दीपक केसरवानी, गौरव केसरवानी, अंकुश गुप्ता, विकास कुशवाहा, अशोक, जय विश्वकर्मा सहित सहयोगी लोगो ने प्रसाद का वितरण किया है।

पिता के बाद पुत्र का भी शव गंगा नदी में उतराता हुआ मिला

लोकमित्र ब्यूरो

कड़ा, (कौशाम्बी)। कड़ा के बाजार घाट पर शुद्धि क्रिया के दौरान गंगा-नदी में डूबे पिता के बाद पुत्र का भी शव घटना के नवें दिन बरामद हो गया है।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।विदित हो कि गत 5 जनवरी को प्रयागराज के धूमनगंज थाना क्षेत्र के मधुबन विहार प्रीतम नगर निवासी जयजनार्दन मिश्रा अपने पुत्र ऋषभ मिश्रा के साथ अपने पिता स्व मनमोहन मिश्रा के दसवां कर्मकांड में सम्मलित होने के लिए अपने पैतृक घर दारानगर आए थे। 6 जनवरी को कड़ा के बाजार घाट पर पिंडदान व कर्मकांड के पश्चात उनका पुत्र ऋषभ 22 वर्ष गंगा नदी में स्नान के लिए गया तभी उसका पैर फिसल गया और वह गंगा नदी में डूबने लगा।पुत्र को डूबता हुआ देखा तो पिता जय जनार्दन 50 वर्ष बचाने के लिए गंगा नदी में कूद पड़े।घटना के बाद घाट पर मौजूद परिजनों में अफरा तफरी मच गई।पुत्र को बचाने गए जयजनार्दन भी डूबने लगे तो घाट पर मौजूद उनके बड़े भाई जयकृष्ण मिश्रा 55 वर्ष ने भी अपने भाई व भतीजे को बचाने के लिए गंगा नदी में छलांग लगा दी।जल स्तर ज्यादा होने के कारण एक दूसरे को बचाने गए लोग गंगा नदी के वेग को झेल न सके और सभी डूबने लगे। अपने चचेरे भाई, चाचा व पिता को डूबता देख घाट पर मौजूद शिखर मिश्रा 25 बर्ष भी बचाव के लिए गंगा नदी में कूद गया और खुद भी डूबने लगा। स्थानीय गोताखोरों ने जयकृष्ण और उनके पुत्र शिखर को गंगा नदी से बाहर निकाल लिया।परिजनों ने दोनों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया जहाँ चिकित्सकों ने परीक्षण के दौरान जयकृष्ण को मृत घोषित कर दिया वहीं शिखर पूर्ण रूप से स्वस्थ है।वहीं परिजन व प्रशासन द्वारा लगातार जयजनार्दन व ऋषभ की गंगा नदी में खोजबीन की जा रही थी।हालांकि प्रशासन द्वारा एसडीआरएफ की टीम भी गंगा नदी में समाए पिता-पुत्र की खोज में लगाई गई लेकिन सफलता नही मिली और एसडीआरएफ की टीम बैरंग ही लौट गई वहीं परिजन लगातार खोज खबर में लगे रहे।

रविवार को बाजार घाट पर जय जनार्दन मिश्रा का शव गंगा नदी में उतराता हुआ मिला वहीं मंगलवार को कड़ा के चम्पतपुर घाट पर ऋषभ का भी शव गंगा नदी के किनारे उतराता हुआ मिल गया।सूचना पाकर मौके पर पहुंची कड़ाधाम पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। इस दुःखद घटना से परिजन सहित पूरा नगर गमगीन है।

महात्मा बुद्ध महाविद्यालय में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

अजुहा, (कौशाम्बी)। अजुहा कस्बे में स्थित महात्मा बुद्ध महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें मौजूद महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 मदन मोहन सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम में मतदाता जागरूकता अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत देश की जनता है यही जनता अपना वोट देकर देश को नए दिशा की ओर ले जा सकता है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी धरणी धर ने बताया कि 18 वर्ष आयु पूरी कर चुके सभी मतदाताओं को अपना जनप्रतिनिधि चुनने के लिए मतदान जरूर करना चाहिए। इस दौरान धरणी धर , राजेश कुमार मौर्य , साकेत चौधरी , मनी राम , दिनेश सिंह आदि कॉलेज स्टॉफ मौजूद रहे।इसी कड़ी में सयारा में स्थित श्री बाबू सिंह डिग्री कॉलेज में प्राचार्य गया प्रसाद वर्मा ने मतदाता जागरूकता अभियान के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए मतदान के लिए जागरूक किया इस मौके पर राम लाल, डॉ0 संजीव कुमार साहू, शेर सिंह, सुधाकर त्यागी, देशराज प्रजापति आदि कॉलेज स्टॉफ मौजूद रहें।

श्रद्धालुओं से भरी दो कारों की भिड़ंत में आठ जख्मी

निदूरा स्थित पेट्रोलपंप के सामने नेशनल हाईवे पर हुआ हादसा

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी। सैनी कोतवाली क्षेत्र के निदूरा गांव के समीप एक पेट्रोलपंप के सामने नेशनल हाईवे पर श्रद्धालुओं से भिड़ी दो कारे आपस में भीड़ गई जिसमें कार क्षतिग्रस्त हो गई और दोनों कारों में सवार आठ लोग जख्मी हो गए, हादसे के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई , आसपास मौजूद लोगो ने हादसा देख तो मौके पर भीड़ जमा हो गई और हादसे की सूचना पुलिस को दी जिसके बाद पहुंची पुलिस ने दोनों कारों से घायलों को बाहर निकालकर इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया।

बताते चले कि औरैया के विधूना निवासी मलखान सिंह ओमनी कार में सवार होकर परिवार के साथ प्रयागराज कुंभ मेला गए थे, ओमनी सवार श्रद्धालु मंगलवार की दोपहर प्रयागराज से ओमनी कार से घर वापस लौट रहे थे ओमनी कार जैसे ही सैनी कोतवाली क्षेत्र के निदूरा गांव के समीप पेट्रोलपंप के सामने नेशनल हाईवे पर पहुंची तभी पीछे से आ रही एसयूवी कार ने पीछे से ओमनी कार में टक्कर मार दिया हादसे में ओमनी कार पलट गई और एसयूवी का टायर पंचर हो गया इस दौरान एसयूवी अनियंत्रित होकर डिवाइडर क्रास कर उस पार चली गई हादसे में दोनों कारे क्षतिग्रस्त हो गई और दोनो कारो में सवार आठ लोग जख्मी हो गए। हादसे में ओमनी कार में सवार औरैया के विधूना निवासी अनीता देवी पत्नी स्व सुलखान सिंह गंभीर रूप से जख्मी हो गए जबकि अजय सिंह पुत्र मलखान सिंह, चालक गोविंद पुत्र रामदास एवं ममता व राधा चोटहिल हो गए। वहीं एसयूवी कार जो प्रयागराज से आगरा के लिए जा रहे थे। उसमें सवार सिद्धार्थ नगर के ढबरुवा थाना क्षेत्र के बढ़नी निवासी मीरा देवी पत्नी शिव प्रसाद 45 वर्ष , शिव प्रसाद पुत्र भोले , रीवा मिश्रा पुत्री शिव प्रसाद एवं कार चालक वीरेंद्र चोटहिल हो गए। सूचना पर पहुंची सैनी पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेज दोनों कारों को हाईवे से बाहर कराया।

आग तापते समय आग से जलकर दिव्यांग अधेड़ की मौत

मंझनपुर थाना क्षेत्र के तैबापुर में हुआ दर्दनाक हादसा

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, (कौशाम्बी)। मंझनपुर थाना क्षेत्र के शमसाबाद का मजरा तैयबापुर में आग तापते समय आग की चपेट में आकर 58 वर्षीय अधेड़ दिव्यांग की जलकर मौत हो गई। मौत की खबर से घर में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची शमसाबाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए जांच में जुट गई है।

मंझनपुर थाना क्षेत्र के शमसाबाद का मजरा तैबापुर निवासी बल्लू पुत्र पच्चू 58 वर्ष की आग तापते समय आग की चपेट में आकर जलकर मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के भांजे की पत्नी अनुसुइया देवी ने बताया की उसके पति दिनेश कुमार कानपुर में मजदूरी के लिए गए है । मामा बल्लू घर से करीब तीन सौ मीटर दूर आलू के खेत की तकवारी करने गए हुए थे। जहां लगभग 9 बजे

वह ठंड से बचने के लिए आग जलाकर ताप रहे थे। इसी दौरान उनके कपड़े में आग लग गई। दाहिने हाथ से दिव्यांग होने की वजह से कपड़े नहीं उतार सके और हादसे में दर्दनाक मौत हो गई।

ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजेश कसेरा ने बताया की मृतक करीब पचास वर्ष से अपनी बहन रमपतिया और बहनोई रामलाल के साथ ही रहता था। घटनास्थल पर कोई नहीं था। जब लोगों ने गांव से जलते हुए देखा तो बचाने के लिए दौड़े लेकिन तब तक मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना पर पहुंचे शमसाबाद चौकी इंचार्ज रवि शंकर यादव ने शव को पोस्टमार्टम भेजा और स्वजनों से घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। वहीं हल्का लेखपाल महेश प्रसाद ने पहुंचकर घटना की जानकारी ली। बताया की घटना के संबंध में रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी जायेगी।

बाग में बंधी भैंसा को लोडर सवार चोरों ने किया पार

सिराथू, (कौशाम्बी)। सैनी कोतवाली क्षेत्र के बख्तियारा परसीपुर गांव में स्थित आवले की बाग में बंधी भैंसा को बीती रात लोडर सवार चोरों ने भैंसा पार कर दिया जबकि भैंस किसी तरह से चोरों को चकमा देकर भाग गई। पीड़ित पशु पालक ने पुलिस को लिखित सूचना देकर कार्यवाही की मांग की है।सैनी कोतवाली क्षेत्र के डोरमा निवासी लवकुश पुत्र बुद्ध लाल ने मंगलवार को सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसने बख्तियारा परसीपुर में आवले की बाग में भैंस व भैंसा बांध रखा था , लवकुश के मुताबिक बीती रात आए लोडर सवार चोरों ने बाग में बंधी भैंस व भैंसा खोल लिया और लोडर में लादने लगे इस दौरान भैंस किसी तरह से चोरों के चंगुल से भाग गई

मकर संक्रांति पर श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी, दान कर कमाया पुण्य

लोकमित्र ब्यूरो

सैनी, (कौशाम्बी)। मकर संक्रांति पर्व पर शक्ति पीठ कड़ा धाम में स्थित विभिन्न गंगा घाटों पर मंगलवार को श्रद्धालुओं ने विशेष स्नान पर्व पर आस्था की डुबकी लगाई। वहीं बम-बम भोले की गूंज के बीच सूर्यदेव को अर्घ्य दिया गया।

मकर संक्रांति पर कड़ा के कुबरी घाट, कालेश्वर घाट, बाजार घाट सहित विभिन्न गंगाघाट आस्था से सराबोर हो उठा। श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाकर पहले सूर्यदेव को अर्घ्य दिया, फिर पूजा-अर्चना की। संत-महात्माओं समेत पुरोहितों को दक्षिणा और खानपान की वस्तुएं भेंट की गई। गंगा घाटों पर कड़ाके की ठंड के बाद भी श्रद्धालु जुटे थे । कुबरी घाट पर श्रद्धालुओं की सर्वाधिक

भीड़ रही। दोपहर बाद तक चले गंगा स्नान के दौरान श्रद्धालुओं ने आसपास के आश्रमों में भंडारा भी कराया। संत-महात्माओं समेत पुरोहितों को दक्षिणा भेंट की गई। अंगवस्त्र और खानपान की वस्तुएं दी गईं। पुरोहितों ने बताया कि मकर संक्रांति पर गंगा स्नान के बाद दान करने का कई गुना अधिक पुण्य अर्जित होता है। इसके अलावा गंगाघाट पर खिचड़ी भोज भी कराया गया। इसके अलावा नगर पंचायत की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा को घाट के आसपास अलाव भी जलवाए गए। प्रसाद विक्रेताओं ने भी अपनी दुकानों के सामने अलाव की व्यवस्था कर श्रद्धालुओं को सुविधा मुहैया कराई। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ सॉऊद के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया जहां श्रद्धालुओ की निःशुल्क जांच कर दवाएं वितरण की गई। इस दौरान समाजसेवी विनय पाण्डेय भी मौजूद रहें।

एसपी ने परिवार संग किया मां शीतला के दर्शन पूजन

सैनी, (कौशाम्बी)। मकर संक्रांति पर पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव परिवार संग शक्ति पीठ कड़ा धाम पहुंचे जहां उन्होंने मां शीतला के दर्शन पूजन कर आशीर्वाद मांगा इस बीच एसपी ने खिचड़ी भोज प्रसाद लेकर खिचड़ी का भी लुफ्त उठाया।

मकर संक्रांति के पावन पर्व पर पालिका ने महाकुंभ श्रद्धालुओं को खिलाई खिचड़ी

लोकमित्र ब्यूरो

भरवारी, (कौशाम्बी)। मकर संक्रांति के पावन पर्व पर मंगलवार को महाकुम्भ प्रयागराज में आये हुए श्रद्धालुओं को सांकड़ा तिराहे (जीरो प्वाइंट मूरतगंज) और रसूलपुर गिरसा चौराहा में नगर पालिका परिषद भरवारी द्वारा खिचड़ी का प्रसाद वितरण कर मकर संक्रांति की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की। महाकुंभ आने जाने वाले श्रद्धालुओं को सुखद व सुगम बनाने के लिए भरवारी नगर अध्यक्ष कविता पासी की अनूठी पहल सांकाड़ा तिराहे (जीरो प्वाइंट तिराहे) स्थित नेशनल हाईवे पर शिविर लगाकर महाकुंभ में आने जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए चाय नाश्ता के लिए लगवाया निशुल्क शिविर महीने भर पूरे माघ माह तक चलेगा यह कार्यक्रम स प्रमुख स्नान पर्व मकर संक्रांति के पावन पर्व पर महाकुम्भ प्रयागराज में मध्यप्रदेश एवं राजस्थान से आये हुए श्रद्धालुओं को खिचड़ी का प्रसाद वितरण में शुरुआत महंत गुरु किन्नर श्रद्धालुओं को अध्यक्ष कविता पासी ने खिचड़ी प्रसाद व चाय पिलाकर कार्यक्रम की की शुरुआत,इस नेशनल हाईवे पर फ्तेहपुर, कानपुर, इटावा ,औरैया अलीगढ़ ,गौतम बुद्ध नगर नोएडा दिल्ली और चित्रकूट समेत मध्य प्रदेश के लोग इसी रास्ते होकर प्रयागराज महाकुंभ जाएंगे श्रद्धालु, जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम इस दौरान कोखराज थाना प्रभारी चंद्रभूषण मौर्य, अधिशासी अधिकारी रामसिंह, डिप्टी सीएम के मीडिया प्रभारी भोलेशंकर कुशवाहा, एडवोकेट आशीष पासी सहित अन्य कई गणमान्य व श्रद्धालु मौजूद रहें।

महाकुंभ के श्रद्धालुओं के लिए पालिका ने लगाएं स्वागत, विश्राम स्थल व निःशुल्क चाय स्टॉल

भरवारी, (कौशाम्बी)। महाकुंभ के श्रद्धालुओं के लिए एक स्वागत शिविर ,विश्राम स्थल व निःशुल्क चाय बिस्कुट स्टॉल पर नगर अध्यक्ष कविता पासी ने खुद श्रद्धालुओं को वितरित किया चाय बिस्कुट स स्वागत शिविर और विश्राम स्थल का उद्देश्य महाकुंभ के श्रद्धालुओं को सुविधाजनक और आरामदायक आवास प्रदान करना है। यहाँ पर श्रद्धालुओं को भोजन, पानी और अन्य आवश्यक सुविधाएँ प्रदान की गयी नगर अध्यक्ष कविता पासी ने कहा, हम महाकुंभ के श्रद्धालुओं का स्वागत करने के लिए तैयार हैं। हमारा उद्देश्य उन्हें सुविधाजनक और आरामदायक आवास प्रदान करना है। इस स्वागत शिविर और विश्राम स्थल के उद्घाटन के साथ ही, महाकुंभ के श्रद्धालुओं के लिए एक और सुविधाजनक विकल्प उपलब्ध हो गया है।

18 बार साईकिल चलाकर पहुंचे प्रयागराज किया संगम स्नान करने वाले महाकुंभ श्रद्धालु को खिलाई पालिका ने खिलाई खिचड़ी

भरवारी, (कौशाम्बी)। महाकुंभ श्रद्धालु सूरज कुमार उम्र लगभग 66 वर्ष निवासी 321 एफ नेहरू नगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश साइकिल द्वारा सन 2021 से सर्वप्रथम वैष्णो देवी की यात्रा शुरू की और महाकुंभ प्रयागराज में 18वीं साइकिल यात्रा पूर्ण की। सूरज कुमार ने बताया कि वह पहली बार 7 जनवरी 2015 को गाजियाबाद से महाकुंभ प्रयागराज के लिए निकले और वह संगम स्नान कर 18वीं बार संगम स्नान साइकिल से यात्रा पूर्ण की ,उन्होंने लोगों को संदेश दिया कि साइकिल चलाने से शारीरिक क्षमता का विकास होता है और बीमारियां दूर रहती है। साइकिल की सवारी हर प्रकार से फायदेमंद है वर्तमान में लोग साइकिल का इस्तेमाल कम कर रहे हैं। नौजवान युवा वर्ग भी बाइक का प्रयोग करते हैं। बल्कि इसकी विपरीत साइकिल चलाना बढते पेट्रोल की कीमत और जान की समस्या का समाधान भी है। उन्होंने जनमानस से अपील की अपने बच्चों को साथी चलाने के लिए कोशिश करें जिससे उनका विकास हो और वह बीमारियों से दूर रहें।

हर्षोल्लास के साथ मनाया गया हजरत अली का जन्म दिवस

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, (कौशाम्बी)। इस्लामी माह रज्जब की 13 तारीख को हजरत अली का जन्मदिन मनाया जाता है। इस मौके पर मुस्लिम समाज में लोग हर्षोल्लास के साथ नजर नियाज करते हैं और खुशियां मनाते हैं।

दारानगर कस्बे में भी मंगलवार को हजरत अली के जन्म दिवस के मौके पर सैयद वाडा मोहल्ले में दोपहर को नजर नियाज का कार्यक्रम हुआ है।इसके पश्चात भंडारे के रूप में दम आलू और खीर का वितरण किया गया है। कड़ा रोड पर गुजरने वाले सभी राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया है। इस्लाम के पैगंबर मोहम्मद साहब के उत्तराधिकारी हजरत अली को शक्ति शांति धैर्य धन-धान्य एवं ज्ञान का प्रतीक माना जाता है। माना जाता है मुस्लिम समाज में हजरत अली का महत्व है।जानकारी के मुताबिक हजरत अली का जन्म पवित्र काबा में हुआ था और उनकी शहादत भी मस्जिद में हुई थी। मुस्लिम समाज में हजरत अली को खलीफा और पहला इमाम माना जाता है। दारानगर के सैयद वाडा के युवाओं द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान कड़ा मार्ग को सजाया गया था युवाओं ने गले में लाल पट्टी बांधकर खुशी का प्रतीक बनाया है लोगों ने एक दूसरे को बधाइयां दी है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कासिम हुसैन , मुस्ताक हुसैन , इशरत अख्तर हुसैन , शहीद , शानू , अक्कू , अंसार , शेरू , रानू , शमशीर , मीसम , आशिद अतहर , शनि तथा अन्य लोग शामिल रहे हैं।

सम्पादकीय

वित्तीय स्थितियां अस्थिर

रोजगार के घटते अवसरों एवं अर्थव्यवस्था की धीमी होती रफ्तार ने कुल मिलाकर ऋण-ग्रस्तता की स्थिति को संगीन बना दिया है। इसके बीच निजी ऋणों की वापसी की स्थितियां प्रतिकूल हो गई हैं। आरबीआई की रिपोर्ट से भी इसके संकेत मिले हैं।भारतीय रिजर्व बैंक की छमाही वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट मौजूद वित्तीय अस्थिरताओं के संकेत देती है। इस रिपोर्ट के साथ ही एक अंग्रेजी अखबार में आरटीआई के जरिए हासिल छपे आंकड़ों को देखें, तो यह संकेत ठोस रूप में मौजूद दिखने लगता है। आरबीआई के मुताबिक कुल कर्ज में सितंबर 2024 तक नॉन परफॉर्मिंग ऋण (एनपीए) का अनुपात सिर्फ 2.6 फीसदी था, लेकिन मार्च 2026 तक इसके तीन प्रतिशत तक पहुंच जाने का अंदेशा है। बहरहाल, रिजर्व बैंक के एनपीए में माफ कर्जों को शामिल नहीं किया जाता है। गुजरे वर्षों में कॉरपोरेट्स के लिए ऋण माफी में भारी बढ़ोतरी हुई है।इस तरह एनपीए का बहुत बड़ा हिस्सा इस श्रेणी से हट गया है। खुद आरबीआई की रिपोर्ट में ऋण माफी में तीव्र वृद्धि पर चिंता जताई गई है। फिर रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि आर्थिक स्थितियां अनुमान से ज्यादा बिगड़ीं, तो एनपीए का अनुपात बढ़ कर 5 से 5.3 प्रतिशत तक जा सकता है। रिजर्व बैंक शिक्षा, मकान जैसे निजी ऋणों को ना चुकाने के मामलों में वृद्धि को लेकर भी चिंतित है। आम लोगों की घरेलू वित्तीय स्थिति के लगातार बिगडने के कारण ऐसे कर्जों पर डिफॉल्ट की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। आरटीआई से सामने आई सूचना के मुताबिक गोल्ड लोन पर डिफॉल्ट करने के मामले जून 2024 तक 30 प्रतिशत तक जा चुके थे। इस तरह बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों से स्वर्ण गिरवी रख कर लिए गए कर्जों में 6,696 करोड़ रुपये समय पर नहीं चुकाए गए थे।एक साल पहले ऐसे मामलों की संख्या 14 प्रतिशत ही थी। आरटीआई से हासिल सूचना से जाहिर है कि ऋण लेने वाले परिवारों ने जिस भरोसे सोना गिरवी रखा था, वह सही साबित नहीं हुआ। रोजगार के घटते अवसरों एवं अर्थव्यवस्था की धीमी होती रफ्तार ने कुल मिलाकर ऋण-ग्रस्तता की स्थिति को संगीन बना दिया है। इसके बीच निजी ऋणों की वापसी की स्थितियां प्रतिकूल होती जा रही हैं। सोने की कीमत में उछाल के कारण भी गोल्ड लोन को चुकाना कठिन हो गया है। तो कुल मिला कर वित्तीय स्थितियां अस्थिर होती हुई दिख रही हैं।

क्या एनरॉन एग से हमारा सामाजिक जीवन और बाधित हो जाएगा

अशोक भाटिया

आज के समय में टेक्नोलॉजी के बिना कुछ भी नहीं है। हमारा देश धीरे-धीरे टेक्नोलॉजी से लैस होता जा रहा है। इसी बीच, सोशल मीडिया पर एक बिजली वाले अंडे का वीडियो काफी वायरल हो रहा है। बता दें, ये एक ऐसा अंडा है जो माइक्रो न्यूक्लियर रिएक्टर है। जिसके जरिए आपके घर में लगातार दस साल तक बिजली आ सकती है।बता दें, पूर्व अमेरिकी ऊर्जा दिग्गज एनरॉन ने अपनी नवीनतम पेशकश %द एग% की घोषणा की है। जो एक शक्तिशाली नया पोर्टेबल परमाणु रिएक्टर है। ये लगातार दस वर्षों तक घरों को बिजली प्रदान करेगा। इसी के साथ बिजली जेनरेट भी की जी सकती है। बताया जा रहा है कि पूर्व अमेरिकी ऊर्जा दिग्गज एनरॉन ने बताया है कि अत्याधुनिक डिवाइस के विनिर्देशों और यूएसपी को छोड़ दिया। मजबूत, एल्ब्यूमिन-कलर्ड, हीट रेसिस्टेंट डिवाइस के नीचे एक जटिल इंजीनियर तंत्र है। जो एक रिएक्टर कोर और कूलेंट के लिए हैवी वाटर पंप दोनों के साथ आता है। अंडे में एक डिस्प्ले दी गई है। इसके हुड के नीचे एक पावरफुल चिपसेट लगाया गया है।अंडा एक डिस्प्ले के साथ आता है। हुड के नीचे एक शक्तिशाली चिप है। इसके लॉन्च की वीडियो में होस्ट ने कहा कि उत्पाद तीन उद्योगों में क्रांति लाएगा, जिसमें बिजली, स्वतंत्रता और स्वतंत्रता उद्योग शामिल हैं।एनरॉन एग का साउंडट्रैक वर्तमान में सोशल मीडिया पर बहुत लोकप्रिय है। वीडियो में कंपनी को पुनर्जीवित होते हुए दिखाया गया है और अब उसने एक अंडाकार रिएक्टर बनाया है जिसका उपयोग घरों में किया जा सकता है। घर की घंटी की तरह, यह अब एक परमाणु रिएक्टर है। इसे एक बार शुरू किया जाता है। यह इतना लोकप्रिय है कि यह लगातार दस वर्षों तक निरंतर बिजली उत्पन्न करता है और यह घरों के बिजली के बिल को कैसे बचाता है। बुद्धिमानी से, उन्होंने जांच करना शुरू किया कि वे इसे अपने घरों में कैसे फिट कर सकते हैं, और कुछ ने एनरॉन के रेबेका मार्क के बारे में भी याद दिलाया। इस ऑडियो क्लिप में दी गई जानकारी, इन घरेलू भट्टों को विकसित करने में तकनीशियनों का कौशल, एनरॉन के अधिकारियों द्वारा इसकी आसान प्रस्तुति, सभी उत्कृष्ट और निर्दोष हैं। उसमें त्रुटि केवल एक है।यह नकली है। यह बहुत अंधाधुंध रूप से बनाया गया है और भले ही यह आश्चर्यजनक हो, यह पूरी तरह से नकली है और इसे सोशल मीडिया पर खाली पहाड़ियों पर घूमने के लिए डिज़ाइन किया गया है। दुनिया के कई प्रमुख फैक्टचेकर्स ने खुलासा किया है कि वीडियो नकली है। यह मनोरंजन के रूप में ठीक है, लेकिन क्या होगा अगर विषय गंभीर है? वर्तमान में, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बौद्धिक समुदाय में भारी वृद्धि हुई है और वह इस सब को गंभीरता से लेता है। यह तथ्य तब स्पष्ट होगा जब हम लोगों के खाली समय में एक-दूसरे पर अपने नाखून रगड़ने के उदाहरण देखेंगे क्योंकि उनके बाल काले और लंबे हो

जाते हैं, हृदय रोग को रोकने के लिए ट्रांसजेंडरों के तरीके से ताली बजाते हैं, सुबह पार्क में विभिन्न भिखारी सामग्री का रस पीते हैं, आदि। इसमें वे लोग शामिल नहीं हैं जो प्लेट चालू करते हैं और लाइट बंद करते हैं और अंधेरे में बैठते हैं। अगर ऐसा किया जाता है, तो सोशल मीडिया मलमूत्र पर खिलाए जाने वाले लोगों की संख्या बहुत अधिक होगी। इन आधी-अधूरी बातों को नजरअंदाज करने में ही समझदारी है। हालांकि, मेटा, जो फेसबुक का मालिक है, ने अब से %फैक्टचेक% को रोकने का फैसला किया है, जो यादृच्छिक अलगाव की संख्या में वृद्धि का जोखिम उठाता है, इसलिए इस मुद्दे पर टिप्पणी करना महत्वपूर्ण है। सोशल मीडिया जीव तीन तत्वों से तंग आ चुके हैं- फेसबुक, अब %एक्स% (पूर्व में ट्विटर) और तीसरा इंस्टाग्राम। फेसबुक और ट्विटर दोनों ने %फैक्टचेकर्स% को छोड़ दिया है। तथ्य यह है कि ये दोनों कंपनियां ऐसे समय में फैक्टचेकिंग कर रही हैं जब डोनाल्ड ट्रम्प जैसे झगड़े को संयुक्त राज्य अमेरिका का राष्ट्रपति चुना जा रहा है, इन दोनों कंपनियों और अमेरिकी राष्ट्रपति पर एक टिप्पणी है। इसका मतलब है कि झूठ और झूठ दोनों का आधार है। इन दोनों को अभी ऐसे सत्य का त्याग करने की आवश्यकता क्यों महसूस करनी चाहिए? इसका उत्तर है %अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता%, लेकिन अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अर्थ अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता नहीं है। चुनाव प्रचार के दौरान, ट्रम्प ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका में अप्रवासी स्थानीय नागरिकों के पालतू कुत्तों और बिल्लियों को खा रहे थे। उन्होंने हाल ही में यूरोपीय देशों और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच व्यापार संबंधों के बारे में एक समान टिप्पणी की।

फैक्टचेकर्स ने तुरंत झूठ का पर्दाफाश किया। जाल में मत पड़ो। %एक्स% के एलन मस्क ने अगला कदम उठाया। वह अब उन पदों के लिए भुगतान नहीं करेगा जो उनके %ङ्क% पर पढ़े और प्रसारित किए जाते हैं। दुनिया में प्रगति के किसी भी चरण में, हमेशा गंगा की तुलना में अज्ञानता में रुचि रखने वाले अधिक लोग होते हैं, जो ज्ञानेश्वरी की तुलना में अज्ञानता में अधिक रुचि रखते हैं।जो असत्य और असत्य हैं, उन्हें ही अधिक से अधिक पढ़ा जाएगा और फैलाया जाएगा। अब मस्क इसके लिए भुगतान करेंगे। ट्रम्प के फिर से उभरने से पहले, ÷एक्स÷ को भी फैक्टचेक किया गया था। मस्क ने इसे हटा दिया। अर्थ सरल है। जो लोग बुराई, अश्लील और असत्य, गुमनाम से अधिक मानहानिकारक लिखते हैं, उन्हें अब ङ्क से सीधा प्रोत्साहन मिलेगा। वह दोगुना होगा। यानी किसी के बारे में लिखो, उसे फैलाओ और पैसा पाओ। पिछले दिनों हमारा अभियान था ÷देवी के रोगी को बताओ और एक हजार रुपये प्राप्त करो÷। जल्द ही हमें अभियान चलाना होगा ÷फेसबुक और एक्स पर सच बताओ और एक हजार रुपये पाओ÷। लोटांगन। %ङ्क% का प्रमुख ञ्जह्वद्बश्च का पाप साथी है।

मेटा के जुकरबर्ग के साथ ऐसा नहीं था, जिन्होंने अलग-थलग होने का नाटक किया था, और अब उन्होंने इस विचार को छोड़ दिया है कि ये दोनों कंपनियां अब प्रचार प्रणाली का एक आधिकारिक हिस्सा बन जाएंगी, जिसे अब तक अमेरिकी राजनीति से दूर रखा गया है- ट्रम्प 2020 का चुनाव हार गए, जो बिडेन ने डेमोक्रेटिक पार्टी जीती, और 2016 में तथ्य-जांचकर्ताओं को अधिक महत्व देना शुरू कर दिया। इंग्लैंड में ब्रेक्सिट की दो घटनाओं के बीच संबंध सामने आया था। इसने दिखाया कि दुष्प्रचार और प्रचार कितना विनाशकारी हो सकता है, जिससे सोशल मीडिया के इस नापाक व्यापार मॉडल और फैक्टचेकिंग की आवश्यकता पर बहुत अधिक सार्वजनिक आक्रोश पैदा हो सकता है। फेसबुक ने अपना प्लेटफॉर्म न्यूट्रल फैक्टचेकर्स के लिए उपलब्ध कराया। इससे कुछ हद तक अफवाहों के प्रसार पर अंकुश लगा। क्योंकि एक बार किसी समाचार/घटना को फैक्टचेकर्स द्वारा गलत साबित करने के बाद, व्यवस्था की गई थी कि यह समाचार कतार के नीचे तक गिर जाएगा। फिर भी, अगर किसी ने इसे भेजने की कोशिश की, तो उन्हें चेतावनी दी गई कि ÷यह पाठ असत्य है। अब कोई व्यवस्था नहीं होगी। चूंकि इनमें से किसी भी कंपनी ने फैक्टचेक न करने का फैसला नहीं किया है, इसलिए इसमें कोई संदेह नहीं है कि दोनों मीडिया अब से झूठ बोलने वालों के चालक बन जाएंगे। लेकिन फेसबुक के बारे में एक सांत्वना है। यानी यूरोपीय देशों में इसकी इजाजत नहीं दी जाएगी। यूरोपीय देश सोशल मीडिया कंपनियों को लेकर बेहद सजग हैं। यह अच्छी तरह से जानते हुए कि इन कंपनियों को उन देशों में काम करने की अनुमति नहीं थी, मेटा के जुकरबर्ग ने फैक्टचेकर्स को केवल इसलिए रद्द करने का फैसला किया क्योंकि वह यूरोपीय कट्टरपंथियों से अवगत थे। संयुक्त राज्य अमेरिका के बजाय यूरोप ने अक्सर मेटा जैसी गैर-जिम्मेदार कंपनियों के जीवन को %मेटा% में ला दिया है। इस संदर्भ में भारत जैसे देशों को भी सावधान रहना चाहिए और अमेरिका में झूठ का प्रसार होना चाहिए। ऐसा साफ-सुथरा स्टैंड लें। नहीं तो फेकूचंद के फाल्गुनोत्सव से हमारा सामाजिक जीवन और बाधित हो जाएगा।**वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार**

सरोकार

साइबर अपराध में बच्चों की भागीदारी- एक सामाजिक चेतावनी

प्रो. आरके जैनअरिजीत

मेवात क्षेत्र में नाबालिग बच्चों का साइबर ठगी में उपयोग एक गंभीर सामाजिक समस्या बन चुका है। यह मुद्दा न केवल बच्चों के भविष्य को अंधकारमय बना रहा है, बल्कि समाज के लिए भी चुनौती खड़ी कर रहा है। 13 से 16 वर्ष की आयु के बच्चे, जो शिक्षा के माध्यम से अपने जीवन को सकारात्मक दिशा में ले जा सकते थे, अब अपराध की जटिल गलियों में भटकने लगे हैं। ठग गिरोह इन बच्चों की मासूमियत और तकनीकी कौशल को हथियार बनाकर उन्हें जटिल साइबर अपराधों में धकेल रहे हैं। ये गिरोह योजनाबद्ध तरीके से बच्चों को फर्जी सिम कार्ड का उपयोग, बारकोड हैकिंग और ऑनलाइन ठगी जैसे कार्यों में प्रशिक्षित कर रहे हैं। इन बच्चों को अक्सर दूरस्थ क्षेत्रों में ले जाकर अपराध के लिए तैयार किया जाता है, जहाँ उनकी मासूमियत का शोषण किया जाता है।ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की कमी इस समस्या की जड़ है। इन इलाकों में न तो बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध है और न ही उन्हें यह सिखाने का कोई साधन है कि तकनीक का उपयोग सकारात्मक उद्देश्यों के लिए कैसे किया जा सकता है। शिक्षा के अभाव में बच्चे आसानी से अपराधी तत्वों के प्रभाव में आ जाते हैं। तकनीकी ज्ञान और सही दिशा-निर्देश की कमी उनके लिए एक बड़ा खतरा बन जाती है। ठग गिरोह इस स्थिति का लाभ उठाते हुए बच्चों को जल्दी धन कमाने के झूठे सपने दिखाते हैं। बच्चों की जिज्ञासा और नई चीजें सीखने की तीव्र क्षमता का दुरुपयोग कर, ये गिरोह उन्हें साइबर अपराधों में फंसा देते हैं।माता-पिता की भूमिका भी इस संदर्भ में महत्वपूर्ण है। व्यस्त जीवनशैली के कारण वे बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखने में असमर्थ रहते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में

रोज़गार की कठिनाइयों के कारण माता-पिता का अधिकतर समय आजीविका अर्जित करने में व्यतीत होता है। इस स्थिति का फायदा उठाकर ठग गिरोह बच्चों को अपने जाल में फंसा लेते हैं। इन गिरोहों को यह भली-भांति पता होता है कि बच्चे नई तकनीकों को जल्दी सीखने और उपयोग करने में माहिर होते हैं। यही कारण है कि ये अपराधी गिरोह बच्चों को अपने उद्देश्यों के लिए प्रशिक्षित करने में सफलता पाते हैं।इस समस्या का समाधान केवल शिक्षा के माध्यम से नहीं किया जा सकता। इसके लिए एक समग्र दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ नैतिकता, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी का पाठ पढ़ाना आवश्यक है। उन्हें यह समझाने की जरूरत है कि उनके कौशल और ऊर्जा का उपयोग सकारात्मक कार्यों में किया जा सकता है। कोडिंग, वेब डिज़ाइनिंग, एप्लिकेशन विकास और सॉफ़्टवेयर निर्माण जैसे कौशलों में बच्चों को प्रशिक्षित किया जाना चाहिए।

जब बच्चों को यह एहसास होगा कि उनकी प्रतिभा समाज के लिए उपयोगी हो सकती है, तो वे अपराध से दूर रहने के लिए प्रेरित होंगे।सरकार को इस दिशा में ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। ठग गिरोहों की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जानी चाहिए। कानून प्रवर्तन एजेंसियों को सतर्क रहते हुए अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। इसके साथ ही, ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना बेहद जरूरी है। स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित की जाए और तकनीकी शिक्षा को पाठ्यक्रम का अभिन्न हिस्सा बनाया जाए। बच्चों को यह समझाने की जरूरत है कि तकनीकी ज्ञान केवल व्यक्तिगत लाभ के लिए नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए भी है।माता-पिता और शिक्षक समाज की नींव हैं। उन्हें बच्चों की गतिविधियों और दिनचर्या पर नजर रखनी चाहिए। बच्चों के साथ संवाद स्थापित करना और उनके मनोबल को सही दिशा में बढ़ाना अनिवार्य है। बच्चों को यह समझाना आवश्यक है कि त्वरित धन और शीघ्र सफलता के लालच केवल भ्रम हैं, जो उनके भविष्य को बर्बाद कर सकते हैं। इसके विपरीत, छोटे-छोटे सकारात्मक प्रयास समाज और देश की उन्नति में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

डिजिटल युग में तकनीकी शिक्षा बच्चों के लिए एक सशक्त माध्यम बन सकती है। यदि बच्चों को कोडिंग, ऐप विकास, सॉफ्टवेयर निर्माण, और डिज़ाइनिंग जैसे तकनीकी कौशल सिखाए जाएं, तो वे अपनी ऊर्जा और क्षमताओं का रचनात्मक उपयोग कर सकते हैं। यह न केवल उनके करियर को सशक्त बनाएगा, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी भी बनाएगा। जब बच्चे यह समझने लगेंगे कि उनकी तकनीकी प्रतिभा से समाज को लाभ हो सकता है, तो वे अपनी ऊर्जा को सकारात्मक कार्यों में लगाएंगे।समाज, सरकार और परिवार के सामूहिक प्रयासों से ही इस समस्या का स्थायी समाधान संभव है। माता-पिता और शिक्षकों को बच्चों को सही दिशा में प्रेरित करना होगा। समाज को यह समझना होगा कि बच्चों का भविष्य केवल तकनीकी शिक्षा पर निर्भर नहीं है, बल्कि नैतिक और सामाजिक मूल्यों को सिखाने पर भी आधारित है।यह प्रयास केवल एक समस्या का समाधान नहीं होगा, बल्कि यह एक नई दिशा का प्रारंभ होगा। एक ऐसा भविष्य, जहाँ हर बच्चा अपनी क्षमता का उपयोग समाज की भलाई के लिए करेगा और अपराध से दूर रहेगा। सामूहिक प्रयासों से हम न केवल बच्चों को सुरक्षित बना सकते हैं, बल्कि समाज को भी सुदृढ़ और प्रेरणादायक बना सकते हैं। यह एक नई सुबह का आगाज़ होगा, जहाँ हर बच्चा अपने कौशल का उपयोग सृजनात्मक और सकारात्मक कार्यों में करेगा और समाज के लिए अमूल्य योगदान देगा।

समसमायिक

नकली और गुणवत्ताहीन दवाओं का बढ़ता दायरा

स्वास्थ्य प्रत्येक व्यक्ति का मूलभूत अधिकार है। मनुष्यों को स्वस्थ रहने के लिए उपचार की आवश्यकता भी होती है, लेकिन जब उपचार नकली और गुणवत्ताहीन दवाओं पर आधारित हो तो इंसानों का स्वास्थ्य पूरी तरह से प्रभावित होता है।नकली और गुणवत्ताहीन दवाओं का बढ़ता दायरा केवल पीड़ित लोगों के जीवन खतरे में नहीं होते हैं, बल्कि स्वास्थ्य प्रणाली और चिकित्सा उद्योग की विसनीयता भी प्रभावित होती है।भारत में इन दिनों नकली और गुणवत्ताहीन दवाओं का प्रचलन तेजी से बढ़ रहा है। भारत का कोई ऐसा राज्य नहीं है जो नकली दवाओं से प्रभावित न हो। हाल में कोलकाता में कैंसर और मधुमेह जैसे गंभीर बीमारी में उपयोगी होने वाली नकली दवाओं को केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन और पश्चिम बंगाल के औषधि नियंत्रण निदेशालय के साझा सहयोग से पकड़ा गया है जिसकी कीमत 6.60 करोड़ बताई गई है।विश्व स्वास्थ्य संगठन के एक अध्ययन से पता चला है कि भारत में कुल बिकने वाली दवाओं में बीस प्रतिशत नकली और गुणवत्ताहीन दवा शामिल हैं।भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र में केवल दवा का बाजार लगभग दो लाख करोड़ का है जिसमें नकली और गुणवत्ताहीन दवाओं की भागीदारी 15से 20 प्रतिशत के करीब है। भारत में नकली और गुणवत्ताहीन दवाओं से सबसे ज्यादा प्रभावित क्षेत्र हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और बिहार जैसे राज्य शामिल है। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन ने केवल 2023 में नकली और गुणवत्ताहीन दवाओं के लगभग 50 हजार मामले दर्ज किए थे। उद्योग संगठन एसोचैम की रिपोर्ट से पता चलता है कि भारत के दवा बाजार में कुल उपलब्ध एक एक-चौथाई दवा नकली और गुणवत्ताहीन है।%फेक एंड काउंटरफीट ड्रग्स इन इंडिया-बूमिंग बिज' नामक अध्ययन की रिपोर्ट से पता चलता है कि भारत में नकली दवाओं का कारोबार 33 प्रतिशत की वृद्धि दर से प्रति वर्ष बढ़ रहा है। नकली दवाओं का बाजार बढने के कई कारण हैं, जिसमें दवा की ऑनलाइन बिक्री, गुणवत्तापूर्ण दवा की अपेक्षा नकली दवा का सस्ती कीमत, दवाओं के प्रति लोगों में जागरूकता की कमी, डॉक्टर द्वारा मरीजों के पचे पर लिखे गए दवा के नाम के साथ प्रमाणित दवा कंपनियों का नाम न लिखना, बढ़ती जनसंख्या के अनुपात में स्वास्थ्य सुविधाओं का उपलब्ध न होना, नकली और गुणवत्ताहीन दवा की पहचान करने की तकनीकी का न होना, ठोस कानून का आभाव के कारण नकली दवा का बाजार तेजी से बढ़ रहा है। भारत में नकली और गुणवत्ताहीन दवा की बिक्री शहरों की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक होती है।भारत में नकली और गुणवत्ताहीन दवाओं का बढ़ता दायरा चिंता का विषय है। भारत जेनेरिक दवाओं का सबसे बड़ा निर्माता और निर्यातक है। एशियन लाइट की रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक फार्मा बाजार में भारत की हिस्सेदारी 13 प्रतिशत है। भारत में बढ़ते नकली दवा से केवल न इंसानों के स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ता है बल्कि इससे भारत की वैश्विक स्तर पर दवा उद्योग में छवि भी धूमिल होती है। नकली और गुणवत्ताहीन दवाओं के प्रचलन से चिकित्सा पेशे और स्वास्थ्य प्रणाली से जनता काविश्वास भी घटता है।नकली दवा के रोकथाम के लिए कानूनी प्रावधानों में परिवर्तन करते हुए नकली दवाओं के उत्पादन और बिक्री में संलिप्त व्यक्तियों के लिए बहुत सख्त और दंड के साथ आर्थिक जुर्माने का प्रावधान होना चाहिए। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन और राज्य स्तर पर दवा नियामक संस्थानों को दवाओं के प्रति साप्ताहिक प्रशिक्षण और जागरूकता अभियान चलाना चाहिए। सभी दवा कमानियों को सभी प्रकार के दवा उत्पाद पर ट्रैक और ट्रेस तकनीक का उपयोग के लिए सरकार द्वारा बाध्य किया जाना चाहिए ताकि मरीज नकली और असली दवाओं की पहचान आसानी से कर सकें। दवा की प्रामाणिकता जांचने के लिए मोबाइल एप और ऑनलाइन डेटाबेस की सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए।नकली और गुणवत्ताहीन दवाओं की रोकथाम के लिए वैश्विक स्तर पर एकजुट होकर समस्या का समाधान तलाश करना होगा। भारत को नकली दवाओं को रोकने के लिए बढ़ती जनसंख्या के अनुपात में स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाना होगा। बढ़ती जनसंख्या, निर्धनता और महंगी स्वास्थ्य सेवाओं के कारण लोगों को सस्ती और नकली दवाओं पर बाध्य होना पड़ता है। भारत को नाइजीरिया और अमेरिका की तकनीकी मेडिसेफर एवं ट्रैक एंड ट्रेस सिस्टम की पहल करना चाहिए। यह तकनीकी नकली आपूर्ति श्रृंखला नजर रखती है। सख्त कार्रवाई से ही स्वस्थ भारत और सशक्त भारत का निर्माण होगा।

राशिफल

मेष	आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आपको बिजनेस में कुछ लोगों से मदद मिलेगी। दाम्पत्य जीवन में आपसी समझ और प्यार रिश्ते को और भी बेहतर बनायेंगे। आपका सामाजिक जीवन आज हर तरह से बेहतर बना रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको काम के लिये वाहवाही मिलेगी। आर्थिक स्थिति में प्रगति होगी। आप खुद को सही साबित करने में सफल रहेंगे ।
वृष	आज आपको तरक्की के कुछ नये साधन मिल सकते हैं। आपको बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। आज आपका मूड काफी अच्छा रहेगा। बिजनेस में सब कुछ सामान्य रूप से बना रहेगा। दाम्पत्य रिश्ते में एक बार फिर से ताजगी भरने के लिये आज का दिन बढ़िया है। आप कुछ नये विचारों के साथ अपना खास काम शुरू कर सकते हैं।
मिथुन	आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। अचानक लाभ होने के योग हैं किसी अनुकूल संपर्क के कारण आप अतिरिक्त आय अर्जित करने में सक्षम होगें । मित्र और सहकर्मी आपके प्रयासों में आपका समर्थन करेंगे। आपको अपने कार्य क्षेत्र में असीम विजय मिलेगी । आज किसी की राय आपके लिये कारगर साबित हो सकती है।
कर्क	आज आपका दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। कुछ अच्छे लोगों से आपकी मुलाकात दिन को और बेहतर बना सकती है। जीवन में तरक्की के नये रास्ते भी खुलेंगे। ऑफिस में आपके काम की तारीफ हो सकती है। अपने कुछ खास काम निपटाने के लिए आपको अपने रूटीन में बदलाव करना पड़ सकता है। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।
सिंह	आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आप सामाजिक कार्यों में हिस्सा ले सकते हैं। ऑफिस में आपको नया काम मिल सकता है, जिसमें आप अपनी मेहनत से सफलता हासिल करेंगे। परिवार से जुड़े किसी काम के लिए थोड़ी भागदौड़ हो सकती है। आपकी यात्राएं फलीभूत होंगी आप अपने परिवारजनों और मित्रों के साथ सैर सपाटे की योजनायें भी बना सकते है ।
कन्या	आज आपका दिन शानदार रहेगा। बचपन के किसी दोस्त का आज फोन आ सकता है, बात के दौरान कुछ पुरानी यादें ताजा होंगी। आपके अधूरे काम पूरे हो जायेंगे। बिजनेस में नए एग्रीमेंट हो सकते हैं। संपत्ति बढ़ाने की योजना सफल हो सकती है। आज आपकी कुछ महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होगी। शिक्षक आज किसी मीटिंग में शामिल होंगे।

तुला	आज आपका दिन अच्छा रहेगा। नौकरी कर रहे लोगों को नया प्रोजेक्ट मिल सकता है। आगे चलकर ये प्रोजेक्ट आपको फायदा दिलायेगा। इस राशि के विद्यार्थियों के लिए आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। मेहनत के बल पर उन्हें अपने करियर में सफलता हासिल होगी। किसानों को अपने श्रम का अच्छा लाभ मिलेगा।
वश्चिक	आज आपका दिन पहले की अपेक्षा बेहतर रहेगा। थोड़ी-सी मेहनत से ही आपको बड़ा मुनाफा मिल सकता है। आप जीवनसाथी के साथ डिनर का प्लान बना सकते हैं। आप दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ेंगी। बच्चे दोस्तों के साथ किसी पिकनिक स्पॉट पर जा सकते हैं। आपको करियर से जुड़ा सुनहरा मौका मिलेगा। आपके कामकाज में बदलाव होने के योग बन रहे हैं।
धनु	आज आपका दिन शानादर रहेगा। आपको किसी विशेष काम में दूसरे लोगों की मदद मिल सकती है। साथ ही परिवार के लोग आपके हर फैसले के साथ होंगे। ऑफिस के काम से किसी सहकर्मी के साथ यात्रा पर जाना पड़ सकता है। आपको अपनी माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। घर बनवा रहे लोगों का काम आगे बढेगा।
मकर	आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। परिवार वालों के साथ धार्मिक स्थल पर दर्शन के लिए जायेंगे। आपके मित्रों की संख्या में बढ़ोतरी हो सकती है। आर्थिक रूप से आपको लाभ की प्राप्ति होगी। आपके काम में नयापन आयेगा। अपनों से नजदीकियां बढ़ाने का अवसर मिलेगा। आपको शुभ सूचना प्राप्त होगी। आपको अपनी मेहनत का पूरा फल मिलेगा।
कुम्भ	आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आप खुद को एनर्जेटिक महसूस करेंगे। साथ ही आपके परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। आपको आनंद की अनुभूति होगी। आपकी किसी खास व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है। आप किसी खास विषय पर उनसे बातचीत भी कर सकते हैं। आप बच्चों को कहीं घूमाने ले जायेंगे।
मीन	आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपके अच्छे व्यवहार से आसपास के लोग खुश रहेंगे। साथ ही आपकी अच्छी छवि निखर कर लोगों के सामने आयेगी। समाज में आपको उचित आदर-सम्मान मिल सकता है। ऑफिस का काम समय पर पूरा हो सकता है। किसी दोस्त की मदद से आपके कुछ निजी काम पूरे होंगे। आपको आर्थिक रूप से लाभ की प्राप्ति हो सकती है।

रेलवे के सिग्नल स्टोर में लगी आग, हजारों का नुकसान

▶▶रहस्यमय तरीके से लगी आग से स्टोर में रखी केबल और सामान जलकर राख

▶▶दमकल विभाग ने बुझाई आग, रिहायशी इलाके में है स्टोर

▶▶आग को लेकर हो रही तरह तरह की चर्चा

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जंक्शन से सटे सिग्नल विभाग के स्टोर में मंगलवार सुबह रहस्यमय तरीके से लगी आग से मंहगी केबल और अन्य सामान जलकर राख हो गया है। इस हादसे में रेलवे को हजारों का नुकसान होने का अनुमान है। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी घंटों बाद बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा सकी। इस घटना को लेकर तरह तरह की चर्चाएं हो रही हैं। लोगों का कहना है कि आग की आड़ में गोलमाल छिपाने का प्रयास किया गया है। फिलहाल आग लगने के कारण का पता नहीं चल पाया है। चर्चा हैं कि घटना शॉर्ट सर्किट से हुई होगी।आरपीएफ जांच कर रही है। डीआरएम ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। इस घटना ने पूरे मंडल में हड़कंप मचा दिया है। जिम्मेदार अपना बचाव करना शुरू कर दिए हैं।घटना सुबह करीब सात बजे की है। रनिंग रूम से निकल रहे गार्डो ने स्टोर रूम से निकल रहे धुएं की सूचना एसएस एसके यादव को दी। उन्होंने बाकी लोगों को इस बारे में बताया। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड वाले भी पहुंच गए। उन्होंने आग बुझाई। इस बारे में एसएसई सिग्नल एसपी पांडेय ने बताया कि स्टोर में किन्ही कारणों से आग लग गई थी। जिसे दमकल की मदद से बुझाया गया। स्टोर में केबल और जरूरी सामान जला है। नुकसान का आंकलन कराया जा रहा है।

▶▶सेफ्टी में हुई चूक!

आग लगी या लगाई गई है यह जांच के बाद ही पता चलेगा लेकिन इसके रखरखाव में लापरवाही जरूर बरती गई है। दूसरे के आवास को जिसका फौरी तौर पर कोई जिम्मेदार नहीं है उसमें केबल रखना सुरक्षा के लिहाज से ठीक नहीं था। आरपीएफ की ओर से भी सुरक्षा को लेकर अनदेखी हुई। आग लगने की असली वजह अभी पता नहीं चल पाई है।

दूसरे के घर को बनाया था स्टोर

सिग्नल के अधिकारियों ने खुद का स्टोर होते हुए भी टेलीफोन वालों के आवास को स्टोर बनाया था। हालांकि इसमें एसएसई शशिकांत टेलीकॉम को रहना था। लेकिन इसी बीच उनका तबादला प्रयाग हो गया। जबकि एसएसई सिग्नल एसपी पांडेय का दावा है कि आवास टेलीकॉम के एसएसई का है। उन्होंने उसमें अपना स्टोर रूम बनाया था। शशिकांत का कहना है कि आवास उनके नाम नहीं था।

पहले सिग्नल पूल में था स्टोर

जिस आवासनुमा स्टोर में आग लगने की घटना हुई है। वह इस समय टेलीफोन विभाग के पूल में है। इसके पहले सिग्नल के पूल में था। उसी समय से केबल रखी गई थी। जो हटाई नहीं गई। इसको हटाने के लिए शशिकांत ने आईओडब्ल्यू से कहा भी था। आवास मरम्मत के लिए रखा गया था।

▶▶तीन साल पहले स्टोर में हुए थी डकैती

तीन साल पहले इसी इलाके में डकैती पड़ी थी। जिसमें डकैतों ने स्टोर के गार्ड को बंधक बनाकर ओची की केबल मालवाहक पर लादकर भाग गए थे। इसमें पुलिस को जांच के दौरान विभागीय मिलीभगत के क्लू मिले थे। अग्निकांड में भी कुछ ऐसे ही कांड की गंध आ रही है। फिलहाल जांच के बाद स्थिति साफ हो जाएगी।

दो पक्षों में चले लाठी डण्डे, तेईस आरोपियों के खिलाफ क्रास केस

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज, प्रतापगढ़। जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी डण्डे चले। कोतवाली पुलिस ने मारपीट की घटना में तेईस आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास, घर में घुसकर मारपीट व तोडफोड़ तथा धमकी समेत कई गंभीर धाराओं में क्रास केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के जेवई निवासी बसन्तलाल सरोज की पत्नी नीता देवी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि चौबीस दिसंबर को ग्यारह बजे दिन में रास्ते में कंटीली झाड़ी हटाने के विवाद को लेकर विपक्षियों ने जानलेवा हमला बोल दिया। आरोपी गांव के धर्मेन्द्र सरोज, राजू, राहुल, हरी लाल, गीता, सुषमा, निशा, सुमित्रा, विटान, मंजू, अंजू, विवेक कुमार, हरी लाल की पुत्री मंजू ने लाठी डंडे तथा कुल्हाडी से उसकी सास राजकली पर हमला बोल दिया। कुल्हाडी की चोट लगने से राजकली गंभीर रूप से चुटहिल हो गयी। वह मौके पर ही बेहोश हो गयी। बीचबचाव में पीडिता की पुत्रियों के साथ भी आरोपियों ने घर में घुसकर मारपीट की। शोर मचाने पर आरोपियो ने गृहस्थी के सामान तोडकर नष्ट कर दिये। आरोपी गालीगलौज करते जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने धर्मेन्द्र समेत बारह आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। वहीं दूसरे पक्ष के धर्मेन्द्र सरोज की पत्नी निशा सरोज ने दी गई तहरीर में कहा है कि गांव के बसंत लाल की पत्नी नीता, ज्योती, राजकली, आरती, कुसमा, आशा, गोग, पुतन, भुल्ली, गुडडी व बदलू ने लाठी डंडे तथा लोहे की राड से लैस होकर गालीगलौज करने लगे। मना करने पर पीडिता व उसकी जेठानी तथा ददिया सास पर जानलेवा हमला बोल दिया। मारपीट में वृद्धा बेहोश होकर गिर पड़ी। बीचबचाव को पहुंचे परिजनों के साथ भी आरोपियो ने घर में घुसकर मारपीट की। पीडिता के ससुर का दाहिना हाथ टूट गया। शोर मचाने पर आरोपी गालीगलौज करते जानलेवा धमकी देने लगे। तहरीर के आधार पर पुलिस ने नीता समेत ग्यारह के खिलाफ केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव का कहना है कि दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है, जांच कर आरोपियो के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी।

रंजिश में परिवार को पीटा, सात नामजद

कुंडा प्रतापगढ़।संग्रामगढ़ निवासी रईश अहमद ने पुलिस को तहरीर दी। आरोप है कि 12 जनवरी को शाम करीब पांच बजे रंजिश को लेकर मोहल्ले के ही कुछ लोग उसके दरवाजे पर आकर उसे लाठी से पीटने लगे। बीच-बचाव करने को पहुंची उसकी पत्नी सन्नो बानो, बेटी आयशा बानो, आलिया बानो को भी मारा पीटा। आसपास के लोग दौड़े तो जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मो. यासिन, मो. सलमान, मो. मान, मो. साहेब, सोनम बानो पत्नी मो. यासिन, गुड़िया पत्नी मो. हुसैन के खिलाफ केस दर्ज किया है।

मकर संक्रान्ति पर्व पर जरूरतमंदों को बांटा गया कम्बल, राहत

लालगंज, प्रतापगढ़। मकर संक्रान्ति के पर्व पर क्षेत्र के गोड़वा के ककोरिहा गांव में जरूरतमंदो को कंबल वितरित किया गया। बाला जी धाम पर परम्परागत आयोजन में सामाजिक क्षेत्र में योगदान के लिए आयोजन समिति द्वारा सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम के संयोजक समाजसेवी कालिका प्रसाद पाण्डेय ने अवकाश प्राप्त शिक्षक एवं पूर्व प्रधान केडी मिश्र, पूर्व प्रधान राजू पाण्डेय, पूर्व जिपंस दीपक मिश्र, शास्त्री सौरभ त्रिपाठी आदि को अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया। ठण्ड में कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरे पर संतोष देखा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष केडी मिश्र व संचालन फूलचंद्र पाण्डेय ने किया। इस मौके पर सुभाषचंद्र पाण्डेय, सालिकराम तिवारी, महेन्द्र मिश्र, श्याम नारायण तिवारी, रामसेवक सरोज, कमला सरोज, मोती गुप्ता आदि रहे। इधर नगर पंचायत के सांगीपुर वार्ड में भी विद्या मंदिर मार्ग पर मकर संक्रान्ति पर कंबल वितरण किया गया। क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने जरूरतमंदो को कंबल बांटे। इस मौके पर लेखपाल संघ के अध्यक्ष केके सरोज, शिवम सिंह, विनोद सोनी, बाबूलाल सोनी, मनमोहन यादव आदि रहे।

समाज को प्रकाश और आशा की ओर ले जाने वाला पर्व है मकर संक्रांति - संतोष

▶▶राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा मकर उत्सव पर्व आयोजित

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। बाबा बेलखरनाथ धाम खण्ड के शांति आदर्श विद्यालय निकेतन सराय गनई में आज 14 जनवरी, मंगलवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा मकरसंक्रांति उत्सव मनाया गया। इस मौके पर सहभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला कार्यवाह हेमन्त कुमार,जिला प्रचार प्रमुख अंकुर जी,जिला घुमंतू कार्य प्रमुख संतोष ,खंड कार्यवाह अजय प्रताप उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संत बहादुर सिंह ने की। इस मौके पर मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद जिला घुमंतू कार्य संयोजक संतोष ने मकर संक्रांति उत्सव की महत्ता के विषय में वृहद जानकारी देते हुए कहा कि मकर संक्रांति के दिन भगवान सूर्य नारायण मकर राशि में प्रवेश करते हैं तथा दक्षिणायन समाप्त होकर उत्तरायण प्रारंभ होता है। मकर संक्रांति का दिन देवताओं की सुबह का दिन कहा जाता है। इस दिन वातावरण में ऊष्मा बढ़ने लगती है। यह समाज को प्रकाश और आशा की ओर ले जाने वाला पर्व है।

सहभोज के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह हेमंत कुमार ने कहा कि समाज से छुआछूत और रूढ़ियों को समाप्त कर समरसता और स्वाभिमान को जगाने का पर्व है मकर संक्रांति।

सहभोज द्वारा परस्पर एक साथ बैठकर खिचड़ी खाकर एकसूत्र में हम बंधने का संकल्प लेते है। कार्यक्रम में सह खंड कार्यवाह शिवेंद्र , समरसता प्रमुख अजीत सिंह ,अधिवक्ता परिषद के जिलाध्यक्ष मनोज ,मदन सिंह, भाजपा नेता आलोक पांडेय,विभाग अभिलेख प्रमुख विपिन,श्रवण शर्मा, रमेश भास्कर ,कृष्ण प्रताप सिंह ,पप्पू यादव, मोतीलाल विश्वकर्मा ,राम सुंदर यादव, मोतीलाल सरोज, मोतीलाल गुप्ता ,वीरेंद्र शर्मा, अरुण कुमार, हितेश त्रिपाठी, सत्य प्रकाश सिंह, हरिलाल, विपिन सिंह ,बृजेंद्र सिंह राजदेव पांडे ,तीर्थराज सरोज,भाजपा नेता वीरेन्द्र सिंह आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहें।

उच्च प्राथमिक विद्यालय नौडेरा में खिचड़ी भोज का आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

सुवंशा (प्रतापगढ़)। नगर पंचायत सुवंशा बाजार क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय नौडेरा प्रथम में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के समरसता विभाग द्वारा खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। खिचड़ी भोज में क्षेत्र के सम्मानित लोग, संघ एवं भाजपा के नेता उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम विगत कई वर्षों से निरंतर आयोजित होता चला आ रहा है। खिचड़ी भोज का आयोजन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सह जिला सामाजिक समरसता प्रमुख विनीत कुमार मिश्रा द्वारा किया जाता है। इसी क्रम में इस वर्ष भी मकर संक्रांति पर्व पर खिचड़ी भोज का आयोजन हुआ। खिचड़ी भोज में प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता दुर्गा प्रसाद तिवारी, वरिष्ठ भाजपा नेता सालिकराम पाण्डेय, अनिल कुमार प्रजापति, दीपक सभासद, अनिल कुमार सिंह पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा, डॉक्टर बलराम बिंद पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा, संदीप कुमार तिवारी पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा, डॉ राहुल त्रिपाठी, अंगद मौर्या, संदीप तिवारी, सोनू अध्यापक, अरुण कुमार पाण्डेय, राकेश कुमार जायसवाल पूर्व प्रधान, पिंटू मिश्रा, कृष्णकांत मिश्रा, विपिन कुमार मिश्रा, अरुण कुमार मिश्रा, दीपक कुमार तिवारी, कुलदीप धुरिया, रमेश मणि मिश्रा, प्रमोद पाण्डेय, श्रीराम विश्वकर्मा, रमाशंकर बिंद आदि बहुत से लोग शामिल रहे।

मकर संक्रांति पर महाकुंभ यात्रियों एवं राहगीरों को खिचड़ी प्रसाद वितरित

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़।नगर के बाबागंज स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय परिसर में मंगलवार को मकर संक्रांति के अवसर पर महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं सहित आने जाने वालों के लिए खिचड़ी प्रसाद वितरित किया गया। खिचड़ी प्रसाद का वितरण शनिदेव धाम के महंत मंगलाचरण मिश्र के मंत्रोच्चार के बीच सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य ने भगवान राम के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। विधायक राजेंद्र मौर्य ने श्रद्धालुओं को अपने हाथों से खिचड़ी परोस कर खिलाया। विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य ने कहा कि मकर संक्रांति सूर्य देवता को अर्पण का पर्व है। सनातन धर्म के इस खिचड़ी आयोजन में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सभी लोग शामिल होकर परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। शनिदेव धाम के महंत मंगलाचरण मिश्र ने कहा कि सनातन धर्म में अन्न दान को महादान की श्रेणी में रखा गया है। महाकुंभ के लिए जा रहे स्नानार्थी एवं अयोध्या जाने वाले राम भक्त भी प्रसाद प्राप्त किए। तीन घंटे तक चले इस खिचड़ी प्रसाद वितरण के दौरान कई लोगों ने अपनी सहभागिता की। कार्यक्रम में सदर विधायक के प्रतिनिधि अरुण मौर्य, अभिषेक,पूर्व सभासद सिद्धार्थ सिंह,विजय मौर्य, शिक्षक राजेन्द्र प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक पत्रकार परितोष मिश्रा के साथ वरिष्ठ पत्रकार रमेश तिवारी, रमेश रामनाथ यादव, राज नारायण शुक्ला ÷राजन÷, राजेंद्र पांडेय, संजय द्विवेदी, वरिष्ठ छायाकार विनय पाठक, प्रवीण यादव, सुमित मिश्रा, महेंद्र कुमार शर्मा, अरूण ग्रोवर, प्रदीप मिश्र, राज, मानवेंद्र, लिटिल गुप्ता, पिंटू केसरवानी, राय साहब, डॉ जिया, हरिकेश प्रजापति, राज अग्रवाल, अंबार आदि सहयोगी की भूमिका में मौजूद रहे।

कवि सम्मेलन की तैयारी हेतु आयोजन समिति की बैठक आयोजित

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़।साहित्यिक संस्था अक्षर ज्योति व मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 16 मार्च को होने वाला ÷लाफ्टर चैलेंज अट् टहास कवि सम्मेलन÷ की तैयारी को लेकर आयोजन समिति की बैठक मुख्य आयोजक शीतला सुजान के आवास पर हुई। बैठक में कार्यक्रम स्थल में परिवर्तन करते हुए मां बेल्हा देवी घाट के बजाय यह कार्यक्रम के0 पी0 कालेज के मैदान में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए आयोजन समिति के अध्यक्ष साहित्यकार अनिल प्रताप त्रिपाठी ने कहा कि कवि सम्मेलन में होने वाली भीड़ से घाट पर गंदगी फैलने की आशंका है जो कि उचित नही होगा। इसलिए स्थान परिवर्तन करना पड़ रहा है। अब यह कार्यक्रम 16 मार्च को के0 पी0 कालेज के मैदान में होगा। बैठक में समिति के अध्यक्ष पं.अनिल प्रताप त्रिपाठी, सचिव ई0 चंद्रकांत त्रिपाठी, राकेश प्रताप सिंह (वी एस एम पी एस), धीरेन्द्र सिंह, मो0 जहीर, बाबू विजय सिंह, अशोक गुप्ता, हरिश्चंद्र पटेल, पं आकाश द्विवेदी, सुधीर रंजन द्विवेदी, शानवी खंडेलवाल, नीरज सिंह इत्यादि रहे।

सड़क हादसों में चार लोग घायल

लोकमित्र ब्यूरो

कुडा प्रतापगढ़। बाघराय थाना क्षेत्र के छेवगा गांव निवासी ज्ञानचंद का 19 वर्षीय बेटा भोला सरोज बाइक से जाते समय वाहन की टक्कर से घायल हो गया। अन्य हादसों में कोतवाली क्षेत्र के मदरियापुर गांव निवासी 45 वर्षीय रमेश, जमेठी गांव निवासी 70 वर्षीय त्रिभुवन नाथ, बेलहाबाग जमेठी गांव निवासी 15 वर्षीय शान्तुन और मुराई की बाग सरियावां गांव निवासी छेदीलाल की पत्नी जख्मी हो गई। आसपास के लोगों ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया।

जल बचाने वालों को बनाया जाएगा जल चैंपियन

▶▶वाटर एड इंडिया की पहल को आगे बढ़ाएंगे वाटर चैंपियन अजय क्रांतिकारी

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। आज मकर संक्रान्ति के अवसर पर ग्राम बोझी में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान लोगों से बात-चीत करते हुए पर्यावरण सेना प्रमुख एवं नेशनल वाटर चैंपियन अजय क्रांतिकारी ने बताया कि वाटर एड इंडिया द्वारा नेशनल वाटर चैंपियन बनने के बाद पर्यावरण सेना अपने जल संरक्षण अभियान को और तेज करते हुए जनपद सहित अन्य जिलों में जल संरक्षण के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वालों के साथ ही विद्यार्थियों,महिलाओं,युवाओं और स्वयंसेवियों को जल संरक्षण हेतु जागरूक करेंगे। साथ ही उन्हें भारत जल संरक्षण अभियान के तहत जल एवं स्वच्छता चैंपियन के रूप में नामित किया जाएगा। इन्हीं जल चैंपियंस के साथ समाज, सरकार और प्रशासन के सहयोग से जल एवं पर्यावरण संरक्षण अभियान को और अधिक तेज किया जाएगा।इस मौके पर विनय प्रजापति,अरविंद सिंह, हरि मंगल सिंह,अच्छेलाल एवं आपदा मित्र नमन कुमार तिवारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे। भण्डारे में उमड़े श्रद्धालु, ग्रहण किया प्रसादलालगंज, प्रतापगढ़। क्षेत्र के अमांवा गांव में मकर संक्रान्ति पर सामूहिक श्रीरामचरितमानस पाठ को लेकर भण्डारे का आयोजन हुआ। वहीं हवन पूजन में भी श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम दरबार की आरती उतारी। देर शाम तक श्रद्धालु भजन संकीर्तन के बीच प्रसाद ग्रहण करते दिखे। भण्डारे का आयोजन शिवशरण पाण्डेय पिंटू व रामशरण पाण्डेय ने किया। इस मौके पर संयुक्त अधिवक्ता संघ के पूर्व महामंत्री संतोष पाण्डेय, अधिवक्ता सिंटू मिश्र, बीडीसी धीरेन्द्र पाण्डेय, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, श्यामशरण पाण्डेय, सुनील पाण्डेय आदि रहे।

मकरसंक्रांति पर शिशुगृह में बांटे गए उपहार

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। पुष्प फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा इंजीनियर अभिनव मौर्य के नेतृत्व में शिशुगृह शुकुलपुर में मकरसंक्रांति के पावन अवसर पर शिशुओं के उपयोग की वस्तुएं उपहार स्वरूप भेंट की गई। फल, ढूंढी, तिलवा, लाई तथा कपड़े व अन्य चीजें पाकर बच्चे बहुत खुश हुए। इस अवसर पर इंजीनियर अभिनव मौर्य ने कहा कि बच्चे भगवान का रूप होते हैं। उनका निर्माण देश का निर्माण है। शिशु गृह के संचालक कमलाकांत शुक्ल ने सहयोग के लिए श्री मौर्य के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर दिलीप गुप्ता, शुभम जायसवाल, बच्चा गुप्ता, सूरज जायसवाल, प्रवेश सिंह इत्यादि ने सहयोग दिया।

मकर संक्रांति उत्सव आज

रखहा प्रतापगढ़। बाबा बेलखरनाथ धाम के गनईडीह गांव में मकर संक्रांति पर्व पर उत्सव एवं समरसता भोज का आयोजन आगामी 16 जनवरी गुरुवार को गनईडीह स्थित सरस्वती हाल पर किया गया है । इसके मुख्य अतिथि आरएसएस के पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के संपर्क प्रमुख मनोज जी होंगे ।

यह जानकारी देते हुये दिल्ली बार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम के आयोजक आलोक कुमार पांडे ने बताया कि इस मौके पर लोगों को सनातन परंपरा के महत्व को बताते हुए सभी क्षेत्रवासियों को उससे परिचित कराया जायेगा।

भारत- भारतीय का सरस कवि सम्मेलन कल

प्रतापगढ़। गत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी 27 जनवरी को सगरा सुंदरपुर के पंचायत भवन पर एक सरस कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के संयोजक एवं भारत-भारतीय के कोषाध्यक्ष प्रहलाद मोदनवाल ने बताया कि 11-30 बजे पूर्वाह्न से 1-30 अपराह्न तक होने वाले इस कवि सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि व्यापार मंडल सगरा सुंदरपुर के अध्यक्ष प्रदीप सिंह करेंगे।इसमें राष्ट्रीय कवि डॉ.रणजीत सिंह.राधेश पाण्डेय,सुरेश नारायण दुबे व्योम,अजय कुमार सोनी एवं प्रसिद्ध कवयित्री जया मिश्रा का काव्य पाठ होगा।

कार्यक्रम में भारत-भारतीय के कांदिवली,मुंबई के अध्यक्ष हण्डौर निवासी मोहम्मद कमाल शेख के द्वारा चयनित 15 छात्राओं को बैग का वितरण किया जाएगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान प्रतिनिधि श्याम जायसवाल करेंगे। व्यवस्था के उत्तरदायित्व का निर्वहन आकाश मोदनवाल आँसू,जगत वर्मा,मदन मोदनवाल एवं गोपाल मोदनवाल करेंगे।

खेलकूद प्रतियोगिता 15 एवं 16 को

प्रतापगढ़। आगामी 15-16 जनवरी को संड़वा चँदिका ब्लॉक अंतर्गत खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन बासी गाँव के मैदान, जगेसरगंज में किया गया है। इसमें बालक वर्ग में वालीवाल,400 मीटर दौड़, कुस्ती तथा बालिका वर्ग में कबड्डी, 500 मीटर की धीमी गति की साईकिल दौड़, बैडमिंटन की प्रतियोगिता होगी। उक्त आशय की जानकारी नेहरू युवा केंद्र के एपीए विनय कुमार मिश्रा ने दी है। उन्होंने बताया की विजेता प्रतियोगियों को केन्द्र द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा तथा प्रमाणपत्र भी प्रदान किया जायेगा।

रंजिशन किशोर को पीटा

कुंडा प्रतापगढ़। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के पकरी हार मनगढ़ गांव निवासी लालजी के 17 वर्षीय बेटे को रंजिशन गांव के ही कुछ युवकों ने मारपीट करके घायल कर दिया। परिजनों ने घायल का इलाज करा कर आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर पुलिस को दी है।

इं.गंगेश मिश्र को मिला समाज रत्न सम्मान

प्रतापगढ़ – मकर संक्रांति के अवसर पर श्रीराम सेवा संस्थान के अध्यक्ष अतुल तिवारी के निर्देशन में ट्रस्ट के सचिव अनुराग तिवारी ने इं.गंगेश मिश्र को सामाजिक और धार्मिक कार्यो में बढ़ चढ़ कर भागेदारी करने के लिये उनके आवास पर संस्थान की तरफ से समाज रत्न सम्मान से सम्मानित किया।गौरतलब है कि गंगेश मिश्र वरिष्ठ समाजसेवी,प्रदेश मुख्यालय पर मान्यता प्राप्त पत्रकार और न्यूज इंडिया यूपी न्यूज चैनल के एडिटर भी हैं। इस मौके पर संस्थान के सचिव अनुराग तिवारी ने कहा कि मिश्र जी सामाजिक और धार्मिक कार्यों में बढ़ कर जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए परोपकार के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। मानव सेवा ही धर्म है को अपना आदर्श मानने वाले गंगेश मिश्र जी लोगों के सहयोग और सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं।

दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किया गंगा स्नान

● मकर संक्रांति पर स्नानार्थियों ने गंगास्नान के बाद विन्ध्यवासिनी मन्दिर में टेका मत्था

लोकमित्र ब्यूरो

मीरजापुर। मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर मां गंगा घाटों से लेकर विंध्यवासिनी देवी मंदिर तक दर्शनार्थियों का रेला प्रातःकाल से लेकर सायं तक देखने को मिला। एक अनुमान के अनुसार दो लाख से अधिक ने नगर के विभिन्न गंगा घाटों पर गंगा में डुबकी लगायी तथा मां विन्ध्यवासिनी के दरबार में दर्शन पूजन किया। प्रशासनिक व्यवस्था इतनी पर्याप्त रखी गयी थी कि स्वयं मंडलायुक्त और जिलाधिकारी ने दिन भर व्यवस्थाओं पर सतर्क दृष्टि रखा।

व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के लिए जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन पुरानी वी आई पी से होते हुए इंट्रेस प्लाजा तथा विंध्य कॉरिडोर में किए गए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान मंदिर के इर्द गिर्द लगे इलेक्ट्रिक उपकरणों, हीटरों का निरीक्षण किया। आवश्यकता पड़ने पर और भी उपकरण लगाने के निर्देश दिए। विंध्य कॉरिडोर में कार्यदाई संस्था को गेट पर और विंध्य कॉरिडोर परिक्रमा पथ पर पत्थर से बने सुंदर और आकर्षित सीटों को लगवाने के लिए भी निर्देशित किया। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि मंदिर के गेट और मुख्य स्थानों पर पत्थर से बने सुंदर बड़ा गमला लगवाएं और गमले में सुगंधित पौधों को भी लगवाएं। पुरानी वी आई पी प्रशासनिक भवन के कार्य में तेजी लाने के लिए भी निर्देश दिए। मकर संक्रांति को देखते हुए श्रद्धालुओं के लिए गंगा घाटों पर और मंदिर की तरफ जाने वाली सभी गलियों की विशेष व्यवस्था की गई थी। जिसको लेकर पत्रकारों से वार्ता के दौरान जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने मां विंध्यवासिनी धाम में आने वाले श्रद्धालुओं को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रयागराज महाकुंभ को देखते हुए घाटों, गलियों और मां विंध्यवासिनी मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए जो व्यवस्थाएं की गई है। वह सुचारु रूप से संचालित रहेंगी। निरीक्षण के समय अपर जिलाधिकारी वि. एवं रा. शिव प्रताप शुक्ल, नगर मजिस्ट्रेट लाल बहादुर सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका गोवा लाल, उप जिलाधिकारी सदर गुलाब चंद, धाम सुरक्षा प्रभारी राजेश कुमार मिश्र उपस्थित रहे।

चोरी की बाइक समेत आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

चित्रकूट ब्यूरो-पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में गल्ला मंडी चौकी पुलिस टीम ने 24 घण्टे के अन्दर आरोपी को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया।कर्वी कोतवाली प्रभारी उपेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि बीते सोमवार को वादी रामू गुप्ता पुत्र भुल्लू गुप्ता निवासी माधवगंज मोड़ शंकर बाजार कर्वी जनपद चित्रकूट ने कोतवाली कर्वी पर सूचना दी कि उसकी मोटरसाइकिल राकेश निवासी नई दुनिया के पीछे चोरी करके ले गया है। जिसका वीडियो उसकी दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में है। इस सूचना पर सम्बन्धित के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। साथ ही चौकी प्रभारी गल्ला मण्डी श्यामदेव सिंह व उनकी टीम को आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए लगाया गया। विवेचना के दौरान मंगलवार को 24 घण्टे के अन्दर आरोपी राकेश निवासी नई दुनिया कर्वी को गल्ला मण्डी से चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया।

विद्यार्थी परिषद ने युवा पखवाड़ा अंतर्गत आयोजित की गोष्ठी

लोकमित्र ब्यूरो

मीरजापुर। मेडिकल कालेज मीरजापुर के प्रधानाचार्य प्रो. डा. संजीव कुमार सिंह ने कहा कि युवावस्था ही जीवन का ऐसा समय होता है जब हम सपने बहुत देखते हैं और सपने देखना भी अच्छी बात है किन्तु उन सपनों को सार्थक बनाने की सोच और संकल्प नहीं है तो सपने निरर्थक हो जाते हैं। उक्त उद्गार उन्होंने मेडिकल कालेज में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा युवा सप्ताह के अंतर्गत आयोजित गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में कही।

उन्होंने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा कि संकल्प में यदि इच्छा शक्ति हो तो लक्ष्य अवश्य ही मिलता है और युवावस्था जीवन का ऐसा टर्निंग प्वाइंट होता है जिस समय हम अपने जीवन की दिशा तय कर सकते हैं। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि हमारी जो भी क्षमता है और जो भी संसाधन उपलब्ध हैं उसी से बड़े से बड़ा लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं किन्तु हमारी चेष्टा डगमगानी नहीं चाहिए।

उक्त अवसर पर उन्होंने कई सफल लोगों के उदाहरण दिए जिन्होंने निराशा को अपने पास आने नहीं दिया और तमाम प्रतिकूलता के बावजूद सफ़लता पायी। उन्होंने ये भी स्पष्ट किया कि कोई आवश्यक नहीं कि हम एकेडमिक क्षेत्र में ही सफ़लता पाएं तो सफल कहलाएं बल्कि जीवन के बहुत से आयाम हैं और रुचि के अनुसार आगे बढ़ें और राष्ट्र की प्रगति में योगदान दें।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता विकासार्थ विद्यार्थी की राष्ट्रीय संयोजिका पायल ने कहा कि विद्यार्थी परिषद ने प्रत्येक छात्र के लिए रुचि के हिसाब से आयाम गतिविधि के माध्यम से काम तय किया है और स्वामी विवेकानंद जी के सपनो को साकार करने, युवा व्यक्तिव का निर्माण करने के लिए विद्यार्थी परिषद का सतत् प्रयास जारी है ।

कार्यक्रम में मंच संचालन विदित जायसवाल ने किया। जिला प्रमुख डॉ. प्रमोद मिश्र, जिला संयोजक अतुल गुप्ता, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य अर्थव पाठक, आयुष गुप्ता, सागर, आकाश पटेल सहित बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

मकर संक्रांति मेले में आए श्रद्धालुओं को प्रशासन ने बांटी खिचड़ी

चित्रकूट ब्यूरो- मकर संक्रांति के अवसर पर मंगलवार को तीर्थ क्षेत्र भगवान श्रीराम की तपोस्थली चित्रकूट में आए श्रद्धालुओं को रामघाट पर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं चिकित्साधिकारी डॉ तनुषा टीआर ने खिचड़ी का वितरण किया। साथ ही जिलाधिकारी ने रामघाट सहित महत्वपूर्ण स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।इसके पूर्व जिलाधिकारी व चिकित्साधिकारी सहित अन्य अधिकारियों ने रामघाट पर भगवान मत्तगजेन्द्र नाथ मंदिर में भगवान शिव की पूजा अर्चना कर प्रसाद का भोग लगाया। इसके बाद रामघाट पर श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि मकर संक्रांति मेला के दौरान चित्रकूट तीर्थ क्षेत्र में आए हुए श्रद्धालुओं के लिए जिला प्रशासन द्वारा प्रसाद की व्यवस्था की गई है। जिसमें तहत प्रसाद का वितरण कराया जा रहा है। इस दौरान जिलाधिकारी ने रामघाट सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थलों में सफाई, सुरक्षा व पेयजल आदि व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने अधिशासी अभियंता नगर पालिका परिषद कर्वी लालजीत यादव को निर्देश दिया कि तीर्थ स्थल के महत्वपूर्ण स्थलों के सभी सीसीटीवी कैमरे लगातार संचालित रहने चाहिए। तैनात पुलिस अधिकारियों से कहा कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। सभी लोग मुस्तैदी के साथ अपने निर्धारित स्थलों पर तैनात रहकर मकर संक्रांति पर्व मेला को सकुशल संपन्न कराए।इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

कमिश्नर की पत्नी ने किया जगद्गुरु रामभद्राचार्य शोध पीठ का शुभारम्भ

लोकमित्र ब्यूरो

चित्रकूट - जगदगुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में मकर संक्रांति के अवसर पर मंगलवार को विश्वविद्यालय के जीवन पर्यंत कुलाधिपति जगदगुरु रामभद्राचार्य महराज का प्राकट्य दिवस धूमधाम से मनाया गया।कार्यक्रम में चित्रकूट धाम मंडल आयुक्त अजीत सिंह की धर्मपत्नी पूजा ने जगदगुरु रामभद्राचार्य महराज के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर शोध कार्यो को नया आयाम देने की श्रृंखला में जगदगुरु रामभद्राचार्य शोध पीठ का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कहा कि विश्वविद्यालय के आध्यात्मिक एवं शैक्षणिक वातावरण ने उन्हें प्रभावित किया है। उन्होंने विश्वविद्यालय के दिव्यांग विद्यार्थियों के द्वारा बनाई गई रंगोली एवं ललित कला विभाग की प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया तथा कहा कि यहां विद्यार्थियों के द्वारा किया जा रहा कार्य अत्यंत अनुपम है और इसे शोध की गतिविधियों से जोड़ने का प्रयास निश्चित रूप से आगामी भविष्य में ज्ञान के नए कीर्तिमानों को स्थापित करेगा। कुलपति प्रोफेसर शिशिर कुमार पांडेय

ने कहा कि जगदुरु रामभद्राचार्य शोधपीठ की स्थापना से विश्वविद्यालय में आध्यात्मिक एवं शैक्षिक शोध की दिशा में एक नए युग का सूत्रपात हुआ है। इस पीठ के माध्यम से विश्वविद्यालय में ज्ञान के नवीन आयामों पर शोध के द्वार खुलेंगे तथा नई शोध परियोजनाएं भी शुरू की जा सकेंगी। कुलाधिपति जगदुरु रामभद्राचार्य महराज के जन्म उत्सव पर विश्वविद्यालय के महिला केंद्र में स्थित सामुदायिक सभागार में संगीतमय सुंदरकांड का भी आयोजन किया गया। जिसमें विश्वविद्यालय परिवार के शिक्षक, शिक्षिकाओं तथा विद्यार्थियों ने हर्षोल्लास के साथ जगदगुरु का जन्मोत्सव मनाया तथा उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुल सचिव मधुरेंद्र कुमार पर्वत, जगदगुरु रामभद्राचार्य शोध पीठ के निदेशक डॉ विश्वेश दुबे, डॉ शशिकांत त्रिपाठी, डॉ विनोद कुमार मिश्र, डॉ महेंद्र कुमार उपाध्याय, डॉ निहार रंजन मिश्र, डॉ अमित अग्निहोत्री, डॉ किरण त्रिपाठी, डॉ मनोज कुमार पांडेय, डॉ सचिंद्र उपाध्याय, डॉ सुशील त्रिपाठी, डॉ हरिकांत मिश्र, डॉ गोपाल कुमार मिश्रा आदि मौजूद रहे।

सीतापुर को हराकर फाइनल में पहुंची रायबरेली की टीम

चित्रकूट ब्यूरो- नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म स्मृति पर आयोजित अखिल भारतीय क्रिकेट टूर्नामेंट के 22वें सुभाष चैलेंज कप 2024-25 का पहला सेमीफाइनल मैच मंगलवार को रायबरेली और सीतापुर के बीच खेला गया। जिसमें रायबरेली ने इस मुकाबले को आठ विकेट से जीत लिया।मैच में पहले टॉस जीत कर रायबरेली ने फिल्डिंग करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सीतापुर की टीम ने निर्धारित 25 ओवर के मैच में 24.5 ओवर में 131 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जिसमें सीतापुर के बल्लेबाज सचिन के 67 और तन्मय के 17 रन शामिल रहे। रायबरेली के गेंदबाज अभिषेक और अश्वनी ने तीन-तीन विकेट लिए। 132 रनों के लक्ष्य का पीछा करने रायबरेली की टीम ने टीम 14.2 ओवर में दो विकेट खोकर कर 132 रन बनाकर लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। जिसमें रायबरेली के बल्लेबाज सुधांशु के 32 और आमान के 67 रन शामिल रहे। सीतापुर के गेंदबाज अमित ने एक विकेट लिया। इस प्रकार रायबरेली ने इस मुकाबले को आठ विकेट से अपने नाम कर फाइनल में प्रवेश किया किया। रायबरेली के अश्वनी को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। मैच के अंपायर शाहनवाज हुसैन और हैदर जहां रहे। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी लालजी यादव, अनिल कुमार, अशोक कुमार शहजादे, सौरभ नाहर, लोकेश सिंह, दीपक मिश्रा, अनुराग, आदेश, फिरोज अंसारी, रानू आदि मौजूद रहे।

दिल में हर इक का बसेरा नहीं होने देंगे, हम अकीदे का तमाशा नहीं होने देंगे

▸▸ जश्ने मौला अली में उमड़े अकीदतमंद

▸▸ हजरतगंज वार्ड स्थित शिया जामा मस्जिद में आयोजित हुई महफिल

लोकमित्र ब्यूरो

करारी, कौशाम्बी। कस्बा स्थित शिया जामा मस्जिद में मौला अली के जन्मदिन के अवसर पर जश्ने मौलाये कायनात का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुकामी शायरों ने अपने कलाम पेश कर वाह-वाही बटोरी। कार्यक्रम की शुरुआत कुरान की तेलावत से मोहम्मद जवाद ने किया। इसके बाद शुरू हुआ शेरो शायरी का दौर जो सुबह से देर शाम तक चला।

मंगलवार को कस्बे में मुसलमानों के खलीफा और आखिरी नबी हजरत मोहम्मद मुस्तफा के जानशीन मौलाये कायनात हजरत अली अलैहिस्सलाम के जन्मदिन पर

महफिल आयोजित की गई। महफिल की शुरुआत कुरआन की तेलावत से की गई। महफिल में मुकामी और बाहरी शायरों ने मौला अली की वेलादत पर उनकी शान में अपने अपने कलाम पेश किए। पहले छोटे छोटे बच्चों ने मौला अली की शान में कसीदे पढ़े। इसके बाद शुरू हुआ शायरों के पढ़ने का सिलसिला। मजलिसी रिजवी ने अपना कलाम पढ़ा तो लोग वाह वाह कर उठे उन्होंने पढ़ा--खुलदे बरीं के वास्ते दरकार है नमाज-तै कैसे हो कि किसकी मददगार है नमाज। इसके बाद जफर अढ़हरवी ने बेहतरीन कलाम पेश कर वाह वाही बटोरी उन्होंने पढ़ा--नबियों से भी अजीम फजीलत अली की है-घर मे खुदा के आज वेलादत अली की है। हसन अतरसुइयावी ने भी बेहतरीन कलाम पेश किया, उन्होंने पढ़ा--किस्मत की धनी हैं बिते असद इमरान हैं ईमां का मरकज-ननिहाल भी आला हैदर का ददिहाल भी आला हैदर का।

मंजर मंझनपुरी ने पढ़ा--देखता हूं बाय बिस्मिल्लाह इस नीयत के साथ-है इबादत फातहे खैबर का चेहरा देखना। अली सरदार रिजवी ने पढ़ा--जमाने से अली वालों की सुल्तानी नहीं जाती-इसी बाइस मुनाफिक की परेशानी नहीं जाती। कार्यक्रम का संचालन करते हुए रौशन करारवी ने पढ़ा--दिल में हर इक का बसेरा नहीं होने देंगे-हम अकीदे का तमाशा नहीं होने देंगे, बोले मीसम की जुबां काट के क्या कर लोगे, मेरे मौला मुझे गूंगा नहीं होने देंगे। आखिर में मौलाना सैयद जमीर हैदर रिजवी ने तकरीर करते हुए मौला अली की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मौला अली ने अपनी पूरी जिंदगी इस्लाम के प्रचार प्रसार में बिताया था। मौला अली ने मुसलमानों के आखिरी नबी हजरत मोहम्मद मुस्तफास के साथ कंधे से कंधा मिलाकर दीन की मदद की थी। आज हम सब उन्हीं अली का जश्न मना रहे हैं। इस मौके पर बुजुर्ग आलिमे दीन मौलाना सैयद मोहम्मद जोहैर कैन रिजवी, फुरकान रिजवी, अफरोज हैदर, उस्मान अली, फैज मंझनपुरी, सैफ करारवी, इमरान हैदर, सलमान रिजवी, जफर करारवी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

बीबीएस क्लब ने गांजा टीम को 46 रनों से हराया

चायल, (कौशाम्बी)। स्थानीय तहसील के विलासपुर गांव में मंगलवार को चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट में बीबीएस क्लब की टीम ने गांजा टीम को 46 रनों से हराया। विजेता टीम के खिलाड़ी रिशु ने बेहतर प्रदर्शन कर मैन ऑफद मैच अपने नाम किया। क्रिकेट टूर्नामेंट कमेटी के लोगों ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरुआत में टास जीत कर बैटिंग करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी टीम के सद्दाम ने पांच गेंद में 13 रन बनाकर आउट हो गए। शाकिब छह गेंद में दो रन बना सके। कुलदीप ने अच्छी बल्लेबाजी करते हुए 19 गेंदों में 44 रन बनाए। रिशु 14 गेंद में 26 रन बनाकर आउट हो गए। आदित्य तीन गेंद खेल कर एक रन बनाए। अभिमन्यु दो गेंद खेल कर दो रन बनकर डटे रहे। अर्जित ने 13 गेंद खेलते हुए 28 रन बनाकर आउट हो पवेलियन लौट गए। मनीष एक गेंद खेल कर एक रनों की बढ़त बनाई। कृष्णा ने दो गेंद में चार रन की बढ़त बनाई।

लकड़ी रखने के विवाद में मारपीट, तीन नामजद

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा प्रतापगढ़। महेशगंज थाना क्षेत्र के संसारीपुर गांव निवासी कंचन देवी पत्नी हरिकेश ने पुलिस को तहरीर दी। आरोप है कि विगत नौ जनवरी को सुबह करीब 9ः30 बजे लकड़ी रखने के विवाद में मोहल्ले के ही कुछ लोग गालियां देने लगे। उसने विरोध किया तो आरोपियों ने उसे पीटा।

शोर सुनकर आस पास के लोग दौड़े तो आरोपी धमकी देते हुए भाग निकले। पीड़िता कंचन की तहरीर पर पुलिस ने सोनू, बाल कृष्ण, नेहा पत्नी राधेश्याम के खिलाफ केस दर्ज किया है।

गैंगस्टर का आरोपी गिरफ्तार

कुंडा प्रतापगढ़।प्रयागराज के पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के अहमदपुर उररहार निवासी मसरुर आलम के खिलाफ संग्रामगढ़ थाने में 2022 में गोवध निवारण अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज हुई थी। अन्य मुकदमों को लेकर पुलिस ने मसरुर आलम के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की। घटना के बाद से फरार आरोपी मसरुर आलम को पुलिस ने गंगा एक्सप्रेस पुल के नीचे सवना सरैया के पास से गिरफ्तार कर लिया। विधिक प्रक्रिया पूरी कर उसे न्यायालय में प्रस्तुत करने ले गए।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है किमेरा नाम सोना सोनी पत्नी ओम प्रकाश सोनी निवासी ग्राम रंजीतपुर ,पोस्ट माधोगंज , जिला प्रतापगढ़ है जबकि मेरे आधार कार्ड में भूलबस सीता दर्ज हो गया है जो कि गलत है पैन कार्ड में मेरा सही नाम दर्ज है जो कि सोना सोनी है ।मुझे भविष्य में भी सोना सोनी के ही नाम से जाना जाएगा ।

(फार्म न0 2 ए)

न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी0डि0) महोदय प्रतापगढ़
एम0एन0आर0नं0 2/2025
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन पूजा बनाम हरखास आम
बनाम
हरखास आम ग्राम रत्नागरपुर पर0तह0 पट्टी जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 03.02.2025

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 03.02.2025 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

घर में घुसकर महिला से की छेड़छाड़ व अश्लीलता, विरोध पर पीटा

पट्टी प्रतापगढ़। कोतवाली क्षेत्र के नदी गांव की रहने वाली एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है। सोमवार को शाम 6ः00 बजे के आसपास वह घर में अकेली थी। इस दौरान गांव का एक युवक पहुंचा और उसे पीछे से पकड़ लिया तथा उसके साथ छेड़छाड़ एवं अश्लील हरकत करने लगा। महिला ने जब इसका विरोध किया तो उक्त ने महिला की पिटाई शुरू कर दी। पीड़िता हल्ला गुहार मचाकर किसी तरह से अपनी जान एवं इ्जतज्जत बचाई। पीड़िता ने मंगलवार को दिन में 4ः00 बजे के आसपास पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

गुमटी का ताला तोड़कर हजारों का सामान चोरी

कुंडा प्रतापगढ़।महेशगंज थाना क्षेत्र के नगर पंचायत हीरागंज के खैलर का पुरवा फतूहाबाद मोहल्ला निवासी विशाल पाल ने हीरागंज बाजार में गुमटी में गैस सिलेंडर, टॉर्च आदि की मरम्मत का काम करता है। सोमवार को वह दुकान बंद करके घर चला गया। चोर रात में गुमटी का ताला तोड़कर हजारों रुपये का सामान समेट ले गए। घटना की जानकारी सुबह दुकान पहुंचने पर हुई। पीड़ित ने मामले की तहरीर पुलिस को दी है। एसओ मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि तहरीर मिली है मामले की जांच करके कार्रवाई की जाएगी।

महाकुंभ मेले के मद्देनजर डीआईजी ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

लोकमित्र ब्यूरो

चित्रकूट - मकर संक्रान्ति व महाकुंभ मेला को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत मंगलवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र अजय कुमार सिंह ने थाना भरतकूप अन्तर्गत भरतकूप मंदिर व सम्पूर्ण मेला क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही चित्रकूटधाम कर्वी रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।मंगलवार को मकर संक्रांति व महाकुंभ मेला के दृष्टिगत पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र अजय कुमार सिंह ने पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरुण कुमार सिंह के साथ भरतकूप मंदिर, सम्पूर्ण परिक्रमा मार्ग, रामघाट का पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों से कहा कि मकर संक्रान्ति व प्रयागराज महाकुंभ के चलते जनपद में श्रद्धालुओं का भारी संख्या में आवागमन हो रहा है, उनके साथ किसी भी प्रकार की कोई घटना न घटित होने पाये। कहा कि सभी पुलिसकर्मी निर्धारित समय पर ड्यूटी पर उपस्थित होकर मुस्तैदी से ड्यूटी करें तथा श्रद्धालुओं से विन्रमतापूर्वक व्यवहार करें।इसी प्रकार पुलिस उपमहानिरीक्षक ने मंगलवार को चित्रकूटधाम कर्वी रेलवे स्टेशन का भी भ्रमण कर श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से तैनात पुलिस बल का सतर्कतापूर्वक ड्यूटी कर मेले को सकुशल सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी उपेन्द्र प्रताप सिंह, थानाध्यक्ष भरतकूप प्रवीण कुमार सिंह, पीआरओ प्रदीप पाल सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

आज से होगी श्रीराम कथा

चित्रकूट ब्यूरो- मकर संक्रांति के अवसर पर 15 जनवरी बुधवार से जिला मुख्यालय के शंकर बाजार स्थित गुप्ता मैरिज हाल में श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। यह कथा 15 से 25 जनवरी तक चलेगी। कथा के आयोजक अभिषेक पहारिया ने बताया कि बुधवार से शुरू हो रही इस श्रीराम कथा के पहले दिन विशाल कलश यात्रा का निकाली जाएगी। इसके बाद श्रीराम कथा वाचिका माधवी श्रद्धालुओं का श्रीराम कथा का रसपान कराएगी। कथा के अंतिम दिन 25 जनवरी को हवन के साथ विशाल भंडारा प्रसाद का भी आयोजन किया जाएगा।

9452526750, 9839665450,8565970115
दैनिक लोकमित्र
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/-प्रतिमाह
प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त
E-mail-lokmitra2005@gmail.com
प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किया गंगा स्नान

● मकर संक्रांति पर स्नानार्थियों ने गंगास्नान के बाद विन्ध्यवासिनी मन्दिर में टेका मत्था

लोकमित्र ब्यूरो

मीरजापुर। मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर मां गंगा घाटों से लेकर विंध्यवासिनी देवी मंदिर तक दर्शनार्थियों का रेला प्रातःकाल से लेकर सायं तक देखने को मिला। एक अनुमान के अनुसार दो लाख से अधिक ने नगर के विभिन्न गंगा घाटों पर गंगा में डुबकी लगायी तथा मां विन्ध्यवासिनी के दरबार में दर्शन पूजन किया। प्रशासनिक व्यवस्था इतनी पर्याप्त रखी गयी थी कि स्वयं मंडलायुक्त और जिलाधिकारी ने दिन भर व्यवस्थाओं पर सतर्क दृष्टि रखा।

व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के लिए जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन पुरानी वी आई पी से होते हुए इट्रेस प्लाजा तथा विंध्य कॉरिडोर में किए गए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान मंदिर के इर्द गिर्द लगे इलेक्ट्रिक उपकरणों, हीटरों का निरीक्षण किया। आवश्यकता पड़ने पर और भी उपकरण लगाने के निर्देश दिए। विंध्य कॉरिडोर में कार्यदाई संस्था को गेट पर और विंध्य कॉरिडोर परिक्रमा पथ पर पत्थर से बने सुंदर और आकर्षित सीटों को लगवाने के लिए भी निर्देशित किया। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि मंदिर के गेट और मुख्य स्थानों पर पत्थर से बने सुंदर बड़ा गमला लगवाएं और गमले में सुगंधित पौधों को भी लगवाएं। पुरानी वी आई पी प्रशासनिक भवन के कार्य में तेजी लाने के लिए भी निर्देश दिए। मकर संक्रांति को देखते हुए श्रद्धालुओं के लिए गंगा घाटों पर और मंदिर की तरफ जाने वाली सभी गलियों की विशेष व्यवस्था की गई थी। जिसको लेकर पत्रकारों से वार्ता के दौरान जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने मां विंध्यवासिनी धाम में आने वाले श्रद्धालुओं को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रयागराज महाकुंभ को देखते हुए घाटों, गलियों और मां विंध्यवासिनी मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए जो व्यवस्थाएं की गई है। वह सुचारु रूप से संचालित रहेंगी। निरीक्षण के समय अपर जिलाधिकारी वि. एवं रा. शिव प्रताप शुक्ल, नगर मजिस्ट्रेट लाल बहादुर सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका गोवा लाल, उप जिलाधिकारी सदर गुलाब चंद, धाम सुरक्षा प्रभारी राजेश कुमार मिश्र उपस्थित रहे।

चोरी की बाइक समेत आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

चित्रकूट ब्यूरो- पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में गल्ला मंडी चौकी पुलिस टीम ने 24 घण्टे के अन्दर आरोपी को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया।कर्वी कोतवाली प्रभारी उपेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि बीते सोमवार को वादी रामू गुप्ता पुत्र भुल्लू गुप्ता निवासी माधवगंज मोड़ शंकर बाजार कर्वी जनपद चित्रकूट ने कोतवाली कर्वी पर सूचना दी कि उसकी मोटरसाइकिल राकेश निवासी नई दुनिया के पीछे चोरी करके ले गया है। जिसका वीडियो उसकी दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में है। इस सूचना पर सम्बन्धित के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। साथ ही चौकी प्रभारी गल्ला मण्डी श्यामदेव सिंह व उनकी टीम को आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए लगाया गया। विवेचना के दौरान मंगलवार को 24 घण्टे के अन्दर आरोपी राकेश निवासी नई दुनिया कर्वी को गल्ला मण्डी से चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया।

विद्यार्थी परिषद ने युवा पखवाड़ा अंतर्गत आयोजित की गोष्ठी

लोकमित्र ब्यूरो

मीरजापुर। मेडिकल कालेज मीरजापुर के प्रधानाचार्य प्रो. डा. संजीव कुमार सिंह ने कहा कि युवावस्था ही जीवन का ऐसा समय होता है जब हम सपने बहुत देखते हैं और सपने देखना भी अच्छी बात है किन्तु उन सपनों को सार्थक बनाने की सोच और संकल्प नहीं है तो सपने निरर्थक हो जाते हैं। उक्त उद्गार उन्होंने मेडिकल कालेज में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा युवा सप्ताह के अंतर्गत आयोजित गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में कही।

उन्होंने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा कि संकल्प में यदि इच्छा शक्ति हो तो लक्ष्य अवश्य ही मिलता है और युवावस्था जीवन का ऐसा टर्निंग प्वाइंट होता है जिस समय हम अपने जीवन की दिशा तय कर सकते हैं। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि हमारी जो भी क्षमता है और जो भी संसाधन उपलब्ध हैं उसी से बड़े से बड़ा लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं किन्तु हमारी चेष्टा डगमगानी नहीं चाहिए।

उक्त अवसर पर उन्होंने कई सफल लोगों के उदाहरण दिए जिन्होंने निराशा को अपने पास आने नहीं दिया और तमाम प्रतिकूलता के बावजूद सफलता पायी। उन्होंने ये भी स्पष्ट किया कि कोई आवश्यक नहीं कि हम एकेडमिक क्षेत्र में ही सफलता पाएं तो सफल कहलाएं बल्कि जीवन के बहुत से आयाम हैं और रुचि के अनुसार आगे बढ़ें और राष्ट्र की प्रगति में योगदान दें।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता विकासार्थ विद्यार्थी की राष्ट्रीय संयोजिका पायल ने कहा कि विद्यार्थी परिषद ने प्रत्येक छात्र के लिए रुचि के हिसाब से आयाम गतिविधि के माध्यम से काम तय किया है और स्वामी विवेकानंद जी के सपनो को साकार करने, युवा व्यक्तिव का निर्माण करने के लिए विद्यार्थी परिषद का सतत् प्रयास जारी है ।

कार्यक्रम में मंच संचालन विदित जायसवाल ने किया। जिला प्रमुख डॉ. प्रमोद मिश्र, जिला संयोजक अतुल गुप्ता, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य अर्थव पाठक, आयुष गुप्ता, सागर, आकाश पटेल सहित बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

मकर संक्रांति मेले में आए श्रद्धालुओं को प्रशासन ने बांटी खिचड़ी

चित्रकूट ब्यूरो- मकर संक्रांति के अवसर पर मंगलवार को तीर्थ क्षेत्र भगवान श्रीराम की तपोस्थली चित्रकूट में आए श्रद्धालुओं को रामघाट पर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं चिकित्साधिकारी डॉ तनुषा टीआर ने खिचड़ी का वितरण किया। साथ ही जिलाधिकारी ने रामघाट सहित महत्वपूर्ण स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।इसके पूर्व जिलाधिकारी व चिकित्साधिकारी सहित अन्य अधिकारियों ने रामघाट पर भगवान मत्तगजेन्द्र नाथ मंदिर में भगवान शिव की पूजा अर्चना कर प्रसाद का भोग लगाया। इसके बाद रामघाट पर श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि मकर संक्रांति मेला के दौरान चित्रकूट तीर्थ क्षेत्र में आए हुए श्रद्धालुओं के लिए जिला प्रशासन द्वारा प्रसाद की व्यवस्था की गई है। जिसमें तहत प्रसाद का वितरण कराया जा रहा है। इस दौरान जिलाधिकारी ने रामघाट सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थलों में सफाई, सुरक्षा व पेयजल आदि व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने अधिशासी अभियंता नगर पालिका परिषद कर्वी लालजीत यादव को निर्देश दिया कि तीर्थ स्थल के महत्वपूर्ण स्थलों के सभी सीसीटीवी कैमरे लगातार संचालित रहने चाहिए। तैनात पुलिस अधिकारियों से कहा कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। सभी लोग मुस्तैदी के साथ अपने निर्धारित स्थलों पर तैनात रहकर मकर संक्रांति पर्व मेला को सकुशल संपन्न कराए।इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

कमिश्नर की पत्नी ने किया जगद्गुरु रामभद्राचार्य शोध पीठ का शुभारम्भ

लोकमित्र ब्यूरो

चित्रकूट - जगदगुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में मकर संक्रांति के अवसर पर मंगलवार को विश्वविद्यालय के जीवन पर्यंत कुलाधिपति जगदगुरु रामभद्राचार्य महराज का प्राकट्य दिवस धूमधाम से मनाया गया।कार्यक्रम में चित्रकूट धाम मंडल आयुक्त अजीत सिंह की धर्मपत्नी पूजा ने जगदगुरु रामभद्राचार्य महराज के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर शोध कार्यों को नया आयाम देने की श्रृंखला में जगदगुरु रामभद्राचार्य शोध पीठ का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कहा कि विश्वविद्यालय के आध्यात्मिक एवं शैक्षणिक वातावरण ने उन्हें प्रभावित किया है। उन्होंने विश्वविद्यालय के दिव्यांग विद्यार्थियों के द्वारा बनाई गई रंगोली एवं ललित कला विभाग की प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया तथा कहा कि यहां विद्यार्थियों के द्वारा किया जा रहा कार्य अत्यंत अनुपम है और इसे शोध की गतिविधियों से जोड़ने का प्रयास निश्चित रूप से आगामी भविष्य में ज्ञान के नए कीर्तिमानों को स्थापित करेगा। कुलपति प्रोफेसर शिशिर कुमार पांडेय

ने कहा कि जगदुरु रामभद्राचार्य शोधपीठ की स्थापना से विश्वविद्यालय में आध्यात्मिक एवं शैक्षिक शोध की दिशा में एक नए युग का सूत्रपात हुआ है। इस पीठ के माध्यम से विश्वविद्यालय में ज्ञान के नवीन आयामों पर शोध के द्वार खुलेंगे तथा नई शोध परियोजनाएं भी शुरू की जा सकेंगी। कुलाधिपति जगदुरु रामभद्राचार्य महराज के जन्म उत्सव पर विश्वविद्यालय के महिला केंद्र में स्थित सामुदायिक सभागार में संगीतमय सुंदरकांड का भी आयोजन किया गया। जिसमें विश्वविद्यालय परिवार के शिक्षक, शिक्षिकाओं तथा विद्यार्थियों ने हर्षोल्लास के साथ जगदगुरु का जन्मोत्सव मनाया तथा उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुल सचिव मधुरेंद्र कुमार पर्वत, जगदगुरु रामभद्राचार्य शोध पीठ के निदेशक डॉ विश्वेश दुबे, डॉ शशिकांत त्रिपाठी, डॉ विनोद कुमार मिश्र, डॉ महेंद्र कुमार उपाध्याय, डॉ निहार रंजन मिश्र, डॉ अमित अग्निहोत्री, डॉ किरण त्रिपाठी, डॉ मनोज कुमार पांडेय, डॉ सचिंद्र उपाध्याय, डॉ सुशील त्रिपाठी, डॉ हरिकांत मिश्र, डॉ गोपाल कुमार मिश्रा आदि मौजूद रहे।

सीतापुर को हराकर फाइनल में पहुंची रायबरेली की टीम

चित्रकूट ब्यूरो- नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म स्मृति पर आयोजित अखिल भारतीय क्रिकेट टूर्नामेंट के 22वें सुभाष चैलेंज कप 2024-25 का पहला सेमीफाइनल मैच मंगलवार को रायबरेली और सीतापुर के बीच खेला गया। जिसमें रायबरेली ने इस मुकाबले को आठ विकेट से जीत लिया।मैच में पहले टॉस जीत कर रायबरेली ने फिल्डिंग करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सीतापुर की टीम ने निर्धारित 25 ओवर के मैच में 24.5 ओवर में 131 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जिसमें सीतापुर के बल्लेबाज सचिन के 67 और तन्मय के 17 रन शामिल रहे। रायबरेली के गेंदबाज अभिषेक और अश्वनी ने तीन-तीन विकेट लिए। 132 रनों के लक्ष्य का पीछा करने रायबरेली की टीम ने टीम 14.2 ओवर में दो विकेट खोकर कर 132 रन बनाकर लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। जिसमें रायबरेली के बल्लेबाज सुधांशु के 32 और आमान के 67 रन शामिल रहे। सीतापुर के गेंदबाज अमित ने एक विकेट लिया। इस प्रकार रायबरेली ने इस मुकाबले को आठ विकेट से अपने नाम कर फाइनल में प्रवेश किया किया। रायबरेली के अश्वनी को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। मैच के अंपायर शाहनवाज हुसैन और हैदर जहां रहे। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी लालजी यादव, अनिल कुमार, अशोक कुमार शहजादे, सौरभ नाहर, लोकेश सिंह, दीपक मिश्रा, अनुराग, आदेश, फिरोज अंसारी, रानू आदि मौजूद रहे।

महाकुंभ मेले के मद्देनजर डीआईजी ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

लोकमित्र ब्यूरो

चित्रकूट - मकर संक्रान्ति व महाकुंभ मेला को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत मंगलवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र अजय कुमार सिंह ने थाना भरतकूप अन्तर्गत भरतकूप मंदिर व सम्पूर्ण मेला क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही चित्रकूटधाम कर्वी रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।मंगलवार को मकर संक्रांति व महाकुंभ मेला के दृष्टिगत पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र अजय कुमार सिंह ने पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरुण कुमार सिंह के साथ भरतकूप मंदिर, सम्पूर्ण परिक्रमा मार्ग, रामघाट का पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों से कहा कि मकर संक्रान्ति व प्रयागराज महाकुंभ के चलते जनपद में श्रद्धालुओं का भारी संख्या में आवागमन हो रहा है, उनके साथ किसी भी प्रकार की कोई घटना न घटित होने पाये। कहा कि सभी पुलिसकर्मी निर्धारित समय पर ड्यूटी पर उपस्थित होकर मुस्तैदी से ड्यूटी करें तथा श्रद्धालुओं से विन्रमतापूर्वक व्यवहार करें।इसी प्रकार पुलिस उपमहानिरीक्षक ने मंगलवार को चित्रकूटधाम कर्वी रेलवे स्टेशन का भी भ्रमण कर श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से तैनात पुलिस बल का सतर्कतापूर्वक ड्यूटी कर मेले को सकुशल सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी उपेन्द्र प्रताप सिंह, थानाध्यक्ष भरतकूप प्रवीण कुमार सिंह, पीआरओ प्रदीप पाल सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

आज से होगी श्रीराम कथा

चित्रकूट ब्यूरो- मकर संक्रांति के अवसर पर 15 जनवरी बुधवार से जिला मुख्यालय के शंकर बाजार स्थित गुप्ता मैरिज हाल में श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। यह कथा 15 से 25 जनवरी तक चलेगी। कथा के आयोजक अभिषेक पहारिया ने बताया कि बुधवार से शुरू हो रही इस श्रीराम कथा के पहले दिन विशाल कलश यात्रा का निकाली जाएगी। इसके बाद श्रीराम कथा वाचिका माधवी श्रद्धालुओं का श्रीराम कथा का रसपान कराएगी। कथा के अंतिम दिन 25 जनवरी को हवन के साथ विशाल भंडारा प्रसाद का भी आयोजन किया जाएगा।

दिल में हर इक का बसेरा नहीं होने देंगे, हम अकीदे का तमाशा नहीं होने देंगे

▸▸ जश्ने मौला अली में उमड़े अकीदतमंद

▸▸ हजरतगंज वार्ड स्थित शिया जामा मस्जिद में आयोजित हुई महफिल

लोकमित्र ब्यूरो

करारी, कौशाम्बी। कस्बा स्थित शिया जामा मस्जिद में मौला अली के जन्मदिन के अवसर पर जश्ने मौलाये कायनात का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुकामी शायरों ने अपने कलाम पेश कर वाह-वाही बटोरी। कार्यक्रम की शुरुआत कुरान की तेलावत से मोहम्मद जवाद ने किया। इसके बाद शुरू हुआ शेरो शायरी का दौर जो सुबह से देर शाम तक चला।

मंगलवार को कस्बे में मुसलमानों के खलीफा और आखिरी नबी हजरत मोहम्मद मुस्तफा के जानशीन मौलाये कायनात हजरत अली अलैहिस्सलाम के जन्मदिन पर

महफिल आयोजित की गई। महफिल की शुरुआत कुरआन की तेलावत से की गई। महफिल में मुकामी और बाहरी शायरों ने मौला अली की वेलादत पर उनकी शान में अपने अपने कलाम पेश किए। पहले छोटे छोटे बच्चों ने मौला अली की शान में कसीदे पढ़े। इसके बाद शुरू हुआ शायरों के पढ़ने का सिलसिला। मजलिसी रिजवी ने अपना कलाम पढ़ा तो लोग वाह वाह कर उठे उन्होंने पढ़ा--खुलदे बरीं के वास्ते दरकार है नमाज-तै कैसे हो कि किसकी मददगार है नमाज। इसके बाद जफर अढ़हरवी ने बेहतरीन कलाम पेश कर वाह वाही बटोरी उन्होंने पढ़ा--नबियों से भी अजीम फजीलत अली की है-घर मे खुदा के आज वेलादत अली की है। हसन अतरसुइयावी ने भी बेहतरीन कलाम पेश किया, उन्होंने पढ़ा--किस्मत की धनी हैं बिंते असद इमरान हैं ईमां का मरकज-ननिहाल भी आला हैदर का ददिहाल भी आला हैदर का।

मंजर मंझनपुरी ने पढ़ा--देखता हूं बाय बिस्मिल्लाह इस नीयत के साथ-है इबादत फातहे खैबर का चेहरा देखना। अली सरदार रिजवी ने पढ़ा--जमाने से अली वालों की सुल्तानी नहीं जाती-इसी बाइस मुनाफिक की परेशानी नहीं जाती। कार्यक्रम का संचालन करते हुए रौशन करारवी ने पढ़ा--दिल में हर इक का बसेरा नहीं होने देंगे-हम अकीदे का तमाशा नहीं होने देंगे, बोले मीसम की जुबां काट के क्या कर लोगे, मेरे मौला मुझे गूंगा नहीं होने देंगे। आखिर में मौलाना सैयद जमीर हैदर रिजवी ने तकरीर करते हुए मौला अली की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मौला अली ने अपनी पूरी जिंदगी इस्लाम के प्रचार प्रसार में बिताया था। मौला अली ने मुसलमानों के आखिरी नबी हजरत मोहम्मद मुस्तफा के साथ कंधे से कंधा मिलाकर दीन की मदद की थी। आज हम सब उन्हीं अली का जश्न मना रहे हैं। इस मौके पर बुजुर्ग आलिमे दीन मौलाना सैयद मोहम्मद जोहैर कैन रिजवी, फुरकान रिजवी, अफ्रोज हैदर, उस्मान अली, फैज मंझनपुरी, सैफ करारवी, इमरान हैदर, सलमान रिजवी, जफर करारवी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

मकर संक्रांति के पर्व पर खिचड़ी का हुआ वितरण

लोकमित्र ब्यूरो

कड़ा, कौशाम्बी। नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम के अंतर्गत कमालपुर में मंगलवार को मकर संक्रांति के पावन पर्व पर समाजसेवी दुलीचन्द अग्रहरि द्वारा गर्मागरम खिचड़ी व चाय का वितरण किया गया।इस अवसर पर चेयरमैन रागिनी अरुण केशरवानी, नीरज साहू, अमन अग्रहरि, बृजेश विद्यार्थी, राहुल कुशवाहा, अजय मौर्या, प्रमोद सोनी, मुन्ना साहू, डोलू गौतम सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक बृजेश श्रीवास्तव ने मकर संक्रांति के पर्व पर सपरिवार शक्तिपीठ कड़ाधाम पहुंचकर मां शीतला का दर्शन पूजन कर आशीर्वाद लिया और धाम में आए हुए श्रद्धालु भक्तों को खिचड़ी भोज कराया।इस अवसर पर थानाध्यक्ष कड़ाधाम धीरेन्द्र सिंह सहित अन्य पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।

नगर पंचायत चरवा में महाकुम्भ जाने वाले श्रद्धालुओं के लिये लगाये गये स्वागत शिविर

● स्वागत शिविर में व्यवस्थाएं देख गदगद नजर आये श्रद्धालु

● श्रद्धालुओं के रूकने के लिये रैन बसेरे में भी पर्याप्त व्यवस्थाएं

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। नगर पंचायत चरवा में महाकुम्भ जाने वाले श्रद्धालुओं के लिये स्वागत शिविर लगवाया गया। जिसमें महाकुम्भ जाने वाले श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। साथ ही उनके जलपान की भी व्यवस्था की गयी थी। शिविर की व्यवस्थाएं देख श्रद्धालु खासा गदगद नजर आये।

बता दें कि नगर पंचायत चरवा में श्रीराम विश्राम स्थल

अवस्थित है। जहाँ पर पर्याप्त मात्रा में श्रद्धालु आते हैं। मान्यता है कि प्रभु श्रीराम ने वन गमन के समय गंगा पार करने के पश्चात प्रथम विश्राम नगर पंचायत चरवा के पुरातन वटवृक्ष के नीचे ही किया था। विश्राम करने के पश्चात भगवान श्रीराम ने वटवृक्ष के पार्श्व स्थित सरोवर में स्नान किया था, जिसे श्रद्धालुगण रामजूठा तालाब के नाम से सम्बोधित करते हैं। नगर पंचायत चरवा श्रीराम के वन गमन मार्ग से जुड़ा हुआ अत्यन्त प्रमुख स्थल है, जहाँ हजारों श्रद्धालुओं का आगमन होता है। यहीं से हजारों श्रद्धालु होकर महाकुम्भ के लिये जाते हैं। श्रद्धालुओं के स्वागत के लिये नगर पंचायत चरवा द्वारा स्वागत शिविर लगवाया गया है, जहाँ उनका भव्य स्वागत करते हुये उनके जलपान की भी व्यवस्था की गयी है। जिसकी श्रद्धालुओं ने भूरि-भूरि प्रशंसा की जा रही है। अधिशासी अधिकारी श्री सुभाष चन्द्र सिंह ने बताया कि निकाय द्वारा श्रद्धालुओं के स्वागत के लिये पर्याप्त व्यवस्था की गयी है। साथ ही श्रद्धालुओं के ठहरने के लिये भी रैन बसेरे में पर्याप्त व्यवस्था है। आवागमन में असुविधा न हो इसके लिये निकाय सीमान्तर्गत दर्जनों बैनर, पोस्टर एवं अन्य व्यवस्थाएं की गयी हैं। नगर पंचायत द्वारा की गयी व्यवस्थाओं की श्रद्धालुओं द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की जा रही है।

बीबीएस क्लब ने गांजा टीम को 46 रनों से हराया

चायल, (कौशाम्बी)। स्थानीय तहसील के विलासपुर गांव में मंगलवार को चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट में बीबीएस क्लब की टीम ने गांजा टीम को 46 रनों से हराया। विजेता टीम के खिलाड़ी रिशु ने बेहतर प्रदर्शन कर मैन ऑफद मैच अपने नाम किया। क्रिकेट टूर्नामेंट कमेटी के लोगों ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरुआत में टास जीत कर बैटिंग करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी टीम के सद्दाम ने पांच गेंद में 13 रन बनाकर आउट हो गए। शाकिब छह गेंद में दो रन बना सके। कुलदीप ने अच्छी बल्लेबाजी करते हुए 19 गेंदों में 44 रन बनाए। रिशु 14 गेंद में 26 रन बनाकर आउट हो गए। आदित्य तीन गेंद खेल कर एक रन बनाए। अभिमन्यु दो गेंद खेल कर दो रन बनकर डटे रहे। अर्जित ने 13 गेंद खेलते हुए 28 रन बनाकर आउट हो पवेलियन लौट गए। मनीष एक गेंद खेल कर एक रनों की बढ़त बनाई। कृष्णा ने दो गेंद में चार रन की बढ़त बनाई।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

दलित युवक की दबंगों ने पीट पीट कर की हत्या ,घटना को लेकर ग्रामीणों ने जताया आक्रोश

लोकमित्र ब्यूरो

महराजगंज रायबरेली। बीती सोमवार की रात आठ बजे के करीब महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के नाथगंज मजरे हलोर गांव में एक व्यक्ति की दबंगों ने पीट पीट कर हत्या कर दी आरोपियों ने घटना को उस समय अंजाम दिया जब वह शौंच के लिए गया हुआ था घटना के पीछे करीब दो महीने पहले दोनों पक्षों के बीच कहासुनी के बाद हुई मारपीट से जोड़ा जा रहा है, हालांकि पुलिस घटना की कई एंगल से जांच कर रही है।गांव निवासी रामधनी 46 वर्ष पुत्र सत्य नारायण सोमवार की रात आठ बजे के करीब घर से खेतों की ओर शौंच के लिए जा रहे थे तभी रास्ते में ही शराब के नशे में गांव का ही रोहित पुत्र राम अचल ने उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी इस पर रामधनी ने विरोध किया तो रोहित ने अपने भाई अखिलेश पिता राम अचल और मां के साथ मिलकर उसकी पिटाई शुरू कर दी और इतना पीटा की वह मरणासन्न हो गया अंततः आरोपी रामधनी को मरा हुआ समझकर मौके से फ़रार हो गए। मौके पर पहुंचे परिजनों द्वारा मरणासन्न अवस्था में उसे सीएचसी महराजगंज लाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया रात में ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।वहीं मृतक के पुत्र रंजीत की तहरीर पर पुलिस ने चारों हत्यारोपियों राम अचल उसके बेटे रोहित व अखिलेश तथा राम अचल की पत्नी के विरुद्ध केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

कुछ दिन पहले ही दोनों पक्षों में हुआ था विवाद

करीब दो महीने पहले मृतक के पुत्र रंजीत और विपक्षी रोहित के बीच कहासुनी के बाद मारपीट हुई थी हालांकि उस समय मामला शांत हो गया था। आरोपियों द्वारा पुराने विवाद को लेकर ही घटना को अंजाम दिए जाने की बात की सामने आ रही है, मामले में सीओ यादवेंद्र बहादुर पाल ने बताया कि घटना की गहनता से पड़ताल की जा रही है, जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

घटना को लेकर ग्रामीणों ने जताया आक्रोश

रामधनी का शव मंगलवार को पीएम के बाद घर पहुंचा तो ग्रामीणों में घटना लेकर आक्रोश फैल गया शव का अंतिम संस्कार करने से इंकार कर दिया और तत्काल आरोपियों की गिरफ्तारी के आलावा पांच बीघे जमीन का पट्टा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी प्रधानमंत्री आवास आदि की मांग की मौके पर पहुंचे एसडीएम सचिन यादव और सीओ यादवेंद्र बहादुर पाल द्वारा काफी समझाने बुझाने के बाद परिजन अंतिम संस्कार को राजी हुए और गांव के बाहर अंतिम संस्कार कर दिया इस दौरान महराजगंज सर्किल क्षेत्र के सभी थानों की पुलिस फोर्स मौजूद रही।

सिख समाज द्वारा मनाया गया धूमधाम से लोहड़ी का पर्व

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। लोहड़ी सिख परिवारों के लिए महत्वपूर्ण त्योहार हैं लोहड़ी मकर संक्रांति के एक दिन पहले मनाया जाता है। हर साल 13 जनवरी को पंजाबी परिवारों में विशेष उत्साह होता है। यह उत्साह तब और बढ़ जाता है यदि घर में बहू या फिर बच्चे के जन्म की पहली लोहड़ी हो।इस दिन लोहड़ी पूजन की सामग्री जुटाकर शाम होते ही परिवार के सदस्यों के साथ विशेष पूजन करके आग जलाकर लोहड़ी का जश्न मनाया जाता है। पूरा परिवार अग्नि के चारों और परिक्रमा (चक्कर लगाना) लगाते हैं। पंजाब एवं जम्मू-कश्मीर में श्लोहड़ीश् नाम से मकर संक्रांति पर्व मनाया जाता है।इस उत्सव को पंजाबी समाज जोशो-खरोश से मनाता है। लोहड़ी मनाने के लिए लकड़ियों की ढेरी पर सूखे उपले भी रखे जाते हैं। समूह के साथ लोहड़ी पूजन करने के बाद उसमें तिल, गुड़, रेवडी एवं मूंगफली, का भोग लगाया जाता है।प्रसाद में मुख्य रूप से तिल, गजक, गुड़, मूंगफली और मक्के की धानी (पॉपकार्न) बांटी जाती हैं। ढोल की थाप के साथ गिद्दा और भांगड़ा नृत्य ।

इस अवसर पर विशेष आकर्षण का केंद्र होते हैं।इस दिन का संबंध मन्नत से भी जोड़ा गया है। जिस घर में नई बहू आई होती है या घर में संतान का जन्म हुआ होता है, तो उस परिवार की ओर से खुशी बांटते हुए लोहड़ी मनाई जाती है। सगे-संबंधी और रिश्तेदार उन्हें आज के दिन विशेष सौगात के साथ बधाइयां भी देते हैं। मुख्य ग्रंथि जगरूप सिंह, नवजीत सिंह,फ्तेहदीप सिंह,सिमरन चावला,कनिष्का चावला,मंजीत सिंह,हरमंदर सिंह,गुरप्रीत सिंह,तरनदीप सिंह आदि लोग मौजूद रहे हैं।

लक्ष्मी वस्त्रालय के द्वारा 500 महिलाओं को कंबल और साड़ी की गई भेंट

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज रायबरेली। लालगंज नगर के मेंन रोड स्थित लक्ष्मी वस्त्रालय के मालिक सतीश कुमार उर्फ बबलू गुप्ता के द्वारा पिछले 15 वर्षों से लगातार मकर संक्रांति के दिन गरीब, विधवा महिलाओं को कंबल और साड़ी वितरण किया जा रहा है। सतीश गुप्ता ने व्यापार मंडल के अध्यक्ष विवेक शर्मा और जिला अध्यक्ष रोहित सोनी के सहयोग से मकर संक्रांति के दिन गरीब महिलाओं को साड़ी और कंबल भेंट कर सराहनीय कार्य किया है। सतीश गुप्ता ने बताया कि यह धर्मार्थ कार्य करने का अवसर उन्हें बाबा बालेश्वर धाम औरअपने पूर्वजों की प्रेरणा से मिला है। दान आदि करने से उनके अंदर आत्मविश्वास और समाज सेवा की भूमिका जागृतहोती है। निरंतर कई वर्षों से महिलाओं की सहायता करने से गरीब लोग स्वयं ही लक्ष्मी वस्त्रालय उनके आवास पर मकर संक्रांति के दिन पहुंच जाते हैं और उन्हें मदद जरूर मिलती है।

इस मौके पर अनुराधा गुप्ता, शांभवी गुप्ता,पुष्कर गुप्ता ,अमित गुप्ता ,कौशलेंद्र कंचन, रवि मुरारका, प्रतीक शर्मा आदि व्यापार मंडल के पदाधिकारी मौजूद रहे।

इमाम हजरत अली के जन्म दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। खुदा के रसूल मोहम्मद मुस्तफ़ा के दामाद, मुसलमानों के चौथे खलीफ़ा, इमाम हजरत अली के जन्म दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर घरों को सजाया गया, पकवान मिष्ठान एक दूसरे को खिला कर गले लगा कर मौला हजरत अली के जन्म दिवस की मुबारकबाद दी, हजरत अली के जन्म दिवस की पूर्व संध्या पर खलिस हाट स्थित इमामबाड़ा वक्फ मीर वाजिद अली में कदीमी महफ़िल ए मीलाद हर साल की तरह इस साल भी मुत्वल्ली अली सरवर (मीसम) नकवी द्वारा आयोजित किया गया जिसमे शायरों ने अपनी रचनाओं को प्रस्तुत कर हजरत अली के जन्म दिवस पर भावनाओं को प्रकट किया और मोमेनीन से दाद हासिल की। रचनाएं प्रस्तुत करने वालों में वसी नकवी, अश्तर नकवी, शमवील नकवी, फ़राज हैदर , जमान रसूलपुरी, तालिब, रिजवान हैदर, शमशाद आलम खान, यादगार काजमी, हसन मुर्तुजा, राशिद नकवी, जैन नसीराबादी ,मेराज, जुहा रिजवी ,साहिल नकवी , अख्तर रायबरेलवी, मीसम रसूलपुरी, ऐजाज अस्करी, सिकंदर जैदी, जमीर अब्बास नकवी उरूज मानिकपुरी आदि ने नजरानाए अकीदात पेश किया। अंत मे मुस्तफ़ा रिजवी साहब ने हजरत अली के इल्म का जिक्र किया, उन्होंने कहा कि हजरत अली आलिम नहीं बल्कि इल्म थे आलिम वह होता है जो दुनियाँ में तालीम हासिल कर के आलिम बनता है, अली वो हैं जिनसे एक बार कई लोगों ने एक ही सवाल किया के मौला ''इल्म बड़ा है या दौलत'' इस सवाल का हर बार अलग जवाब देते हुए मौला ने फ़रमाया कि जिसके पास इल्म होता है उसके दोस्त ज्यादा होते हैं, और दौलतमंद के दुश्मन, इल्म बड़ा होता है क्यूंकि इल्म बाँटने से बढ़ता है जबकि दौलत बाँटने से कम होती है, इल्म अफ़ज़ल है क्यूंकि ये तुम्हारी हिफ़ाजत करता है जबकि दौलत की हिफ़ाजत करनी पड़ती है, इल्म अफ़ज़ल है क्यूंकि आलिम को लोग बुजुर्ग बा वकार समझते हैं जबकि दौलतमंद को कंजूस समझा जाता है, इल्म के चोरी होने का सवाल नही है दौलत के चोरी होने का खतरा रहता है, इल्म जमाने के साथ पुराना नही होता जबकि दौलत बोसीदा हो जाती है, इल्म दुनियाँ और आखिरत में साथ देता है दौलत इसी जिंदगी में, आलिम नर्म मिजाज होता है और दौलतमंद घमंडी होता है, हजरत अली ने फ़रमाया की कसम उस अल्लाह की जिसके कब्जे में मेरी जान है तुम कयामत तक यही सवाल करते रहो मै बदल बदल के जवाब देता रहूंगा। महफ़िल का संचालन शावेज अली ने किया।इस अवसर पर जहीर अब्बास नकवी, एडवोकेट अकबर अली , एडवोकेट दानिश, शबीह हैदर, हाशिम अली, नजमुल रिजवी, असद, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

रामचंद्र पहाड़ में आयोजित मेले में उमड़े श्रद्धालु

लोकमित्र ब्यूरो

नरैनी। मकर संक्रांति के मौके पर मंगलवार को रामचंद्र के पहाड़ पर मेले का आयोजन हुआ। बताते हैं कि त्रेतायुग में भगवान श्रीराम को वनवास मिलने पर अनुज लक्ष्मण व सीता माता के साथ एक रात इस पर्वत पर बिताई गई थी। तभी से इस पहाड़ का महत्व धार्मिक हो गया था। बुजुर्गों ने मंदिर बनवा कर राम, लक्ष्मण व सीता की प्रतिमाएं स्थापित कीं और पूजा-अर्चना की जाती है। पहाड़ जिसमें हमेशा पानी भरा रहता था, लोग स्नान और पूजा करते थे। लेकिन जबरदस्त खनन होने से पहाड़ के कुंड का पानी सूखने लगा है। वर्षों से मकर संक्रांति के मौके पर 2 दिवसीय मेले का आयोजन होता आ रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि हरिश्चंद्र सोनकर की अध्यक्षता में मेले का आयोजन हुआ। इस मौके पर नगर पंचायत के सभासद सहित कस्बे के पीयूष गर्ग मंडल उपाध्यक्ष कालिंजर भाजपा, देवीदयाल साहू मंडल अध्यक्ष कालिंजर भाजपा, लालू यादव, विजय दीक्षित समेत नगर पंचायत के कर्मचारी मौजूद रहे। सुरक्षा की दृष्टिकोण से इंस्पेक्टर रामकिशोर सिंह, कस्बा इंचार्ज अनिल सिंह, उपनिरीक्षक रक्षा सेन सहित सिपाही मौजूद रहे।

सबला संस्था द्वारा संचालित समर्थ परियोजना के माध्यम से एक दिवसीय क्षेत्रीय भ्रमण कार्यक्रम संपन्न

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। सबला संस्था द्वारा संचालित समर्थ परियोजना जो विकासखंड हरचंदपुर की 8 ग्राम सभाओ में कार्यरत है, के माध्यम से एकदिवसीय क्षेत्रीय भ्रमण कार्यक्रम किया गया। जिसमें बैंक ब्लॉक,सीएससी एवं थाना का भ्रमण करवाया गया जिसमें संबंधित विभाग की समस्त जानकारियां दिलवाई गई जैसे- बैंक में बचत खाता कैसे खोला जाता है,उसमें क्या सुविधा मिलती हैं, खाते से कटने वाले रूपयों की जानकारी कैसे मिल सकती है, अटल पेंशन योजना क्या है, महिला सम्मान पत्र कैसे लिया जाता है, समृद्धि सुकन्या योजना इत्यादि की जानकारी दी गई और फिर थाने में सीओ और एस.आई मोहनी, थाना अध्यक्ष से थाने के विषय की संबंधित जानकारी जैसे- 112 और 1090 की पूरी प्रक्रिया कॉल करवा कर समझायी गई और संबंधित प्रक्रिया पूरी होने पर आई हुई 112 और 1090 की टीम से परियोजना को अवगत करवाया गया। इसके साथ ही 1930 साइबर क्राइम से संबंधित आवश्यक निर्देश दिए गए क्योंकि ऐसे मामलों में सावधानी ही समाधान है। फिर स्वास्थ्य केंद्र से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में श्रीमती नेहा वर्मा ने बताया कि यहां पर इतनी सारी सुविधाएं हैं लेकिन अज्ञानता वश महिलाएं और किशोरियां मेडिकल स्टोर से किसी भी तरह की दवाइयां लेकर खाती है और अपनी सेहत के साथ समझौता करती रहती हैं स्वास्थ्य केंद्र पर मिलने वाली सुविधाएं इस प्रकार है मातृ एवं शिशु देखभाल सेवा, मुख संबंधी देखभाल,मानसिक स्वास्थ्य, नाक, कान, गला की देखभाल,किशोरावस्था संबंधी समस्याओं की जानकारी,वृद्ध व्यक्तियों की देखभाल,और काउंसलिंग,प्रजनन संबंधी देखभाल यानी कि गर्भावस्था के समय जच्चा बच्चा की देखभाल,और गंभीर बीमारियों पर कैसे मरीज की देखभाल करें उसके बारे में बताया जाता है। इसके साथ ही संचारी रोग और गैर संचारी रोग में क्या अंतर है और उसमें किस तरह की सावधानियां रखनी चाहिए इसके बारे में भी विस्तार पूर्वक बताया गया इसके साथ ही टीवी मुक्त भारत बनाने के लिए 100 दिनों सघन अभियान 7 दिसंबर से चल रहा है जिसमें ऑनलाइन पंजीकरण होता है और पोषक तत्वों के लिए रू0 500 मासिक मरीज को मिलते हैं इसके साथ ही उसे पोषक तत्वों की पोटली भी दी जाती है। जांच करने के लिए कुछ आवश्यक लक्षण भी बताए गए और कुछ स्थितियां ऐसी बताई गई है जिससे सम्बंधित व्यक्ति जाकर अपना टीवी का चेकअप करा सकते हैं, यदि ज्यादा लोग हो तो अस्पताल से एंबुलेंस उनको ले जाकर और चेकअप कराने के बाद वापस घर छोड़ने भी जाती है। इसके साथ ही उन्होंने कुछ जरूरतमंद लोगों को दवाइयां दी और चेकअप भी किया। इस क्षेत्रीय भ्रमण कार्यक्रम को अच्छी तरह संचालित करने के लिए टीम लीडर शुभा मिश्रा, अकाउंटेंट राजेंद्र वर्मा,परियोजना सुपरवाइजर दीपांजलि श्रीवास्तव, सुनैना का पूर्ण सहयोग रहा।

कहीं हुआ खिचड़ी हो तो कहीं वितरित हुए कंबल

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज रायबरेली । मकर संक्रांति के पावन अवसर पर लोगों के द्वारा जगह-जगह पर जहां खिचड़ी भोज किया गया वहीं श्रद्धालुओं के द्वारा साड़ी ,कंबल आदि भी वितरण किए गए। लालगंज नगर के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में महंत लक्ष्मी शंकर बाजपेई के द्वारा तहरी भोज का आयोजन किया गया। वहीं नारायण टेंट हाउस के मालिक निखिल तिवारी के द्वारा खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने छक पर प्रसाद ग्रहण किया। महंत लक्ष्मी शंकर बाजपेई ने कहा कि मकर संक्रांति हिंदुओं का पारंपरिक महत्व का त्यौहार है। भगवान सूर्य की उपासना का खास पर्व है। आज ही के दिन से भगवान सूर्य नारायण दक्षिणायन से उत्तरायण आते हैं जिससे ऊष्मा रूपी उत्साह का संचार होता है। मानव के अंदर कार्य करने की क्षमता बढ़जाती है।इस अवसर पर विष्णु गुप्ता, कमल तिवारी सहित श्रद्धालु मौजूद रहे।

लोहड़ी का पर्व बड़े धूमधाम, हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा गुरु नानक नगर व गुरुद्वारा फ्रिोज गांधी नगर में लोहड़ी का पर्व बड़े धूमधाम, हर्षोल्लास के साथ मनाया गया दोनों गुरुद्वारों के मुख्य ग्रंथी ज्ञानी जगरूप सिंह व ज्ञानी बलबीर सिंह ने अरदास की उपरांत लकड़ियों को अग्नि दी, उसके बाद समाज के नव विवाहित जोड़े व इस वर्ष पहली लोहड़ी मना रहे छोटे-छोटे बच्चों के परिवारो ने गुरुद्वारे में मत्था टेक कर लकड़ियों में लगी अग्नि में परिक्रमा की और उसमें मूंगफली,मकई के दाने,रेवड़ी समर्पित किए।बैसाखी मेले की तरह लोहड़ी का पर्व फसल से है, इस त्यौहार के समय गेहूं ,सरसों,और छोला जैसी फसलें लहराती है। लोहड़ी की कोई धार्मिक कहानी नहीं है बल्कि वीर योद्धा दूल्हा भट्टी की कहानी पर है।दुल्ला भट्टी मुगलों के समय एक बहादुर योद्धा थे जो मुगलों के आतंक के खिलाफ थे।कहा जाता है कि उन्हीं के इलाके के ब्राह्मण समाज की दो लड़कियां सुंदरी और मुंदरी के साथ इलाके का मुगल शासक जबरन शादी करना चाहता था,लेकिन लड़कियों की दूसरी जगह सगाई हो चुकी थी और लड़के वाले आतंकी मुगल शासक के डर से शादी के लिए तैयार नहीं थे, इस समय दुल्ला भट्टी ने ब्राह्मण की मदद की और एक जंगल में जाकर आग लगाकर दोनों लड़कियों को कन्यादान कर शादी करवाई,कहा जाता है कि उस समय शगुन के तौर पर दूल्हा भट्टी ने शक्कर दी थी।जुर्म के खिलाफ मानवता की सेवा को याद कर दूल्हा की जीत को लोहड़ी के रूप में मनाते हैं। पंजाब में लोहड़ी का संबंध नए जन्मे बच्चों के साथ भी है,लोहड़ी की पवित्र अग्नि में तिल, मूंगफली, रेवड़ी, डालकर बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया जाता है। लोहड़ी पर लोग दूसरों को बधाई संदेश देते हैं वह गीत गाते हैं।गुरुद्वारा साहिब में प्रमुख रूप से सुरेंद्र सिंह मोंगा,जोगिंदर सिंह अरोड़ा,त्रिलोचन सिंह ,गुरजीत सिंह तनेजा,,निरवैर सिंह ,आदि उपस्थित थे।

रायबरेली मार्शल आर्ट एकेडमी में कराटे बेल्ट टेस्ट सम्पन्न

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। कराटे एसोसिएशन ऑफ रायबरेली के तत्वावधान में एक दिवसीय जूनियर कलर बेल्ट कराटे ग्रेडिंग परीक्षा रायबरेली मार्शल आर्ट एकेडमी, श्री मैरिज लॉन 66 फिट रोड निकट पीएसी रायबरेली में सफलता पूर्वक संपन्न हुई। कराटे बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा में मुख्य रूप से लिखित परीक्षा, दाची, जुकी, उके, किक, स्कॉट, किहोन, काता, योगासन एवं शारीरिक परीक्षा के साथ मौखिक परीक्षा भी ली गई। बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा को एनटीपीसी ऊंचाहार कोच व जिला कराटे संघ सचिव राहुल कुमार पटेल, मुख्य कराटे प्रशिक्षक मास्टर राकेश कुमार गुप्ता अध्यक्ष जिला कराटे संघ रायबरेली के द्वारा संचालित की गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि एसपी तिवारी (रिटायर्ड डी0एस0पी0 उत्तर प्रदेश पुलिस) ने बच्चों को खेल से जुड़ी हर संभव मदद का भरोसा दिया। अतिथि प्रशांत सिंह सचिव कलारीपयट्टू एसोसिएशन रायबरेली ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया। इस परीक्षा को सफल बनाने में परीक्षक पीयूष कमल, जितेन्द्र सिंह, रितिका गुप्ता व प्रतीक सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। परीक्षा में विभिन्न कराटेकारों ने भाग लिया। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले व्हाइट बेल्ट से येलो बेल्ट में वैष्णवी शर्मा, अखण्ड प्रताप सिंह, आर्यवीर सिंह, रुद्रांश पटेल, सत्यार्थ पटेल। येलो बेल्ट से ऑरेंज में अविरल सिंह, वैष्णवी सिंह, अजिंक्य पार्थ। ऑरेंज बेल्ट से ग्रीन बेल्ट में विराट सिंह ,आर्यन जायसवाल ,ग्रीन बेल्ट से ब्लू बेल्ट में प्रानवी शुक्ला, अथर्व शर्मा , श्रेया कौशल वहीं ब्लू बेल्ट से पर्पल में आदित्य प्रताप सिंह , वहीं पर्पल बेल्ट से रेड बेल्ट में रागी सिंह, अविका वहीं महरूम बेल्ट से ब्राउन 2दक बेल्ट में अनुप्रिया मौर्या व आराध्या शुक्ला शामिल है। यह जानकारी रायबरेली मार्शल आर्ट एकेडमी के प्रशिक्षक एवं सेंसाई आशीष जायसवाल ने बताया कि इस बेल्ट टेस्ट प्रतियोगिता में एकेडमी के 35 बच्चों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने अपना शानदार प्रदर्शन दिखाते हुए बेल्ट टेस्ट परीक्षा पास किया। इस मौके पर खिलाड़ियों के अभिभावक रमेश शुक्ला, अनूप मौर्या, मौसम शुक्ला आदि मौजूद रहे।

प्रेमी जोड़ों ने नटबली की समाधि में खिचड़ी चढ़ाकर मकर संक्रांति मनाई

लोकमित्र ब्यूरो

बांदा। जिला मुख्यालय से सटे भूरागढ़ किले में बना नट बली का मंदिर एक प्रेम कहानी का प्रतीक है। मालूम हो कि 1830 में भूरागढ़ किले में महोबा जिले के सुगिरा गांव के निवासी नोने अर्जुन सिंह किलादार थे। भूरागढ़ से कुछ दूरी पर केन नदी के उस पार सरबई गांव में बसे नट यहां मकर संक्रांति के त्योहार में अपना करतब दिखा रहे थे, जैसे ही बली नामक नट युवक बांस के लट्ठों में बंधी पतली रस्सी पर चलकर नीचे उतरा, किलेदार अर्जुन सिंह की बेटी उससे प्रभावित होकर लिपट गई और शादी की जिद करने लगी। बेटी की जिद देख अर्जुन ने शर्त रखी कि यदि नट युवक रस्सी पर चलकर केन नदी पार कर किले तक आ जाए तो वह अपनी बेटी की शादी नट युवक से कर देगा। बली नामक नट युवक ने वैसा ही किया। पूरी नदी पार कर जब वह किले को छूने ही वाला था कि अर्जुन सिंह ने रांपी (धारदार हथियार) से किले की चोटी में बंधी रस्सी काट दी, जिससे पत्थरों में गिरने से नट युवक की मौत हो गई। वह बताते हैं, किलेदार की बेटी अपने पिता की यह हरकत देख हतप्रभ रह गई और उसने भी किले से कूदकर जान दे दी। दोनों की समाधि में मंदिर अगल-बगल बने हैं और तभी से हर साल नटबली के मंदिर पर मकर संक्रांति को मेला लगता चला आया है। यहां प्रेमी जोड़े आते हैं और खिचड़ी का प्रसाद चढ़ाकर अपने प्यार की सलामती की दुआ मांगते हैं।

राना बेनी माधव सिंह की प्रतिमा और स्मारक स्थल पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि

लोकमित्र ब्यूरो

जगतपुर, रायबरेली। मंगलवार को राना बेनी माधव सिंह स्मारक इंटर कॉलेज शंकरपुर के प्रांगण में शहीद पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत 7 जनवरी मुंशीगंज के शहीद स्मारक से प्रारंभ होकर विभिन्न शहीद स्मारक स्थलों पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन होने के उपरांत यह कारवां शंकरपुर के राना बेनी माधव सिंह स्मारक स्थल और प्रतिमा पर पुष्पांजलि और माल्यार्पण किया गया।राना बेनी माधव सिंह स्मारक समिति शंकरपुर के अध्यक्ष हरिचंद्र बहादुर सिंह जीसी सिंह चौहान राम अकबाल बहादुर सिंह सहित सभी ने राना साहब की प्रतिमा पर पुष्प वर्षा और माल्यार्पण किया।इस अवसर पर कॉलेज के प्रबंधक और राना बेनी माधव सिंह स्मारक समिति के अध्यक्ष श्री हरिचन्द्र बहादुर सिंह ने जिला संयोजक सेनानी परिवार जीसी चौहान एवं सभी उपस्थित अतिथियों को माल्यार्पण एवं अंग वस्त्र से सुशोभित किया। वहीं इस मौके पर समर बहादुर सिंह डॉ आजेंद्र प्रताप सिंह संयोजक राना बेनी माधव सिंह स्मारक समिति शंकरपुर अरुणेंद्र प्रताप सिंह आलोक सिंह अजय पाल सिंह अजय प्रताप सिंह अभिनेश सिंह जितेन्द्र बहादुर सिंह प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट सत्येंद्र कुमार विजय कुमार सिंह राजकुमार सिंह राज्यपाल सिंह रविंद्र चौहान बुधेर्न्द बहादुर सिंह राम अकबाल बहादुर सिंह प्रतिनिधि एवं पत्रकार सुनील सिंह अमर सिंह अमित मिश्रा मोहम्मद उमर भोले शंकर अमिताभ द्विवेदी देवेन्द्र सिंह मौजूद रहे कार्यक्रम में अमर सेनानी राना बेनी माधव सिंह के जीवन परिचय एवं उनके द्वारा युद्ध कौशल इतिहास के बारे में विस्तार पूर्वक उपस्थित गणमान्यों ने अपने विचार व्यक्त किये।इस कार्यक्रम में स्वतंत्रता सेनानी परिवार के जिला संयोजक जीसी सिंह ने किसी भी प्रशासनिक अधिकारी या कर्मचारी के मौके पर ना उपस्थित होने पर अपनी गहरी नाराजगी भी जताई।

सहन की भूमि पर जबरन नाली निर्माण की शिकायत जिलाधिकारी से

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज रायबरेली। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के पूरे अजबी मजरे ऐहार गांव में जबरन सहन से नाली निर्माण कराये जाने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में पीड़ित देवी शंकर यादव मामले की शिकायत जिलाधिकारी रायबरेली से की है। देवी शंकर का कहना है कि गांव के ही जितेंद्र व हितेंद्र पुत्र गण राज बहादुर और भोलानाथ यादव उनके सहन से पूरे करबती निवासी राजेश फौजी व राजबहादुर की मदद से नाली का निर्माण कराना चाहते हैं। जबकि मामले का एक मुकदमा दीवानी न्यायालय रायबरेली में विचाराधीन है। रविवार को नायब तहसीलदार और कानून गो राजेंद्र प्रजापति को लेकर प्रतिपक्षी गण मौके पर जेसीबी मशीन लेकर पहुंचे और जबरन उनके सहन पर बने पांच पक्के खंबे व छप्पर तोड़ दिया। साथ ही छप्पर में आग लगा दिया। जेसीबी मशीन से सहन की जमीन पर नाला भी खुदवा दिया। एतराज करने पर प्रतिपक्षी गणों ने कहा कि कानून मेरी मुट्ठी में है। ज्यादा बोलोगे तो गड्ढा खोदकर गाड़ देंगे। देवी कुमार यादव का कहना है कि ऐहार ग्राम पंचायत में भी भ्रष्टाचार का बोलबाला है ।मनरेगा में जेसीबी मशीन से खुदाई की जा रही है जो कि सरासर गैर कानूनी कार्य है ।मनरेगा में मजदूरों से कार्य करने का प्रावधान है। भ्रष्टाचार में खंड विकास अधिकारी सहित सेक्रेटरी आदि की भी मिली भगत है। देवी कुमार यादव का कहना है कि अगर सुनवाई नहीं हुई तो हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटायेंगे।

पारंपरिक लोकगीतों की धुन पर लोहड़ी पर्व उल्लास के साथ मनाया गया

लोकमित्र ब्यूरो

नैनी(प्रयागराज)। नैनी क्षेत्र के गुरुद्वारा सहित कई स्थानों, घरों पर लोहड़ी पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। रिफ्यूजी कॉलोनी,पीएसी,काजीपुरा,ए.डी.ए आदि मोहल्ले में लोहड़ी पर्व विभिन्न धर्मों व समुदाय के लोगों के साथ गीत-संगीत के साथ यह त्यौहार उत्साह से मनायाद्य

सरदार पतविंदर सिंह क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा काशी क्षेत्र ने लोहड़ी उत्सव में शामिल होकर कहा कि बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ,भ्रूण हत्या बंद करो,बेटियों को संसार में आने दो तभी लोहड़ी की सच्ची खुशियां मिलेंगी,लोहड़ी के त्यौहार नव वधू एवं पहले बच्चे की लोहड़ी विशेष रूप से कई जगह सामूहिक मनाई गई,खुले स्थान पर पवित्र अग्नि जलाई गई और परिवार व पड़ोसी संघ

लोकगीत गाते नए धान के लावे के साथ खीर,मक्का,गुड,रेवड़ी,मूंफली आदि पवित्र अग्नि को समर्पित करते हुए परिक्रमा कर लोगों ने सर्व समाज की समृद्धि की कामना के साथ जलती अग्नि के चारों और गोला बनाकर नृत्य किया अग्नि के समक्ष हर कोई सेल्फी लेने में मशहूर रहा।

गुरुद्वार में संध्या 6ः00 बजे से 8ः00 बजे तक गुरबाणी का पाठ,त्यौहार की कथा विचार,शब्द कीर्तन, संगत ने गुरु का नाम जप कर आशीर्वाद प्राप्त किया

लोहड़ी पर्व पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह अल्पसंख्यक मोर्चा काशी क्षेत्र भाजपा ने जगह-जगह लोहड़ी पर्व पर एकत्रित परिवार,आस-पड़ोस,मित्रों को संबोधित करते हुए कहा कि इस पर्व का आयोजन का उद्देश्य बेटियों को बेटों के बराबर मान-सम्मान मिले और लोगों की नकारात्मक सोच बदलना आज लोहड़ी के पर्व की पवित्रता सैकड़ों गुना बढ़ गई है क्योंकि यहां भारतीय सांस्कृति में देवी के रूप में पूजी जाने वाली कन्याओं की लोहड़ी मनाई जा रही है सच है जिनके यहां बेटी ने जन्म लिया व नववधू का आगमन हुआ है पंजाबियों ने समाज की रूढ़ियों को तोड़कर बेटी के जन्म वा नववधू के आगमन पर पहली लोहड़ी हर्षोल्लास से मनाने की प्रथा हमें अपने पूर्वजों पर गौरवान्वित करती है

क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह अल्पसंख्यक मोर्चा काशी क्षेत्र भाजपा ने आगे कहा कि वास्तव में पंजाब और पंजाबी समाज ने बेटियों की लोहड़ी मनाने की पहल कर देशवासियों का ध्यान बेटियों के मान-सम्मान से जोड़कर पर्व मनाने की पवित्रता को दुगुनी कर दिया

इन पर्व से सामाजिक चेतना जगाने के साथ परस्पर मैत्री एवं सद्भाव का भी संदेश मिलता हैद्य हम सबको लोहड़ी पर्व पर ÷कन्या भ्रूण हत्या न करने÷ के प्रति जागरूक होने के साथ साथ महिलाओं के प्रति भेदभाव निवारण के रूप में शपथ लेते हुए लोहड़ी त्यौहार मनाना है

इस अवसर पर सुरेंद्र सिंह, परमिंदर सिंह बंटी,ज्ञानी जसपाल सिंह,सरदार पतविंदर सिंह, लखविंदर सिंह,राजू,कमल,चरणजीत सिंह, हरप्रीत,रूपिंदर, हरविंदर, जसप्रीत,लखवीर सिंह,हरजीत सिंह, सतनाम सिंह सहित बड़े बच्चे,महिलाएं,बुजुर्ग सभी धर्म संप्रदाय के बड़ी संख्या ने एक दूसरे को बधाइयां दी।

तमसा के तट घोघर बीर बाबा मेंले मे उमड़ी भारी भीड़ कड़ी सुरछा के साथ मेला सम्पन्न

लोकमित्र ब्यूरो

नारीबारी(प्रयागराज)। मकर संक्रांति का त्योंहार तमसा नदी के तट पर बारा-कोरांव दो तहसीलों के मध्य पारम्परिक रूप से घोघर बीर बाबा के प्राचीनतम क्षेत्रीय मेला मे भारी भीड़ उमड़ी लोगों ने मेले का खूब आनंद लिया।14 जनवरी मंगलवार को मवैया कला-जरखोरी बारा तहसील अंतर्गत तमसा के तट मकरसंक्रांति मे लगने वाले एतिहासिक मेंले मे क्षेत्रीय जनो का धूप निकलने व मौसम साफ होने से अपार भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने मेले मे गुड़ वाली जलेबी,लाई,चाट मिठाई और ऊखं खिलौनों की जमकर खरीदारी कर लोगों ने कलकलाती तमसा नदी मे स्नान पूजन कर मेले का लुफ्त उठाया।

घोघर बीर के पास लगने वाला खिड़की का यह मेला बारा और

कोरांव तहसील के माध्य में हर साल 14 जनवरी बको आयोजित किया जाता है, बड़े बुजुर्गो द्वारा बताया गया कि तमसा नदी के किनारे लगने वाला घोघर बीर का यह मेला सैकड़ो साल से लग रहा है जिसमे हजारों कि संख्या लोग मेले का लुत्र उठाते है द्य कार्यक्रम में धर्मराज पाल, छेदीलाल आदिवासी,अतर सिंह कुशवाहा, अशोक सिंह, सुधाकर सिंह, संतोष सिंह रामराज सिंह, बालेन्द्र सिंह,पृथ्वीराज साहू,विसम्भर मिश्र आदि रहें। वही कोरांव तहसील अंतर्गत महूली गांव मे भी भारी भीड़ रही। मेले मे सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टि से चौंकी प्रभारी नारीबारी संतोष सिंह मय दल-बल के साथ मेले में मौजूद रहें।

जब बसें ही नहीं तो कैसे करेंगे महाकुंभ में स्नान

लोकमित्र ब्यूरो

लेड़ियारी (प्रयागराज)। प्रदेश सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी जी ने दो दिवसीय लोगों को मकर संक्रांति पर महाकुंभ स्नान करने के लिए निशुल्क बसें चलाएं जाने का ढिंढोरा पीट रही है। लेकिन यमुनानगर लापर क्षेत्र में जब कोई सटर राज्य परिवहन निगम की बसें न होने से लोग प्रयागराज तक नहीं पहुंच सके।बताया जाता है कि इस लापर क्षेत्र में तीन दशक से कोई राज्य परिवहन निगम की बसें का संचालन नहीं होने से ग्रामीणों को काफी असुविधा उत्पन्न हो रही है। जबकि इसके पूर्व बड़ोखर वाया रतेवरा, देवी बांध, लेड़ियारी, बहरैचा, खीरी, नारीबारी होते हुए प्रयागराज तथा लखनऊ तक परिवहन निगम की बसें संचालित किया जाता रहा। वहीं मिर्जापुर से मांडा, कोरांव,लेड़ियारी, चाकघाट तक बसें जाती रही थी। लेकिन तीन दशक से कोरांव वाया रतेवरा, करपिया, खीरी नारीबारी तक कोई राज्य परिवहन निगम की बसें संचालित नहीं है। जिससे लोगों को आवागमन में काफी दिक्कत उठानी पड़ रही है। इन मार्गो पर के डग्गामार वाहनों का संचालन हो रहा है। जिससे काफी फजीहत के बाद ही लोग प्रयागराज तक पहुंच पाते हैं। इतना ही नहीं चल रहे डग्गामार वाहन सवारियों को भूसे की तरह भर लेते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि दो रूपये प्रति किलोमीटर की दर से किराया वसूल किया जाता है। अगर किसी को दो किलोमीटर दूर तक सफर कराना पड़े तो उन्हें दस रुपए देना होगा। यानी उनके पांच रुपए प्रति किलो मीटर की दर से किराया लिया जाता है। अगर कोई सवारी कम पैसे दिए तो उन्हें अपने मंजिल से पहले गाड़ी से उतार दिया जाता है। जिससे साथ में लिए परिवार को पैदल सफर करना पड़ता है।

महाकुम्भ का गौरव बढ़ा रही निःशुल्क बस सेवा क्षेत्र में बना चर्चा का विषय

नारीबारी (प्रयागराज)। राष्ट्रीय राज मार्ग 30 चाकघाट से प्रयागराज तक निःशुल्क परिवहन सेवा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा तीर्थ यात्रियों के आवागमन सुगम व सरल बनाने के लिए चलाई गई है,जिसे देखकर श्रद्धालुओ में खुशी का माहौल व्याप्त है। निःशुल्क सुविधा होने से ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धालु स्नान के लिए अधिक से अधिक मात्रा में जा रहे हैं। सूबे के मुख्यमंत्री की प्रदेश भर में प्रशंसा हो रही है।चाकघाट बॉर्डर के पहले मंत्री चौराहे बघेड़ी से ही दर्जनों की तादात में बस, कुम्भ के यात्रियों को ससम्मान बैठाकर गंतव्य पर ले जाने का सराहनीय काम,अंचल में चर्चा का विषय है।भाजपा के नवनिर्वाचित पदाधिकारी जिला प्रतिनिधि संजीव पाण्डेय व मण्डल अध्यक्ष आशीष कुमार पाल ने भी स्नानार्थियों को जलपान की समुचित व्यवस्था कराते हुए कुम्भ मेला क्षेत्र तक सकुशल पहुंचाने का संकल्प दुहराया।सोहागी पहाड़ से लेकर प्रयागराज तक सड़क के किनारे म.प्र. के गाँवों में भी भक्ति और सेवा की धूम मची हुई है।लोग सेवाधर्म का निर्वहन करते हुए पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं।अपने सेवा से जीवन की सार्थकता साबित करने में ग्रमीणों ने भी कोई कोर कसर नही बाकी रखी है।वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद बाबू झा,सूर्य कांत शुक्ल,अशोक मिश्र,सुरेश चंद्र पाण्डेय,दिवाकर त्रिपाठी,दीपक केशरवानी,दिलीप चतुर्वेदी, विकास शुक्ल आदि लोगों ने यात्रियों के सामान सहित गाड़ी में चढ़ाने-उतारने व अन्य किसी भी प्रकार को असुविधा के मद्देनजर तमाम समाजसेवियों सहित एकजुटता के साथ प्रतिबद्धता प्रदर्शित की।

आज सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ नाथ महाराज का नाम पूरी दुनिया मे सिद्दत से इसलिए लिया जा रहा है कि ऐसी सुव्यवस्थित व्यवस्था न भूतो न भविष्यति की अर्थवत्ता लेकर चरितार्थ कर रही है।सारे संत महन्त और आम जनमानस में प्रयागराज महाकुंभ की चर्चा गुंजित हो रही है।श्रद्धा का ऐसा उत्साह पहले कभी नही देखा गया।आज प्रयाग की पावन धरा धन्य है।माँ गंगा-यमुना और अदृश्य सरस्वती के पावन संगम पर भक्ति-भक्त-भगवंत साकार रूप में दिखाई दे रहे हैं।यात्रियों का रेला देखते ही बनता है।बच्चे,बूढ़े,महिलाओं की टोली बड़े श्रद्धा से पावन गंगा माँ के तट की ओर झुण्ड के झुण्ड जाते दिखाई नजर आ रहे हैं।लोग-बाग अपने स्वधर्म का पालन करने के लिए श्रद्धावनत भाव से कर रहे हैं।पुलिस-प्रशासन की चाक-चौबंद व्यवस्था से लोगों में विश्वास का माहौल व्याप्त है।

नगर पंचायत ने श्रद्धालुओं के लिए बनाया अस्थाई रैन बसेरा

लोकमित्र ब्यूरो

मऊआइमा (प्रयागराज)। नगर पंचायत मऊआइमा ने फोरलेन के निकट ग्राम महमदपुर सरायअली में महाकुंभ के मद्देनजर अस्थाई रैन बसेरा का निर्माण कराया है। इसमें पांच महिलाओं और पांच पुरुषों के रुकने की सुविधा उपलब्ध करायी गई है। नगर पंचायत अध्यक्ष शोएब अंसारी, ईओ मीनाक्षी चतुर्वेदी तथा वरिष्ठ लिपिक हीरालाल, आशीष कपूर, आजम खान, भारत लाल, जैद, कुल्लू आदि ने स्वागत शिविर के पीछे अस्थाई रैन बसेरा की स्थापना इस मकसद से की है कि उक्त मार्ग पर प्रतापगढ़, सुल्तानपुर, अयोध्या आदि



स्थानों से आने और जाने वाले स्नानार्थियों को रुकने में किसी तरह की असुविधा न हो।

महाकुंभ में आये श्रद्धालुओं को खिचड़ी बाँटकर किया स्वागत

नैनी(प्रयागराज)। चकभठाही तिराहे पर समाज सेविओं द्वारा महाकुंभ में देश विदेश से आये श्रधालुओं को खीचरी खिलाकर उनका स्वागत एवम् सम्मान किया गया।

इस कार्यक्रम में संयोजक शिव शंकर मिश्रा, राजेश गुप्ता, सामाजिक कार्यकर्ता नयन कुमार कुशवाहा, राकेश श्रीवास्तव, विनोद जैकब, मुन्ना जाफ़री, मोहित गुप्ता, राज गुप्ता, सुनील यादव, गामालाल पटेल, राकेश गुप्ता, आदित्य गुप्ता, गुंजा देवी, दिव्यानशी गुप्ता, शिव गुप्ता, आर्यन पटेल, दिनेश श्रीवास्तव , कर्तिकेय आदि लोग शामिल रहें।

मकर संक्रांति का स्नान सकुशल संपन्न

नैनी(प्रयागराज)। महा कुंभ का प्रथम स्नान पर्व मकर संक्रांति का स्नान मंगलवार को भारी उत्साह के साथ संपन्न हो गया चप्पे चप्पे पर लगी सुरक्षा व्यवस्था से स्नानार्थी कदम कदम पर लाभान्वित हुए। दो पहिया और चार पहिया वाहनों को पूरी तरह से प्रतिबंधित किया गया था। परन्तु कुछ वाहनों के प्रवेश कर जाने से मामूली दिक्कतें देखी गई। फिलहाल दोपहर बाद तक अरेल, सोमेश्वर, डीपीएस घाटों पर लाखों की संख्या में लोगों ने डुबकी लगाई। ज्ञातव्य हो कि महाकुंभ में सभी पर्वों पर सकुशल स्नान कराने के इरादे से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वयं मॉनिटरिंग की और स्नानार्थियों की सुविधा के

लिए दिशा निर्देश भी दिए। इसी का परिणाम रहा कि सोमवार को पौष पूर्णिमा का सकुशल स्नान और फिर आज मकर संक्रांति का स्नान पूर्ण चौकसी और सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुआ। आज भोर से पहले ही स्नानार्थियों की भीड़ घाटों की ओर उमड़ पड़ी थी। विभिन्न स्नान घाट की बेहतर सुविधा होने के कारण लोग आसानी से पुण्य की डुबकी लगा सके। चहुंओर जय गंगा मैया के जयघोष से क्षेत्र गुंजायमान रहा।

स्वाबलंबन की राह दिखा रही खोंचा की फूलकली

लोकमित्र ब्यूरो

लेड़ियारी(प्रयागराज)। खोंचा गांव की फूल कुमारी महिलाओं को किसानी से जोड़कर उनकी बनाने का काम कर रही है । कृषक उत्पादन संगठन से जोड़कर उन्हें खेती करने के लिए जागरुक कर रही है। अब तक कई महिलाओं को वह इसके लिए प्रेरित कर चुकी हैं। जिसका महिलाएं लाभ उठा रही है।

लगभग पांच साल से फूल कुमारी खोंचा , किंहुनी , धोबहट, चैलारी , लालतारा, खीरी , कैथवल , देईबाध, बहरैचा, लेड़ियारी गांवों की महिला किसानों को प्रेरित करने का काम शुरू किया। धीरे - धीरे महिलाएं उनसे जुड़ने लगी। अब तक उनके साथ में क्षेत्र के विभिन्न गांवों

की लगभग तीन सौ महिला किसान जुड़ चुकी है। महिलाएं किसानों को खेती की नई तकनीकी उन्नतशील बीजों की प्रजाति की गांव में जाकर जानकारी दे रही है। साथ वह खुद भी खेती किसानी कर रही है। सरसों, तिल, मूग, उरदी, अलसी और पेटुआं फसलों के अलावा सब्जियों की खेती फूल , बागवानी के बारे में जोर दिया जा रहा है। खोंचा की फूल कुमारी, पूजा, संगीता देवी, सुधा देवी, सुमन यादव का कहना है कि उन्हें खेती में पहले की तुलना में अब ज्यादा लाभ मिलने लगा है।

मेले में जुटी भीड़, सजी दुकानों में की खरीदारी, बच्चों ने खरीदें खिलौने

लेड़ियारी(प्रयागराज)। मकर संक्रांति (खिचड़ी) मेले में पथरपुर वरूण नदी शिव जी मंदिर के पास प्रत्येक वर्ष की भांति इस साल भी सुबह से ही लगने वाले इस मेले का महत्व है। दूर-दराज के साथ क्षेत्रीय लोगों से अपने दुकानों को लेकर पहुंचे। मेले में बच्चों के खिलौने, मिठाइयां , समोसा, चाट, ईख लाई व जलेबी आदि की दुकान लगी। महिलाओं ने गृहस्थी के सामानों की खरीदारी की। जबकि सुबह से ही कोहरे व बादल छाए होने होने से लाए गए दुकानदारों को फजीहत उठानी पड़ी। जिससे जो लागत लगाए गए उनके पैसे कम वसूल होने से मायूसी दिखे । सुबह होने से आए हुए मेले

में काफी फजीहत देखने के वावजूद दुकानदारों ने अपनी दुकान पर देर शाम डटे रहे।लेड़ियारी पुलिस सहायता केंद्र इंचार्ज अजप सिंह अपने हमराही के साथ व्यवस्था में लगी रही। थाना प्रभारी खीरी आशीष सिंह ने कहा कि मेले में सुरक्षा के बेहतर इंतजाम है। किसी प्रकार की अराजकता करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

कूड़ाघर बना शो पीस गांव में लगा गंदगी का अंबार

लेड़ियारी (प्रयागराज)। विकास खंड कोरांव क्षेत्र के ग्राम सभा देईबांध में लाखों रुपये की लागत से बनाई गई कूड़ाघर शो पीस साबित हो रहा है। जबकि इसके लिए वाहन और सफाई कर्मी की समुचित व्यवस्था होने के बावजूद गंदगी का अंबार लगा हुआ है।

गांव के सामाजिक कार्यकर्ता विकास पांडेय, ने बताया कि ग्राम प्रधान सोहागी देवी तथा ग्राम विकास अधिकारी के मिली भगत और बंदर वांट के कारण शासन से निर्गत धन में काफी हेराफेरी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में कई बार तहसील दिवस व संबंधित विभाग के अधिकारियों को

अवगत कराने के बाद भी ध्यान नहीं दिए जाने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

उन्होंने ने बताया कि गांव लगे एगमार्क हैंडपंप मरम्मत के नाम पर लाखों रुपये खाते से निकाल लिया गया है। लेकिन आज तक गांव में लगे कई हैंडपंप मरम्मत के अभाव में ख़राब पड़ें हुए हैं। जिससे गांव के लोगों को पानी पीने के लिए दूर - दराज जाने से विवश होना पड़ रहा है।

भा0 रा0 पत्रकार महासंघ के गंगापार अध्यक्ष बने श्याम कृष्ण शुक्ल. क्षेत्रीय पत्रकारों ने जताई खुशी

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के संरक्षक / संयोजक भगवान प्रसाद उपाध्याय मंडल संरक्षक कृष्ण कुमार गिरी के कुशल नेतृत्व मे श्याम कृष्ण शुक्ला को जिला अध्यक्ष गंगापार प्रयागराज की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिससे फाफामऊ थरवंई सहित क्षेत्रीय पत्रकारों में उत्साह और खुशी की लहर व्याप्त है ।महासंघ के राष्ट्रीय नेतृत्व ने श्याम कृष्ण शुक्ल के अनुभव और उनके द्वारा पत्रकारिता क्षेत्र में दिए जा रहे योगदान को देखते हुए महासंघ ने गंगापार प्रयागराज का जिला अध्यक्ष बनाया है जिससे क्षेत्रीय पत्रकारों की समस्याओं का समाधान प्रभावी ढंग से होगा।क्षेत्रीय पत्रकारों ने गंगापार के जिला अध्यक्ष की नियुक्ति का स्वागत करते हुए कहा कि जिला अध्यक्ष गंगापार की जिला इकाई के गठन होने के बाद संगठन को और अधिक बल मिलेगा । बल्कि पत्रकारों के हितों के संरक्षण में भी अहम भूमिका निभाएगा। पत्रकारों ने यह भी विश्वास व्यक्त किया कि श्याम कृष्ण शुक्ला गंगापार के पत्रकारों की आवाज को और अधिक मजबूती से उठाएगे और पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा करेंगे।

क्षेत्रीय पत्रकारों मे प्रमुख रूप से जितेंद्र बहादुर सिंह. सुनील सोमवंशी. हनुमान शुक्ला. आर डी वर्मा. मोहम्मद कयूम. उमेश तिवारी. अमर बहादुर चौरसिया. महेंद्र शुक्ला. अश्वनी मिश्रा. रतन सिंह चौहान. लव गुप्ता. अशोक मिश्रा. बिंदु गुप्ता. बृजेश. आनंद. के के यादव. डी के यादव. संदीप मोदनवाल. शिवनंदन त्रिपाठी सहित अन्य साथियों ने खुशी जताई । श्याम कृष्ण शुक्ला ने सभी पत्रकार साथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ ने मुझे नई जिम्मेदारी दी है हम पूरी निष्ठा से पत्रकार साथियों के सहयोग से नई जिम्मेदारी का निर्वहन करुगे और शीघ्र ही जिला इकाई का गठन किया जाएगा

फोरलेन का कचरा दुकानों के सामने लगाने से दुकानदारों में रोष

लोकमित्र ब्यूरो

मऊआइमा (प्रयागराज)। फोरलेन की सफाई करने के बाद उसका कचड़ा दुकानों के सामने एकत्रित कर देने से दुकानदारों में आक्रोश व्याप्त है।मऊआइमा के ब्लाक बाजार के समीप फोरलेन की सफाई करने के बाद उसका कचरा फेंकने के बजाय दुकानों के सामने लगा देने से दुकानदारों में आक्रोश व्याप्त है। आरोप है कि महमदपुर सरायअली, जोगापुर आदि स्थानों पर झाड़ियों ने फोरलेन के निकट स्थित नालों को ऊपर तक ढंक लिया है। इससे उसके ऊपर गंदगी का अम्बार लगा है। यही हाल सड़कों की सफाई के नाम पर कूड़े को सड़क के किनारे लगा देने से भी सभी ओर गंदगी फैली है। सफाईकर्मियों की इस हरकत से सरकार की स्वच्छ भारत अभियान योजना मऊआइमा में धराशाई हो गई है।

दामादे रसूल हज़रत अली की यौमे पैदाइश पर सजी महफिल

➪नज़रों नियाज़ के साथ काटा गया केक

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। फातहे खैबर दामादे रसूल शौहरे बतूल हसन और हुसैन के बाबा अमीरुल मोमनीन मौलाए कायनात हज़रत अली इब्ने अबितालिब की यौमे विलादत के पुरमसर्रत मौक़े पर इस्लामिक माह की बारह रजब से यौमे पैदाइश तेराह रजब को शहर भर में जश्न का माहौल रहा। मस्जिदों इमामबाड़ों वह घरों में कहीं पुरुषों की तो कहीं महिलाओं की महफिल सजाई गई।

मस्जिद क़ाज़ी साहब बख्शी बाज़ार, दरगाह मौला अली, मस्जिद गदा हुसैन, मस्जिद चिराग़ अली दरियाबाद, मस्जिद ए खदीजा करैली, मस्जिद ए मोहम्मदी लेबर चौराहा करैली, इबादतखाना अल खिज़रा

करैली में शायरों ने एक से बढ़ कर एक कसीदे सुना कर दाद बटोरी।

करैली में इमतेयाज़ नक़वी के आवास पर महिलाओं की महफिल में महिला शायरों ने जश्न की सजी महफिल में हज़रत अली की शान में क़सीदे पढ़ें। शफक़त अब्बास पाशा, रौनक सफीपुरी, शाहरुख़ हुसैनी व शाहरुख़ क़ाज़ी की ओर से भी नज़रों नियाज़ के साथ केक काट कर जश्न मनाया गया। करैली में हसन दानिश के आवास पर महफिल के साथ इमाम अली के नाम पर दस्तरख्वान सजा कर नज़्र दिलाई गई जहां लोगों ने लज़ीज़ पकवानों का लुत्फ उठाया। उम्मुल बनीन सोसायटी के महासचिव सय्यद मोहम्मद अस्करी के मुताबिक़ शहर के दायरा शाह अजमल, बख्शी बाज़ार, रानी मण्डी, रौशन बाग़, करैली आदि मोहल्लों में घरों में दिन भर जश्न का माहौल रहा। जश्न के मौक़े मौलाना जवादुल हैदर रिज़वी, मौलाना राज़ी हैदर रिज़वी, मौलना अम्मार ज़ैदी, मौलाना इरफान हैदर ज़ैदी, मौलाना आमीरुर रिज़वी, रिज़वान हैदर रिज़वी,मकसूद रिज़वी ,शफक़त अब्बास पाशा, हसन नक़वी, शाहरुख़ क़ाज़ी, बब्बू भाई, सैय्यद मोहम्मद अस्करी, शाहिद अब्बास रिज़वी, ज़ामिन हसन, ज़ुलक़रनैन आदि शामिल रहे।

वहीं एक सोच संस्था की ओर से दरगाह मौला अली पर ग़रीब बच्चों को चिप्स बिस्किट ,फल केक , पेस्ट्री आदि के साथ गर्म वस्त्र का भी वितरण किया गया। इस मौक़े पर सैय्यद इफ्तेखार हुसैन, मशहद अली खां, डॉ फाज़िल अहसन हाशमी, सैय्यद अब्बास हुसैन, शुजा आदि शामिल रहे।

इस्लाम धर्मावलंबियों ने महाकुंभ तीर्थ यात्रियों का किया स्वागत

प्रयागराज। आज मकर संक्रांति पर बहादुरगंज के मोहल्ले में गंगा जमुनी तहज़ीब की बेहतरीन मिसाल देखने को मिली। हिंदू मुस्लिम भाइयों ने मिलकर महाकुंभ में आए तीर्थ यात्रियों का इस्तकबाल किया। जीटी रोड बहादुरगंज में रामचंद्र साहू ने भंडारे का आयोजन किया जिसमें मुसलमान भाइयों ने भी सहयोग किया। स्नान करके लौट रहे श्रद्धालुओं को खिचड़ी, फुलकी, पापड़, हलवा, चाय का प्रसाद वितरण किया। रानी साहू, हर्ष साहू, विकाश साहू अनिल साहू, इरशाद उल्ला, असद जिया,नीलू खान, पप्पू खान नफीस खान मुन्ना भाई, बिलाल खान आदि लोग रहे।

प्रधानमंत्री ने भारत को जलवायु-स्मार्ट देश बनाने के लिए 'मिशन मौसम' का किया शुभारंभ



नई दिल्ली, (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को भारत मंडपम में भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के 150वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में 'मिशन मौसम' का शुभारंभ किया किया। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर आईएमडी विजन-2047 दस्तावेज और आईएमडी के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक स्मारक सिक्का भी जारी किया।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत एक जलवायु-स्मार्ट राष्ट्र बने, इसके लिए हमने 'मिशन मौसम' लांच किया है। 'मिशन मौसम' टिकाऊ भविष्य और भविष्य की तत्परता को लेकर भारत की प्रतिबद्धता का भी प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने वैज्ञानिकों से भूकंप के लिए चेतावनी प्रणाली विकसित करने की दिशा में काम करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, ÷भूकंप के लिए चेतावनी प्रणाली विकसित करने की जरूरत है और वैज्ञानिकों तथा शोधकर्ताओं को इस दिशा में काम करना चाहिए।÷ उन्होंने कहा कि मौसम विज्ञान में प्रगति से देश को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान को कम करने में मदद मिली है।प्रधानमंत्री ने कहा कि आईएमडी की स्थापना 15 जनवरी, 1875 को मकर संक्रांति के त्योहार के करीब हुई थी। हम सभी भारतीय संस्कृति में मकर संक्रांति के महत्व को जानते हैं। उन्होंने कहा, ÷मैं गुजरात से हूं, इसलिए मकर संक्रांति मेरा पसंदीदा त्योहार था। आज, पूरे गुजरात में लोग अपनी छतों पर पतंग उड़ा रहे हैं। वे पूरे दिन पतंग उड़ाने का आनंद लेते हैं। मैं भी पतंग उड़ाने का आनंद लेता था।÷ उन्होंने कहा कि आज हम आईएमडी के 150 वर्ष सेलिब्रेट कर रहे हैं। ये केवल भारतीय मौसम विभाग की यात्रा नहीं है, ये हमारे भारत में आधुनिक साइंस और टेक्नोलॉजी की भी यात्रा है। आईएमडी ने न केवल करोड़ों भारतीयों की सेवा की है, बल्कि यह भारत की वैज्ञानिक यात्रा का भी प्रतीक बना है।प्रधानमंत्री ने कहा कि आज हमने जलवायु से जुड़ी हर चुनौती के लिए देश को तैयार करने के लिए मिशन मौसम की शुरुआत की है। इसका उद्देश्य भारत को जलवायु-स्मार्ट देश में बदलना है। यह मिशन टिकाऊ भविष्य के प्रति भारत की प्रतिबद्धता और आने वाली चुनौतियों के लिए सक्रिय तत्परता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि मिशन मौसम का उद्देश्य अत्यधुनिक मौसम निगरानी तकनीक और प्रणालियां विकसित करके, उच्च-रिज़ॉल्यूशन वायुमंडलीय अवलोकन, अगली पीढ़ी के रडार और उपग्रहों और उच्च-प्रदर्शन वाले कंप्यूटरों को लागू करके इसे प्राप्त करना है।

उन्होंने कहा कि यह मौसम और जलवायु प्रक्रियाओं की समझ को बेहतर बनाने, वायु गुणवत्ता डेटा प्रदान करने पर भी ध्यान केंद्रित करेगा जो लंबे समय में मौसम प्रबंधन और हस्तक्षेप की रणनीति बनाने में मदद करेगा।उन्होंने कहा कि मौसम विज्ञान किसी भी देश की आपदा प्रबंधन क्षमता के लिए सबसे महत्वपूर्ण सहायता प्रदान करता है। प्राकृतिक आपदाओं के प्रभाव को न्यूनतम करने के लिए हमें मौसम विज्ञान की दक्षता को अधिकतम करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विज्ञान में प्रगति और इसकी पूर्ण क्षमता का दोहन करने की क्षमता किसी देश की वैश्विक प्रतिष्ठा को आकार देने की आधारशिला का काम करती है।प्रधानमंत्री ने कहा कि विज्ञान के क्षेत्र में विकास और उसकी पूरी क्षमता का उपयोग किसी भी देश की वैश्विक छवि के लिए एक बड़े आधार के रूप में काम करता है। आज, हमारी मौसम संबंधी प्रगति के कारण, हमने अपनी आपदा प्रबंधन क्षमता का निर्माण किया है और इसका लाभ पूरी दुनिया को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भारत किसी भी आपदा की स्थिति में अपने पड़ोसी देशों की मदद करने वाले पहले देशों में से एक है। भारत पर दुनिया का भरोसा बढ़ा है। %विश्व बंधु% के रूप में भारत की छवि मजबूत हुई है और मैं इसका श्रेय आईएमडी के वैज्ञानिकों को देता हूं।

उन्होंने कहा कि हमारी मौसम विज्ञान संबंधी उन्नति के चलते हमारी आपदा प्रबंधन क्षमता निर्माण हुई है। इसका लाभ पूरे विश्व को मिल रहा है। आज, हमारा फ्लैश फ्लड गाइडेंस सिस्टम नेपाल, भूटान, बांग्लादेश और श्रीलंका सहित पड़ोसी देशों को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे पड़ोस में कहीं कोई आपदा आती है, तो भारत सबसे पहले मदद के लिए उपस्थित होता है। इससे विश्व में भारत को लेकर भरोसा भी बढ़ा है। दुनिया में विश्व बंधु के रूप में भारत की छवि और भी मजबूत हुई है।

उत्सव भारत की सनातन धर्म की परंपरा में है -मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

गोरखपुर, (हि. स.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्सव भारत की सनातन धर्म की परंपरा में है। मकर संक्रांति के अवसर पर सनातन धर्मावलंबी भगवान सूर्य की आराधना कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने मकर संक्रांति के अवसर पर पूरे प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने संतों, श्रद्धालुजनों और भक्तों को मकर संक्रांति की बधाई दी है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां मंगलवार को भोर में ही गोरक्ष पीठ में खिचड़ी पर्व के अवसर पर पत्रकारों से कहा कि मकर संक्रांति भारत के पावन पर्व और त्योहारों की शृंखला का एक ऐसा पर्व है जो जगत पिता सूर्य के प्रति कृतज्ञापित करने का एक उत्सव है। पूरे देश के अंदर अलग-अलग नाम और रूपों के आधार पर इस पर्व को सनातन धर्मावलंबी बड़ी श्रद्धा के साथ इस आयोजन के साथ जुड़ते हैं। देश के अंदर उत्तर हो दक्षिण हो, पूर्व हो पश्चिम हो, अलग-अलग नाम से इस पर्व को लोग मानते हैं।उन्होंने कहा कि इस उत्सव के साथ जुड़ते हैं।

उत्सव भारत की सनातन धर्म की परंपरा में है। आनंद के क्षणों को एकजुटता के साथ एकता के साथ आयोजित करके अपनी खुशी के साथ पूरे समाज की खुशी को जोड़ने का एक माध्यम रहा है। इस परंपरा के अनुरूप वहां की आवश्यकता और उसे क्षेत्र विशेष की आवश्यकता के अनुरूप भारत की ऋषि परंपरा ने इन पर्वों, त्योहारों को महापर्व संयोजित किया। आज उसका विराट रूप हम सबको देखने को मिलते हैं। पूर्व में असम आदि में जाएंगे तो बिहू के रूप में, पंजाब की ओर जाएंगे तो लोहड़ी के रूप में, सुदूर दक्षिण में आप जाएंगे तो पोंगल के रूप में, बंगाल में या महाराष्ट्र में इस पर्व को तिलवा संक्रांति के रूप में और उत्तर भारत में आएंगे तो खिचड़ी संक्रांति के रूप में इस महापर्व को श्रद्धालुजन मनाते हैं।

अमित शाह ने सबसे बड़ी पुलिस लाइन और घाटलोदिया पुलिस स्टेशन का शिलान्यास किया

अहमदाबाद, (हि.स.)- केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित सबसे बड़ी पुलिस लाइन एवं घाटलोडिया थाने का शिलान्यास किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी मौजूद थे। गुजरात के पुलिस कर्मियों को 2-बीएचके (55 वर्गमीटर) आवास मिलेगा। 920 पुलिस परिवारों के लिए इन फ्लैटों की 13 मंजिला 18 इमारतें तैयार की जाएंगी।राज्य में शहरी पुलिस व्यवस्था की सबसे आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित सबसे बड़ी पुलिस लाइन अहमदाबाद में बनाई जाएगी।इस अत्याधुनिक पुलिस लाइन में पुलिसकर्मियों के परिवारों को उत्कृष्ट एवं आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिनमें 930 कारों के लिए बेसमेंट पार्किंग, दो लिफ्ट, खुला उद्यान, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, सोलर रूफटॉप, बिजली बैकअप आदि शामिल हैं। आवश्यक सामान घर के दरवाजे पर उपलब्ध कराने के लिए टावर में 10 दुकानें भी बनाई जाएगी, जहां सब्जियां, दूध और अन्य उत्पाद जैसी रोजमर्रा की चीजें उपलब्ध होंभविष्य में यहां मैटीरियल, हेयर सैलून, एटीएम, अनाज पीसने वाली मिल और पुलिस परिवारों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सीपीसी कैंटीन स्थापित करने की योजना है।13 मंजिला 18 टावरों में रसोईघर, एक एनेक्सी और सामान्य शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं होंगी। अन्य सुविधाओं के साथ सुसज्जित आवास भी उपलब्ध कराया जाएगा।प्रदेश में नगर पुलिस व्यवस्था की सबसे बड़ी पुलिस लाइन की खासियत यह है कि इसमें इनबिल्ट पुलिस स्टेशन भी है।

भाजपा सरकार दिल्ली और कश्मीर के साथ समान व्यवहार करती है: राजनाथ सिंह

जम्मू, (हि.स.)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को जम्मू के अखनूर इलाके में 108 फुट का राष्ट्रीय ध्वज फहराया और एक विरासत संग्रहालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की जम्मू-कश्मीर और दिल्ली के लोगों के दिलों के बीच की दूरी को कम करने के उनके प्रयासों के लिए सराहना की। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार दिल्ली और कश्मीर के साथ समान व्यवहार करती है।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जम्मू के अखनूर सेक्टर में टांडा आर्टिलरी ब्रिगेड में नौवें सशस्त्र बल दिग्गज दिवस रैली को संबोधित करते हुए कहा कि हम आज अखनूर में भूतपूर्व सैनिक दिवस मना रहे हैं। यह हम सभी के लिए बड़ा दिन है। कश्मीर के साथ अतीत में (पिछली सरकारों द्वारा) अलग व्यवहार किया गया जिसके परिणामस्वरूप क्षेत्र के हमारे भाई-बहन दिल्ली से उस तरह जुड़ नहीं पाए जैसा उन्हें होना चाहिए

था। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि हम कश्मीर और देश के बाकी हिस्सों के बीच 'दिलों की दूरी' को पाटने का काम कर रहे हैं।रक्षा मंत्री ने कहा कि अखनूर में वेटरन्स डे समारोह यह साबित करता है कि अखनूर का हमारे दिलों में उतना ही स्थान है जितना दिल्ली का है। राजनाथ सिंह ने 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध को याद करते हुए कहा कि भारत-पाकिस्तान के बीच 1965 में अखनूर में युद्ध लड़ा गया। भारत ने पाकिस्तानी सेना के प्रयासों को विफल करने में सफलता पाई थी। इतिहास में लड़े गए सभी युद्धों में भारत ने हमेशा पाकिस्तान को हराया है।

उन्होंने पाकिस्तान से मिल रही चुनौतियों पर कहा कि पाकिस्तान 1965 से ही घुसपैठ और आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है। हमारे मुस्लिम भाइयों ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ते हुए अपने प्राणों की आहुति दी है। आज भी भारत में प्रवेश करने वाले 80 प्रतिशत से अधिक आतंकवादी पाकिस्तान से हैं।रक्षा मंत्री ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को थोड़ी-सी दूरी को दूर करने में मदद करने के लिए सही कदम उठाने के लिए बधाई देता हूं। रक्षा मंत्री ने भारत के खिलाफ टिप्पणी के लिए पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर के प्रधानमंत्री चौधरी अनवारुल हक की आलोचना की और कहा कि पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर पाकिस्तान के लिए एक विदेशी क्षेत्र से ज्यादा कुछ नहीं है। पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर की ज़मीन का इस्तेमाल आतंकवाद का कारोबार चलाने के लिए किया जा रहा है। इस भूमि पर आतंकी प्रशिक्षण शिविर चलाए जा रहे हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चेतावनी दी कि पाकिस्तान को उन्हें नष्ट करना होगा नहीं तो इसके परिणाम भुगतने होंगे।

ईडी ने टोरेस निवेश घोटाले का मामला पीएमएलए के तहत दर्ज किया

मुंबई, (हि.स.)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को टोरेस पोंजी स्कीम मामले के संबंध में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की संबंधित धाराओं के तहत ईसीआईआर दर्ज की है। यह मामला मुंबई के शिवाजीनगर पुलिस में दर्ज एफआईआर पर आधारित है। आरोप है कि इस मामले में बड़े पैमाने पर वित्तीय धोखाधड़ी हुई, जहां आरोपितों ने उच्च रिटर्न का वादा करके निम्न-मध्यम वर्ग के निवेशकों को ठगा है। यह जानकारी ईडी सूत्रों ने दी।सूत्रों के अनुसार दादर के एक सब्जी विक्रेता ने शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन में टोरेस पोंजी स्कीम के विरुद्ध मामला दर्ज करवाया था। सब्जी विक्रेता ने दावा किया कि लगभग 1.25 लाख निवेशकों ने टोरेस में निवेश किया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए बाद में मामले को आगे की जांच के लिए आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) को सौंप दिया गया।ईओडब्ल्यू के पास अब तक 2000 शिकायतकर्ता हैं जिन्होंने टोरेस पोंजी स्कीम में निवेश किया है। ईओडब्ल्यू ने इस मामले में तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है और करीब नौ करोड़ कर संपत्ति जब्त किया है। अब तक की जांच में पता चला है कि यह घोटाला यूक्रेन के लोगों द्वारा रची गई एक सुनियोजित पोंजी योजना थी, जिसका लक्ष्य मुख्य रूप से भारतीय निम्न मध्यम वर्ग के लोगों को ठगना था।

हरिद्वार में मकर संक्रांति पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

हरिद्वार,(हि.स.)। धर्मनगरी हरिद्वार में मकर संक्रांति के पावन अवसर पर गंगा स्नान के लिए लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। कड़ाके की ठंड के बीच हर की पैड़ी पर गंगा स्नान के लिए श्रद्धालुओं का अहले सुबह से पहुंचने का सिलसिला लगातार जारी है। श्रद्धालुओं ने गंगा में पवित्र स्नान के बाद मंदिरों में पूजा-अर्चना की और दान पुण्य कर मोक्ष प्राप्ति की कामना की। मकर संक्रांति पर हरिहर में अनेक स्थानों पर खिचड़ी का भोग प्रसाद वितरित किया गया।पुलिस प्रशासन ने यहां पूरे मेला क्षेत्र को 8 जोन और 28 सेक्टरों में बांट कर हरिद्वार में चाकचौबंद सुरक्षा और यातायात व्यवस्थाएं की हैं। जिलाधिकारी कर्मेंद्र सिंह व एसएसपी प्रमेन्द्र डोबाल मेला नियंत्रण कक्ष में रहकर सारी व्यवस्थाओं पर नजर बनाए हुए हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए लगभग 2000 सुरक्षाकर्मी लगाए गए हैं, जिनमें 400 जिला पुलिस के जवान, पीएसी की तीन कंपनियां और अन्य जनपदों से आए 1000 पुलिसकर्मी शामिल हैं। पूरे मेला क्षेत्र की निगरानी सीसीटीवी कैमरों से की जा रही है।। सर्दी के मौसम को ध्यान में रखते हुए हरकी पैड़ी और अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर एंबुलेंस की व्यवस्था के साथ प्रमुख स्थानों पर अलाव भी जलाए जा रहे हैं। पुलिस ने श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने और ट्रैफिक को सुगम रखने के लिए रूट डायवर्जन प्लान लागू किया है। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने के कारण निकटवर्ती सभी पार्किंग खचाखच भरी हुई हैं।मेला क्षेत्र में शुद्ध पेयजल, स्वच्छता और प्राथमिक चिकित्सा व्यवस्था के साथ घाटों पर सुरक्षा बलों के साथ-साथ गोताखोर भी तैनात हैं। हरकी पैड़ी, जहां सबसे अधिक भीड़ उमड़ती है, वहां पुलिस ने विशेष प्रबंध किए हैं। हर की पैड़ी पर श्रद्धालुओं के प्रवेश और निकासी के लिए अलग-अलग रास्ते बना कर भीड़ को व्यवस्थित किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने मकर संक्रांति, माघ बिहू और उत्तरायण पर लोगों को दी बधाई

नई दिल्ली,(हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मकर संक्रांति, माघ बिहू, उत्तरायण पर आज लोगों को बधाई दी। उन्होंने एक्स हैंडल पर प्रेषित बधाई संदेशों में समस्त देशवासियों के अच्छे स्वास्थ्य के साथ सभी के जीवन में सुख और समृद्धि की कामना की।उल्लेखनीय है कि देश में आज मकर संक्रांति, पोंगल, माघ बिहू और उत्तरायण का पर्व मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लिखा, %%सभी देशवासियों को मकर संक्रांति की अनेकानेक शुभकामनाएं। उत्तरायण सूर्य को समर्पित यह पावन उत्सव आप सबके जीवन में नयी ऊर्जा और उत्साह का संचार करे।मकर संक्रांति पर्व की विशेषता यह है कि देश के अलग-अलग राज्यों में इसे अलग नाम और स्थानीय परंपरा के अनुसार से मनाया जाता है।

उज्जैन में मकर संक्रांति पर भगवान महाकाल का दिव्य श्रृंगार, तिल-गुड़ का लगाया गया भोग

उज्जैन, (हि.स.)। विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर के मंदिर में भी मंगलवार को मकर संक्रांति का पर्व उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जल और दूध, दही, घी, शहद, फलों के रस से बने पंचामृत से अभिषेक पूजन के बाद भगवान महाकाल का विशेष श्रृंगार किया गया। मकर संक्रांति पर बाबा महाकाल को तिल्ली के उबटन से स्नान कराकर तिल्ली के पकवानों का भोग लगाया गया। सुबह भस्म आरती में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भगवान महाकाल के इस दिव्य स्वरूप के दर्शन कर पुण्य लाभ कमाया।परम्परा के अनुसार मंगलवार तड़के चार बजे महाकालेश्वर मंदिर के कपाट खोले गए। सबसे पहले सभा मंडप में वीरभद्र जी के कान में स्वस्तिवाचन किया गया। इसके बाद घंटी बजाकर भगवान से आज्ञा लेकर सभा मंडप के चांदी के पट खोले

गए। गर्भगृह के पट खोलने के बाद पुजारियों ने भगवान का श्रृंगार उतारा और पंचामृत पूजन के बाद कपूर आरती की। नंदी हाल में नंदीजी का स्नान, ध्यान और पूजन हुआ। इसके बाद भगवान महाकाल का जलाभिषेक किया गया। दूध, दही, घी, शक्कर, शहद और फलों के रस से बने पंचामृत से विशेष पूजन संपन्न हुआ। भगवान महाकाल को तिल्ली के लड्डू, गजक और अन्य मिठाइयों का भोग लगाया गया।महाकालेश्वर मंदिर के पुजारी पंडित महेश शर्मा ने बताया कि मकर संक्रांति परंपरा के अनुसार भगवान के स्नान में तिल के तेल का उपयोग किया गया और जलाधारी में तिल्ली अर्पित की गई। भगवान महाकाल का रजत चंद्र, त्रिशूल मुकुट और आभूषणों से अलंकरण किया गया। भांग, चंदन, ड्रायफ्रूट और भस्म चढ़ाई गई। भगवान ने रजत के शेषनाग मुकुट, रजत की मुण्ड माला, रुद्राक्ष की माला और सुगंधित पुष्पों की बनी माला धारण की। महानिर्वाणी अखाड़े की ओर से भगवान को भस्म अर्पित की गई। भस्म आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। भक्तों ने नंदी महाराज का दर्शन कर उनके कान के समीप जाकर अपनी मनोकामनाएं पूर्ण होने का आशीर्वाद मांगा। इस दौरान श्रद्धालु बाबा महाकाल के जयकारे भी लगाए।

जुकरबर्ग के बयान पर 'मेटा' को किया जाएगा तलब

नई दिल्ली, (हि.स.)। संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी से जुड़ी संसदीय समिति के अध्यक्ष निशिकांत दुबे ने मंगलवार को कहा कि उनकी समिति मार्क जुकरबर्ग की ओर से दी गई गलत जानकारी के लिए उनकी कंपनी मेटा को बुलाएगी। दुबे ने एक्स पोस्ट में कहा कि किसी भी लोकतांत्रिक देश के बारे में गलत जानकारी रखने से उस देश की छवि धूमिल होती है। इस गलती के लिए संस्था को भारतीय संसद तथा जनता से माफी मांगनी पड़ेगी।जुकरबर्ग ने एक साक्षात्कार में कहा था कि कोविड-19 के बाद से भारत सहित दुनियाभर में सरकारें बदली हैं। इसी बात का खंडन करते हुए कल सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा था कि 64 करोड़ मतदाताओं वाले दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में भारत की जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) पर भरोसा जताया है। जुकरबर्ग का यह दावा कि 2024 के चुनावों में भारत सहित अधिकांश मौजूदा सरकारें कोविड के बाद हार गईं, तथ्यात्मक रूप से गलत है।उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने कोविड के दौरान 80 करोड लोगों को मुफ्त राशन देने और दो अरब से ज्यादा मुफ्त वैक्सीन लगाने का काम किया है। दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था का नेतृत्व करने वाले प्रधानमंत्री मोदी के निर्णयों के चलते उनका तीसरा कार्यकाल उनके सुशासन और जनता पर विश्वास का सबूत है। उन्होंने 'मेटा' को टैग करते हुए कहा कि स्वयं जुकरबर्ग की ओर से गलत सूचना देना निराशाजनक है। आइए तथ्यों और विश्वसनीयता को कायम रखें।

रबी फसल की बुवाई 632 लाख हेक्टेयर से ज्यादा, गेहूं और दालों के रकबे में उछाल

नई दिल्ली, (हि.स.)। देश में इस साल रबी फसल की बुवाई 632 लाख हेक्टेयर से ज्े यादा हो चुकी है। पिछले साल की इसी अवधि के दौरान 315.63 लाख हेक्टेयर की तुलना में इस साल लगभग 320 लाख हेक्टेयर में गेहूं की खेती की गई है। इसके साथ ही 139.81 लाख हेक्टेयर में दलहन की खेती की गई है।कृषि एवं किसान कले याण मंत्रालय ने मंगलवार को जारी बयान में बताया कि अन्न और मोटे अनाज के तहत 53.55 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में खेती की गई। आंकड़ों के मुताबिक देश में पिछले साल की इसी अवधि के 315.63 लाख हेक्टेयर की तुलना में इस वर्ष करीब 320 लाख हेक्टेयर में गेहूं की खेती की गई है। आंकड़ों के मुताबिक 139.81 लाख हेक्टेयर में दलहन की खेती की गई। वहीं, मोटे अनाज के तहत 53.55 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में खेती की गई है।

भारतीय सांख्यिकी सेवा के 2024 बैच के प्रोबेशनर्स ने राष्ट्रपति से की मुलाकात

नई दिल्ली,(हि.स.)। भारतीय सांख्यिकी सेवा (आईएसएस) के 2024 बैच के प्रोबेशनर्स के एक समूह ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की।प्रोबेशनर्स को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि सांख्यिकी उपकरण और मात्रात्मक तकनीक नीतिगत निर्णयों के लिए अनुभवजन्य आधार प्रदान करके प्रभावी शासन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सरकारें स्वास्थ्य, शिक्षा, जनसंख्या आकार और रोजगार आदि पर डेटा एकत्र करने के लिए राष्ट्रीय सांख्यिकीय प्रणालियों पर निर्भर करती हैं, जो नीति-निर्माण का आधार बनती हैं। सांख्यिकी विश्लेषण शासन में पारदर्शिता और जवाबदेही लाने का एक उपकरण है। सांख्यिकी न केवल कुशल शासन की रीढ़ है, बल्कि सामाजिक-आर्थिक विकास का एक उपकरण भी है।उन्होंने कहा कि सरकार को नीतियों को बनाने, लागू करने और निगरानी करने के साथ-साथ नीति समीक्षा और प्रभाव आकलन के लिए डेटा की आवश्यकता होती है। नागरिकों को सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों की निष्पक्ष समझ और आकलन के लिए डेटा की आवश्यकता होती है। आईएसएस अधिकारियों के काम के लिए सांख्यिकीय तरीकों में उच्च दक्षता की आवश्यकता होती है, जिसका उपयोग वे देश की डेटा और सूचना आवश्यकताओं के समाधान प्रदान करने के लिए करेंगे। उन्होंने आईएसएस अधिकारियों से डेटा एकत्र करते समय आम लोगों खासकर गरीबों और वंचितों की जरूरतों के प्रति संवेदनशील होने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा एकत्र किए गए प्रत्येक डेटा को संसाधित, विश्लेषण किया जाएगा और अंततः लोगों की जरूरतों को पूरा करने और उनके सपनों को पूरा करने में मदद करने के लिए उपयोग किया जाएगा।राष्ट्रपति ने कहा कि जैसे-जैसे भारत समावेशी और सतत विकास की ओर बढ़ रहा है, पर्यावरणीय प्रभावों और जलवायु परिवर्तन की निगरानी में सांख्यिकीय अनुसंधान एक बड़ी भूमिका निभाएगा। ऊर्जा खपत और कार्बन उत्सर्जन से संबंधित संकेतकों पर नजर रखने के लिए आईएसएस अधिकारियों द्वारा किए गए शोध से भारत सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण के लिए डेटा-संचालित रणनीति बनाने में सक्षम हो सकता है।

लॉस एंजिल्स के आग की आंच ऑस्कर तक, पुरस्कार के नामांकन की घोषणा टली

लॉस एंजिल्स, (हि.स.)। अमेरिका के लॉस एंजिल्स क्षेत्र के जंगलों में लगी भीषण आग के कारण 97वें ऑस्कर पुरस्कार के लिए नामांकन की घोषणा को लगभग एक सप्ताह के लिए बढ़ा दिया गया है। मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज अकादमी ने कहा कि अब नामांकन की घोषणा 23 जनवरी को की जाएगी। यह घोषणा अकादमी की वेबसाइट पर सीईओ बिल क्रेमर और अध्यक्ष जेनेट यांग ने संयुक्त रूप से सोमवार को की।सीईओ क्रेमर और यांग ने कहा कि इस आग से लॉस एंजिल्स में भारी तबाही हुई है। अकादमी कठिनाई के समय में प्रभावित लोगों के साथ दृढ़ता के साथ खड़ी है। अकादमी ने महसूस किया है कि नामांकन की घोषणा की तारीख को आगे बढ़ाना आवश्यक है। अकादमी के कार्यकर्ता अग्रिम पंक्ति पर आगे आकर राहत और बचाव कार्य कर रहे हैं। अकादमी राहत प्रयासों का हिस्सा बनने वाले कार्यकर्ताओं को सम्मानित करेगी।उन्होंने कहा कि दावानल त्रासदी की वजह से ऑस्कर नामांकन मतदान की अवधि 17 जनवरी शाम 5 बजे तक बढ़ा दी गई है। नामांकन की घोषणा बिना किसी धूमधड़ाके के 23 जनवरी की सुबह 5:30 बजे डिजिटली की जाएगी। साथ ही 10 फरवरी को होने वाला लंच इस साल आयोजित नहीं किया जाएगा। 97वां ऑस्कर समारोह दो मार्च, 2025 को ओवेशन हॉलीवुड के डॉल्बी थियेटर में आयोजित किया जाएगा और शाम सात बजे इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा।

बसपा ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए घोषित किए स्टार प्रचारक

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। बहुजन समाज (पार्टी) बसपा ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। बसपा के 40 स्टार प्रचारकों में मायावती के बाद दूसरे नंबर पर युवा चेहरे नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद को जगह दी गई है। बसपा की तरफसे मंगलवार को दिल्ली विधानसभा 2025 के स्टार प्रचारकों की सूची के अनुसार पार्टी प्रमुख मायावती, आकाश आनंद, लक्ष्मण सिंह, नितिन सिंह, राजाराम धर्मवीर सिंह, अशोक, सी.पी. सिंह, रणधीर बेनिवाल, सुदेश आर्य, सुजीत सम्राट, राजेश तंवर, सतीश चौधरी, शीशपाल सिंह, ललित कुमार गौतम, उत्तिलराम आजाद, नरेन्द्र पाल सिंह, सुरेश चंद गौतम, सुरेश चंद्रा, योगेश कुमार, डा. सलीम अहमद, राजकुमार, जगदीश मास्टर, उमेश पीपरिया, एड रजनी बौद्ध, शंकर लाल कर्दम, भूपेन्द्र सिंह बेधड़क, दिनेश कुमार गौतम, कैलाश माथुर, दर्शन लाल, पन्ना लाल गौतम, डा. रंजीत राम, प्रेम कुमार गौतम, राजेन्द्र प्रसाद बबल, अरूणा चौटाला, शरीफ अली गुरुदयाल सिंह गौतम, गोतम मोहन, जुगल जाटव, संजीव दोहरे, एस.पी. सागर शामिल हैं। ज्ञात हो कि बसपा सुप्रीमो मायावती ने अकेले अपने बलबूते पर चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। उन्होंने उम्मीद की है कि पार्टी इस चुनाव में जरूर बेहतर प्रदर्शन करेगी। उन्होंने मतदाताओं से अपील की है कि वे किसी पार्टी के लुभावने वादे के बहकावे में न आकर पूरी समझदारी से बसपा उम्मीदवारों को ही वोट करें। चुनाव आयोग के अनुसार, दिल्ली के साथ ही 5 फरवरी को मतदान होंगे और सभी नतीजे 8 फरवरी को वोटों की गिनती के बाद साथ ही आएंगे।

चप्पे-चप्पे पर रही पुलिस और कैमरे की नजर

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। महाकुंभ में मकर संक्रांति के अवसर पर पहले शाही स्नान के दौरान संतों समेत 3.50 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अखाड़ों, मेला प्रशासन, स्थानीय प्रशासन, पुलिस, स्वच्छताकर्मियों, स्वयंसेवी संगठनों एवं धार्मिक संस्थाओं, नाविकों तथा महाकुंभ से जुड़े केंद्र व प्रदेश सरकार के सभी विभागों का साधुवाद करने के साथ प्रदेशवासियों को बधाई दी है।

सीएम ने सोशल मीडिया पर मंगलवार शाम को अपने संदेश में कहा कि आस्था, समता और एकता के महासमागम %महाकुंभ-2025, प्रयागराज% में पावन %मकर संक्रांति% के शुभ अवसर पर पवित्र संगम में आस्था की पवित्र डुबकी लगाने वाले सभी पूज्य संतगणों, कल्पवासियों व श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन। प्रथम अमृत स्नान पर्व पर आज 3.50 करोड़ से अधिक पूज्य संतों एवं श्रद्धालुओं ने अविरल-निर्मल त्रिवेणी में स्नान का पुण्य लाभ अर्जित किया है। वहीं दूसरी ओर सीएम योगी मंगलवार को गोरखपुर से महाकुंभ के बारे में पल-पल की जानकारी लेते रहे। उनके निर्देश पर डीजीपी प्रशांत कुमार और प्रमुख सचिव (गृह) संजय प्रसाद समेत तमाम अधिकारी भी मेले की व्यवस्थाओं पर नजर बनाए रहे।

डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा कि अत्याधुनिक तकनीक के जरिए देर रात से ही भीड़ नियंत्रण की मॉनीटरिंग हो रही है।। रात में थर्मल इमेजिंग के हिसाब से क्राउड कंट्रोल किया गया तो दिन में टीथर्ड ड्रोन व सीसीटीवी से ट्रैफिक को मॉनिटर कर रहे हैं। घाटों की लंबाई अधिक होने के कारण संगम नोज पर इस बार अधिक दबाव नहीं है। पुलिसकर्मी श्रद्धालुओं के साथ संवेदनशीलता के साथ व्यवहार कर रहे हैं। श्रद्धालु अब प्रयागराज के साथ चित्रकूट, विंध्यवासिनी धाम, वाराणसी व अयोध्या की तरफ भी जाएंगे। इन शहरों के रास्तों पर भी श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो, हमने इसकी भी व्यवस्था की है।

हर जगह कैमरे की नजर में प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने कहा कि मकर संक्रांति पर 3.50 करोड़ लोग स्नान कर चुके हैं। मुख्यमंत्री पल-पल की जानकारी ले रहे हैं। पीएम मोदी की अपेक्षा थी कि इसे डिजिटल महाकुंभ के रूप में स्थापित किया जाए। इसे देखते हुए पूरे मेला क्षेत्र को कैमरे से स्कैन किया गया है। गूगल लोकेशन, यूपीआई समेत सारी सुविधा उपलब्ध कराते हुए इसे डिजिटल स्वरूप देने का प्रयास किया गया है। भीड़ नियंत्रण, ट्रैफिक मैनेजमेंट, खोया-पाया लोकेशन आदि में एआई समेत टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया गया है।मकर संक्रांति के पावन अवसर पर महाकुम्भ 2025 में गंगा स्नान करने वालों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने एक्स हैंडल पर एक भावपूर्ण पोस्ट के जरिए आस्था, समता और एकता के इस महासमागम में शामिल पूज्य संतों, कल्पवासियों और श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया।

सीएम योगी ने महाकुम्भ को सनातन धर्म की अनुपम शक्ति और आस्था का प्रतीक बताते हुए कहा, प्रथम अमृत स्नान पर्व पर आज 3.50 करोड़ से अधिक पूज्य संतों और श्रद्धालुओं ने अविरल-निर्मल त्रिवेणी में स्नान का पुण्य लाभ अर्जित किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुम्भ के प्रथम अमृत स्नान पर्व के सफल आयोजन के लिए सभी संबंधित विभागों और संगठनों को धन्यवाद दिया।

सरकारी दफ्तरों में ई-ऑफिस लागू करने की मियाद बढ़ी, अब 1 मार्च अंतिम तारीख

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के सरकारी कार्यालयों में ई-ऑफिस की व्यवस्था को लागू करने के लिए मियाद और बढ़ा दी गई है। ई-ऑफिस के तहत कार्यालयों के सारे कामों को ऑनलाइन किया जा सकता है। पहले इसकी मियाद 1 जनवरी 2025 तक की गई थी। जिसको बढ़ाकर 1 मार्च किया गया है। यह पत्र मुख्यमंत्री कार्यालय के अपर मुख्य सचिव एसपी गोयल की ओर से जारी किया गया है। सभी कार्यालय को दो महीने का और समय दे दिया गया है। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से सख्त हिदायत दी गई है कि इसके बाद में किसी भी हाल में ऑफलाइन फाइलें नहीं निस्तारित की जाएंगी।

उन्होंने बताया है कि इलेक्ट्रॉनिक विभाग की ओर से ई ऑफिस को लेकर जो जरूरी सुविधाएं ब्लॉक स्तर तक विकसित करने के लिए कहा गया है वह अभी पूरी तरह से तैयार नहीं हो सकी हैं। उल्लेखनीय है कि समस्त विभागों/कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली को समयबद्धता से लागू किए जाने के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से पत्र लिखा गया था। इसमें जनवरी को ई-ऑफिस लागू करने के लिए कहा गया था। उन्होंने बताया कि प्रदेश के समस्त कार्यालयों (सचिवालय, निदेशालय/ मुख्यालय, मंडल, जनपद, तहसील, विकास खंड आदि) में प्रत्येक दशा में 01 मार्च, 2025 से पत्रावलियों का व्यवहरण एवं पत्राचार ई-ऑफिस के माध्यम से ही शुरू कर दिया जाए। इस तिथि के पश्चात किसी भी दशा में ऑफलाइन पत्रावलियों का व्यवहरण व पत्राचार स्वीकार न किया जाए। इसके बाद ऑफलाइन काम रोक दिए जाएंगे और जो भी कार्यालय इस अवधि में यह ऑफिस का काम पूरा नहीं कर सकेंगे, उनके विभाग अध्यक्ष के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने बताया कि ई ऑफिस के जरिए आम जनता के काम तेजी से होंगे और उनको किसी तरह के भ्रष्टाचार का सामना नहीं करना पड़ेगा, इसलिए इसको जल्द से जल्द लागू किए जाने की अत्यंत आवश्यकता है।

बन रहा 12 नंबर का खास कार्ड

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार की एक आईडी एक परिवार, योजना से हर परिवार को उनका हक मिल सकता हैउत्तर प्रदेश की सरकार ने हाल ही में एक नई योजना की शुरुआत की है,जिसके तहत हर परिवार को एक यूनिक आईडी दी जाएगी। एक आईडी एक परिवार स्कीम वाले इस कार्ड का उद्देश्य परिवार की वर्तमान सामाजिक और आर्थिक स्थिति की जानकारी एक इकट्ठा करना है। उत्तर प्रदेश सरकार की एक आईडी एक परिवार, योजना से हर परिवार को उनका हक मिल सकता है। सरकार ने हाल ही में एक नई योजना यानी फैमिली आईडी कार्ड की शुरुआत की है, जिसके तहत प्रत्येक परिवार को एक यूनिक आईडी प्रदान की जाएगी। इस यूनिक आईडी का मकसद परिवार की वर्तमान सामाजिक और आर्थिक स्थिति की जानकारी एक जगह इकट्ठा रखना है। यह भी सुनिश्चित किया जा सकेगा कि वे कौन सी सरकारी योजनाओं से लाभान्वित हो रहे हैं। यूपी सरकार एक परिवार-एक पहचान के तहत अब लोगों को फैमिली आईडी जारी कर रही है। इस योजना के तहत तमाम परिवारों का लाइव डेटा तैयार किया जा रहा है। इसके आधार पर उन्हें राज्य और केंद्र सरकार की कई योजनाओं का सीधा लाभ मिलेगा। इसके लिए विभाग द्वारा लोगों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। फैमिली आईडी कार्ड से परिवार को केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सकेगा और इससे योजनाओं की पारदर्शिता और प्रभावशीलता भी बढ़ेगी। इसके तहत परिवार का पूरा डेटा डिजिटल रूप से फीड किया जाएगा। परिवार की सभी जानकारी एक ही जगह पर उपलब्ध होगी, जिससे सरकार को भी परिवार के हर एक सदस्य के बारे में जानने का मौका मिलेगा। जिसके पास राशन कार्ड नहीं है, ऐसे हर परिवार के पास फैमिली आईडी कार्ड होनी चाहिए। यह कार्ड परिवार की हर जरूरत को पूरा करने का माध्यम बनेगा। इसके जरिए हर और गरीब को सीधा लाभ मिलेगा। यह कार्ड 12 अंकों का होगा, जिसमें पूरे परिवार का ब्यौरा होगा।केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को फैमिली आईडी से जोड़ा जा सकता है। फैमिली आईडी के लिए आनलाइन रजिस्ट्रेशन के लिए परिवार के सभी सदस्यों का आधार नंबर होना जरूरी है। उनका आधार नंबर किसी मोबाइल नंबर से लिंक होना भी अनिवार्य है। परिवार के सभी सदस्यों का मोबाइल नंबर ओटीपी के जरिए सत्यापित हो सके। यदि आधार से लिंक नंबर बदल गया है तो आवेदक को नवीन व सही मोबाइल नंबर आधार से लिंक कराते हुए अपडेट कराना होगा। फैमिली आईडी कार्ड के माध्यम से पात्र परिवारों को योजनाओं का लाभ प्राप्त करना आसान होगा। राशन कार्ड से वंचित परिवारों के लिए भी फैमिली आईडी पंजीकरण की व्यवस्था की गई है। ऐसे परिवार जिनके पास राशन कार्ड नहीं है, वह वेबसाइट पर जाकर निःशुल्क फैमिली कार्ड बनवा सकते हैं। यहां पर कार्ड आसानी से बन जाएगा।

कानूनगो अब पायेंगे 750 रुपए स्टेशनरी भत्ता

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के राजस्व निरीक्षकों यानि कानूनगो का स्टेशनरी भत्ता बढ़ाने की योजना बन रही है।अभी उन्हें केवल 6 रुपये प्रतिमाह स्टेशनरी भत्ता दिया जा रहा है, जो उनके कार्यों की पूर्ति के लिए अपर्याप्त साबित हो रहा है। इस कारण राजस्व निरीक्षकों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वे लगातार इस भत्ते को बढ़ाने की मांग कर रहे थे। राजस्व परिषद ने इस संदर्भ में एक प्रस्ताव शासन को भेजा है।राजस्व निरीक्षकों की मांग है,उन्हें 1000 रुपये प्रतिमाह स्टेशनरी भत्ता दिया जाए ताकि वे अपने कार्यों को ठीक से और बिना किसी आर्थिक दबाव के पूरा कर सकें। शासन द्वारा इस भत्ते को बढ़ाने के संबंध में 750 रुपये प्रति माह का प्रस्ताव भेजा गया है। प्रस्ताव में कहा गया कि राजस्व निरीक्षकों ने मोटरसाइकिल भत्ता 2000 रुपये करने की मांग की थी, जिसे पहले ही शासन को भेजे गए प्रस्ताव में शामिल किया जा चुका है। अपर भूमि व्यवस्था आयुक्त अनिल कुमार यादव द्वारा शासन को भेजे गए प्रस्ताव में उल्लेख है कि एक राजस्व निरीक्षक कानूनगो के क्षेत्र में लगभग 40 से 50 गांव होते हैं। इन गांवों में विभिन्न सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन, जमीन से संबंधित मामलों की रिपोर्टिंग और संबंधित कागजी कार्यों के लिए खर्च आता है। विशेष रूप से धारा-24 के ऑनलाइन आवेदनों के प्रिंट निकलवाने, धारा-38 के मामलों में नक्शा तैयार करने, अन्य प्रशासनिक कार्यों के लिए फोटो कापी की आवश्यकता होती है, जिसके लिए भारी खर्च होता है। इस खर्च को ध्यान में रखते हुए राजस्व निरीक्षकों ने स्टेशनरी भत्ता बढ़ाने की मांग की थी। राजस्व निरीक्षकों को इन कार्यों के लिए स्टेशनरी का उपयोग करना पड़ता है, जिससे खर्च बढ़ता है। ऐसे में 6 रुपये का स्टेशनरी भत्ता इन कार्यों को सुचारू रूप से पूरा करने के लिए अपर्याप्त है। इसे बढ़ाये जाने की जरुरत है।

बिजली कार्मिकों का आन्दोलन जारी

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र के आवाहन पर बिजली के निजीकरण के विरोध में काली पट्टी बांधने का अभियान पूरे सप्ताह जारी रहेगा। 15 जनवरी को भी पूरे दिन बिजली कर्मी काली पट्टी बांधकर काम करेंगे और भोजनावकाश या कार्यालय समय के उपरान्त सभी जनपदों और परियोजनाओं पर विरोध सभाएं करेंगे। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने आज जारी बयान में कहा कि निजीकरण हेतु पावर कार्पोरेशन प्रबंधन द्वारा जारी बिडर के चयन के आर एफपी डॉक्यूमेंट को पढ़ने पर साफ हो जाता है की बिजली के निजीकरण को लेकर बड़े घोटाले की तैयारी है। उन्होंने कहा कि निजीकरण हेतु समय सीमा पर बहुत स्ट्रिक्ट रहने की बात बार बार लिखी गई है जिससे यह स्पष्ट है कि पॉवर कारपोरेशन प्रबन्धन का उद्देश्य सुधार नहीं अपितु कैसे भी जल्दी से जल्दी निजीकरण करना है। बिजली व्यवस्था में सुधार का पूरे आर एफ पी डॉक्यूमेंट में एक बार भी उल्लेख नहीं किया गया है। संघर्ष समिति ने कहा कि पॉवर कारपोरेशन प्रबन्धन विगत दो माह से कह रहा है कि कोई निजीकरण नहीं किया जा रहा है।

सुधार हेतु केवल निजी क्षेत्र की भागीदारी का निर्णय है किन्तु आर एफ पी डॉक्यूमेंट में साफ लिखा है कि दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम एवं पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम का पी पी पी मॉडल पर निजीकरण किया जाना है जिसमें निजी कम्पनी की बहुसंख्यक इक्विटी और प्रबंधन नियंत्रण होगा। यह साफ तौर पर 42 जनपदों की बिजली व्यवस्था का पूरी तरह निजीकरण है। संघर्ष समिति ने कहा कि बिडर का चयन क्वालिटी एंड कॉस्ट बेस्ड सिलेक्शन के आधार पर किया जा रहा है जिसमें चयन का अधिकार लगभग प्रबंधन के पास होता है ।ऐसा लगता है प्रबंधन ने पहले से ही नाम तय कर रखा है और टेंडर एक औपचारिकता मात्र है। संघर्ष समिति ने कहा कि पी पी पी मॉडल पर दिल्ली और उड़ीसा में बिजली वितरण का निजीकरण किया गया जो प्रयोग विफल साबित हुआ है। उड़ीसा में 1999 में बिजली का निजीकरण किया गया था और निजी कंपनी रिलायंस का लाइसेंस पूरी तरह विफल रहने के बाद 2015 में रद्द किया गया 2020 में फिर टाटा पावर को उड़ीसा की विद्युत वितरण का काम सोपा गया है और आए दिन कर्मचारियों का उत्पीड़न हो रहा है । यह सब जानकारी उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मचारियों को अच्छी तरह से और वह किसी झांसे में आनेवाले नहीं है। संघर्ष समिति ने कहा कि ऊर्जा जैसे अति महत्वपूर्ण क्षेत्र में निजीकरण की जिद करके निजीकरण थोपना किसी भी प्रकार प्रदेश के और पावर सेक्टर के हित में नहीं है। यदि जबरिया निजीकरण थोपा गया तो इसके इतने भयानक दुष्परिणाम होंगे जिसकी प्रबंधन में बैठे हुए आईएएस अधिकारियों को कोई कल्पना नहीं है। आम जनता के और बिजली कर्मचारियों के हित में संघर्ष समिति निजीकरण वापस होने तक अपना संघर्ष जारी रखेगी।

यूपी में किसानों मिलेंगे दो-दो हजार रुपये

- प्रधानमंत्री 18 जनवरी को जारी करेंगे किसान सम्मान निधि की किश्त

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में खेती करने वाले किसानों के लिए एक बड़ी खबर आ रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 18 जनवरी को उत्तर प्रदेश के किसानों के खातों में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 19वीं किश्त ट्रांसफर की जाएगी।इस योजना के तहत राज्य के लाखों किसानों को लाभ मिलेगा और इन किसानों के खातों में 2,000 रुपये की राशि मिलेगी। उत्तर प्रदेश के कृषि निदेशक डॉ. जितेंद्र कुमार तोमर ने इस 19वीं किश्त के बारे में जानकारी दी और बताया कि इस संबंध में डीडी कृषि को आवश्यक सूचना दे दी गई है। लाभार्थियों की सूची जनपद स्तर पर उपलब्ध करवा दी गई है, जिसे डीडी कृषि के माध्यम से क्लोज कर अग्रसारित कर दिया गया है। रविवार को लाभार्थियों की सूची आरएफटी पोर्टल पर अपलोड कर दी गई है।किसानों से अपील की है कि जिन किसानों ने अभी तक प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लिए फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराई है, वे 18 जनवरी से पहले इसे जरूर करा लें। फार्मर रजिस्ट्री पीएम किसान योजना के तहत लाभ पाने के लिए अनिवार्य है, इसलिए किसानों को इस प्रक्रिया को समय रहते पूरा करना चाहिए। इस योजना के तहत हर साल किसानों को 6,000 रुपये की तीन किश्तों में सहायता मिलती है, जो उनकी आर्थिक स्थिति को सुधारने में सहायक साबित होती है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना ने पिछले कुछ सालों में किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है, और 19वीं किश्त से और अधिक किसानों को इसका लाभ मिलेगा।

आरएलडी के प्रोफेशनल मंच की बैठक सम्पन्न

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। आज राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश कार्यालय में प्रोफेशनल मंच की बैठक प्रदेश कार्यालय में आयोजित की गयी जिसकी अध्यक्षता प्रोफेशनल मंच के प्रदेश अध्यक्ष अम्बुज पटेल ने की। बैठक में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी तथा विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय मौजूद रहे। बैठक को सम्बोधित करते हुये राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी ने कहा कि किसी भी पार्टी की राजनैतिक ताकत तभी मजबूत होती है जब उसका संगठन मजबूत होता है इसी क्रम में उन्होंने पार्टी के संगठन में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रोफेशनल मंच के माध्यम से पार्टी में प्रोफेशनल लोगो को पार्टी से जुड़ने का मौका मिलेगा और वह सब एक मंच के माध्यम से अपनी बात सरकार तक पहुंचाने में सक्षम होंगे। राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने कहा कि पार्टी में सभी को एक साथ मिलकर राष्ट्रीय अध्यक्ष जयन्त चौधरी के हाथों को मजबूत करने की जरूरत है जिससे राष्ट्रीय लोकदल की नीतियों का प्रचार प्रसार सिर्फ उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देष में हों। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल के सभी प्रकोष्ठों के प्रदेश अध्यक्षों से आग्रह किया वह जल्द जल्द से अपने प्रकोष्ठों को मजबूत करें।

प्रोफेशनल मंच के प्रदेश अध्यक्ष अम्बुज पटेल इस मंच के माध्यम से पूरे प्रदेश में अधिवक्ता साथी, डॉक्टर, इंजीनियर एवं अन्य प्रबुद्ध वर्ग के लोगों को राष्ट्रीय लोकदल से जोड़ने का अभियान चलाया जायेगा।

राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी एन0डी0ए0 सरकार में कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय के माध्यम से उ0प्र0 ही नहीं पूरे देष में युवाओं को रोजगार के नये अवसर मुहैया करा रहे हैं। प्रोफेशनल मंच का उद्देश्य भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की विचारधारा और नीतियों को प्रदेश के प्रोफेशनल लोगों के माध्यम से जन जन तक पहुंचाना होगा।

इस अवसर पर पूर्व विधायक शिवकरण सिंह, वरिष्ठ नेता अनिल दुबे, राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा एवं राष्ट्रीय सचिव विजय श्रीवास्तव, सदस्य राष्ट्रीय कार्यकारिणी डॉ0 सुरेश यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष वसीम हैदर, नरेन्द्र बघेल, युवा रालोद के प्रदेश अध्यक्ष रविन्द्र सिंह पटेल, व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल, श्रम प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेश पाल धनगर, प्रदेश महासचिव, संतोष यादव, मनोज सिंह चौहान, रमावती तिवारी, प्रीति श्रीवास्तव, चंद्रकांत अवस्थी, प्रदेश कोषाध्यक्ष बी0एल0 प्रेमी, शालिनी सिंह, नम्रता शुक्ला, अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष चौधरी राम सिंह पटेल, रामगोपाल चंदेल, सम्राट सिंह चौहान, अकील अहमद, सुमित सिंह, अमरेन्द्र सिंह, मुकेश वर्मा, सुरजीत श्रीवास्तव, डॉ0 अनिल त्रिपाठी, विनीत सिंह आदि लोग मौजूद रहे।बैठक का संचालन पी0सी0 पाण्डेय ने किया।

तालाब की सफाई के लिए पार्षद का महापौर पर नगर आयुक्त को पत्र

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। पार्षद राम नरेश रावत एडवोकेट, वार्ड सरोजनी नगर सेकेंड 18,कोषाध्यक्ष नगर निगम कार्यकारिणी ने महापौर नगर आयुक्त अपने क्षेत्र में मंदिर के समीप एक तालाब की जीर्णशीर्ण एव दयनीय स्थिति का जिक्र करते हुए उसकी सफाई और सौदर्यीकरण की मांग की है। उन्होंने पत्र में लिखा कि वार्ड सरोजनी नगर सेकेंड 18 में अली नगर सुनहरा गांव 1987 में नगर निगम में शामिल हुआ था ये तालाब बहुत पुराना है सुनहरा गांव का मुख्य। सरकारी तालाब है तालाब में पूरे गांव का पानी आता है परंतु बीस वर्षो से तालाब की स्थिति बहुत दयनीय है।इस तालाब को सफाई करवाने की जरूरत है करोड़ों रुपए नगर निगम बनी बनाई सड़कों को पुनः बनवाने में दे देता है परंतु पांच लाख रुपए की लागत से इस तालाब की सफाई नगर निगम से कारवाई जा सकती है। पूरे नगर निगम के अधिकारियों को पता है अली नगर सुनहरा गांव में न तो सड़के है न ही नाली नाले बीस हजार लोग गांव में निवास करते है। परंतु गांव के लोग सुविधा विहीन है। अगस्त 2024 में अपर नगर आयुक्त श्री गुप्ता जोन 5 के नगर अभियंता श्री राजीव गांव की स्थिति को देखने आए है। गांव की जनता गांव के विकास के लिए हाथ जोड़कर सुविधाओं की मांग रखी थी। परंतु आज तक कोई बजट कही से भी सुनहरा गांव में नहीं दिया गया। ये तालाब अपर नगर आयुक्त ने कहा था साफकरवा देंगे परन्तु ये कार्य भी नहीं करवाया, जल खुम्भी बीस वर्षो में तालाब में है। जानवर भी इसका पानी नही पी सकते।अगर ये तालाब पूरी तरह साफ हो जाय तो गांव के लोगों को बहुत राहत मिलेगी।

बीजेपी टुकड़ों में घोषित करेगी जिलाध्यक्ष

- पहले 98 में से 75 की जारी होगी सूची

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्षों के चयन को लेकर कई पेंच फंस गए हैं। संगठन के आधार पर उत्तर प्रदेश को भाजपा ने 98 जिलों में बांट रखा है। जिनमें से 18 से 20 जिलों में चयन को लेकर जबरदस्त कशमकश है। इसलिए बीजेपी विवाद रहित जिलों के अध्यक्ष पहले घोषित कर सकती है।

जहां खींचतान ज्यादा है, वहां के अध्यक्ष पद पर नतीजा होल्ड किया जा सकता है। प्रदेश अध्यक्ष के चयन के बाद ऐसे जिलों में जिलाध्यक्ष घोषित होंगे। फिलहाल 18 से 20 जनवरी के बीच में पार्टी की जिलाध्यक्षों की पहली सूची सामने आ सकती है।

माना जा रहा है कि भाजपा को नए जिलाध्यक्ष 20 जनवरी से पहले मिल जाएंगे। जिलाध्यक्ष बनने को प्रदेशभर के दावेदारों ने लखनऊ में जोर-आजमाइश में पूरा दम झोंक रखा है। प्रदेश कार्यालय पर मंगलवार को भी दावेदारों व उनके समर्थकों की भीड़ लगी रही।

उधर, प्रदेश चुनाव समिति ने सोमवार को काशी और पश्चिम क्षेत्र के जिलों की स्क्रीनिंग की। जिला चुनाव अधिकारियों ने पांच-पांच नामों के पैनल प्रदेश चुनाव समिति के समक्ष प्रस्तुत किए, जिन पर मंथन हुआ। उसके बाद मंगलवार मकर संक्रांति का अवकाश रहा। अवध और गोरखपुर क्षेत्र की स्क्रीनिंग बुधवार को की जाएगी। पार्टी सूत्रों के अनुसार 17 जनवरी को दिल्ली में बैठक होगी, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष और महामंत्री संगठन जिलों के गठन का पूरा गुणा-गणित समझाएंगे।

अयोध्या, सिद्धार्थनगर, बस्ती, फतेहपुर, हापुड़, शामली आदि जिलों में मंडलों का गठन न हो पाने के कारण चुनाव नहीं कराए जा सके हैं। प्रदेश में भाजपा के कुल 98 संगठनात्मक जिले हैं। इनमें से करीब 90 में नामांकन प्रक्रिया कराई गई थी।

माना जा रहा है कि 75 से 80 के बीच नए जिलाध्यक्षों की घोषणा 18 से 20 जनवरी के बीच हो सकती है। फिलहाल स्क्रीनिंग के दौरान दावेदारों का वरीयता क्रम तय किया जा रहा है। 15 जनवरी को अवध और गोरखपुर क्षेत्र पर मंथन के बाद 16 जनवरी को एक बार फिर पूरी सूची को प्रदेश चुनाव समिति की कोर टीम अंतिम रूप देगी।

17 जनवरी को दिल्ली में इसे लेकर बैठक है। इसमें प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी व महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह जाएंगे। प्रदेश चुनाव अधिकारी डॉ. महेंद्रनाथ पांडेय भी साथ होंगे।

कुछ जगहों पर विवाद या अन्य कारणों से चुनाव की स्थिति नहीं बन पाई है। ऐसे जिलों को होल्ड किए जाने की खबर है।

समावेशी शिक्षा का विशेष प्रशिक्षण, 4 जिलों के माध्यमिक शिक्षकों ने हिस्सा लिया

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। लखनऊ कॉलेज ऑफ टीचर एजुकेशन में समग्र शिक्षा योजना के तहत आयोजित तीन दिवसीय समावेशी शिक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में लखनऊ, बरेली, शाहजहांपुर और अयोध्या के माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों ने हिस्सा लिया। यह प्रशिक्षण वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए उद्यमिता विकास संस्थान, लखनऊ में आयोजित किया गया। सीटीई लखनऊ के प्राचार्य विष्णु श्याम द्विवेदी ने समापन समारोह में कहा- यह प्रशिक्षण शिक्षकों की कार्यशैली में सकारात्मक बदलाव लाएगा और समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देगा। कार्यक्रम के प्रोजेक्ट हेड अखिलेश सिंह ने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे प्रशिक्षण में सीखी गई तकनीकों को कक्षाओं में लागू करें। प्रशिक्षण में कई विषय विशेषज्ञों ने अपना योगदान दिया, जिनमें संजीव कुमार सिंह, डॉ. सुधीर कुमार सिंह, रविरंजन सिंह, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. अरविंद अवस्थी और डॉ. अमरजीत शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन धर्मेंद्र सचान और शारदा सचान ने किया। समापन समारोह में सीटीई लखनऊ के वरिष्ठ संकाय सदस्य और अधिकारी भी मौजूद रहे। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को समावेशी शिक्षा की नवीन पद्धतियों से अवगत कराना।

चुनाव अधिकारी को जूतों का बुके देने वाले भाजपा नेताओं को नोटिस

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी ने कानपुर के पांच पार्टी कार्यकर्ताओं को कारण बताओ नोटिस थमा दिया है। इन लोगों पर जिले के चुनाव प्रभारी और पूर्व सांसद संगम लाल गुप्ता के साथ अमर्यादित आचरण करने का आरोप है। बता दें कि कानपुर में पार्टी के कुछ कार्यकर्ताओं ने चुनाव अधिकारी को जूतों का बुके भेंट किया था। वहीं उनके खिलाफ नारेबाजी कर विरोध जताया था। यह प्रकरण मीडिया की सुर्खियां भी बना था। संगम लाल गुप्ता ने इस मामले में प्रदेश नेतृत्व से शिकायत की थी। आरोपी नेताओं से सात दिन में जवाब मांगा गया है।

भाजपा के प्रदेश महामंत्री और मुख्यालय प्रभारी गोविंद नारायण शुक्ला (एमएलसी) ने मंगलवार को इस मामले में पांच पार्टी नेताओं को नोटिस जारी कर दिया। इनमें एक पार्षद भी शामिल है। नोटिस में कहा गया है कि 12 जनवरी को संगठन चुनाव की नामांकन प्रक्रिया के दौरान चुनाव अधिकारी संगम लाल गुप्ता के साथ इन लोगों द्वारा पार्टी के विचारों के विपरीत अमर्यादित आचरण की जानकारी सोशल मीडिया और मीडिया के माध्यम से प्राप्त हुई है। जिन लोगों को नोटिस दिया गया है, उनमें पूर्व मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत द्विवेदी, मंडल उपाध्यक्ष अमित पांडेय, पार्षद विकास साहू, मंडल मंत्री ज्योति वाल्मीकि और महिला मोर्चा की कलक्टरगंज मंडल की अध्यक्ष रीना साहू शामिल हैं। नोटिस में कहा गया है कि इन नेताओं द्वारा की गई अभद्रता अनुशासनहीनता की श्रेणी में आती है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के निर्देश पर कारण बताओ नोटिस जारी कर सात दिन में स्पष्टीकरण मांगा गया है। जवाब संतोषजनक न होने पर उन्हें कार्यवाही की चेतावनी दी गई है।

संक्षिप्त खबरें

मां चंद्रिका देवी मंदिर में मकर संक्रांति पर विशाल खिचड़ी भोज

लखनऊ। बीकेटी क्षेत्र में मकर संक्रांति के पावन अवसर पर विशेष खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। कठवारा गांव स्थित मां चंद्रिका देवी मंदिर धाम में यह 19 वां वार्षिक खिचड़ी भोज था, जिसका आयोजन मंदिर मेला समिति के सदस्य जितेंद्र सिंह (कल्लू) द्वारा किया जाता है। मंगलवार को आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इसी क्षेत्र के भोलापुरवा गांव में भी एक विशेष खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया, जो राष्ट्रीय राजमार्ग लखनऊ-सीतापुर रोड पर स्थित है। यहां डॉ. सुमित अवस्थी ने अपने संस्थान के शुभारंभ के अवसर पर यह आयोजन किया। भोलापुरवा में आयोजित खिचड़ी भोज में सीतापुर के राज्यसभा सदस्य पवन सिंह चौहान सहित क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की। यह आयोजन न केवल धार्मिक महत्व का था, बल्कि सामाजिक एकता का भी प्रतीक बना। मकर संक्रांति के इस पावन पर्व पर आयोजित खिचड़ी भोज ने एक बार फिर सामुदायिक सद्भाव की मिसाल पेश की।

मकर संक्रांति पर विशाल खिचड़ी भोज

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में मकर संक्रांति के पावन अवसर पर देवभूमि सामाजिक एवं सांस्कृतिक समिति, कल्याणपुर द्वारा भव्य खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। मायापुरी में आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ लिया। इस अवसर पर उत्तराखंड महापरिषद के अध्यक्ष हरीश चंद पंत और महासचिव भरत सिंह बिष्ट ने उत्तराखंड समाज को उत्तरैणी और मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं। समिति ने सामाजिक एकता और समरसता का संदेश देते हुए कई स्थानों पर खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया।

घने कोहरे बीच युवाओं ने लगाई फर्राटा दौड़

लखनऊ। लखनऊ की सैन्य छावनी स्थित आर्मी मेडिकल कोर (एएमसी) स्टेडियम में अग्निवीर रैली भर्ती का आज पांचवां दिन है। यह भर्ती 10 जनवरी से शुरू होकर 22 जनवरी तक चलेगी। इसमें 13 जिलों के करीब 10 हजार युवा शामिल होंगे। भर्तियां कुल 4 ट्रेड्स में हो रही हैं। इनमें अग्निवीर जीडी, टेक्निकल, कार्यालय सहायक और ट्रेड्समैन है। युवाओं को स्टेडियम में तड़के 2 बजे से 5 बजे तक प्रवेश दिया गया है। यह वो अभ्यर्थी हैं, जो पहले ही अग्निवीर लिखित परीक्षा पास कर चुके हैं। इससे पहले सोमवार को अग्निवीर भर्ती रैली स्थल पर जीओसी इंचार्ज लेफ्टिनेंट जनरल अनिंदया सेन गुप्ता भी पहुंचे। मंगलवार सुबह तड़के 2 बजे से अभ्यर्थियों की एंट्री शुरू हुई और 5 बजे तक अभ्यर्थियों को एंट्री दी गई। इस बीच घना कोहरा रहा। एडमिट कार्ड और आधार चेक करके सभी को एंट्री मिली। इसके बाद फिजिकल शुरू हुआ।जिसमें 1600 मीटर दौड़ के अलावा हाईजंप और पुलअप्स भी शामिल रहा।

पल्टन छावनी आश्रय गृह में खिचड़ी भोज

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में विज्ञान फाउंडेशन ने समाज में एकता और सहयोग की भावना को मजबूत करने के लिए एक सार्थक पहल की। फाउंडेशन ने पलटन छावनी और इंदिरा नगर के सी ब्लॉक स्थित आश्रय गृहों में खिचड़ी भोज का आयोजन किया, जिसमें 200 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर निगम जोन 3 की अवर अभियंता नीतू वर्मा के संबोधन से हुआ। विज्ञान फाउंडेशन के प्रतिनिधि रामायण यादव ने बताया कि इस आयोजन में विशेष रूप से आश्रय गृह के बेघर निवासी और स्थानीय जरूरतमंद लोगों को शामिल किया गया। दिहाड़ी मजदूर संगठन के अध्यक्ष संतोष यादव ने कहा कि इस तरह के आयोजन जरूरतमंदों को समाज में अपनी अहमियत का एहसास कराते हैं। आश्रय गृह के निवासी शेर बहादुर ने इस पहल को जीवन में नई ऊर्जा और आशा का स्रोत बताया। दत्तो पंत ठेंगड़ी श्रम शिक्षा बोर्ड के क्षेत्रीय निदेशक सी पी सिंह और शेल्टर मैनेजर अमर सिंह यादव के अनुसार, यह आयोजन पूर्व पार्षद रूपाली गुप्ता और विनय श्रीवास्तव के सहयोग से संभव हुआ। शेल्टर मैनेजर ने बताया कि यह वार्षिक आयोजन समाज के कमजोर वर्गों के लिए एकजुटता का संदेश लेकर आता है।

सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र से सरकारी जमीन अतिक्रमण मुक्त कराई

लखनऊ। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के निर्देश पर नगर निगम की टीम ने सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में सरकारी जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया। वहां किए गए निर्माण को जेसीबी लगाकर ध्वस्त कर दिया। खाली कराई गई जमीन की मौजूदा कीमत लगभग एक करोड़ रुपये आंकी गई। नायब तहसीलदार नीरज कटियार ने बताया हरिहरपुर गांव (सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र) में गाटा संख्या 209 सरकारी अभिलेखों में ऊसर के रूप में दर्ज है। नगर निगम की करीब 12 बिसवा यह जमीन खाली पड़ी थी। इस पर गांव के ही सुनील गुप्ता और वेद प्रकाश ने कब्जा कर लिया था। सोमवार को जानकारी होने पर टीम मौके पर पहुंची और सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस की मदद से जमीन खाली कराई गई। इसके बाद जेसीबी की मदद से अवैध रूप से बनाए गए पिलर, अस्थाई प्लाटिंग, दीवार व सड़क को तोड़ा गया। नायब तहसीलदार के अनुसार कब्जा मुक्त कराई गई जमीन की मौजूदा कीमत लगभग एक करोड़ रुपए है।

फेसबुक फ्रेंड ने गिफ्ट भेजने का झांसा देकर डेढ़ लाख हड़पे

लखनऊ। विकासनगर कोतवाली में व्यापारी ने फेसबुक फ्रेंड के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपित ने गिफ्ट भेजने का झांसा देकर करीब डेढ़ लाख रुपये लिए थे। अलीगंज सेक्टर-एन निवासी व्यापारी धर्मेंद्र कुमार सोनी की दोस्ती की दोस्ती फेसबुक पर फ्रेंड रिक्वेस्ट आई थी। बातचीत के कुछ दिन बाद ही फेसबुक फ्रेंड ने धर्मेंद्र के नाम से गिफ्ट भेजने की बात कही। विदेश से भेजे गए गिफ्ट को रिलीज करने के लिए व्यापारी के पास अनजान नम्बर से कॉल आई। फोन करने वाले ने एयरपोर्ट कर्मी के तौर पर परिचय दिया। गिफ्ट को रिलीज करने से पहले करीब एक लाख 40 हजार रुपये धर्मेंद्र से कोटक महिंद्रा बैंक अकाउंट में ट्रांसफर कराए गए। इसके बाद भी ढाई लाख रुपये मांगे गए। लगातार मांग बढ़ने पर पीड़ित को संदेह हुआ। छानबीन करने पर पता चला कि क्लासिक इंटरप्राइजेज के खाते में उनसे रुपये जमा कराए गए हैं। इंस्पेक्टर विकासनगर आलोक सिंह के मुताबिक मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

मदद के बहाने डेबिट कार्ड बदलकर ढाई लाख निकाले

लखनऊ। जानकीपुरम विस्तार भवानी बाजार स्थित एचडीएफसी एटीएम बूथ में रुपये निकालने गए युवक का एटीएम कार्ड जालसाज ने बदल दिया। इसके बाद पीड़ित के खाते से करीब ढाई लाख रुपये निकाल लिए। पीड़ित की तहरीर पर जानकीपुरम पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। जानकीपुरम विस्तार निवासी हरीश चंद्र भार्गव के मुताबिक 11 जनवरी को वह भवानी बाजार स्थित एटीएम बूथ पर गए थे। मशीन ठीक तरीके से काम नहीं कर रही थी। इस बीच एक युवक बूथ में आ गया। मदद के बहाने युवक ने हरीश का एटीएम कार्ड लेकर मशीन में लगाने के बाद पिन डलवाया। इस बार भी रुपये नहीं निकले। कुछ देर प्रयास करने के बाद युवक ने हरीश को कार्ड वापस कर बूथ से बाहर चला गया। घर लौटने के कुछ देर बाद ही पीड़ित को खाते से करीब दो लाख 40 हजार रुपये निकाले जाने का पता चला। एटीएम कार्ड देखा तो वह उनका नहीं था। इंस्पेक्टर जानकीपुरम उपेंद्र सिंह ने बताया कि हरीश की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

ईमेल हैक कर निजी डाटा चोरी कर धमकाया

लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी कोतवाली में युवक ने ई-मेल हैक कर धमकी दिए जाने का मुकदमा दर्ज कराया। पीड़ित ने डाटा लीक होने का अंदेशा जताते हुए खुदकुशी करने की बात पुलिस से कही है। रेवती अपार्टमेंट निवासी रुपक कुमार राय का जीमेल अकाउंट हैक कर अनजान नम्बर से मैसेज भेज कर धमकाया गया। पीड़ित को निजी डाटा का दुरुपयोग किए जाने का डर है। आरोपी के भेजे मैसेज को पढ़ कर रुपक के परिवार वाले भी काफी परेशान हैं। पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि निजी डाटा लीक होने का अंदेशा है। इस डर से कई बार मन में खुदकुशी करने का ख्याल भी आता है। इंस्पेक्टर अंजनी मिश्र ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

केजीएमयू की डॉक्टर हॉस्टल से कूदी, 10 दिन पहले जॉइन किया था

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। लखनऊ के किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) की महिला डॉक्टर हॉस्टल से कूद गई। मंगलवार सुबह वह गंभीर हालत में नीचे पड़ी मिली। गार्ड और साथियों ने उसे ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया। उसकी हालत गंभीर है। वह वेंटिलेटर सपोर्ट पर है। चौक थाना पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आ रहा है कि डॉक्टर ने नौकरी के प्रेशर में सुसाइड का प्रयास किया। केजीएमयू प्रवक्ता डॉ. सुधीर सिंह ने बताया घटना सुबह साढ़े 9 बजे की है। रेजिडेंट डॉक्टर प्रकृति वासवानी कानपुर की रहने वाली है। वह मेडिसिन की जूनियर रेजिडेंट है। अभी 10 दिन पहले ही यहां जॉइन किया था। प्रकृति गर्ल्स हॉस्टल में कमरा नंबर-206 में रहती है। ब्लड लॉस की वजह से हालत गंभीर है। दोनों कूल्हे की हड्डी में फ्रैक्चर के साथ ही पैर में भी फ्रैक्चर है। केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर प्रभारी डॉ.प्रेमराज सिंह ने बताया कि सुबह 8 से 8.30 बजे के बीच की घटना है। हॉस्टल में गंभीर हालत में मिली जूनियर डॉक्टर को एम्बुलेंस से ट्रॉमा सेंटर में लाया गया। उसे क्रिटिकल केयर मेडिसिन में वेंटिलेटर सपोर्ट पर भर्ती किया गया है। ट्रॉमा सर्जरी के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ.समीर मिश्रा,

डॉ.अनीता सिंह की निगरानी में इलाज चल रहा है। किसी वाइटल ऑर्गन में कोई इंटरनल ब्लीडिंग नहीं दिखी है। केजीएमयू रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन के प्रेसिडेंट डॉ. दिव्यांश सिंह ने बताया कि सुबह 9 बजे करीब मुझे जानकारी मिली। मैं खुद मौके पर ट्रॉमा सेंटर जाकर जूनियर रेजिडेंट को देख आया हूं। फिलहाल वेंटिलेटर सपोर्ट पर डॉक्टरों की निगरानी में है। अभी हालत नाजुक है पर कंट्रोल में है। ब्लड लॉस काफी ज्यादा हुआ है। परिजन कानपुर से ट्रॉमा सेंटर पहुंच गए हैं। अभी माता-पिता गहरे सदमे में हैं। फिलहाल बात करने की स्थिति में नहीं हैं। प्रकृति के चाचा वीनू वासवानी ने कहा- सुबह फोन आया था। उसकी सहेलियों ने बताया कि वो तैयार होकर नीचे उतर गई थीं। प्रकृति तैयार हो रही थी। इसके बाद कैसे यह हादसा हुआ हुआ कुछ पता नहीं। चाचा के मुताबिक, इलाज करने वाले डाक्टरों ने प्रकृति के पिता को जानकारी दी है कि वो खतरे से बाहर है। केजीएमयू से ही 2018 बैच की स्टूडेंट रही डॉ.प्रकृति वासनानी का पीजी काउंसिलिंग के बाद हाल ही में एमडी में दाखिला हुआ था। एमडी मेडिसिन में सीट अलॉट हुई थी। इस कोर्स में पीजी दाखिले के लिए बेहद मारामारी रहती है। ऐसे में माना जा रहा है कि जूनियर रेजिडेंट बेहद टैलेंटेड डॉक्टर थी। अचानक हुई इस घटना से कई सवाल खड़े हो रहे हैं। रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन, केजीएमयू के प्रेसिडेंट डॉ. दिव्यांश सिंह ने बताया कि सुबह 9 बजे के करीब मुझे जानकारी मिली। मैं खुद मौके पर ट्रॉमा सेंटर जाकर जूनियर रेजिडेंट को देख आया हूं। फिलहाल वेंटिलेटर सपोर्ट पर डॉक्टरों की निगरानी में है। अभी हालत नाजुक है पर कंट्रोल में है। ब्लड लॉस काफी ज्यादा हुआ है। परिजन भी आ गए हैं।

ग्राम प्रधान ने तीन साल के बच्चे को जबरन शराब पिलाई

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। बीकेटी थानाक्षेत्र अंतर्गत एक गांव में ग्राम प्रधान ने तीन साल के बच्चे को जबरन शराब पिला दी। इसके बाद बच्चा नशे की हालत में घर पहुंचा, तब परिजनों ने उससे पूछताछ की। इसके बाद बच्चे की मां ने ग्राम प्रधान पर गंभीर आरोप लगाते हुए स्थानीय थाने में उसके खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह के मुताबिक क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने मौजूद ग्राम प्रधान के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। लिखित शिकायत में महिला ने बताया कि मंगलवार को उसका बेटा (02) घर के बाहर खेल रहा था। इस बीच बेटा खेलते हुए ग्राम प्रधान के घर पहुंच गया। जहां ग्राम प्रधान शराब पी रहा था।

आरोप है कि बेटे से कुकर्म करने की नियत से ग्राम प्रधान ने उसे जबरन शराब पिला दी। इसके बाद नशे की हालत में बेटा लड़खड़ाने लगा। किसी तरह बेटा घर पहुंचा। इसके बाद उसने परिजनों को आपबीती सुनाई। महिला

का कहना है कि वह ग्राम प्रधान से मिलने पहुंची तो आरोपित अभद्रता करने लगा। विरोध करने पर ग्राम प्रधान पीड़िता को धमकाने लगा। जिसके बाद महिला ने बीकेटी थाने में ग्राम प्रधान के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि साक्ष्यों व तथ्यों के आधार पर पुलिस कार्रवाई करेगी। फिलहाल, बच्चे का वीडियो भी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो की पुष्टि यूएनएस नहीं करता है। वीडियो में साफतौर देखा जा सकता है कि बच्चा बोल रहा है कि ग्राम प्रधान ने उसे जबरन शराब पिलाई है।

दहेज प्रताड़ना से मलिहाबाद में विवाहिता फांसी पर लटकी, मौत

लखनऊ। मलिहाबाद में दहेज प्रताड़ना से परेशान एक विवाहिता ने फांसी लगाकर जान दे दी। मृतका की पहचान वंदना के रूप में हुई, जिसकी शादी एक साल पहले कुंदरा गांव निवासी प्रदीप के साथ हुई थी। मृतका के नाना ने पति और ससुराल वालों पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत दर्ज कराई है। मलिहाबाद थाना प्रभारी सतीश साहू ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा- पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

वंदना का मायका हरदोई जिले के थाना अतरौली के पास स्थित जमुनीपुर गांव में है। उसके माता-पिता की मौत पहले ही हो चुकी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

चाइनीज मांझे से युवक का गला कटा,15 टांके लगे

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में चाइनीज मांझे से एक युवक का गला कट गया। रील में धार इतनी तेज थी कि कुछ ही सेकेंड में वह खून से लथपथ हो गया। उसे राहगीरों ने उठाकर केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया। इलाज के दौरान डॉक्टरों ने 15 टांके लगाए हैं। घायल रज्जन के मित्र सैयद अली फैजी ने कहा कुछ लोगों का शौक कई लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। बाजार खाला क्षेत्र में अंश अपार्टमेंट के निवासी रज्जन फ्लाईओवर से जा रहे थे। अचानक चाइनीज मांझे के चपेट में आने से गाड़ी अनियंत्रित हो गई। वह घायल होकर गिर गए। मामले में थ्‌ दर्ज कराने का प्रयास किया लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित रज्जन ने लोगों से अपील किया है कि पतंग उड़ाने वाले चाइनीज मांझे का प्रयोग न करें। पतंग बेचने वाले और उड़ाने वाले जो लोग चाइनीज मांझे का इस्तेमाल कर रहे हैं उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। अगर चाइनीज मांझे पर प्रतिबंध नहीं लगा तो इसके खिलाफ आंदोलन करेंगे।

प्लॉट की फर्जी डील कर 14 लाख ठगे

▶▶ पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में एक व्यक्ति से प्लॉट बेचने के नाम पर 14 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीड़ित रवीन्द्र यादव ने बताया कि जगदीश प्रसाद ने अपना प्लॉट बेचने का प्रस्ताव रखा था। इस संबंध में 16 अगस्त 2023 को सरोजनी नगर के उपनिबंधक कार्यालय में एक पंजीकृत इकरारनामा भी हुआ था।

रवीन्द्र ने जगदीश को कई किश्तों में कुल 14.23 लाख रुपए का भुगतान किया। इसमें आवास विकास परिषद में 7.52 लाख रुपए जमा किए, 53,000 रुपए स्टांप शुल्क, 8,000 रुपए कोर्ट फीस, 12,251 रुपए आवास विकास परिषद के खाते में, 3 लाख रुपए जगदीश के बैंक खाते में और 2.97 लाख रुपए नकद दिए गए। भुगतान के बाद प्लॉट की रजिस्ट्री जगदीश के नाम हो गई, लेकिन उसने बैनामा करने से इनकार कर दिया। पीड़ित ने वकील के माध्यम से नोटिस भेजा। 19 दिसंबर 2024 को जब रवीन्द्र मिलने गए, तो जगदीश अपने भाई ओमप्रकाश और कुछ साथियों के साथ मौजूद था।

उन्होंने न केवल गाली-गलौज की, बल्कि धमकी भी दी कि प्लॉट को दूसरे को बेचकर पैसा कमाएंगे और रवीन्द्र का पैसा वापस नहीं करेंगे। जगदीश ने यह भी कबूला कि उन्होंने और उनके भाइयों ने इसी तरह कई लोगों से पैसे ऐंठे हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी ने कहा मेरे घर पर कोई नोटिस नहीं भेजना। शिकायत करने की कोशिश भी मत करना, नहीं तो तुमको जान से मरवा दूंगा। मेरे पास अब पैसा और जमीन दोनों आ गया है। तुम कुछ नहीं कर पाओगे, तुम्हारी भलाई इसी में है कि तुम शांति से अपना पैसा भूल जाओ।

उधार वापस मांगने पर दोस्त को पीटा

लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी कोतवाली में युवक ने रुपये वापस मांगने पर मारपीट किए जाने का मुकदमा दर्ज कराया है। निलमथा निवासी चंद्रपाल की दोस्ती लल्लन वर्मा से है। जनवरी 2024 में लल्लन ने आर्थिक दिक्कत का हवाल देकर डेढ़ लाख रुपये चंद्रपाल से उधार लिए। छह माह में रुपये लौटाने थे। यह बात उधार देते वक्त हुए एग्रीमेंट में तय थी। समय पूरा होने पर चंद्रपाल ने रुपये लौटाने को कहा। लल्लन के टाल मटोल करने पर पीड़ित ने दबाव डाला। कहासुनी के बाद आरोपित ने मुलाकात के दौरान चंद्रपाल के साथ मारपीट की। इंस्पेक्टर अंजनी मिश्र ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

भट्ठा मजदूर की संदिग्ध मौत, सड़क किनारे घायल मिला अस्पताल में तोड़ा दम

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। बंथरा इलाके में भट्ठा मजदूर संदिग्ध परिस्थितियों में सड़क किनारे घायल हालत में पड़ा मिला। गंभीर अवस्था में उसे सरोजनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक छत्तीसगढ़ प्रांत के बिलासपुर स्थित सरसैनी गांव में रहने वाला भगवानी (50) बीते 6 माह से बंथरा कस्बे के पास स्थित एक भट्टे पर रहकर मजदूरी करता था। भगवानी सोमवार देर शाम किसी को बिना बताए कहीं चला गया। थोड़ी देर बाद रात में पता चला कि भगवानी बंथरा में नीवा गांव के पास रोड पर शराब के नशे में पड़ा है। उसके सिर पर चोट लगी है। जबकि चर्चा है कि वह शराब के नशे में पैदल जा रहा था, तभी अज्ञात वाहन ने उसे ठोकर मार

दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। पुलिस की मदद से उसे घायलावस्था में सरोजनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिवार में उसकी पत्नी चंद्रिका के अलावा दो बेटे हैं। पुलिस का कहना है कि मृतक के बेटे भलुआ राम ने किसी के ऊपर कोई आरोप नहीं लगाया है। लेकिन इसके बावजूद घटना की जांच पड़ताल की जा रही है।

लगातार रिसाव से सड़क के और धंसने का खतरा

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। टेढ़ी पुलिया से इंजीनियरिंग कॉलेज जाने वाले रास्ते पर धंसी सड़क की मरम्मत का कार्य पानी के लगातार रिसाव से अब तक शुरू नहीं हो पाया है। लगाताार हो रहे रिसाव से सड़क के और धंसने का खतरा बना हुआ है। इसी खतरे को भांपते हुए मरम्मत कार्य में लगी कार्यदायी संस्था ने फिलहाल विकास नगर में सीपेज सीवर लाइन की मरम्मत का कार्य रोक कर अपनी पूरी टीम यहीं झोंक दी है। दावा है कि रिसाव को शीघ्र रोक दिया जाएगा।

इंजीनियरिंग कॉलेज रास्ते पर बाढ़ पंपिग स्टेशन के पास रविवार दोपहर में अचानक एक मीटर सड़क धंस गई। वहां लगभग 25 फिट गहरा गड्ढा हो गया था। सर्विस लेन पर हुए इस हादसे के बाद पुलिस ने गड्ढे के चारों ओर बैरिकेडिंग कर रूट डायवर्ट कर दिया। सोमवार से ही मरम्मत कार्य के लिए कवायद शुरू कर दी गई। लेकिन, सीवर से पानी के लगातार हो रहे रिसाव के कारण बाधा आ रही है। यहां पर जानकीपुरम, भारतेंदु हरिश्चंद्र वार्ड और लाला लाजपत राय वार्ड के सीवरों का पानी आ रहा है।

16 दिसंबर को विकास नगर में पीएनबी चौराहा के पास सीवर लाइन के सीपेज से धंसी सड़की की मरम्मत के लिए कार्यदायी संस्था सुएज इंडिया की तरफ से यहां पर मोटर डालकर पानी को कंट्रोल किया जा रहा था। 1600 एमएम व्यास की सीवर लाइन विकासनगर के सीवर को जोड़ने वाली मुख्य लाइन है। इसके बाद भी यहां पर भी सीपेज के कारण सड़क धंस गई। फिलहाल नगर निगम ने जानकीपुरम से आ रहे सीवर के पानी को डायवर्ट कर दिया है। भारतेंदु और लाला लाजपत राय वार्ड के सीवर का पानी डायवर्ट करने का प्रयास किया जा रहा है।

उधर, अंदर ही अंदर पानी का चौबीसों घंटे हो रहे रिसाव के कारण जमीन के अंदर गड्ढे का दायरा बढ़ता ही जा रहा है। टेढ़ी पुलिया फ्लाईओवर यहां से करीब 10 मीटर दूर पर है। मरम्मत कार्य देख रहे सुएज इंडिया के इंजीनियर संजय शाही का कहना है कि लगातार हो रहे रिसाव से सड़क के और धंसने का खतरा नहीं है। हमारा पहला लक्ष्य है कि विभिन्न कॉलोनियों से आ रहे सीवर के पानी को रोका जाए, इसके लिए हमारी टीम लगी है। यह काम होते ही मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

कार्यदायी संस्था ने टेढ़ी पुलिया के पास धंसी सड़क की मरम्मत और लगातार हो रहे सीवर के रिसाव को रोकने के लिए युद्ध स्तर पर प्रयास शुरू कर दिया है। उसने विकास नगर में धंसी सड़क की मरम्मत का कार्य रोक कर वहां की टीम को यहीं पर लगा दिया है। लभगभ 35 अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम यहां काम कर रही है। सुएज इंडिया का कहना है कि यहां पानी का रिसाव रोकना जरूरी है, क्योंकि यही लाइन आगे विकास नगर भी जा रही है।

प्रो. जेपी पाण्डेय ने भाषा विवि के कुलपति का पदभार संभाला

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में मंगलवार को प्रो.जे. पी. पांडे ने कुलपति के रूप में पदभार ग्रहण किया। उनकी नियुक्ति राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा आगामी छह माह एवं अग्रिम आदेशों में जो भी पहले हो, तक के लिए की गई है। कार्यभार ग्रहण की प्रक्रिया को कुलसचिव डॉ महेश कुमार द्वारा पूर्ण किया गया। प्रो. जेपी पांडे वर्तमान में एकेटीयू के कुलपति के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। प्रो. जेपी पांडे अपने शिक्षण, प्रशासनिक अनुभव और दूरदर्शी नेतृत्व के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है और उनके नेतृत्व में विश्वविद्यालय ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं। प्रो. जेपी पांडे ने कहा कि यह मेरे लिए जिम्मेदारी और सम्मान की बात है कि मुझे राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा भाषा विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया गया है।

भीख मांगने वालों की धरपकड़ बंद

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। शहर से भीख मांगने वालों को हटाने की अब तक की कवायद पर पानी फिर गया है। क्योंकि भिखारी कम ही नहीं हुए हैं। अक्तूबर में अभियान चलने के दौरान एक सप्ताह तक भिखारी डर कर भागे थे। इसके बाद वह दोबारा आ गये। पहले की तरह चौराहे, बाजारों व सड़कों में भीख मांग रहे हैं। उसी तरह की स्थिति फिर पैदा हो गई है। वह लोगों को परेशान कर रहे हैं। चारबाग से लेकर गोमतीनगर तक के चौराहों तक भिखारियों की संख्या फिर बढ़ गयी है। नगर निगम व डूडा ने भिखारियों को पकड़ने का अक्तूबर में अभियान शुरू किया था। दावा था कि 15 दिनों के अभियान के बाद शहर से भिखारियों को बाहर कर दिया जाएगा। उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाकर मुख्य धारा में लाया जाएगा। छोटे छोटे बच्चे जो भिक्षावृत्ति में संलिप्त थे उन्हें स्कूलों में पहुंचाया जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। अभियान की हवा निकल गयी। क्योंकि भिखारी कम ही नहीं हुए। विभागों के पास यह तक आंकड़ा नहीं है कि उनके अभियान के बाद कितनों को सरकारी स्कूलों में दाखिला कराया गया और किसे सरकारी सुविधाएं दी गईं। क्योंकि सभी अपने पुराने कामों में ही लगे हैं। जिन भिखारियों का विवरण तैयार हुआ था वह भी भीख मांगते दिखे। अक्तूबर में चले अभियान में शामिल डूडा के एक अधिकारी ने बताया कि जिन भिखारियों का विवरण तैयार कराया गया था वह भी फिर भीख मांग रहे हैं। कुछ सम्पन्न भिखारी जिन्हें अधिकारियों ने काफी मोटीवेट किया था उन्होंने भी अपना काम नहीं छोड़ा।

कमिश्नर हर महीने समीक्षा कर रही हैं। लेकिन अधिकारी लापरवाही कर रहे हैं। बीते बुधवार को कमिश्नर नगराम के भजा खेड़ा गयी थी। इस गांव में भिखारियों की संख्या काफी ज्यादा है। उन्होंने यहां चौपाल लगायी थी। भिक्षावृत्ति से जुड़े लोगों को सुविधाएं दिलाने का निर्देश दिया था। कमिश्नर ने तीन जनवरी को भी बैठक की थी।

ठाकुरगंज क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग की प्रमुख सचिव से शिकायत

ठाकुरगंज क्षेत्र में एक बिल्डर कई बीघे में अवैध तरीके से प्लाटिंग कर रहा है। न तो उसने एलडीए से नक्शा और ले आउट पास कराया है और न ही रेरा से प्लाटिंग की अनुमति ली है। यह आरोप लगाते हुए उप्र अपना व्यापार मंडल के प्रदेश प्रवक्ता अजय यादव ने प्रमुख सचिव आवास एवं शहरी नियोजन पी गुरु प्रसाद को उनके आफिस में एक शिकायती पत्र दिया। दिए पत्र में आरोप लगाया कि बिल्डर अवैध प्लाटिंग कर रो हाउसेज का निर्माण धड़ल्ले से करा रहा है। हरे पेड़ों को बगैर परमीशन के काट कर नष्ट कर दिया गया है। उपरोक्त प्लाटिंग में मानक के अनुरूप न ही सड़क का निर्माण है और न ही सीवेज व ड्रेनेज की कोई व्यवस्था की गई है।

कवियों ने मौसम पर सुनाई कविता,पंकज प्रसून और मुकुल को मिला मजा-ए-सर्दी सम्मान

लखनऊ। लखनऊ शीरोज हैंगआउट में नक्षत्र फाउंडेशन ने मजा-ए-सर्दी कवि सम्मेलन का आयोजन किया। कार्यक्रम में हास्य व्यंग्य कवि पंकज प्रसून और मुकुल महान को ठंढ के मौसम में कविताओं से गर्मी घोलने के लिए ÷मजा-ए -सर्दी सम्मान - 2025÷ से नवाज गया। प्रियांशु तिवारी वत्सल ने कार्यक्रम का संचालन किया। हास्य कवि पंकज प्रसून ने ठंढ में शहर और शायरों के हालात पर चुटकी लेते हुए कविता पढ़ी। कार्यक्रम में विशेष अतिथि अनुपम श्रीवास्तव ने अपनी हास्य रचना प्रस्तुत की। कवि मुकुल महान, संदीप शर्मा, कवि सौरभ त्रिपाठी और डा.निशा नवल ने कविता प्रस्तुत किया। ÷शहरे अदब जब हमें अलाव सिटी लगता है हर तरफ रैन बसेरे ही नजर आते हैं,,इतना कोहरा है कि खुद को भी देखना मुश्किल,,इतनी सर्दी है कि अशआर भी जम जाते हैं।

हाईवे पर केक काटने वाले 19 गिरफ्तार, हुड़दंग करने वालों में 5 नाबालिग

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। मड़ियांव में सड़क ब्लॉक करके बर्थडे पार्टी करने वाले 19 लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया। इनमें 5 नाबालिग हैं। पुलिस इसके पहले भी दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

पुलिस ने बताया कि रविवार देर रात उपद्रवियों ने मड़ियांव थाने से चंद कदम की दूरी पर रोड ब्लॉक करके करीब एक घंटे तक केक काटने के नाम पर उत्पात मचाया था। अपने सोशल मीडिया स्टेटस पर खबरों की कटिंग लगाई थी। पुलिस ने हिरासत में लिए गए 14 लोगों को गिरफ्तार किया। नाबालिगों को दस्तयाब किया है। लखनऊ में सोशल मीडिया पर जन्म दिन सेलिब्रेशन का एक वीडियो वायरल हुआ। वीडियो में हाईवे पर 50 से अधिक ब्लैक स्कॉर्पियो फॉर्च्यूनर और थार हैं। सफेद गाड़ी पर भाजपा का झंडा लगा है। बोनट पर कई केक रखे हैं। कुछ लोग गाड़ियों की छत पर हैं, कुछ डिवाइडर पर खड़े होकर वीडियो बना रहे हैं। पुलिस ने बताया कि राम लीला मैदान थाना मडियांव निवासी जैद खान (21) पुत्र अतीक खान (एम्बुलेंस चालक), अंकित रस्तोगी (25) पुत्र अनिल कुमार रस्तोगी (सुनार की दुकान), हरिओमनगर बाल निकेतन के पास थाना मडियांव निवासी हर्ष त्रिवेदी (20) पुत्र अजय द्विवेदी, श्रीनगर कॉलोनी निवासी विकास (20) पुत्र राकेश कुमार (एडवोकेट), गायत्री नगर निवासी विपिन कश्यप (19) पुत्र खैलू (जोमैटो), प्रभातपुरम निवासी सिद्धार्थ (22) पुत्र मनोज सिंह, गायत्रीनगर निवासी सुमित सिंह (18) पुत्र विजय सिंह (पीओपी), फैसल (24) पुत्र अक्षन (साफ सफाई का काम), मोहिबुल्लापुर निवासी संजू राजपूत (22) पुत्र रज्जन लाल, कृष्णा अवस्थी (22) पुत्र जनार्दन अवस्थी, सौरभ पाण्डेय (30) पुत्र विमलेन्द्र पाण्डेय (बिजली वायरिंग), मनीष वर्मा (22) पुत्र शिवकुमार वर्मा (ड्राइवर), अमन मिश्रा (20) पुत्र ओमप्रकाश मिश्रा (होटल में ईवेंट का काम), आदर्श शुक्ला (18) पुत्र दीपक शुक्ला को गिरफ्तार किया। शेष आरोपियों को दस्तयाब कर एक कार को भी सीज किया गया।

कांग्रेस महानगर अध्यक्ष मुकेश यादव का जन्मदिन मनाया गया

लोकमित्र ब्यूरो

नोएडा। कांग्रेस के नेताओं ने महानगर अध्यक्ष मुकेश यादव का जन्मदिन महानगर कांग्रेस कार्यालय सेक्टर -52 पर चादर उडाकर पगड़ी पहनाकर, गुलदस्ता देकर केक काटकर जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। अल्पसंख्यक कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव हिमाचल के प्रभारी लियाकत चौधरी ने कहा की नोएडा महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष मुकेश यादव का जन्मदिन आज कांग्रेस कार्यालय पर जाकर हमने बधाई दी उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य यतेन्द्र शर्मा,नोएडा ने मुकेश यादव के जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि हम दीर्घायु की कामना करते हैं उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते है पूर्व प्रदेश सदस्य सतेन्द्र शर्मा ने भी बधाई दी, इस मौके पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य यतेन्द्र शर्मा, नोएडा, अल्पसंख्यक नेता लियाक़त चौधरी, पूर्व प्रदेश सदस्य सतेन्द्र शर्मा, नोएडा, चाचा सतपाल गर्ग, अरुण प्रधान, सतीश पांचाल, अरुण कुमार, सहित कांग्रेस जन उपस्थित थे।

घुँघरू नगरी में धूमधाम से निकाली गई महर्षि परशुराम व खाटू श्याम की शोभायात्रा

पूजा अर्चना एवं पुष्प वर्षा के साथ जगह जगह हुआ शोभायात्रा का स्वागत

लोकमित्र ब्यूरो

जलेसर/एटा। मकर सक्रान्ति के मौके पर मंगलवार को ब्राह्मण समाज महासभा के तत्वाधान में नगर में भगवान परशुराम एवं खाटू श्याम जी की प्रतिमाओं का प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व नगर भ्रमण किया गया है।
नगर भ्रमण के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा भगवान परशुरामजी एवं भगवान खाटू श्याम की प्रतिमाओं की पूजा अर्चना कर पुष्प वर्षा की गई। महर्षि परशुराम एवं खाटू श्याम मंदिर की प्रतिमाएँ, झाकियाँ एवं बैंड बाजे नगर यात्रा के आकर्षण का केन्द्र रहे। ब्राह्मण समाज महासभा के तत्वाधान में मंगलवार को नगर के समसपुर रोड स्थित भगवान परशुराम मन्दिर से भगवान परशुराम एवं भगवान खाटू श्याम की प्रतिमाओं का नगर भ्रमण का शुभारंभ हुआ। जहाँ से यात्रा विभिन्न झाकियों, प्रतिमाओं एवं बैंड बाजे के साथ हजारों की तादाद में ब्राह्मण बंधुओ के साथ आगरा चौराहा से मुख्य बाजार मार्ग पर नई तहसील, कटरा चुंगी, शेरगंज, बड़ा बाजार,नाला बाजार, मंडी जवाहरगंज, महावीरगंज, निधौली चौराहा स्थित महर्षि परशुराम द्वार से वापस शिव परशुरामजी मन्दिर पहुँचे। जहाँ धार्मिक अनुष्ठान के साथ प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा कर विराजमान किया गया। इस दौरान- भाकियू स्वराज के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप पाण्डेय, हीरालाल उपाध्याय, वीपी गौतम, अजय उपाध्याय, नरेन्द्र दीक्षित, वीकेन्द्र उपाध्याय, हरीबाबू शर्मा, महेश दत्त शर्मा, अतुल भारद्वाज, सौरभ कौशल, अमित शर्मा, अमित पण्डित, डॉ यतेन्द्र यति, सुरेन्द्रदेव पाठक, सुमित दीक्षित, बबलू दीक्षित, संजय पाठक, डॉ श्याम बिहारी तिवारी,अजय मोहन शर्मा,पुष्पेन्द्र तिवारी, हरिओम शर्मा,नरेश मिश्रा, नितिनराज तिवारी, अनूप पाराशर, सुदीप पाठक,भरत शर्मा, लोकेश पचौरी, राहुल पाठक, सत्यदेव शर्मा, आदि हजारो ब्राह्मण बंधु मौजूद रहे।

श्रीराम मित्र मंडल नोएडा ने धूम-धाम से मनाया मकरसंक्रांति मिलन समारोह

लोकमित्र ब्यूरो

नोएडा। श्रीराम मित्र मंडल नोएडा ने सेक्टर-9,नोएडा स्थित अपने कार्यालय में धूमधाम से मकर संक्रांति मिलन समारोह का आयोजन किया। संस्था के चेयरमैन उमाशंकर गर्ग, अध्यक्ष धर्मपाल गोयल एवं महासचिव मुन्ना कुमार शर्मा ने सभी उपस्थितजनों का स्वागत किया एवं उन्हें मकरसंक्रांति की शुभकामनाएं दीं।
इस अवसर पर श्रीराम मित्र मंडल नोएडा द्वारा मकरसंक्रांति उत्सव के अवसर पर खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने खिचड़ी प्रसाद ग्रहण किये। इस अवसर पर सैकड़ों जरूरतमंद लोगों को सर्दी से बचाव के लिए कंबल प्रदान किया गया।
इस अवसर पर श्रीराम मित्र मंडल नोएडा के उपाध्यक्ष सतनारायण गोयल, बजरंगलाल गुप्ता, राजकुमार गर्ग, कोषाध्यक्ष राजेंद्र गर्ग, सहकोषाध्यक्ष अनिल गोयल, एस.एम.गुप्ता, अर्जुन अरोड़ा, मुकेश गुप्ता, मुकेश अग्रवाल, पवन गोयल, वरिष्ठ भाजपा नेता रविकान्त मिश्रा, रामेन्द्र सिंह, राकेश सोनी, मुकेश गर्ग सहित सैकड़ों श्रद्धालु एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

प्रदेश स्तरीय शैक्षिक विमर्श कार्यशाला में जिला संयोजकों ने किया प्रतिभाग

लोकमित्र ब्यूरो

एटा। मंगलवार को स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर मिशन शिक्षण संवाद की प्रदेश स्तरीय शैक्षिक विमर्श संगोष्ठी का आयोजन सफलतापूर्वक अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान गोमती नगर लखनऊ में हुआ। प्रदेश के सभी जनपदों के जिला संयोजकों एवं तकनीकी टीम के सदस्यों ने प्रतिभाग किया।
प्रदेश के संयोजक विमल कुमार जी द्वारा अपने वक्तव्य में कहा कि प्रदेश के शिक्षकों द्वारा बेसिक के बेसिक के बच्चों के लिए अपने अमूल्य समय देकर प्रतियोगी परीक्षा, कला, योग व्यायाम आदि के लिए जो कार्य किए जा रहे उनके प्रचार के लिए विशेष प्रयास की आवश्यकता है।
बेसिक केविद्यालयों में चल रही गतिविधियों को किस प्रकार प्रभावशाली बनाकर शिक्षक के सम्मान को बचाया जाए। सभी जिलों से आए शिक्षकों द्वारा अपने अनुभव साझा किए गए। विमल सर ने बताया वर्तमान परिप्रेक्ष्य में ऐसे चिंतन शिविरों की बहुत आवश्यकता है।
वर्तमान समय में व्यक्ति के चारित्रिक ह्रास हो रहा है।मिशन शिक्षण संवाद एटा टीम की तरफ से विकास मिश्रा, अनुपमा द्विवेदी पी एम श्री प्राथमिक विद्यालय सकतपुर, नीतू सिंह प्राथमिक विद्यालय समोखर और ओमवीर सिंह पी एम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय पिदौरा, मारहरा से प्रतिभाग किया गया।

सड़क हादसे में बेहोश हुआ चालक, बाइक उठा ले गए चोर



लोकमित्र ब्यूरो

इंदिरापुरम। गौतमबुद्धनगर के दादरी स्थित पिंक सिटी दो निवासी राकेश कुमार की बाइक 18 दिसंबर 2024 को सड़क हादसे के बाद घटनास्थल से चोर उठा ले गए। घायल राकेश को किसी अनजान व्यक्ति ने अस्पताल में भर्ती करा दिया। इलाज के बाद जब होश आया तब उन्हें बाइक चोरी की जानकारी मिली।
हादसा इंदिरापुरम थाना क्षेत्र स्थित सीआईएसएफ पुल पर हुआ। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राकेश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह निजी कंपनी में कर्मचारी हैं। 18 दिसंबर को वह ड्यूटी करके घर लौट रहे थे। सीआईएसएफ पुल पर पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी थी। हादसे में घायल होने की वजह से वह तुरंत बेहोश हो गए थे। किसी व्यक्ति ने उन्हें एसजेएम अस्पताल में भर्ती करा दिया था। करीब 15 घंटे बाद जब उन्हें होश आया तब उन्होंने बाइक के बारे में जानकारी की, लेकिन बाइक घटनास्थल पर थी ही नहीं। उपचार के बाद पीड़ित ने 12 जनवरी को तहरीर दी। एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि 13 जनवरी को मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

जलेसर में मकर संक्रांति पर्व पर निकाली गई गौ शोभायात्रा

लोकमित्र ब्यूरो

जलेसर/एटा। मकर संक्रांति के पावन पर्व पर मंगलवार को श्रीगंगेश्वर स्वर्गाश्रम एवं गौशाला कल्याण समिति के नेतृत्व में समूचे नगर में बैंड बाजे के साथ गौ शोभायात्रा निकाली गई। गौ शोभायात्रा का नगर में श्रद्धालुओं और भक्तों द्वारा जगह-जगह पूजा अर्चना तथा दान पुण्यकर स्वागत किया गया।
गौ शोभायात्रा का शुभारंभ नगर के निधौली चौराहा स्थित माँ गायत्री मंदिर से हुआ। जहां से गौ शोभायात्रा निधौली चौराहा स्थित भगवान परशुराम द्वारा होते हुए महावीरगंज,ब्लॉक कार्यालय, मंडी जवाहरगंज, नाला बाजार, कलां बाजार, बड़ा बाजार, शेरगंज, कटरा चुंगी, नई तहसील, आगरा चौराहा, बाईपास होते हुए गौशाला एवं स्वर्ग आश्रम पर जाकर संपन्न हुई। गौ शोभायात्रा में भक्तगणों द्वारा गौ माता की पूजा अर्चना,आरती उतार कर स्वागत किया गया। तथा दान पुण्य भी किया। शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बतौर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक, अपराध निरीक्षक चमन गोस्वामी, सिटी इन्चार्ज चन्द्र शेखर त्रिपाठी एवं एलआईयू प्रभारी अशोक सारस्वत के नेतृत्व मे कोतवाली पुलिस फ़ोर्स भी शोभायात्रा के साथ रहा। सीओ नीतीश गर्ग द्वारा भ्रमण सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। शोभायात्रा में जिला सहकार्यवाह विनोद धनगर, चेयरमैन प्रतिनिधि संजीव वर्मा, नरेन्द्र दीक्षित, श्यामविहारी तिवारी,बीएल कुशवाह, लोकेन्द्र पाठक, आदित्य मित्तल, सौरभ कौशल, अमित पंडित, संजय कुशवाह, आशू ठाकुर, सौरभ कौशल,भरत शर्मा, ललित वार्ष्णेय सभासद, नागेन्द्र प्रताप सिंह, राहुल पाठक, हरीश गुप्ता, विवेक जैन आदि सैंकड़ो गौसेवक मौजूद रहे।

पंखे से संदिग्ध अवस्था में लटका मिला विवाहिता का शव

लोकमित्र ब्यूरो

मुरादनगर। भदौली गांव में 27 वर्षीय मोनिका वाल्मीकि की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। सोमवार को मोनिका उर्फ अंकिता का शव कमरे में पंखे से लटका मिला। अंकिता के पति धीरज कुमार की चार माह पूर्व कैंसर से मौत हो चुकी है।
जनपद बागपत के बालैनी स्थित डोलचा गांव निवासी मोनिका उर्फ अंकिता वाल्मीकि की शादी चार साल पूर्व मुरादनगर के भदौली गांव निवासी धीरज कुमार के साथ शादी हुई थी। दंपती के दो बच्चे हैं। परिजनों ने बताया कि धीरज कुमार कैंसर से ग्रस्त थे। बीमारी के कारण लगभग चार माह पूर्व धीरज की मौत हो गई। परिजनों के अनुसार धीरज की मौत के बाद मोनिका तनाव में रहने लगी। सोमवार सुबह घरेलू काम निपटाने के बाद मोनिका ने बच्चों को कमरे से बाहर निकालकर दरवाजा बंद कर लिया। कुछ देर बाद बच्चे रोने लगे। बच्चों का रोना सुनकर परिजन वहां पहुंचे तो कमरे का दरवाजा बंद मिला। परिजनों ने किसी तरह दरवाजा तोड़ा तो अंदर पंखे पर मोनिका झूलती मिली। सूचना के बाद एसीपी मसूरी सर्किल सिद्धार्थ गौतम और मुरादनगर थानाध्यक्ष मुकेश सोलंकी व फील्ड यूनिट ने मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन की। एसीपी ने बताया कि मामला प्रथमदृष्टया खुदकुशी का लग रहा है। सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ। घटना की तहरीर मिलने पर कार्रवाई करेंगे।

मकर संक्रांति पर्व धूमधाम से मनाया गया

भाई साहब ने मकर संक्रांति के पर्व का आध्यात्मिक और सांस्कृतिक, सामाजिक, खगोलीय महत्व को श्रोताओं को बहुत ही अच्छी तरह से समझाया

लोकमित्र ब्यूरो

नोएडा। मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर आज मंगल पांडे नगर आर्यादित्य शाखा का मकर संक्रांति उत्सव आज सेक्टर 3 ग्रेटर नोएडा वेस्ट पॉकेट में जेबीएम वाले पार्क संपन्न हुआ।
जिसमें विभाग प्रचारक श्रीमान प्रवीर जी भाई साहब का मार्ग दर्शन प्राप्त हुआ। भाई साहब ने मकर संक्रांति के पर्व का आध्यात्मिक और सांस्कृतिक, सामाजिक, खगोलीय महत्व को श्रोताओं को बहुत ही अच्छी तरह से समझाया साथ मकरसंक्रांति के पर्व के अवसर पर सामाजिक समरसता पर श्रीराम के मार्ग चलने का संदेश जिस तरह श्रीराम ने माता शबरी झूठे बेर खाने में बिल्कुल संकोच नहीं उसी का पालन करते हुए छुआ छूत का त्याग करना चाहिए, जल संरक्षण, बच्चों के जन्म दिन विवाह की वर्षगांठ आदि पर पेड़ लगाने का आवाहन सर्व समाज से किया।
पर्यावरण के प्रति ये मानव की जिम्मेदारी है। नागरिक कर्तव्य बोध के बारे भी संदेश दिया सभी नागरिकों को अपने कर्तव्यों का दृढ़ता से पालन करना चाहिए, ये देश के समाज के हित में है, स्व बोध अपनी संस्कृति अपनी भाषा पर गर्व करना चाहिए स्वबोध से आत्म सम्मान प्राप्त होता है भाषाएं जितनी सीख सकते है सीखे परंतु मातृ भाषा का सम्मान अवश्य करे। परिवार के बच्चों को परिवार के सदस्यों को मोबाइल के दुष्प्रभावों बचना चाहिए और कुछ समय परिवार को अवश्य देना चाहिए ताकि परिवार मजबूत रहे।
ऐसे संकल्प के साथ मकरसंक्रांति पर्व मनाना चाहिए। कार्यक्रम अध्यक्ष ओमप्रकाश का आशीर्वाद प्राप्त हुआ मकर संक्रांति पर सूर्य देव सबका भविष्य सूरज तरह उज्जव बनाए । कार्यक्रम में सामाजिक समरसता के गीत प्रस्तुत किए गए।
कार्यक्रम में 125 भाई बहन बच्चे उपस्थित रहे ।कार्यक्रम प्रसाद वितरण बाद सम्पूर्ण हुआ। उसके बाद सेवा बस्तियों में भी प्रसाद वितरण किया गया लगभग 300 लोगों को प्रसाद वितरण किया गया।

घर का ताला तोड़कर नकदी व लैपटॉप ले उड़े चोर



लोकमित्र ब्यूरो

खोड़ा। प्रताप विहार निवासी नंद किशोर जोशी के मकान में चोरों ने ताले तोड़कर नकदी समेत अन्य सामान चोरी कर लिए। वारदात सात जनवरी को हुई लेकिन पुलिस ने मुकदमा 11 जनवरी की रात को दर्ज किया। नंद किशोर जोशी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सात जनवरी सुबह करीब 7:40 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके घर का ताला तोड़ा और घर में घुसकर चोरी कर ली। आरोपी घर में रखी 35 हजार रुपये की नकदी, लैपटॉप व अन्य कीमती सामान चोरी करके ले गया। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना डायल 112 पर दी। इसके बाद एक बीरबल चौकी से पुलिसकर्मी उनके घर पहुंचे और इसके बाद उन्होंने चौकी में तहरीर भी दी थी। मामले में पुलिस ने चार दिन बाद मुकदमा दर्ज किया। एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि छानबीन की जा रही है। कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रहे हैं। जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

मकर संक्रांति के दिन गंगा स्नान, व्रत, कथा, खिचड़ी दान और भगवान सूर्यदेव की उपासना करने का विशेष महत्व है

लोकमित्र ब्यूरो

नोएडा। गाजियाबाद गोविंदपुरम बाबा मार्केट अंकित डेरी खिचड़ी भंडारे का आयोजन किया गया इस अवसर पर विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान ने बताया कि मकर संक्रांति हिंदुओं का एक प्रमुख पर्व है, जो पौष मास में सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने पर मनाया जाता है. इस वर्ष मकर संक्रांति का पर्व 14 जनवरी को मनाया इस दिन से ऋतु परिवर्तन की शुरुआत भी होती है. मकर संक्रांति के दिन स्नान और दान-पुण्य जैसे कार्यों का विशेष महत्व होता है. इस पर्व पर खिचड़ी बनाने और खाने की परंपरा है, जिसके कारण इसे कई स्थानों पर खिचड़ी पर्व के नाम से भी जाना जाता है. यह दिन सिर्फ धार्मिक महत्व नहीं रखता, बल्कि इसका संबंध विज्ञान, कृषि और सामाजिक जीवन से भी है. मकर संक्रांति को नई ऊर्जा, नई फसल, और नई शुरुआत का प्रतीक माना जाता है. मकर संक्रान्ति के दिन दान करने का महत्व अन्य दिनों की तुलना में बढ जाता है। इस दिन व्यक्ति को यथासंभव किसी गरीब को अन्नदान, तिल व गुड का दान करना चाहिए। तिल या फिर तिल से बने लड्डू या फिर तिल के अन्य खाद्ध पदार्थ भी दान करना शुभ रहता है। धर्म शास्त्रों के अनुसार कोई भी धर्म कार्य तभी फल देता है, जब वह पूर्ण आस्था व विश्वास के साथ किया जाता है। जितना सहजता से दान कर सकते हैं, उतना दान अवश्य करना चाहिए। मकर संक्रान्ति के साथ अनेक पौराणिक तथ्य जुड़े हुए हैं जिसमें से कुछ के अनुसार भगवान आशुतोष ने इस दिन भगवान विष्णु जी को आत्मज्ञान का दान दिया था। इसके अतिरिक्त देवताओं के दिनों की गणना इस दिन से ही प्रारम्भ होती है। सूर्य जब दक्षिणायन में रहते है तो उस अवधि को देवताओं की रात्री व उतरायण के छ: माह को दिन कहा जाता है। महाभारत की कथा के अनुसार भीष्म पितामह ने अपनी देह त्यागने के लिये मकर संक्रान्ति का दिन ही चुना था। कहा जाता है कि आज ही के दिन गंगा जी भगीरथ के पीछे-पीछे चलकर कपिल मुनि के आश्रम से होकर सागर में जा मिली थी। इसीलिए आज के दिन गंगा स्नान व तीर्थ स्थलों पर स्नान दान का विशेष महत्व माना गया है। यही कारण है कि रातें छोटी व दिन बड़े होने लगते हैं। सूर्य के उतरी गोलार्द्ध की ओर जाने के कारण ग्रीष्म ऋतु का प्रारम्भ होता है। सूर्य के प्रकाश में गर्मी और तपन बढ़ने लगती है। इस अवसर पर विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के संरक्षक पंडित राजेश शर्मा, पंडित अंकित शर्मा, प्रशांत शर्मा, अतुल गोयल, धीरज, के संचालन में यह कार्य पूर्ण हुआ।

देवर ने वायरल किए भाभी के आपत्तिजनक फोटो, रिपोर्ट दर्ज

साहिबाबाद। लिंक रोड थानाक्षेत्र में चचेरे देवर ने भाभी के आपत्तिजनक फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। जब पीड़िता और उसके पति विरोध जताने आरोपी के घर पहुंचे तो उसने मारपीट कर दी। महाराजपुर गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह किराये के मकान में रहते हैं। पड़ोस के मकान में उनका चचेरा भाई भी रहता है। वीडियो वायरल करने के बाद जब वह पत्नी और साले के साथ चचेरे भाई के घर पहुंचे और विरोध किया तब आरोपी ने मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। एसीपी रजनीश उपाध्याय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कराई जा रही है।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा वृद्धाश्रम में वृद्धजनों को व्यक्तिगत रूप से फल एवं मिठाई किया वितरित

उन्होंने एक कहानी के माध्यम से वृद्धजनों को उत्साहित करते हुए उनसे उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की एवं उनके निराकरण हेतु उन्हें पूर्ण आश्वस्त किया

लोकमित्र ब्यूरो

एटा। नवागंतुक मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 नागेंद्र नारायण मिश्र द्वारा मकर संक्रांति के अवसर पर कासगंज रोड, एटा स्थित वृद्धाश्रम का भ्रमण किया गया एवं समस्त वृद्धजनों को व्यक्तिगत रूप से फल एवं मिठाई वितरित करते हुए उनसे वार्तालाप स्थापित किया गया।
उन्होंने एक कहानी के माध्यम से वृद्धजनों को उत्साहित करते हुए उनसे उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की एवं उनके निराकरण हेतु उन्हें पूर्ण आश्वस्त किया। उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि कौशल विकास विभाग के समन्वय से वृद्धाश्रम में व्यक्तिगत हुनर को निखारने के सृजनात्मक उपाय किये जायें तथा समस्त वृद्धजनों हेतु धार्मिक प्रार्थना सभाओं, सत्संग, संगीत, योग आदि की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। एक सहज और सुलभ प्रतिभा के धनी अधिकारी को अपने मध्य पाकर समस्त वृद्धजन अति आनंदित हुए एवं मुख्य विकास अधिकारी महोदय को हृदय से भरपूर आशीर्वाद प्रदान किया।
इस सुअवसर पर मुख्य विकास अधिकारी के वैयक्तिक सहायक ओम बाबू,खंड विकास अधिकारी मारहरा दिनेश चंद्र शर्मा एवं सकीट मो0 फैसल, एडीओ पंचायत मारहरा के अतिरिक्त वृद्धाश्रम के समस्त स्टाफ एवं प्रभारी जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ0 अजीत कुमार कार्यालय स्टाफ सहित उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

बेटियों से छेड़खानी के विरोध करने दबंग न दी धमकी

मसौली, बाराबंकी। थाना क्षेत्र में पड़ोसी द्वारा बेटियों से अश्लील बातें करने का विरोध पर जान से मारने की दबंगो ने धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर मसौली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया।थाना क्षेत्र मसौली के दहेजिया निवासी दिलीप कुमार पुत्र सीताराम ने दी गई तहरीर में कहा है कि विपक्षी गण विवेक कुमार पुत्र सुरेश चन्द्र गौतम आये दिन हमारे घर पर रात मे ईट पत्थर फेंकते है।हमारी बेटियों को देख कर अश्लील बातें करते है। जब बेटियों ने यह बातें बतायी तो पीड़ित जन शिकायत करने गया तो उल्टे विपक्षी से गाली गलौज पर आमदा होकर जान से मारने देने की ऐलनिंया धमकी देते हुए कहा कि अगर किसी प्रकार की पुलिस कार्यवाही करोगे तो हाथ पैर तोड कर रख दूँगा। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू किया।

कांट्रेक्टर एसोसिएशन के पदाधिकारियो ने लोधेश्वर महादेव मंदिर में की पूजा अर्चना

रामनगर। लोधेश्वर महादेवा मंदिर पहुंच कर सर्वोपरि कांट्रेक्टर वेलफेयर एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियो ने भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर जलाभिषेक के साथ आशीर्वाद लिया। संगठन मंत्री नरेंद्र प्रताप टिल्लू द्वारा इस अवसर पर एक बैठक आयोजित की जिसमें अध्यक्ष शिव गोविंद सिंह के द्वारा ठेकेदारों की समस्याओं पर चर्चा की गई। महादेवा मंदिर कॉरिडोर बनाने के लिए जो कार्य हो रहा है उसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद दिया गया एवं जिलाधिकारी के प्रयासों की सराहना की गई इस मौके पर सचिव शिव शंकर वर्मा, कोषाध्यक्ष अमर सिन्ह,मीडिया प्रभारी बृजेश कुमार, उपसचिव शिवकुमार रावत, उपाध्यक्ष बलराम सिंह, अवधेश सिंह, उमेंद्र सिंह डब्लू, राजन वर्मा ,प्रियांशु एवं अन्य सदस्य मौजूद रहे।

थानों की पुलिस द्वारा की गई पैदल गश्त

अमेठी। मंगलवार को शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक हरेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण में, मिशन शक्ति नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के दृष्टिगत महिलाओं व बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण तथा आमजनमानस में विश्वास व सुरक्षा का वातावरण बनाने के उद्देश्य से क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्र द्वारा थानाक्षेत्र पीपरपुर में, क्षेत्राधिकारी तिलोई अजय कुमार सिंह द्वारा कस्बा फुरसतगंज में, क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखानाअतुल कुमार सिंह द्वारा कस्बा मुसाफिरखाना में व प्रशिक्षणाधीन पुलिस उपाधीक्षक दिनेश कुमार मिश्र द्वारा कस्बा मुंशीगंज में एवं जनपद के थानों द्वारा पुलिस बल के साथ अपने-अपने थानाक्षेत्र में भीड़भाड़ एवं संवेदनशील स्थानों पर पैदल गश्त किया गया तथा विशेष चेकिंग अभियान चलाकर मुख्य मार्गों, हाइवे, चौराहों, रेलवे स्टेशन एवं शराब की दुकानों के आसपास संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग की गयी।

प्रतिबंधित चाईनीज मांझा के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

अमेठी। मंगलवार को उ0नि0 मदन कुमार सिंह थाना शिवरतनगंज मय हमराही अवैध प्रतिबंधित चाईनीज मांझा के प्रति जागरुकता अभियान के दौरान अभियुक्त रियाज पुत्र इजहार निवासी ग्राम शिवरतनगंज थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 28 वर्ष की दुकान से तलाशी के दौरान 01 बण्डल अवैध प्रतिबंधित चाईनीज मांझा बरामद हुआ एवं अभियुक्त पदम गुप्ता पुत्र रामआसरे गुप्ता निवासी ग्राम अहोरवा भवानी थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 40 वर्ष की दुकान से तलाशी के दौरान 01 बण्डल अवैध प्रतिबंधित चाईनीज मांझा बरामद हुआ। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त रियाज को अभियुक्त की दुकान से समय करीब 01.50 बजे दिन में एवं अभियुक्त पदम गुप्ता को अभियुक्त की दुकान से समय करीब 04.35 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना शिवरतनगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

सांसद की फायर कीट, मुहैया कराई जरूरत मंद को

अमेठी। भेटुआ में कल रात ग्राम सभा पीपर पुर के वीरमपुर में बाल गोविन्द कोरी के घर आग लगने से गृहस्थी जल कर खाक हो गई थी जिसकी सूचना सांसद को हुई तो मंगलवार को लोकप्रिय सांसद केएल शर्मा द्वारा अग्नि पीड़ित परिवार को भेजा गया फायर राहत कीट, जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल के निर्देश पर ब्लॉक अध्यक्ष अजीत यादव द्वारा बाल गोविन्द कोरी को प्रदान किया गया, और बताया गया कि सांसद आपके दुःख में आपके साथ है।। तथा साथ में किसान कांग्रेस जिला सचिव सूर्य भान तिवारी , मण्डल अध्यक्ष जगदीश सिंह व ग्राम सभा अध्यक्ष दिनेश यादव मौजूद रहे।।

मार्ग दुर्घटना में दो महिलाएं गम्भीर रूप से घायल

बांगरमऊ,उन्नाव। क्षेत्र के दो अलग-अलग मार्गों पर दुर्घटनाओं में दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा एक घायल महिला को नाजुक हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया।
कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गौरैया निवासिनी सोनाक्षी 42 वर्ष पत्नी साहब लाल आज मंगलवार को मकर संक्रांति पर्व पर अपनी पुत्री के साथ खिचड़ी भोज में ई-रिक्शा से अपने मायके ब्योली इस्लामाबाद जा रही थी। तभी रास्ते में बेहटा-ब्योली इस्लामाबाद मार्ग पर अचानक तेज रफ्तार ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में सोनाक्षी गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंचे मायके के लोग आनन-फानन घायल महिला को यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखकर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इसके अलावा बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के ही ग्राम हयात नगर भौंरा निवासिनी राजपुत्री 40 वर्ष पत्नी राजपाल भी बाइक से अचानक नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हुई है। घायल को यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

कस्बा बिहार मे गौरी शंकर वालीवाल प्रतियोगिता आज

पाटन,उन्नाव। कस्बा बिहार स्थित बाबा गौरीशंकर मंदिर प्रांगण में बुधवार को एक दिवसीय बाबा गौरीशंकर वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन होगा। प्रतियोगिता मे रायबरेली स्पोर्ट्स कॉलेज, आरपीएफ टीम लखनऊ, बाबू केडी सिंह स्टेडियम लखनऊ,गोरखपुर, इलाहाबाद, प्रतापगढ़, बाराबंकी, बांदा सहित 10 टीमें भाग लेंगी।कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 9 बजे से होगा, और टीमों का पंजीकरण केवल सुबह 10 बजे तक किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार ☐15,000 और द्वितीय पुरस्कार ☐11,000 दिया जाएगा ।

नागरिक संगम से वार्डों में होगा समस्याओं का समाधान, डीएम नेहा शर्मा की पहल

गोण्डा। जिले में प्रशासनिक कार्यप्रणाली को पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने ष्नागरिक संगमष् कार्यक्रम की शुरुआत की है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य नगरवासियों और प्रशासन के बीच संवाद स्थापित करना और जनसमस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। यह कार्यक्रम 17 जनवरी से शुरू होकर फरवरी तक चरणबद्ध तरीके से जिले के सभी 10 नगर निकायों में आयोजित होगा। प्रत्येक वार्ड में संवाद सत्र आयोजित कर नगरवासियों की समस्याएं सुनी जाएंगी, और उनका मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि नागरिक संगम का उद्देश्य वार्डवार जनसंवाद के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं को सुनना, उन्हें सूचीबद्ध करना और निर्धारित समय सीमा में उनका समाधान करना है। इस कार्यक्रम में नागरिकों को शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

कृषक समृद्धि आयोग के सदस्य कुलजीत सिंह ने की मंडी समिति गेस्ट हाउस की समीक्षा

लोकमित्र ब्यूरो

एटा। मंगलवार को कृषक समृद्धि आयोग के सदस्य कुलजीत सिंह जी दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री का जनपद के भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत सर्वप्रथम मंडी समिति गेस्ट हाउस में कृषि एवं कृषि से संबंधित विभागों की समीक्षा की गई एवं विभागों की समस्याएं एवं सुझाव जाने गए। सदस्य द्वारा कृषि विभाग द्वारा जनपद में किसानों को खाद बीज और कीटनाशक दवाएं साथ ही साथ अनुदान पर कृषि यंत्र एवं पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत सोलर पंप लगवाए जाने की समीक्षा की गई, समीक्षा एवं विभागों के कार्य से सदस्य कुलजीत सिंह जी द्वारा विभाग के अधिकारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों पर प्रसन्नता व्यक्त की गई, माननीय सदस्य कुलजीत सिंह जी द्वारा धान क्रय में शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण किए जाने पर संतोष व्यक्त किया गया तथा बिजली पानी के साथ-साथ प्रत्येक टेल तक नहर का पानी पहुंचे इसके बारे में विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए। मा0सदस्य द्वारा मंडी समिति में किसान समृद्धि केंद्र खोलने हेतु शासन को प्रस्ताव भेजने के लिए मंडी सचिव को कहा गया कि यदि किसान समृद्धि केंद्र मंडी में खुलेगा तो किसानों को गुणवत्ता पूर्ण बीज एवं कीटनाशकों को प्राप्त करने में काफी सुविधा मिलेगी साथ ही मंडी सचिव को मंडी में बेसहारा गायों को रोकने हेतु केटल केचर लगवाने हेतु कहा गया। इसके बाद जीटी रोड स्थित गौशाला का निरीक्षण किया गया तथा गायों को गुड एवं हरा चारा खिलाया गया गौशाला की व्यवस्थाओं को देखकर सदस्य कुलजीत ने संतोष व्यक्त किया इसके उपरांत सदस्य ने विकासखंड सकिट के अंतर्गत मलावन स्थित राजकीय कृषि फार्म एवं राजकीय बीज गोदाम का निरीक्षण किया जिसमें कृषकों को अनुदान पर वितरित किए गए बीज के लाभार्थियों से बात की लाभार्थियों द्वारा सदस्य को अवगत कराया गया। की पॉस मशीन से फर्द के आधार पर बीज का वितरण किया जाता है जिससे सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सब्सिडी काटकर उनको बीज दिया जाता है इसके लिए सदस्य एवं सरकार को बहुत धन्यवाद दिया गया है। सदस्य की बैठक में उप कृषि निर्देशक रोहतास कुमार, जिला कृषि अधिकारी डॉ0 मनवीर सिंह,मुख्य पशु चिकित्साधिकारी अनिल कुमार, अधिशासी अभियंता नलकूप प्रकाश चंद, जिला पूर्ति अधिकारी कमलेश गुप्ता, जिला विपणन अधिकारी संतोष कुमार के साथ-साथ अन्य विभागों के भी कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

मकर संक्रांति पर जगह-जगह वितरण हुई खिचड़ी

लोकमित्र ब्यूरो

शुक्लागंज, उन्नाव। मकर संक्रांति पर्व पर लोगों ने धार्मिक और सामाजिक सौहार्द्र का परिचय देते हुए जगह-जगह खिचड़ी भोज का आयोजन किया। राजधानी मार्ग सुभाष नगर मोड़ पर सुनील दीक्षित के नेतृत्व में खिचड़ी वितरण किया गया। यहां नगर के गणमान्य नागरिकों और राहगीरों ने ठंड के मौसम में गर्म खिचड़ी का आनंद लिया। इस मौके पर केडी त्रिवेदी, श्रीकांत पांडे, गणेश मिश्रा, संदीप पांडे, कमल वर्मा, वीरेन्द्र शुक्ला, सनी दीक्षित, सोनू तिवारी और कपिल विश्वकर्मा समेत अन्य लोग मौजूद रहे। इसके अलावा निषाद मार्केट के पास विशाल खिचड़ी भोज आयोजित किया गया, जहां सुबह से देर शाम तक लोगों ने खिचड़ी का लुत्फ उठाया। इस कार्यक्रम में शिशिर श्रीवास्तव, अनिल पाल, सचिन ओमर, गोपी यादव, अजय गुप्ता, आशीष गौतम, सोनू यादव, अभिषेक यादव और दिनेश यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे। खिचड़ी भोज का आयोजन मिश्रा कॉलोनी, चंपापुरवा, पोनी रोड, ब्रह्म नगर, श्री नगर, अंबिका पुरम, गोपीनाथपुरम, कंचन नगर, रहमत नगर, अहमद नगर, आनंद नगर, नेहरू नगर और सुभाष नगर जैसे मोहल्लों में भी किया गया।
इन आयोजनों ने मकर संक्रांति की परंपरा को जीवंत रखा और समाज में भाईचारे का संदेश दिया। हर वर्ग और उम्र के लोग इन कार्यक्रमों में शामिल होकर सामाजिक समरसता का परिचय देते नजर आए। आयोजकों ने खिचड़ी भोज के जरि पुण्य कमाया।

डोकरई में मकर संक्रांति पर आयोजित हुई वालीवाल प्रतियोगिता

लोक मित्र संवाद

पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर क्षेत्र के ग्राम डोकरई में सुभाष स्पोर्टिंग क्लब द्वारा 77वां प्रांतीय स्तर वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुभाष स्पोर्टिंग क्लब के संस्थापक, क्रांतिकारी नेता सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर और माल्यार्पण करके किया गया। मुख्य अतिथि समाजसेवी सूरज सिंह चौहान व आंशू बाजपेई ने झंडारोहण और फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। साथ ही अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच रावतपुर कला और डोकरई की टीमों के बीच खेला गया। बेस्ट ऑफ वन के इस रोमांचक मुकाबले में रावतपुर कला ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजय हासिल की। प्रतियोगिता में गैर जनपद से आई 12 टीमों ने भाग लिया और अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। खिलाड़ी पवन पुत्र श्यामू की असामयिक मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा गया। इस मौके पर समाजसेवी सूरज सिंह ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए खेल के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, ÷खेल शारीरिक और मानसिक विकास के लिए आवश्यक हैं। खेल न केवल स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं, बल्कि सामाजिक सद्भावना भी स्थापित करते हैं। वहीं, शिवबीर व आंसू बाजपेई ने कहा कि खेल भावना से खेलना हर खिलाड़ी का कर्तव्य है।समिति द्वारा अतिथियों का अंगवस्त्र, प्रतीक चिन्ह, और माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर , शिवबीर सिंह, राम करन सिंह, डॉ. एस. पी. सिंह, आशू सिंह, सुमित बाजपेई, गुड्डू श्रीवास्तव, वीरू सिंह, विक्रम सिंह, अनुज वर्मा समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। प्रतियोगिता ने खिलाड़ियों और दर्शकों में उत्साह का संचार किया।

सामाजिक सद्भाव एवं समरसता का प्रतीक खिचड़ी भोज का भव्य आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

बाराबंकी। डा0 श्याम सिंह यादव सेवा संस्थान, बाराबंकी के तत्वाधान में महापर्व मकर संक्रान्ति के पावन अवसर पर सामाजिक समरसता का प्रतीक खिचड़ी भोज आयोजित किया गया। सामाजिक एवं सांस्कृतिक परम्परा का निर्वहन करते हुए, सर्व प्रथम साधू एवं ब्राह्मणों का पूजन एवं दान के पश्चात खिचड़ी भोज प्रारम्भ किया गया।
इस पावन अवसर पर समाज के प्रत्येक वर्ग से प्रतिष्ठित एवं जन सामान्य सभी लोगों ने पधारकर अपनी उपस्थिति से इस आयोजन को गरिमा प्रदान की और कहा कि यह पर्व आपसी प्रेम और सद्भाव की दृष्टि से अनूठा है। खिचड़ी सामाजिक सद्भाव एवं समरता का प्रतीक है।
इस अवसर पर अरविन्द कुमार सिंह 'गोप' पूर्व मन्त्री उत्तर प्रदेश शासन, गौरव रावत विधयक जैदपुर, सुरेश यादव विधायक जैदपुर, डा0 पी0एल0 पुनिया पूर्व सांसद बाराबंकी, सुरेन्द्र वर्मा चेयरमैन प्रतिनिधि बाराबंकी, श्री राम गोपाल रावत, पूर्व विधायक, अरविन्द यादव पूर्व एम0एल0सी0 बाराबंकी, सरताज चौधरी, वसीम राइन, डॉ0 हरनाम सिंह, श्री भारत सिंह यादव पूर्व अध्यक्ष बार एसोसिएसन बाराबंकी, सुरेन्द्र प्रताप सिंह एडवोकेट, बृजेश दीक्षित एडवोकेट, हुमायुँ नईम खाँ एडवोकेट, पुष्पेन्द्र सिंह एडवोकेट, आशीष यादव एडवोकेट, प्रदीप सिंह, पूर्व अध्यक्ष बार एसोसिएसन बाराबंकी, डा0 वीरेन्द्र श्रीवास्तव, डा0 नन्हे सिंह आसिफ जमाल, मो0 आफाक सहित समाज सेवा से जुड़े श्री दिनेश शर्मा, राम सेवक यादव, राम प्रगट यादव, रामकैलाश यादव, शैलेन्द्र सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।
संस्थान द्वारा आयोजित खिचड़ी भोज में आये हुए अतिथियों के साथ डॉ0 विकास यादव।

मकर संक्रांति पर्व पर गंगा के तटों पर स्नानार्थियों की उमड़ी भीड़

लोक मित्र संवाद

शुक्लागंज, उन्नाव। मंगलवार को मकर संक्रांति के पर्व पर कड़ाके की सर्दी और घने कोहरे के बावजूद बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। मंगलवार भोर पहर से ही श्रद्धालुओं की भीड़ गंगा तट पर जुटनी शुरू हो गई थी। जिसमें कानपुर, लखनऊ, बाराबंकी, उन्नाव, नवाबगंज, असोहा, हरौनी, पिपरसंड, जैतीपुर समेत दर्जनों अन्य स्थानों से श्रद्धालु निजी वाहनों और ट्रेनों से गंगा तट पहुंचे। श्रद्धालुओं ने स्नान के बाद गंगा किनारे स्थित पंडों को दान-दक्षिणा दी। कई श्रद्धालुओं ने तट पर खिचड़ी दान की और वहीं पर खिचड़ी पकाई। मकर संक्रांति के मौके पर गंगा स्नान का विशेष महत्व होता है, और इस मौके पर हर आयु वर्ग के लोग बड़ी संख्या में जुटे। नगरपालिका प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए व्यापक प्रबंध किए थे। तटों पर साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा गया। स्नान क्षेत्र में गोताखोरों की तैनाती की गई, और पुलिस बल की मौजूदगी ने व्यवस्था बनाए रखने में सहायता की। कोहरे के कारण दृश्यता कम होने के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह देखने लायक था। गंगा स्नान के बाद लोगों ने आसपास के मंदिरों में पूजा-अर्चना की और परिवार व मित्रों के साथ समय बिताया। स्थानीय दुकानदारों ने भी स्नान के इस अवसर का लाभ उठाते हुए प्रसाद, फूल-माला और अन्य पूजा सामग्रियों की बिक्री की। खासकर महिलाओं और बच्चों में स्नान के बाद खिचड़ी पकाने और बांटने का उत्साह देखने लायक था। इस आयोजन ने न केवल धार्मिक बल्कि सामाजिक समरसता का भी संदेश दिया। पालिका प्रशासन और स्थानीय स्वयंसेवी संस्थाओं ने श्रद्धालुओं को आवश्यक मदद प्रदान की। चिकित्सा सुविधाओं के लिए अस्थायी कैंप लगाए गए थे।

संस्कार महोत्सव के अंतिम दिन कार्यकर्ताओ को किया गया सम्मानित

लोकमित्र ब्यूरो

निन्दूरा। विकास खण्ड देवा क्षेत्र के बलवंतपुरा भानमतिया स्थित बाबू दास कुटी पर चल रही पांच दिवसीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा एवं संस्कार महोत्सव के अंतिम दिन सोमवार को देर रात्रि पावन प्रज्ञा पुराण कथा एवं गायत्री महायज्ञ का समापन हुआ कार्यक्रम स्थल पर शान्ति कुंज हरिद्वार की ओर से गायत्री शक्ति पीठ की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कथा आचार्य रामनाथ मौर्य ने प्रज्ञा पुराण के सातों विशेष प्रकरणों कल्याण जिज्ञासा प्रकरण आत्म ज्ञान संयम शीलता एवं कर्तव्य परायणता प्रकरण ज्ञान कर्म भक्ति भावना प्रकरण सत साहस, संघर्ष प्रकरण परिवार प्रकरण और प्रज्ञा अवतार प्रकरण की मार्मिक विवेचना की। रामचरितमानस पर भी उन्होंने विशेष व्याख्यान दिया। बड़ी संख्या में लोगों ने बीड़ी तम्बाकू शराब सिगरेट परित्याग का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में अंतिम दिन सोमवार देर रात्रि यज्ञाचार्य रामनाथ मौर्य की अगुवाई में 1008 वेदीय गायत्री दीप महायज्ञ के साथ पूर्णाहुति दी गई। इस मौके पर तीन दर्जन कार्यकर्ताओं को गायत्री परिवार द्वारा अंग वस्त्र और साहित्य प्रदान कर सम्मानित किया गया। देर रात्रि कार्यक्रम में गायत्री परिवार द्वारा विवाह दिवस धूमधाम से मनाया गया और फूल वर्षा कर फूल की होली खेली गई शान्ति कुंज हरिद्वार की टोली का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम जनसहभागिता से बार बार आयोजित होने चाहिए। जिससे समाज सुधार की दिशा में एक सार्थक पहल हो सके। इस मौके पर पवन कुमार दीपक यादव पप्पू यादव सौरभ अनूप कुमार सोनेलाल मोहित शिवम यादव बृजेश कुमार दया राम सुरेंद्र यादव विकास कुमार राम आदेश यादव पप्पू वर्मा अवधेश कुमार यादव कोटेदार रामचंद्र वर्मा सहज राम यादव विपिन कुमार आदि लोगों के विशेष योगदान के लिए गायत्री परिवार की ओर से सम्मानित कर धन्यवाद ज्ञापित किया गया

विद्युत कनेक्शन के नाम धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

बीघापुर,उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के इंदेमऊ निवासी रश्मा सिंह पत्नी बलराम सिंह ने विद्युत कनेक्शन के नाम पर की गई धोखाधड़ी के मामले में मुकदमा पंजीकृत कराया है। रश्मा सिंह ने थाने में दी गई तहरीर में आरोप लगाया था कि बिहार थाना क्षेत्र के कस्बा राधागंज निवासी प्रशांत तिवारी उर्फ शिवम द्वारा विद्युत कनेक्शन कराए जाने के लिए उससे ☐6000 कैश तथा ☐10000 गूगल पे के द्वारा ले लिए घरेलू कनेक्शन किए जाने का उसके मोबाइल पर संदेश भी आ गया किंतु आरोपित ने उसे कोई रसीद नहीं दी, जिसके चलते 11 दिसंबर को विद्युत अधिकारियों द्वारा उसका कनेक्शन काट दिया गया ।थाना अध्यक्ष राजपाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

मरीजों के बेहतर इलाज के लिए आगे आई युवाओं की टीम

मैरीलैंड हॉस्पिटल ने लगाया फ्री मेडिकल कैम्प

लोकमित्र ब्यूरो

बाराबंकी। नगर के पुलिस लाइन वाल्मिकी नगर वार्ड में मंगलवार को माल गोदाम रोड पर मैरीलैंड हॉस्पिटल द्वारा निःशुल्क मेडिकल कैम्प लगाया गया। इस मेडिकल कैम्प में लगभग एक सैकड़ा मरीजों को दवाएं दी गई। साथ ही कुछ मरीजों का मेडिकल चेकअप भी कराया गया।
मेडिकल कैम्प का उद्घाटन सभासद अश्वनी शर्मा 'शिवा' ने किया। उन्होंने डॉक्टरों के प्रयासों की सराहना की। यह शिविर स्वास्थ्य सेवाओं को लोगों के करीब लाने का एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के संयोजक समाजसेवी अकरम रसूल, फराज अख्तर एवं तरूण अरोड़ा (विक्की) ने कैम्प के आए मरीजों को निःशुल्क दवाएं वितरीत की।
इस मौके पर समाजसेवी अकरम रसूल ने बताया कि मरीजों के बेहतर इलाज के लिए यह मेडिकल कैम्प लगाया गया है। इस कैम्प में शामिल मरीजों के बेहतर इलाज की सुविधा आगे भी प्रदान की जाती रहेगी। किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज के गैस्ट्रो फिजीशियन डॉ इम्तियाज अहमद ने अपनी पूरी मेडिकल टीम के साथ 100 से अधिक मरीजों को परामर्श, जांच एवं दवाएं दी।
इस मौके पर धनंजय शर्मा डब्बू, अब्दुल रहमान लल्लू, वरिष्ठ पत्रकार आमिर अली, पत्रकार श्रीनिवास त्रिपाठी, अजीज अहमद 'अज्जू', एडवोकेट सुमित जायसवाल, फैसल अख्तर, अंकुर शर्मा, क्षितिज वर्मा, बाबू एवं सोनू आदि कई लोग मौजूद रहे।

पुलिस ने साइबर ठगी की 160800 रुपये की रकम करवाई रिफंड

लोक मित्र संवाद

शुक्लागंज, उन्नाव। थाना गंगाघाट, जनपद उन्नाव की पुलिस ने साइबर ठगी का शिकार हुए व्यक्ति की 1,60,800 रुपये की पूरी धनराशि वापस कराई। यह सफलता श्रीमान पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मिली।
गंगाघाट थाना क्षेत्र के उद्धाखेड़ा, हाजीपुर निवासी रवेश पुत्र रामशंकर ने साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने 14 अगस्त 2024 को फोन पे के माध्यम से 1,60,800 रुपये की ठगी होने की सूचना दी थी।
मामले को गंभीरता से लेते हुए गंगाघाट पुलिस और साइबर क्राइम थाना की संयुक्त टीम ने तुरंत जांच शुरू की। जांच के बाद प्रभावी कार्रवाई करते हुए ठगी गई पूरी राशि को रवेश के खाते में रिफंड कराया गया। पुलिस की इस सफलता के पीछे गंगाघाट थाना के प्रभारी निरीक्षक अनुराग सिंह, एएसआई पंकज कुमार, महिला कांस्टेबल शमरीन बानो और साइबर क्राइम थाना उन्नाव की टीम की तत्परता रही। टीम ने समन्वित प्रयासों से न केवल ठगी का पता लगाया बल्कि धनराशि को जल्द से जल्द वापस दिलाने में सफलता प्राप्त की। पुलिस अधीक्षक ने पीड़ित की मदद के लिए पुलिस टीम की सराहना की और जनता से अपील की कि वे किसी भी प्रकार के साइबर अपराध की सूचना तुरंत साइबर पोर्टल या पुलिस को दें।

संक्षिप्त खबरें

अज्ञात कारणों से बिक्की में लगी आग

मोहम्मदी-खीरी। थाना क्षेत्र के शाहजहांपुर रोड जिओ पम्प के निकट अज्ञात कारणों से बिक्की में लगी आग जिसमें बिक्की पूरी तरह जलकर राख हो गई। आग लगाने की सूचना पाकर मौके पर पुलिस और फायर ब्रिगेड पहुंची कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझी। मिली जानकारी के अनुसार गांव पटई निवासी राजाराम पुत्र गोवर्धन की गाड़ी नंबर यूपी 27 ऐपी 3717 अपने ग्राम से मोहम्मदी आ रहे हैं उन्होंने जिओ पम्प से पेट्रोल डलवाया जिसे ही कुछ दूर भट्टे के पास पहुंचे कि बिक्की में अचानक आग लग गई आग बुझाने के लिया बाइक सवार इधर उधर घूमता रहा लेकिन तब तक आग और बढ़ गई जब तक आसपास के लोग पहुंचे बिक्की में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग को बुझाया। जब तक बिक्की जल चुकी थी सिर्फ उसमें अगला टायर ही जलने से बचा था। एक बड़ा हादसा होने से टला कोई जानी नुकसान नहीं हुआ।

तेंदुए के पगचिन्ह से ग्रामीणों में दहशत

औरंगाबाद खीरी। औरंगाबाद क्षेत्र के खूंटी बुजुर्ग गाँव में एक खेत में तेंदुए के पगचिन्ह दिखने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई है। ग्रामीणों ने बताया कि आज सुबह को खेत में तेंदुए के पगचिन्ह दिखे, जिससे वे बहुत डर गए हैं। खूंटी बुजुर्ग रामकिशन अपने खेत मे सुबह गए तो वहां तेंदुए के पगचिन्ह देखते ही वन विभाग को सूचना दी और उनसे मदद मांगी है। वन विभाग के वन दरोगा विनोद भारती ने बताया कि यह पगचिन्ह कई दिनों पहले के है फिर उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है जरूरत पड़ी तो पकड़ने के लिए कैमरा व पिजड़ा भी लगा दिया जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि वे अपने खेतों में काम करने से डर रहे हैं और उन्हें लगता है कि तेंदुआ उनके जानवरों और फसलों को नुकसान पहुंचा सकता है। इस मामले में वन विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे तेंदुए को देखकर घबराहट न करें और तुरंत वन विभाग को सूचित करें।

बाइकों की आमने सामने भिडन्त से चार घायल, घने कोहरे की वजह से हुआ हादसा

धौरहरा-खीरी। मंगलवार शाम लगभग पांच बजे ढखेरवा सिसैया हाईवे के महादेव क्रेशर के पास घने कोहरे के कारण दो बाईकों की आमने सामने भिड़ंत हों गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस चौकी कफारा प्रभारी व शिक्षा संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारियों द्वारा घायलों को जरिए एम्बुलेंस रमियाबेहड़ सी एच सी भेज दिया गया।इस बारे में जानकारी देते हुए चौकी प्रभारी अजय सिंह ने बताया कि दो बाइकों की भिड़ंत हो गई थी।बाइकों पर बैठे सभी को हल्की-फुल्की खरोंच दिखी,हालत सामान्य है।

घर के बाहर बंधी भैंस चोरी

बांगरमऊ,उन्नाव। फतेहपुर 84 थाना क्षेत्र के एक गांव में बीते सोमवार की रात अज्ञात मवेशी चोर घर के बाहर छप्पर के नीचे बंधी भैंस चोरी करने के बाद लोडर में लादकर भाग निकले। पशुपालक ने भैंस की कीमत करीब 70 हजार रुपए बताई है। ग्राम माढ़ापुर के मजरा नया खेड़ा निवासी पशुपालक परसादी पुत्र जगनू द्वारा संबंधित चौकी राजेपुर पुलिस को दी गई तहरीर में कहा गया है कि बीते सोमवार की रात उसकी करीब 70 हजार रुपए कीमत की भैंस मकान के बरामदे के बाहर रखे छप्पर के नीचे बंधी हुई थी। जबकि वह बगल में ही बरामदे में गहरी नींद में सो रहा था। तभी आधी रात के बाद अज्ञात मवेशी चोरों ने जंजीर सहित भैंस चोरी कर ली और किसी पिकअप लोडर पर लादकर भाग निकले। सुबह करीब चार बजे नींद खुलने पर उसे भैंस चोरी की जानकारी हो सकी। सूचना पर पहुंची पीआरवी पुलिस ने गांव के सभी संपर्क मार्गों पर गाड़ी दौड़ाकर भैंस खोजने की कोशिश की। किंतु उसकी भैंस का कोई सुराग नहीं मिल सका। पशुपालक के अनुसार उसके मकान से थोड़ी ही दूर स्थित ग्राम शिवपुरी मार्ग पर पिकअप लोडर के टायरों के निशान बने हैं। पीड़ित पशुपालक ने पुलिस से चोरों को गिरफ्तार कर भैंस बरामद करने की मांग उठाई है।

सांसद चाहर ने दक्षिणांचल पर 24 घंटे के लिए डेरा डाला, जुटी भीड़

लोकमित्र ब्यूरो

आगरा। दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के कार्यालय पर फतेहपुरसीकरी के सांसद राजकुमार चाहर ने जनचौपाल शुरू कर दी है। जन चौपाल 24 घंटे तक अनवरत दिन-रात चलेगी। चौपाल में विद्युत विभाग से जुड़ी समस्याएं सुनीं जा रही हैं और अधिकारियों से उनका मौके पर ही निस्तारण भी कराया जा रहा है।

जन चौपाल की शुरुआत करते हुए सांसद राजकुमार चाहर ने विद्युत विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को आड़े हाथ लिया। साथ ही ऐलान किया कि पूरे गांव की बिजली काटने वाले, गुंडई करने वाले और एफआईआर कराकर लोगों को डराने वाले वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया जाएगा। इन लोगों के खिलाफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर की जाएगी कार्यवाही की मांग। सांसद चाहर इनायतपुर में बिजली विभाग की लापरवाही से युवक की मौत पर भी भड़के।

उन्होंने कहा कि लापरवाह विद्युत विभाग के अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। विद्युत विभाग की लापरवाही से ही युवक की दर्दनाक मौत हुई है। इसके लिए किसी को बख्शा नहीं जाएगा।

उन्होंने कहा कि शमशाबाद के लहरा गांव में बिजली काटने वाले अधिकारियों पर भी एक्शन लिया जाएगा। जन चौपाल में लोकसभा क्षेत्र के दूरदराज से भी लोग अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे हुए हैं। लोग जनचौपाल शुरू होने से पहले ही पहुंच चुके थे और उनके आने का सिलसिला जारी है।

सांसद चाहर ने कहा कि उनके पास समस्याएं लेकर आने वाले सबसे ज्यादा विद्युत विभाग से परेशान लोग होते थे, इसीलिए उन्होंने पहली जनचौपाल दक्षिणांचल कार्यालय पर ही लगाई है। वे लोगों की समस्याओं का तो निराकरण कराएंगे ही, साथ ही विभाग के अधिकारियों को यह संदेश भी देना चाहेंगे कि जनता को बेबस न समझें। जनता के प्रतिनिधि लोगों के साथ खड़े हैं। उन्हें मनमानी नहीं करने दी जाएगी।

जन चौपाल में विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ ही टोरेंट पावर के भी अधिकारी मौजूद हैं।

तेज रफ्तार कैंटर ने बाइक सवार को रौंदा, हालत चिंताजनक

लोकमित्र ब्यूरो

अलीगंज/एटा। अलीगंज थाना क्षेत्र के मैनपुरी रोड स्थित झकरई ईंट भट्टे के समीप तेज रफ्तार कैंटर ने सामने से आ रहे बाइक सवार को रौंद दिया ।टक्कर लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया ।आस पास के लोगों ने घायल को तत्काल एंबुलेंस की सहायता से अलीगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया है।जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गम्भीर रूप से घायल युवक को हायर सेंटर रेफर कर दिया है।वही ग्रामीणों ने एक्सीडेंट के बाद मौके से भाग रहे कैंटर चालक और क्लीनिक को पकड़ कर पुलिस हिरासत में दिया है ।जानकारी के अनुसार बाइक सवार युवक ओमप्रकाश पुत्र भीकम उम्र 25 वर्ष निवासी देवबंद थाना बिछवा मैनपुरी से अपनी अलीगंज अपने भाई की ससुराल जुनेदपुर आ रहा था।तभी अलीगंज की तरफ से आ रही तेज रफ्तार क्र24ञ7528 कैंटर ने बाइक को टक्कर मार दी ।भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया और बाइक क्षतिग्रस्त हो गई।सूचना मिलते ही अलीगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची एंबुलेंस की सहायता से घायल युवक को अलीगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत चिंताजनक देखते हुए बेहतर इलाज हेतु हायर सेंटर रेफर कर दिया है।वही सूचना के बाद परिजन दौड़े दौड़े अलीगंज अस्पताल पहुंचे हैं।

बुलडोजर से हटाई सेना की जमीन पर अतिक्रमण कर बनीं 1500 झुग्गियां

लोकमित्र ब्यूरो

गाजियाबाद। रक्षा संपदा विभाग की विजयनगर के भोवापुर में स्थित 161.5116 एकड़ जमीन से सोमवार को अवैध कब्जा हटा दिया गया। चांदमारी (आर्मी शूटिंग रेंज) की इस बेशकीमती जमीन पर यह अतिक्रमण 40 साल पहले किया गया था। मेरठ से आए सेना के अधिकारियों ने पुलिस और पीएसी की मौजूदगी में इस अतिक्रमण को महज चार घंटे में साफ करा दिया।

सुबह नौ से दोपहर तीन बजे तक चली बुलडोजर की कार्रवाई में 1.5 हजार स्थाई और अस्थाई झुग्गियां हटाई गईं। रक्षा संपदा कार्यालय मेरठ मंडल के एसडीओ वीके गुप्ता ने बताया कि जमीन को खाली कराने के लिए पहले नोटिस जारी किए गए। इसके बाद पिछले चार दिन से मुनादी भी कराई जा रही थी। इसका पूरा ख्याल रखा गया कि कार्रवाई से जन-धन की हानि न हो। सेना की जमीन पर अतिक्रमण करके रह रहे लोगों को पहले ही बता दिया गया था कि या तो वे खुद ही झुग्गियां हटा लें या फिर इन्हें जेसीबी से हटाया जाएगा।

सुबह साढ़े आठ बजे ही पुलिस, पीएसी और सेना के अधिकारी पहुंच गए। कार्रवाई के लिए मंगाए गए बुलडोजर को देख झुग्गियों में रह रहे लोग खुद ही अपना सामान समेटने लगे। आधे घंटे बाद झुग्गियों पर बुलडोजर गरजना शुरू हुआ। इसके पीले पंजे ने दोपहर तीन बजे तक पूरी जमीन खाली कर दी।कार्रवाई के दौरान कुछ लोगों ने विरोध प्रदर्शन की कोशिश की लेकिन, पुलिस और पीएसी के सामने उनकी एक न चली। दो दिन पहले भी कुछ लोगों ने झुग्गियों के बाहर प्रदर्शन कर सर्दी के दिनों में कार्रवाई नहीं करने का अनुरोध किया था। इसका कोई असर नहीं हुआ। सेना की ओर से मुनादी कराए जाने का काम जारी रहा और सोमवार को कार्रवाई कर दी गई। एसीपी रितेश त्रिपाठी ने बताया कि सेना के अधिकारियों के कहने पर कार्यवाही को अंजाम दिया गया है।

मकर संक्रांति पर लाखों ने लगाई गंगा में डुबकी

» इसके लिए घाटों पर श्रद्धालुओं के कपड़े बदलने के साथ ही उनके सुरक्षा के पूरे इंतजाम किये गये थे

सुनील बाजपेई

कानपुर। आज मंगलवार को यहां मकर संक्रांति का पर्व धूमधाम से मनाने के साथ ही लाखों लोगों ने गंगा में डुबकी लगाई। आज मकर संक्रांति के पावन पर्व पर शहर के बिठूर, अटल, परमट, सरसैया, मैस्कर, सिद्धनाथ, शुक्लागंज समेत सभी 14 घाटों पर श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाने के लिए हजारों की संख्या में पहुंचे। इसके लिए घाटों पर श्रद्धालुओं के कपड़े बदलने के साथ ही उनके सुरक्षा के पूरे इंतजाम किये गये थे।

आज मकर संक्रांति के पर्व के लिए अटल घाट से सरसैया घाट के बीच जल पुलिस के जवान के साथ ही 10 गोताखोरों तैनाती रहे। बैरीकेडिंग के साथ ही सरसैया घाट पर गंगा तट तक पहुंचाने के लिये 5 वैकल्पिक मार्ग भी तैयार किये गये थे। साथ ही स्नान को लेकर अटल, परमट और सरसैया घाट पर विशेष तैयारी की गई थी। यहां घाटों को सजाया गया था। बल्लियां लगाकर झालर लगाई गईं थीं। सरैसाया घाट पर विशेष गंगा आरती के लिये स्थल भी बनाया गया था।

मकर संक्रांति के इस मौके यहां भजनों और आरती की रसधार भी बहती नजर आई। श्रद्धालुओं के कपड़े बदलने के लिये 23 आस्थायी चेजिंग रूम और पूजा कराने के लिए 25 से 30 कुटिया भी बनाई गईं थीं। साथ ही कुंड भी तैयार किया गया था। इस मकर संक्रांति पर श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुये पुलिस बल के साथ ही 4 कंपनी पीएसी भी तैनात रही।

अवैध रूप से जमीन कब्जाए जाने का प्रयास किया गया विफल

लोकमित्र ब्यूरो

गाजियाबाद। विजयनगर क्षेत्र में स्थित कब्रिस्तान की भूमि पर स्थानीय पार्षद संतोष कुमार राणा के नेतृत्व में किए जा रहे कब्जे का प्रयास विफल हो गया। जिलाधिकारी के दिशा निर्देश एवं लखनऊ मुख्यमंत्री कार्यालय के द्वारा मामले को गंभीरता से लेने के चलते विजयनगर सेक्टर 11, बी ब्लॉक के लोगों के हितों की रक्षा संभव हो पाई। जानकारी के अनुसार थाना विजयनगर क्षेत्र के कब्रिस्तान की भूमि पर नगर निगम व जीडीए की आड़ में पार्षद भूमि पर अवैध कब्जा करने का प्रयास कर रहा था ।वो अपने साथ असामाजिक तत्वों को साथ लेकर आया और प्राइवेट जेसीबी लेकर खुदाई का काम चालू कर दिया था, जिसको लेकर स्थानीय निवासी तौसीफ हाशमी वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी ने खुदाई करते समय पुलिस को बुला लिया । तब पार्षद द्वारा यह दावा किया गया था की जीडीए ने यह भूमि नगर निगम को दे दी है और निगम ने उन्हें टेंडर दिया है। उन्होंने पुलिस एवं वहां पर उपस्थित लोगों को नगर निगम का वर्क आर्डर भी दिखाया जो कि पूरी तरह से फर्जी था ।पुलिस ने कहा आप अधिकारियों से संपर्क करें यह भूमि विवादित है।उक्त घटना की सूचना श्री हाशमी द्वारा मुख्यमंत्री कार्यालय से फोन पर बात करते हुए दी गई तथा लिखित में जिलाधिकारी एवं मुख्यमंत्री कार्यालय, व चीफ जस्टिस ऑफ़ इंडिया को पत्र भेजा जिस पर संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने मौके पर संबंधित अधिकारियों को भेजा जिन्होंने कब्जा कर रहे लोगों से पूछताछ की जहां पर कब्जा धारी कोई भी आधिकारिक आदेश नहीं दिखा पाए। पार्षद संतोष राणा ने कहा कि मुझे तो जीडीए ओएसडी गुंजा सिंह ने कहा था कि वहां पर जाकर कब्जा कर लो और बाकी सब में देख लूंगी अधिकारियों ने तत्काल चल रहे कार्य को बंद कराते हुए उन्हें वहां से भगा दिया।

ओवरलोड ट्रक पलटने से चपेट में तीन नवजात बच्चों की मौत

» धौरहरा पुलिस ने बीएनइस की धाराओं में पंजीकृत किया मुकदमा

» सभी शवों को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया

लोकमित्र संवादसूत्र

फाइल फोटो रुहान | फाइल फोटो मेहनूर | फाइल फोटो आयशा

धौरहरा-खीरी। कोतवाली क्षेत्र के देवी पुरवा गन्ना सेंटर से ओवरलोड ट्रक पलटने से चपेट में तीन नवजात बच्चों की मौत व एक 12 वर्षीय लडकी के घायल होने की घटना सोमवार को हुई थी जिसमें पुलिस व ग्रामीणों के सहयोग से हाइड्रा व जे सी बी के सहारे मलबा हटाने का कार्य हुआ था।

सभी शवों को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया था लेकिन मंगलवार दूसरे दिन बच्चों के शव पोस्टमार्टम के बाद गांव पहुंचे तो परिजनों के साथ साथ अन्य ग्रामीणों द्वारा विधायक धौरहरा विनोद शंकर अवस्थी, चीनी मिल अधिकारियों व तहसील स्तरीय प्रशासनिक अफसरों एसडीएम राजेश कुमार तहसीलदार आदित्य विशाल क्षेत्राधिकारी प्रीतम पाल सिंह के सामने गन्ना सेंटर देवीपुरवा हटाएं जाने की बात कही जिस पर प्रशासन ने आश्वासन दिया कि गन्ना क्रय केंद्र हटा दिया जाएगा। थोडी देर बाद मृतक आसमा 7 पुत्री हुसैन निवासी ग्राम चितलहा थाना मोतीपुर बहराइच व मृतक मेहनूर 2 पुत्र आरिफ निवासी ग्राम महराज नगर थाना धौरहरा द्वारा अपने अपने बच्चों के शव लेकर अपने गांव चले गए। व रुहान 3 पुत्र कुतुबुद्दीन निवासी ग्राम टेगनहा का अंतिम संस्कार भी हो गया। घटना के दूसरे दिन विधायक धौरहरा विनोद शंकर अवस्थी पहुंचे और परिवार व ग्रामीणों से वार्ता कर जायज मांग पूरी होने का आश्वासन दिया। जिले व क्षेत्र में पहले हो चुकी उपरोक्त तरह की घटनाओं से सबक लेते हुए पुलिस प्रशासन ने काफी पहले होमवर्क किया जा चुका था। बच्चों के शव गांव पहुंचे इससे पहले ढखेरवा धौरहरा सिसैया हाईवे के सिसैया गांव से लेकर बबुरी मोड तक जगह जगह पुलिस फोर्स की तैनाती की गई थी।और चार थानों पढुआ, खमरिया, ईसानगर व धौरहरा पुलिस फोर्स एलर्ट रहा खैर उपरोक्त प्रकरण में धौरहरा पुलिस ने बीती रात वाहन,चालक व स्वामी के खिलाफ बीएनएस की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर दिया था।

स्वास्थ्य को लेकर सजगता की अपील

» ठंड से बचाव के लिए डॉ. अमित बाजपेई का परामर्श, सावधानी और उपाय अपनाने की अपील

» ठंड में रोजाना करते हैं सफर, तो स्वस्थ और सुरक्षित रहने के लिए ध्यान रखें ये जरूरी बातें...

लोकमित्र ब्यूरो

लखीमपुर-खीरी। जिले में ठंड के मौसम को देखते हुए स्वास्थ्य को लेकर सजगता बरतने की अपील की गयी है सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरधान अधीक्षक डॉ अमित बाजपेई ने कहा ठंड से बचाव के लिए एहतियात बरतना जरूरी है। छोटे बच्चों व बुजुर्गों को ठंड से बचाव के लिए परिजन सावधान रहें। उन्हें घर से बाहर न निकलने दें। बहुत जरूरत पड़े तो पर्याप्त ऊनी कपड़े पहनकर ही वे बाहर निकलें। कान व मुंह को ढंककर बचाव करें स्वास्थ्य संबंधी परेशानी होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर चिकित्सक से इलाज कराएं।

ठंड में रोजाना करते हैं सफर, तो ध्यान रखें ये जरूरी बातें: ठंड के मौसम में हमें स्वस्थ और सुरक्षा को प्राथमिकता देना जरूरी है। अगर सही कपड़े पहना जाए और संतुलित आहार लें तो ठंड में मौसमी बीमारियों से बचा जा सकता है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरधान डॉ अमित बाजपेई के मुताबिक, खुद को मेंटल और फिजिकल एक्टिव रखकर आप खुद को स्वस्थ रख सकते हैं बल्कि ठंड के मौसम में सफर का आनंद ले सकते हैं। नीचे दिए गए इन उपायों को अपनाकर आप अपने सफ़र को सुहाना और सुरक्षित बना सकते हैं।

गर्म कपड़े पहनें: ठंड से बचने के लिए आपको गर्म कपड़े पहनना जरूरी है। इससे आपको ठंडे तापमान और सर्द हवाओं से बचने में मदद मिलेगी। सबसे पहले थर्मल कपड़े पहनना चाहिए,जो शरीर को गर्म रखता है फिर ऊनी जैकेट शॉल या स्वेटर का उपयोग करें। हाथ और पैर को गर्म रखने के लिए दस्ताने पहनें और वूलन सॉक्स पहनें। सिर और गर्दन को ढकने के लिए मफलर या टोपी का इस्तेमाल करें। यह आपके शरीर को ठंड से बचाएगा।

स्वस्थ ले आहार: सर्दियों में शरीर को एनर्जेटिक और गर्म रखने के लिए संतुलित और स्वस्थ आहार का सेवन करना जरूरी है। अधिकतर गर्म खाद्य पदार्थ का सेवन करें। हल्दी वाला दूध, हर्बल टी और सूप पिएं।

ड्राई फ्रूट्स, मूंगफली, तिल के लड्डू जैसी चीजें खाएं। अपनी इम्यूनिटी को मजबूत बनाने के लिए विटामिन सी युक्त फल जैसे संतरा और विटामिन सी वाले फलों का सेवन करें। ठंड में प्यास काफी कम लगती है लेकिन शरीर को हाइड्रेटेड रखने के लिए हर्बल टी या गुनगुना पानी पीते रहे।

फ्लू सर्दी से बचाव करें: सर्दियों में सर्दी जुकाम और फ्लू जैसी समस्याएं बहुत तेजी से फैलते हैं। इसलिए पब्लिक प्लेस पर मास्क पहन कर ही जाएं। भीड़भाड़ वाली जगह में जाने से बचें। नियमित रूप से सैनिटाइजर का इस्तेमाल करें। सोशल डिस्टेंसिंग का ध्यान दें। सर्दी जुकाम के लक्षण दिखे तो तुरंत ही उपचार करवाएं।

सफर के लिए सही समय चुनें: सर्दियों के दौरान सूर्योदय से पहले और सूर्यास्त के बाद तापमान काफी कम हो जाता है। इसलिए अगर संभव हो तो सूर्योदय के बाद और सूर्यास्त से पहले ही सफर करें।

अगर आप कहीं घूमने का प्लान बना रहे हैं तो वहां के मौसम की जानकारी लें। ड्राइविंग करते समय कोहरा हो तो सावधानी से गाड़ी चलाएं और लो बीम हैडलाइट्स का उपयोग करें।

मकर संक्रांति के पर्व पर मंदिरों में श्रद्धा भाव के साथ किया दान खिचड़ी गजक की वितरित

लोकमित्र ब्यूरो

अलीगंज/एटा। अलीगंज सहित ग्रामीण क्षेत्रों में हिन्दुओं का पवित्र पर्व मकर संक्रन्ति हर्ष उल्लास के साथ मनाई गयी वही लोगों अपनी श्रद्धा के हिसाब से मंदिरों में दान दिया साथ ही जगह जगह खिचड़ी का प्रसाद भी वितरण किया गया।

आयोजकों ने जगह जगह भंडारा कर पुण्य कमाया. बताते चले जब सूर्य धनु से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करते हैं, तब मकर संक्रांति का पर्व मनाया जाता है। मान्यता है कि इस दिन गंगा स्नान और जरूरतमंदों को दान करने से साधक के भाग्य में वृद्धि होती हैं। साथ ही वंशों पर पितरों की कृपा बनी रहती हैं। ज्योतिष गणना के अनुसार मकर संक्रांति पर सूर्यदेव दक्षिणायन से उत्तरायण होते हैं, जिस कारण से इसे उत्तरायण पर्व भी कहते हैं। यह दिन सूर्य उपासना के लिए उत्तम माना गया है। कहते हैं कि यदि सच्चे भाव से मकर संक्रांति पर सूर्यदेव को जल अर्पित किया जाए, तो जातक की कुंडली में उनकी स्थिति मजबूत होती है।

वहीं भारत में मकर संक्रांति को नई फसल और खिचड़ी का पर्व भी कहते हैं, इस तिथि पर खिचड़ी बनाने की परंपरा सदियों से चली आ रही है, हालांकि कुछ राज्यों में इसे तिल संक्रांति के नाम से भी जाना जाता है। अलीगंज में जगह जगह भंडारा किया गया लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया वही लोगों ने मंदिरों में दान किया वही खिचड़ी गजक तिल के लड्डू बितरण किये. वही घरों में लोगों ने पूजा अर्चना कर संक्रन्ति का पर्व मनाया.अलीगंज में डा रंजीतजीत नगर भोला दीक्षित डा रंजीत वर्मा हनुमान मंदिर कायमगंज रोड सुनील वर्मा अमरीश बंटू द्वारा काली मंदिर के पास श्रद्धांलुओं द्वारा भंडारा किया गया।

संक्षिप्त खबरें

मकर संक्रांति पर भूरागढ़ दुर्ग में लगा मेला, नटबली की समाधि पर प्रेमी जोड़ों ने टेका मत्था

बांदा। मकर संक्रांति के मौके पर पहले दिन मंगलवार को सुबह से ही लोग केन नदी पहुंचे। कुहासे भरी ठंड के बीच लोगों ने केन नदी में स्नान किया और फिर खिचड़ी का दान किया। इसके बाद घर लौटकर लोगों ने पूजा-अर्चना की। दोपहर बाद भूरागढ़ दुर्ग में नटबली की समाधि पर आयोजित मेले में शहर समेत आसपास के गांवों के हजारों लोग पहुंचे। लोगों और प्रेमी जोड़ों ने नटबली की समाधि पर मत्था टेका और रेवड़ी चढ़ाकर प्रसाद के रूप में लोगों को वितरित किया। इसके बाद केन नदी में नौका विहार का आनंद लिया। केन किनारे स्थित भूरागढ़ दुर्ग में प्रतिवर्ष नटबली की समाधि पर विशाल मेले का आयोजन होता है। वहां पर ज्यादातर प्रेमी जोड़े पहुंचकर समाधि में रेवड़ी चढ़ाकर मन्नतें मांगते हैं। मकर संक्रांति के मौके पर कई दशकों से केन नदी किनारे स्थित भूरागढ़ दुर्ग में नटबली की समाधि पर विशाल मेले का आयोजन किया जाता है। इस मेले में शामिल होने के लिए शहर समेत आसपास के गांवों से हजारों लोग आते हैं। दो दिवसीय मेले में सैकड़ों की संख्या में दुकानें सजाई जाती हैं। इसके साथ ही बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले आदि भी लगाए जाते हैं। मंगलवार को पहले दिन मकर संक्रांति मेले में हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। मेले में खुली दुकानों में लोगों ने जहां खरीददारी की वहीं बच्चों ने झूले आदि का आनंद लिया। इसके साथ ही खाद्य सामग्री की दुकानों में भी लोगों की अच्छी खासी भीड़ रही। मेले में पहुंचे हजारों लोगों की सुरक्षा के लिहाज से मेला परिसर में पुलिस बल तैनात किया गया था। केन नदी घाट से लेकर भूरागढ़ दुर्ग तक पुलिस ने मेले की निगहबानी की। इसके साथ ही प्राचीन भूरागढ़ दुर्ग की इमारतों पर पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया था ताकि मेले में आने वाले लोग वहां पहुंचकर क्षति न पहुंचा सकें। इधर, लोगों ने नौका विहार का लुत्फ भी उठाया। एक नाव में कम से कम 10 से अधिक लोगों को बैठाया गया और केन नदी के चारों ओर घुमाया गया। नाविकों ने प्रति यात्री के हिसाब से 50 रुपये तक वसूली की। बावजूद इसके लोगों ने मेले में जमकर आनंद लिया।

जेल तिराहे से लेकर केन पुल और भूरागढ़ में तैनात रही पुलिस

बांदा। भूरागढ़ दुर्ग में नटबली समाधि परिसर पर आयोजित होने वाले मेले के मद्देनजर पुलिस फोर्स तैनात की गई थी। शहर के जेल तिराहे से लेकर केन नदी पुल और भूरागढ़ दुर्ग में पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया था। मेला परिसर में मौजूद पुलिस कर्मी लगातार निगहबानी करती रही। इसके साथ ही दुर्ग की पुरानी इमारत में भी महिला पुलिस कर्मी मौजूद रहीं और मेला परिसर में आए लोगों की निगरानी करती रहीं। गौरतलब हो कि सोमवार को जिलाधिकारी नगेंद्र प्रताप और पुलिस अधीक्षक डॉ. अंकुर अग्रवाल ने मेला परिसर का जायजा लेते हुए व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का निर्देश दिया था। अधिकारियों के आदेश का पालन करते हुए मेला परिसर में सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रही।

बामदेवेश्वर पर्वत में विराजमान शिव और कालिंजर में नीलकंठेश्वर के किए दर्शन

बांदा। शहर के बामदेवेश्वर मंदिर में मकर संक्रांति के मौके पर मंगलवार को श्रद्धालुओं की जबरदस्त भीड़ रही। सुबह होते ही श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर भगवान शिव का दूध, दही, घी और गंगाजल से जलाभिषेक किया। इसके साथ ही खिचड़ी चढ़ाई। बामदेवेश्वर शिव मंदिर में सुबह से लेकर देर रात तक भगवान भोलेनाथ का दर्शन और पूजन करने वालों की लंबी लाइन लगी रही। मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों ने श्रद्धालुओं की भीड़ को ध्यान में रखते हुए बैरिकेडिंग लगाई थी। इधर, मकर संक्रांति के मौके पर कालिंजर दुर्ग में विराजमान नीलकंठ महादेव का श्रद्धालुओं ने दर्शन और पूजन किया। घने कोहरे के बीच लोगों का आवागमन शुरू हो गया था। दुर्ग में स्थित रामकटोरा तालाब के काई युक्त पानी में श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। पुरातत्व विभाग की लापरवाही से इन तालाबों की सफाई नहीं करवाई गई। कालिंजर दुर्ग में पन्ना, सतना, बांदा-चित्रकूट, महोबा, छतरपुर, रीवां आदि स्थानों से लोग शिव दर्शन को पहुंचे। भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित किया गया था। कालिंजर थाना प्रभारी दीपेंद्र सिंह हमराहियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था में डटे रहे। सुबह से लेकर देर शाम तक श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहा। सभी लोगों ने नीलकंठेश्वर के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इसके साथ ही दुकानों में खरीदारी का सिलसिला चला। इधर, नौगवां पंचायत में मकर संक्रांति के पर्व पर यह मेला तीन सैकड़ा वर्ष पहले से यह लगता चल रहा है। इधर, बबेरू के मढ़ीदाई मंदिर में श्रद्धालुओं की जबरदस्त भीड़ रही। श्रद्धालुओं ने माता रानी की पूजा-अर्चना कर खिचड़ी चढ़ाई और लोगों को खिचड़ी का दान किया। क्षेत्र के मंदिर देवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। सभी ने खिचड़ी का दान दिया। मां मढ़ी दाई मंदिर में श्रद्धालुओं ने खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया। इसके अलावा औगासी, यमुना नदी व मरका यमुना नदी में विशाल मेला लगा। यमुना नदी में स्नान कर खिचड़ी का दान किया व मेले में लगी दुकानों में खरीददारी की।

दंगल में पहलवानों ने दिखाए दांवपेंच, आकाश ने जीती इनामी कुश्ती

बांदा। बबेरू क्षेत्र के मरका में मकर संक्रांति के मौके पर मंगलवार को विशाल दंगल का आयोजन किया गया। इसमें दिल्ली, मथुरा से आए पहलवानों ने अपनी कुश्तीकला का शानदार प्रदर्शन किया और इनाम जीता। मकर संक्रांति के पर्व पर मरका में इस वर्ष हनुमान दंगल कमेटी का 72वां विशाल दंगल व मेले का आयोजन हुआ। नामी-गिरामी पहलवानों ने मल्ल युद्ध का प्रदर्शन किया। अंतिम कुश्ती आकाश प्रयागराज और मांगे आगरा के बीच हुई। इसमें प्रयागराज के आकाश पहलवान ने जीत हासिल की। 11 हजार रुपये का पुरस्कार और चांदी की गदा भेंट करते हुए पहलवान का उत्साहवर्धन किया गया। मरका के दंगल मैदान पर आयोजित विशाल दंगल में छत्तीसगढ़, आगरा, अलीगढ़, उज्जैन, हरियाणा, लखनऊ, बाराबंकी, चित्रकूट, ग्वालियर, उन्नाव, इटावा से पहलवान पहुंचे। राजेश पहलवान मरका ने अरुण आगरा को चित कर दिया। मुखिया पहलवान मरका ने विजय पहलवान कन्नौज को पटकनी दी। आकाश पहलवान प्रयागराज ने मांगे पहलवान आगरा को चित किया। महिला पहलवानों की कुश्तियां आकर्षक का केंद्र रहीं। जागृति पहलवान मरका ने नीलू पहलवान कानपुर को चित कर दिया। कछु इटावा ने धर्मेंद्र उन्नाव को हराया। रिंकू पहलवान अलीगढ़ और मांगे पहलवान आगरा की कुश्ती बराबरी पर छूटी। नीरज पहलवान मरका ने लवकुश फिरोजाबाद को, मुखिया मरका ने विजय कन्नौज को, रसीद मरका ने दीपांशु बुढ़ौली को, राहुल पहलवान फिरोजाबाद ने समीर पहलवान अलीगढ़ को पराजित किया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील सिंह पटेल व क्षेत्रीय विधायक विशंभर सिंह यादव, जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत यादव ने पहलवानों का हाथ मिलवाया। देशराज यादव ने विजयी पहलवान राजेश को चांदी का गदा और 11 हजार रुपये का इनाम दिया। मरका प्रधान प्रतिनिधि मुलायम सिंह यादव ने दर्शकों का आभार जताया। संचालन सुमन कुमार राव, विनोद तिवारी ने किया। निर्णायक सूरजभान साहू, ननकूराम यादव, चुन्नापाल रहे। इधर, तिंदवारी में मकर संक्रांति पर जौहरपुर में आयोजित दंगल में पहलवानों ने मल्ल युद्ध का प्रदर्शन किया। बड़े तालाब के पास आयोजित दंगल की शुरुआत प्रधान धर्मेंद्र सिंह परमार ने की। जलशक्ति राज मंत्री रामकेश निषाद ने पहलवानों का परिचय कराया।

चन्द्रभानु पासवान मिल्कीपुर उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार घोषित

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या। भारतीय जनता पार्टी ने मिल्कीपुर उपचुनाव में चन्द्रभानु पासवान को उम्मीदवार बनाया गया है। उनके नाम की घोषणा के बाद भाजपा नेताओं ने हर्ष व्यक्त किया। चन्द्रभानु पासवान की पत्नी कंचन पासवान वर्तमान में जिला पंचायत सदस्य है। 2015 के चुनाव में भी वह जिला पंचायत सदस्य की चुनाव जीती थी। चन्द्रभानु पेशे से अधिवक्ता है।

जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने बताया कि पार्टी में पूर्ण आंतरिक लोकतंत्र है। पार्टी का छोटा से छोटा कार्यकर्ता पार्टी के प्रति अपने समर्पण से आगे बढ़ सकता है। चन्द्रभानु पासवान ने कहा डबल इंजन की सरकार में हुए विकास को हर व्यक्ति ने किसी न किसी तरह से महसूस किया है। सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों तथा उसके सफल क्रियान्वयन से जनता में पार्टी के प्रति उत्साह का माहौल है।मीडिया प्रभारी दिवाकर सिंह ने बताया कि पार्टी चुनाव को लेकर लगातार एक्टिव मोड में है। चुनाव प्रबंधन समिति का गठन हो गया है। कार्यकर्ता व पदाधिकारी चुनाव को लेकर लगातार एक्टिव है। टोली बनाकर हर घर हर मतदाता तीन बार सम्पर्क का लक्ष्य लेकर घर-घर सम्पर्क व संवाद किया जा रहा है। मतगणना के दिन भारी अंतर से मिल्कीपुर में भगवा लहराएगा। पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा ने कहा भाजपा कार्यकर्ता चुनाव को लेकर लगातार क्षेत्र में सम्पर्क व संवाद कर रहें है। चुनाव में पार्टी द्वारा दी गई जिम्मेदारी का पूर्ण निर्वहन किया जाएगा।

टिकट की घोषणा होने के बाद पूर्व सांसद लल्लू सिंह, महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, रामचन्दर यादव, अमित सिंह चौहान, पूर्व विधायक इन्द्र प्रताप तिवारी खब्बू, रामू प्रियदर्शी महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, अवधेश पाण्डेय बादल, ओम प्रकाश सिंह, कमला शंकर पाण्डेय, अभिषेक मिश्र, इंद्र भान सिंह, नीरज कन्नौजिया, राधेश्याम त्यागी, बब्लू पासी, कांशीराम रावत, राघवेन्द्र पाण्डेय, सहित अन्य पदाधिकारियों ने खुशी जाहिर की है।

खिचड़ी भोज से सामाजिक समरसता का दिया संदेश- डॉ.प्रखर सिंह

लोकमित्र ब्यूरो

गोसाईगंज -अयोध्या। मकर संक्रांति के पावन पर्व पर करिया बाबा मंदिर पर क्षत्रिय वरुवार वंश के हजारों लोगों ने खिचड़ी भोज संपन्न हुआ। क्षत्रिय वरुआर वंश के अध्यक्ष राम विभूति सिंह खिचड़ी भोज में क्षत्रिय बरुआर वंश के वक्ताओं ने एकता, आर्थिक सम्पन्नता, शिक्षा व कुरीतियों के मुद्दे पर चर्चा हुई। सम्मेलन को संबोधित करते हुए संघ के अध्यक्ष ठाकुर राम विभूति सिंह ने कहाकि बरुआर वंश के उत्थान के विषय में चिन्तन की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि परिवार के लिए व्यक्ति का, समाज के लिए परिवार का एवं देश के लिए समाज का हित त्यागकर कार्य करने की जरूरत है। इसका प्रबंधन सामाजिक रुप से बरुआर वंश की प्राचीन परम्पराओं के साथ किया जाना आवश्यक है। खिचड़ी भोज कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ जनों कों अंगवस्त्र व माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व महाराणा प्रताप के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। खिचड़ी महाभोज कार्यक्रम में मां डेंटल केयर के प्रसिद्ध सर्जन डॉ.प्रखर सिंह ने कहा कि खिचड़ी भोज के आयोजन से आपसी तालमेल, भाईचारा बना रहता है। एक दूसरे से लोग मिलकर आपसी सद्भाव बनाते हैं। इसलिए ऐसे खिचड़ी भोज का आयोजन नितांत आवश्यक है। आपसी बंधुत्व को बनाए रखने के लिए ऐसे आयोजनों का होते रहना हमारे समाज के लिए जरूरी है। खिचड़ी भोज का आयोजक प्रवेश सिंह के तत्वाधान में हुआ है।

उपचुनाव मिल्कीपुर विधानसभा में होगा बीजेपी और सपा के बीच सीधा मुकाबला

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या। मिल्कीपुर उपचुनाव उत्तर प्रदेश में राजनीतिक को प्रभावित करने वाला हो सकता है, खासकर बीजेपी और सपा के बीच सीधा मुकाबला होने के कारण मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में समाजवादी पार्टी ने लोकसभा सांसद अवधेश प्रसाद के बेटे अजीत प्रसाद को प्रत्याशी बनाया है, जबकि बीजेपी ने चंद्रभान पासवान को टिकट दिया है। यह चुनाव केवल सपा बनाम बीजेपी नहीं, बल्कि पासी बनाम पासी की जंग भी बन गई है क्योंकि दोनों पार्टियों ने पासी समाज से उम्मीदवार उतारे हैं, जो इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण वोट बैंक रखते हैं।मिल्कीपुर सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है, और पासी समाज की आबादी यहां करीब 55 हजार है, जो चुनाव परिणाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। बीजेपी और सपा दोनों ही पासी वोट बैंक को साधने के लिए रणनीति बना रही हैं, और इसी कारण यह उपचुनाव बेहद दिलचस्प बन गया है।मिल्कीपुर उपचुनाव का नतीजा केवल क्षेत्रीय राजनीति पर असर डालने वाला नहीं है, बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश में सपा और बीजेपी की छवि पर भी असर डाल सकता है। बीजेपी के लिए यह चुनाव अयोध्या जिले की फैजाबाद लोकसभा सीट पर मिली हार का जख्म भरने का एक मौका हो सकता है, जबकि सपा इसे अपनी प्रतिष्ठा बनाए रखने और 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए अहम मानती है।इस उपचुनाव को लेकर दोनों पार्टियां पूरी ताकत से जुटी हुई हैं, और योगी आदित्यनाथ समेत सपा प्रमुख अखिलेश यादव भी अपनी-अपनी टीमों के साथ चुनावी मैदान में हैं। मिल्कीपुर के परिणाम से आने वाले समय में राजनीतिक परसेप्शन पर बड़ा असर पड़ सकता है।

अखिल भारतीय चाणक्य परिषद ने आयोजित किया ब्राह्मण सम्मेलन व खिचड़ी भोज

ब्राम्हणों ने भरी हुंकार रामजन्म भूमि परिसर में भगवान परशुराम की प्रतिमा लगाने की मांग की

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या।अखिल भारतीय चाणक्य परिषद ने सूर्यकुण्ड पर धूमधाम से अपना 31 वां स्थापना दिवस ब्राम्हण सम्मेलन तथा खिचड़ी भोज का आयोजन कर मनाया। सुबह से ही आयोजन स्थल पर अयोध्या जिले के साथ-साथ अन्य निकटवर्ती जिलों से भी ब्राम्हण भारी संख्या में जुटने लगे। परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक पं. राम अनुज तिवारी एव राष्ट्रीय महामंत्री आचार्य राधेश्याम मिश्र के नेतृत्व में तथा बीरेन्द्र द्विवेदी के मंत्रोच्चार के बीच हवन पूजन सम्पन्न हुआ। उसके पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व डीजीपी सूर्य प्रकाश शुक्ल एव विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री तेज नारायण पाण्डेय ÷पवन,% पू0 विधायक जयशंकर पाण्डेय, महन्त सुनील पाठक, और पू. जिला पंचायत सदस्य विश्वेश्वर मिश्र सुड्डू÷ ने अध्यक्ष रामनारायण शुक्ला उपाध्यक्ष काशीनाथ तिवारी , सतीश चन्द्र पाण्डेय, जये प्रकाश तिवारी के साथ मिलकर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।सभी प्रदेश अध्यक्ष दिलीप राम त्रिपाठी ने सरकार से राम जन्मभूमि परिसर में भगवान परशुराम की प्रतिमा स्थापित करन की मांग की। सभी प्रमुख वक्ताओं ने सभी दलो में ब्राह्मणों की उचित भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया।परिषद ने अपनी वार्षिक कार्यवृत्ति जैसे गरीब कन्या विवाह,गरीबो के इलाज के लिये सहायता, यज्ञोपवीत संस्कार का सामूहिक आयोजन और वर्ष भर में लगाये गये सेवा शिविर आदि का ब्योरा प्रस्तुत किया। मंच संचालन जिला महामंत्री अम्बरीष चंद पाण्डेय ने किया। परिषद के क्षीरेश्वर दत्त मिश्र, महन्त ओमप्रकाश मिश्र, आशीश पाण्डेय, आचार्य राकेश पाण्डेय, घनश्याम मिश्र, सचिन तिवारी आदि ने माल्यार्पण कर और अंगवस्त्र प्रदान का अतिथियों का स्वागत किया

इस अवसर पर संस्था की वार्षिक पत्रिका चाणक्य धारा का विमोचन भी किया गया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले खेल के क्षेत्र में ऋषभ दुबे, समाज सेवा में तक्षशिला आई ए एस के सन्तोष मिश्रा , चिकित्सा में डा0 शेषधर पाण्डेय, जितेंद्र दुबे मिटू प्रधान, प्रतिमा शुक्ला, घनश्याम मिश्रा, रिषि पाण्डेय, सरोज द्विवेदी , विधि के क्षेत्र से बार एसोशिएशन अयोध्या के महामंत्री गिरीश चंद्र तिवारी को सम्मानित किया गया। उस अवसर पर पं. चन्द्र प्रकाश तिवारी, प्रमोद मिश्रा, सन्तोष पाण्डेय, राकेश पाठक, महर्षि द्विवेदी , शीतला पाठक, करण त्रिपाठी, सूर्यकान्त पाण्डेय, धीरेन्द्र पाण्डेय, प्रमोद नारायण तिवारी, ये0 राधिका प्रसाद पाण्डेय, सुमित तिवारी, दिलीप मिश्रा, यदुनन्दन मिश्रा, शशिकान्त तिवारी, कौशल शुक्ला, स्वर्णदीप तिवारी, संजय पाण्डेय, संजीव चर्तुवेदी, रोहित पाण्डेय, शिवप्रसाद उपाध्याय के साथ साथ हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

डबल इंजन की सरकार के कार्यकाल में सभी ने देखा अभूतपूर्व विकास - लल्लू सिंह

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या। पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने मिल्कीपुर विधान सभा क्षेत्र में दो स्थानों पर चौपाल लगाया। मिल्कीपुर मंडल के उर्धुइ तथा कुमारगंज मंडल के भखौली पूरे कुरांव में जन चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों से संवाद किया। जनचौपाल में पहुंचने पर स्थानीय ग्रामीण द्वारा उनका स्वागत किया गया।

चौपाल में पूर्व सांसद ने कहा कि डबल इंजन की सरकार के कार्यकाल में सभी ने अभूतपूर्व विकास देखा। देश के नागरिक इस विकास के साक्षी है। अयोध्या को विश्व की धार्मिक पर्यटन की राजधानी के रूप में विकसित किया जा रहा है। अयोध्या के ग्रामीणांचलों को विकास की धारा से जोड़ा गया है। सरकार ने अन्त्योदय के उद्देश्य को साकार करने और समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया है। डबल इंजन की सरकार में युवाओं को नए अवसर मिले है, किसान समृद्धशाली हुए हैं। गरीबों के जीवन में सुधार हुआ है। महिलाओं का उत्थान हुआ है। श्रमिकों को सम्मान मिला है।

चौपाल में मंडल अध्यक्ष अजय तिवारी, जिला पंचायत सदस्य बब्लू पासी, दीपक पाठक, बंशीधर शर्मा, सर्वेश तिवारी, संतोष सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

एनटीपीसी टांडा का रजत जयंती वर्ष समारोह धूमधाम से मनाया गया

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या। एनटीपीसी टांडा परियोजना ने 14 जनवरी 2025 को अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं7 इस अवसर पर विश्वकर्मा पार्क प्रांगण में रजत जयंती वर्ष समारोह विभिन्न कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक (टांडा) जयदेव परिदा ने एनटीपीसी का ध्वज फहराया। तत्पश्चात कर्मचारियों ने एनटीपीसी गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने केक काटकर व सुरक्षा शपथ दिलाकर सभी को स्थापना दिवस की बधाई दी।इस अवसर पर परिदा ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होनें अधिग्रहण काल से लेकर अब तक हुई परियोजना की प्रगति के बारे में जानकारी साझा करते हुए कहा कि

देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से टांडा परियोजना शत-प्रतिशत क्षमता पर सुरक्षा मानकों के साथ काम कर रही है7यह परियोजना विद्युत उत्पादन के साथ-साथ मानव संसाधन, नैगमिक सामाजिक दायित्व एवं पर्यावरण के क्षेत्रो में नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। इस अवसर पर महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्ष अभय मिश्रा, मुख्य चिकित्साधिकारी (चिकित्सा सेवाएँ) डा॰ साधना तिवारी एवं सभी विभागाध्यक्षगण एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

जरूरतमंदों को किया कंबल वितरित

लोकमित्र ब्यूरो

मया बाजार - अयोध्या। कड़कड़ाती ठंड में लाचार, असहाय व गरीबों को ठंड से बचाने के लिए अंबेडकर नगर के प्रख्यात चिकित्सक डॉ बी डी वर्मा ने अपने पैतृक गांव राजपुर में 300 जरूरत मंद गरीबों को कंबल वितरित किया। डॉ वर्मा समय समय पर गांव आकर सामाजिक सरोकारों में अपना योगदान देते रहे है। मकर संक्रांति पर हर वर्ष वह कंबल वितरण का आयोजन करने के क्रम का निर्वहन करते हुए कहा कि गांव आकर अपने गांव की सोंधी मिट्टी की महक ग्रामीणों के साथ बिताए हुए बचपन की यादें ताजा हो जाती है। कोई कितना भी अमीर क्यो न बन जाय लेकिन उसे अपना अतीत व मातृ भूमि को नही भूलना चाहिए। गांव कंबल वितरण कर सुखद अनुभूति का अहसास होता है। इस अवसर पर डॉ वर्मा की पत्नी डॉ सरोज वर्मा,भाई गुलाबधर वर्मा ,प्रधान सरिता वर्मा, सत्येंद्र सिंह उर्फ़ गुड्डु भैया अमरनाथ वर्मा, लोकप्रिय वर्मा,प्रदीप वर्मा, रामतेज,अजय, प्रताप, राम संवारे,रामकृष्ण, सुभाष वर्मा, सर्वजीत वर्मा आदि ने कंबल वितरण में सहयोग किया।

ब्राह्मण हमेशा राष्ट्र रक्षा के लिए संकल्पित है, खिचड़ी भोज में उमडा जन सैलाब

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या। अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के 31वां स्थापना दिवस भरतकुंड भरत हनुमान मिलन मंदिर प्रांगण में बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मणिराम दास छावनी अयोध्या धाम के उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास ने ब्राह्मणों को एकजुट होकर अपनी अस्मिता बचाने और राष्ट्र की रक्षा के लिए संकल्पित होने की प्रेरणा दी। उन्होंने राष्ट्र से रक्षा को पुनीत कार्य बताया। देश की जनसंख्या वृद्धि पर चिंता भी जताई। इसके लिए आचार्य चाणक्य का राष्ट्र रक्षा का संदेश को प्रेरणा स्रोत बताते हुए उन्होंने कहा कि बडा ही पवित्र समय है। सूर्य उत्तरायण में जा रहे हैं। परिषद के पांचो बिंदुओं के पारित प्रस्ताव पर देश के प्रधानमंत्री राष्ट्रपति को विचार करना चाहिए। इसकी ध्वनि मत से प्रस्ताव उपस्थित जन समुदाय ने पास किया। कार्यक्रम का संचालन लषणधर त्रिपाठी और अध्यक्षता राष्ट्रीय संरक्षक अखिल भारतीय चाणक्य परिषद एवं श्री श्री परशुराम सेवा ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित कृपा निधान तिवारी ने किया। मंचासीन कामाख्या धाम के मुख्य पुजारी इंद्रेश कौशिक परिषद के जिला संरक्षक ने ब्राह्मणों को जगाने के लिए गायत्री माला जप संध्या वंदन को अपने चंदन से विभिन्न मस्तक शिखा से विहीन सिर ब्राह्मण को संस्कार से विमुख करने का संदेश दिया। ब्राह्मण तेज को जागना होगा तभी राष्ट्र का विकास होगा मुख्य पुजारी ने आचार्य चाणक्य भगवान परशुराम श्री राम के जयकारे लगवा कर पूरे पंडाल को गुंजायमान कर दिया। पूरे देश से आए ब्राह्मण समाज एवं संयुक्त ब्राह्मण संघर्ष समिति के पदाधिकारी डॉक्टर उपेंद्र नाथ त्रिपाठी वाराणसी उज्जैन के मुख्य पुजारी सुरेंद्र चतुर्वेदी दद्दन मिश्र सुभाष तिवारी आशीष मिश्र मिर्जापुर सुमित दुबे कन्नौज डॉ आदित्य नारायण त्रिपाठी अंबेडकर नगर ने ब्राह्मण उत्थान पर जोर दिया और संस्कार वहां होने का संकल्प संबोधित किया। सुभाष कुमार तिवारी संयोजक मधु उपाध्याय एडवोकेट हाई कोर्ट और ब्लॉक प्रमुख राम शब्द मिश्रा सुल्तानपुर प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण तिवारी दीपक त्रिपाठी महासचिव ओम ब्राह्मण महासभा इटावा कन्हैयालाल मिश्र बाराबंकी अशोक टाटाबरी कवि ने अपनी कविता सुनाई।कार्यक्रम में संगठन के शैलेंद्र पांडे मासूम प्रचंड बस्ती राजेश द्विवेदी कन्हैयालाल मिश्र कंचन तिवारी डॉ राम तेज पांडे डॉ शिव कुमार मिश्रा विनोद तिवारी श्री प्रकाश पाठक ओम प्रकाश पांडे विक्रमजीत तिवारी उमाशंकर तिवारी कैप्टन हनुमान दत्त मिश्रा दुर्गा प्रसाद मिश्र एडवोकेट राजकुमार तिवारी सरल जगदीश चंद्र मिश्र देवेंद्र पांडे अश्वनी तिवारी इंद्र बहादुर पांडे दुर्गा प्रसाद तिवारी आफत राम भरत पांडे सूर्य नारायण दुबे राजू प्रयाग दत्त तिवारी नारायण तिवारी शैलेंद्र तिवारी मंडा तिवारी कप्तान तिवारी अखिलेश मिश्रा जितेंद्र दुबे और मिंटू दुबे राजेश तिवारी पंकज मिश्रा कृष्ण कुमार पांडे प्रणव पाठक आदि भारी संख्या में भीड़ उपस्थित रही।

कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ है, उनका सम्मान जरूरी - जय प्रकाश सिंह

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या।अयोध्या के प्रेस क्लब सिविल लाइन परिसर में भारतीय मजदूर संघ से अनुषांगिक संगठन बड़ौदा यूपी बैंक अधिकारी संगठन व बड़ौदा यूपी बैंक वर्कर्स ऑर्गेनाइजेशन का एक दिवसीय कार्यकर्ता समागम व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।समारोह के मुख्य अतिथि भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख जयप्रकाश सिंह एवं जिला अध्यक्ष अमरीश सिंह थे।

अध्यक्षता बड़ौदा यूपी बैंक अधिकारी संगठन के अध्यक्ष विवेक जायसवाल ने की।सेवानिवृत्त कर्मचारियों का शॉल, राम चरित मानस पुस्तक,एवं रामनामी, पुष्पगुच्छ, 2025 की डायरी व कलेंडर देकर सम्मान किया गया। तथा सभी सदस्यों को भी शाल, राम नामी, वर्ष 2025की डायरी व कलेंडर दिया गया।मुख्य अतिथि भारतीय मजदूर संघ जिला अध्यक्ष अम्बरीष सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता ही संस्था के प्राण होते हैं। अत- उन्हें समाज देशहित में अपना श्रेष्ठ देना चाहिए ताकि अच्छे समाज का निर्माण हो सके।सेवा के दौरान किस प्रकार से हम अपनी दिनचर्या पर व्यस्त रहते हैं अब सेवाकाल की लम्बी अवधि का अनुभव का उपयोग करते हुए शेष समय समाज के उत्थान के लिये करे ।सेवाकाल के दौरान सामाजिक पारिवारिक दायित्व जिनमें सहभागिता नहीं की गई उसे अब आप निश्चित होकर पूर्ण करे साथ आगामी जीवन के लिये शुभकामनाएं दी गई। विभाग प्रमुख जयप्रकाश सिंह ने कहा संगठन में एक दूसरे के दुख दर्द को लोग समझा करते हैं।कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ होते हैं। कार्य कर्ता का सम्मान होना चाहिए। कार्य कर्ता को समाज देशहित में अपना श्रेष्ठ देना चाहिए ताकि अच्छे समाज का निर्माण हो सके।सेवानिवृत्ति जीवन का अंत नहीं है, यह एक नयी शुरुआत है। अपने परिवार व दोस्तों के साथ अपने अनुभवों को साझा करें. शरीर को स्वस्थ रखने के लिए तनावमुक्त रहें। भारतीय मजदूर संघ मजदूरों का, मजदूरों के लिए एवं मजदूरों द्वारा संचालित श्रमिक संगठन है. यह श्रमिक संगठन सभी प्रभावों से मुक्त है. किसी भी राजनीतिक दल से बीएमएस का जुड़ाव नहीं है. यह संगठन राष्ट्र हित, उद्योग हित के साथ श्रमिक हित की बात करता है. जब चीन ने भारत पर हमला किया, तो सभी दलों ने देश को कटघरे में खड़ा किया था।

सभासद श्री मती आरती जायसवाल द्वारा आयोजित कंबल वितरण समारोह में अकबरपुर जीआरपी प्रभारी अजय कुमार ने सभी लोगों से ऐसे कार्यक्रमों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने की करी अपील

गोसाईगंज ;अयोध्या।ठंड एवं कोहरे के मौसम में जरूरत मंदों को कंबल वितरण करना ईश्वर की पूजा से कम नहीं है।गरीबों व असहायों के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए समाज के सभी सम्पन्न लोगों को आगे आने के लिए विचार करना चाहिए।उक्त बातें सोमवार को गोसाईगंज नगर पंचायत की सभासद एवं श्री सीता राम जी विराजमान मंदिर सेवा ट्रस्ट कस्बा दिलासीगंज की सदस्य श्री मती आरती जायसवाल द्वारा अपने आवास पर आयोजित कंबल वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे अकबरपुर रेलवे स्टेशन पर तैनात जीआरपी प्रभारी अजय कुमार गौतम ने मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कही।इस अवसर पर गोसाईगंज

नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष रमेश चंद्र कसौधन के अनुज उमेश कसौधन ने कहा कि सभासद श्रीमती आरती जायसवाल ने ठंड में ठिठुर रहे गरीब और असहाय लोगों को जिस तरह कंबल ओढ़ाने का जो आयोजन किया है वह काबिले तारीफ है। गोसाईगंज नगर पंचायत के पूर्व सभासद तथा सभासद एसोसिएशन के राष्ट्रीय सचिव अशोक चौरसिया ने कहा कि समाज के अंतिम गरीबएअसहाय और बुजुर्ग व्यक्ति को सहायता पहुंचाना हम लोगो का कर्तव्य ही नहीं बल्कि दायित्व भी बनता है।हमें पूर्ण बिस्वास है कि इस आयोजन को देखकर दूसरे लोग भी प्रेरित होंगे।मोदनवाल समाज के नगर अध्यक्ष सुभाष चंद्र मोदनवाल ने कहा कि सभासद श्री मती जायसवाल की ही तरह हर किसी को समाज सेवा करने के लिए आगे आना चाहिए।उन्होंने सभासद श्री मती जायसवाल के इस कार्यक्रम की मुक्तकंठ से सराहना की। सभासद श्रीमती जायसवाल ने बताया कि इस दौरान लगभग डेढ़ दर्जन से अधिक लोगों को कंबल वितरण किया गया।रमा शंकर सोनीए मुजफ्फर आफाकएमो0 असहाबएमो0 याकूबए हनुमान प्रसाद कसौधनए बबलू पारलेएलल्लू कसौधनए पुष्कर मोदनवाल मौजूद रहे।

दैनिक सच्चाई की जंग

लोकमित्र

वर्ष : 31 | अंक :74
प्रतापगढ़ | बुधवार , 15 जनवरी-2025
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

त्रिवेणी के तट पर उमड़ा आस्था का जनसैलाब

3.50 करोड़ से ज्यादा लोगों ने किया अमृत स्नान

इष्ट महादेव की तरह ही नागा साधुओं का शृंगार भी देश भर के श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा

लोकमित्र ब्यूरो

महाकुम्भनगर । महाकुम्भ के दूसरे स्नान पर्व मकर संक्रांति पर मंगलवार को सुबह से दोपहर तक 13 अखाड़ों के साधु संतों ने बारी-बारी अमृत स्नान किया। मेला प्रशासन के मुताबिक, अपराह्न तीन बजे तक 2.50 करोड़ श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में आस्था की डुबकी लगाई। अखाड़ों के अमृत स्नान में सबसे पहले सन्यासी अखाड़ों में पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी और शंभू पंचायती अटल अखाड़ा के साधु संतों ने 'हर हर महादेव' के घोष के साथ संगम पर अमृत स्नान किया।

अमृत स्नान के उपरांत महानिर्वाणी अखाड़े के महामंडलेश्वर चेतनगिरी जी महाराज ने कहा कि हर 12 साल में पूर्ण कुंभ प्रयागराज में होता है और 12 पूर्ण कुंभ होने पर 144 साल बाद यह महाकुंभ आता है। बहुत भाग्यशाली लोगों को महाकुंभ में स्नान का अवसर मिलता है। महानिर्वाणी अखाड़े से 68 महामंडलेश्वर और हजारों साधु संतों ने अमृत स्नान किया।

अमृत स्नान के अगले क्रम में तपोनिधि पंचायती निरंजनी अखाड़ा और आनंद अखाड़ा के साधु संतों ने अमृत स्नान किया जिसमें सबसे आगे अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी थे और उनके बाद अखाड़ा के झंडे और फिर आराध्य देवता कार्तिकेय स्वामी और सूर्य नारायण पालकी पर सवार थे। इनके पीछे नागा सन्यासियों की टोली थी और इन सभी के बीच निरंजनी के आचार्य महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरि एक भव्य रथ पर सवार थे। अमृत स्नान के बाद निरंजनी अखाड़ा के सचिव महंत रविंद्र पुरी ने कहा कि निरंजनी के 35 महामंडलेश्वरों ने और हजारों की संख्या में नागा सन्यासियों ने अमृत स्नान किया।

निरंजनी अखाड़े की साध्वी और पूर्व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा कि घाट पर युवाओं की भीड़ यह बताती है कि युवाओं में सनातन धर्म के प्रति कितनी आस्था है। जब भी किसी ने सनातन धर्म को चुनौती दी, युवा और संत समाज ने आगे आकर धर्म की रक्षा की। निरंजनी और आनंद अखाड़े के बाद जूना अखाड़े, आवाहन अखाड़े और पंचअग्नि अखाड़े के हजारों साधु संतों ने अमृत स्नान किया। जूना के साथ ही किन्नर अखाड़े के संतों ने भी गंगा में डुबकी लगाई। जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि भव्य रथ पर सवार होकर स्नान घाट पर आए और उनके साथ हजारों की संख्या में नागा सन्यासी भी थे।

सन्यासी अखाड़ों के बाद तीन बैरागी अखाड़ों- पंच निर्मोही अनी अखाड़ा, पंच दिगंबर अनी अखाड़ा और पंच निर्वाणी अनी अखाड़ा ने बारी बारी से स्नान किया। इनके बाद उदासीन अखाड़ों- पंचायती नया उदासीन और पंचायती बड़ा उदासीन अखाड़े ने स्नान किया। सबसे आखिर में पंचायती निर्मल अखाड़ा के साधु संतों ने अमृत स्नान किया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ÷यह हमारी सनातन संस्कृति और आस्था का जीवंत स्वरूप है।

कड़ाके की ठंड और कोहरे के बावजूद प्रयागराज में हर दिशा से जनसैलाब सुबह से ही संगम की ओर जाता दिखाई दिया। आम श्रद्धालु स्नान के साथ ही संगम क्षेत्र में अखाड़ों के साधु संतों के भी दर्शन कर रहे हैं। इधर, संगम स्नान करके अपने गंतव्यों की ओर लौट रहे श्रद्धालुओं के लिए नगर के विभिन्न चौराहों और मुख्य मार्गों पर नगर वासियों द्वारा व्यापक स्तर पर सब्जी पूड़ी और खिचड़ी प्रसाद वितरण किया जा रहा है।

21 शृंगार कर नागा संन्यासियों ने अमृत स्नान की लगाई डुबकी; धारण की दीक्षा की दिगंबर वेशभूषा

21 शृंगार कर नागा संन्यासियों ने अमृत स्नान की पहली डुबकी लगाई। दीक्षा की दिगंबर वेशभूषा धारण की। महाकुंभ के पहले अमृत स्नान में अपने इष्ट महादेव की तरह ही नागा साधुओं का शृंगार भी देश भर के श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा। नख से शिख तक भभूत। जटाजूट की वेणी, आंखों में सूरमा, हाथों में चिमटा, होठों पर सांब सदाशिव का नाम। भभूत लपेटे, दिगंबर, हाथ में डमरू, त्रिशूल और कमंडल के साथ ही अवधूत की धुन में झूमते हुए नागा त्रिवेणी के तट पर पहले अमृत स्नान के लिए प्रस्थान किया। साधुओं ने 21 शृंगार के साथ अमृत स्नान की पहली डुबकी लगाई।

हर हर महादेव के जयघोष के साथ आगे बढ़े साधु

किन्नर अखाड़े के सदस्य हर हर महादेव का नारे लगाते हुए संगम की ओर बढ़े। बीच में छत्र के नीचे आचार्य महामंडलेश्वर चल रहे थे और उनके साथ अखाड़े के अन्य महामंडलेश्वर उपस्थित थे। इस दौरान किन्नर अखाड़े के साधु पारंपरिक शस्त्रों का प्रदर्शन कर रहे थे। तलवारें लहराते हुए और जयघोष करते हुए उन्होंने अमृत स्नान का शुभारंभ किया।

योगी आदित्यनाथ को संतों ने बताया सनातन संस्कृति का ध्वजवाहक

- भव्य और दिव्य महाकुम्भ के साथ ही योगी ने महाकुम्भ को बनाया नव्य
- संगम स्नान कर बोले संत- साधुवाद सरकार!
- सरकार ने महाकुम्भ की व्यवस्था बहुत अच्छी की है: जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य

महाकुम्भ नगर, 14 जनवरी (हि.स.)। महाकुम्भ को इस बार भव्य और दिव्य के साथ-साथ नव्य भी है और वो इसलिए, क्योंकि पहली बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुगलकालीन परम्परा को तोड़ते हुए शाही स्नान समेत कई अन्य कार्यक्रमों को सनातन से जोड़ते हुए नया नाम दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इस कदम की महाकुम्भ में हर कोई प्रशंसा कर रहा है। साधु संतों समेत आम श्रद्धालुओं ने भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सनातन संस्कृति का ध्वजवाहक करार दिया।सभी संतजनों ने 144 वर्ष पश्चात पड़े इस सुखद संयोग में स्नान कर स्वच्छ, सुरक्षित, दिव्य-भव्य महाकुम्भ के आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इतनी बड़ी भीड़ को नियंत्रित करने, अद्भुत व्यवस्था पर साधु-संतों ने सरकार के प्रति आभार भी जताया। जगदुरू स्वामी रामभद्राचार्य ने कहा कि सरकार की व्यवस्था से बहुत प्रसन्न हूं। सरकार ने महाकुम्भ की व्यवस्था बहुत अच्छी की है। इस व्यवस्था से मैं बहुत प्रसन्न हूं। सरकार ने इतनी बड़ी भीड़ को भी नियंत्रित किया है, इसलिए सरकार साधुवाद की पात्र है।परमार्थ निकेतन आश्रम, ऋषिकेश के प्रमुख स्वामी चिदानंद सरस्वती ने कहा कि मोदी-योगी की यह जोड़ी इस देश में नया योग खड़ा करने आई है। योगी जी ने दिखा दिया, वातावरण मस्त-मस्त और सुरक्षा जबर्दस्त है। जो कहते हैं कि हम बटे पड़े हैं, वे आकर देखें- सारे घाट पटे पड़े हैं। यह पूरे सनातन का स्नान है। यह अमृत व सनातन के अमर होने का पर्व है। इस कुम्भ ने बताया कि सारे घाट पटे पड़े हैं,लोग कहते हैं हम बटे पड़े हैं। आखिर हम कहां बटे पड़े हैं। करोड़ों कल,करोड़ों आज आए और करोड़ों आ रहे हैं। हर घाट पटा है। मैं सभी को आमंत्रित करता हूं कि आओ महाकुम्भ चलें। संगम के तट से संदेश है कि सनातन का संगम सदैव गंगा के पावन प्रवाह की तरह प्रवाहित रहे।पूर्व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा कि 1982 से कुम्भ में आ रही हूं। कई महाकुम्भ व अर्धमहाकुम्भ किए हैं, लेकिन प्रयागराज महाकुम्भ की अनुभूति अलग ही है। यह अद्भुत कुम्भ है। इसकी शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की। 500 साल की प्रतीक्षा के बाद रामलला मंदिर में विराजित हुए और उनकी वर्षगांठ हो रही है, इससे महाकुम्भ की महिमा और बढ़ जाती है। परमार्थ निकेतन आश्रम, ऋषिकेश के प्रमुख स्वामी चिदानंद सरस्वती ने कहा कि मोदी-योगी की यह जोड़ी इस देश में नया योग खड़ा करने आई है। योगी जी ने दिखा दिया, वातावरण मस्त-मस्त और सुरक्षा जबर्दस्त है।

जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंची पूजा खेडकर

नई दिल्ली, एजेंसियॉ। पूर्व आईएएस प्रशिक्षु अधिकारी पूजा खेडकर ने यूपीएससी धोखाधड़ी मामले में जमानत देने से इनकार करने के दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देते हुए मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। यह मामला बुधवार 15 जनवरी को शीर्ष अदालत के समक्ष सूचीबद्ध होने की संभावना है। खेडकर पर फर्जी पहचान दिखाकर यूपीएससी परीक्षा में स्वीकार्य सीमा से अधिक प्रयास का फर्जीवाड़ा करने का आरोप है।यह घटनाक्रम दिसंबर में दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा पूर्व आईएएस प्रशिक्षु पूजा खेडकर को अग्रिम जमानत देने से इनकार करने के बाद आया, जिसमें कहा गया था कि उनके द्वारा उठाए गए कदम सिस्टम में हेरफेर करने की बड़ी साजिश का एक हिस्सा थे।सितंबर में, केंद्र सरकार ने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में अधिक प्रयासों का लाभ उठाने के लिए अपनी पहचान फर्जी बनाने के आरोपों के बाद खेडकर को आईएएस से बर्खास्त कर दिया।

अमृत स्नान पर भी श्रद्धालुओं पर हुई पुष्पवर्षा, लगे जयकारे

लोकमित्र ब्यूरो

महाकुम्भनगर । महाकुम्भ 2025 के पहले अमृत स्नान मकर संक्रांति के दिन मंगववार को संगम तट पर डुबकी लगाने पहुंचे करोड़ों श्रद्धालुओं पर योगी सरकार ने हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा कराई। हेलीकॉप्टर से सभी घाटों और अखाड़ों पर स्नान के दौरान श्रद्धालुओं पर फूलों की बारिश की गई। गुलाब की पंखुड़ियों की बारिश देख संगम तट पर मौजूद श्रद्धालुओं ने अभिभूत होकर जय श्री राम और हर हर महादेव के नारे लगाए।

महाकुम्भ मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं पर स्नान पर्वों के मौके पर पुष्प वर्षा को लेकर योगी सरकार के निर्देश पर उद्यान विभाग ने पिछले काफी समय से तैयारी कर रखी थी। इसके लिए गुलाब की पंखुड़ियों की खास तौर पर व्यवस्था की गई थी। महाकुम्भ के सभी स्नान पर्वों पर पुष्प वर्षा कराने की तैयारी की गई है। प्रत्येक स्नान पर्व पर लगभग 20 कुंतल गुलाब की पंखुड़ियों की बारिश करने की तैयारी है, जिसकी श्रृंखला में पहले स्नान पर्व पौष पूर्णिमा स्नान पर सोमवार को श्रद्धालुओं पर गुलाब की पंखुड़ियां बरसाई गई थीं, जबकि दूसरे दिन यानी मंगलवार को मकर संक्रांति पर अमृत स्नान के दौरान भी पुष्पवर्षा से श्रद्धालु अभिभूत नजर आए। मालूम हो कि उद्यान विभाग की ओर से पहले दो दिनों के लिए पर्याप्त फूलों की व्यवस्था की गई है। उद्यान विभाग की ओर से इन दो दिनों के लिए 40 क्विंटल से अधिक मात्रा में गुलाब के फूलों का स्टॉक जमा किया गया था।

राहुल गांधी ने पूर्व सीएम पर कसा तंज

ये है केजरीवाल जी की 'चमकती' दिल्ली - पेरिस वाली

नई दिल्ली, एजेंसियॉ। राहुल गांधी ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी की सफाई को लेकर पूर्व सीएम और उनके सहयोगी दल अरविंद केजरीवाल पर कटाक्ष किया। गौरतलब है कि आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में सहयोगी दल अकेले चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस नेता ने अपने एक्स अकाउंट पर राष्ट्रीय राजधानी के कई हिस्सों में गंदगी को दिखाते हुए एक वीडियो साझा किया। उन्हें यह कहते हुए सुना जा सकता है %देखो दिल्ली देखो..चमकती हुई दिल्ली...पेरिस है पेरिस।केजरीवाल पर निशाना साधते हुए गांधी ने याद दिलाया कि आप प्रमुख ने कहा था कि वह दिल्ली को साफ करेंगे, भ्रष्टाचार हटाएंगे और राष्ट्रीय राजधानी को पेरिस में बदल देंगे।

लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा, ÷वास्तव में क्या हुआ - प्रदूषण के कारण कोई घूम नहीं सकता और महंगाई बढ़ रही है।÷ गांधी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने भ्रष्टाचार हटाने की बात की थी। क्या उन्होंने भ्रष्टाचार हटा दिया है? जैसे मीडिया के माध्यम से मोदी जी का प्रचार, एक के बाद एक झूठे वादे करना, वह (केजरीवाल) उसी रणनीति का पालन कर रहे हैं। इसमें कोई अंतर नहीं है।दिलचस्प बात यह है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि दोनों नेताओं के बीच कोई अंतर नहीं है और वे नहीं चाहते कि पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों को उनका उचित हिस्सा मिले। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए अपनी पहली सार्वजनिक बैठक में केजरीवाल पर विशेष रूप से निशाना साधते हुए, गांधी ने कहा कि,क्क संयोजक राष्ट्रीय राजधानी में बढ़ते प्रदूषण, भ्रष्टाचार और मुद्रास्फीति के बावजूद ÷मोदी की प्रचार और झूठे वादों की रणनीति÷ का पालन कर रहे थे।

कांग्रेस ने यूजीसी मसौदा नियमों को तत्काल वापस लेने की मांग की

नई दिल्ली, (हि.स.)। कांग्रेस ने मंगलवार को विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में शिक्षकों और शैक्षणिक कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के हाल ही में जारी मसौदा नियमों को कठोर और संविधान विरोधी करार दिया। कांग्रेस ने मांग की कि इन्हें तुरंत वापस लिया जाए।कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने कहा कि यूजीसी ने हाल ही में विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में शिक्षकों और शैक्षणिक कर्मचारियों की नियुक्ति और पदोन्नति के लिए न्यूनतम योग्यताएं और उच्च शिक्षा में मानकों के रखरखाव के लिए उपाय विनियम, 2025 का मसौदा जारी किया है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि इसमें कई नियम खतरनाक उद्देश्यों के साथ लाए गए हैं

भाजपा का आप पर बड़ा आरोप

स्कूलों को बम की धमकी मामले में आप और एनजीओ का बताया कनेक्शन

- संजय सिंह ने किया पलटवार

नई दिल्ली, एजेंसियॉ। दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों का एलान होने के बाद से ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और आम आदमी पार्टी (आप) एक दूसरे पर हमलावर हैं। मंगलवार को भाजपा ने दिल्ली के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मामले में आप पर बड़ा आरोप लगाया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने कहा है कि स्कूलों को मिली धमकियों के पीछे एक नाबालिग बच्चा था। उसके परिजन एक एनजीओ से जुड़े हैं। आरोप लगाते हुए बोले कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी का न सिर्फ तमाम ऐसे आवांछित एनजीओ से बहुत गहरा संबंध रहा है बल्कि तमाम ऐसी गतिविधियों से रहा है जो अफजल गुरु की फांसी और देशविरोधी तमाम गतिविधियों में लिप्त रहे। वहीं इसके बाद आप ने भी भाजपा पर पलटवार करते हुए कहा है कि जो खुलासे पुलिस नहीं करती वे सुधांशु त्रिवेदी करते हैं।भाजपा प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा है कि आपको याद होगा दिल्ली के तमाम स्कूलों में बम धमाके की कई कॉल्स और ई-मेल आये थे।

जांच में पता चला ये ई-मेल अल्पव्यस्क व्यक्ति के द्वारा आ रहे थे। कोई नाबालिग बालक क्या अपने मन से ऐसा कर रहा है या क्या वो सिर्फ एक मोहरा है? उसके माता-पिता और पीछे के एनजीओ है उनकी इसमें कोई भूमिका है जिससे दिल्ली की कानून व्यवस्था को बिगाड़ कर दिल्ली में भय का वातावरण उत्पन्न कर के कोई राजनीतिक लाभ या राजनीतिक विचारधारा की पुष्टि की जा सके।हम सभी जानते है कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी का बहुत गहरा संबंध है, न सिर्फ तमाम ऐसे आवांछित एनजीओ से रहा है और तमाम ऐसी गतिविधियों से रहा है जो अफजल गुरु की फांसी और देशविरोधी तमाम गतिविधियों में लिप्त रहे हैं, फरवरी 2015 में जो टुकड़े-टुकड़े का नारा लगा था। वो अफजल गुरु की बरसी के ऊपर था और जिसकी फाइल को महीनों तक आम आदमी पार्टी ने बचा के रखा था। अब ये सवाल गहरा रहा है कि वो एनजीओ कौन है, उनका आम आदमी पार्टी से कोई संबंध है क्या?आप नेता संजय सिंह ने भाजपा पर पलटवार करते हुए कहा है कि %जो खुलासे पुलिस नहीं करती वे सुधांशु त्रिवेदी करते हैं। भाजपा छोटे-छोटे बच्चों को मिल रही बमों की धमकी का राजनैतिक लाभ उठा रही है। भाजपा को दिल्ली और भारत की सुरक्षा से कोई मतलब नहीं है। इनके पास नेता, नीति और नीयत नहीं केवल आरोप-प्रत्यारोप है। बिना आरोपों और सबूतों के कुछ भी कहना कैसी राजनीति है?

पाकिस्तान और अरब देशों में भी महाकुम्भ की धूम

- गूगल ट्रेंड्स के अनुसार इस्लामिक देशों में महाकुम्भ को लेकर हो रही खूब चर्चा
- महाकुम्भ 2025 को सर्च करने के मामले में पाकिस्तान टॉप पर
- कतर, यूएई और बहरीन जैसे देशों ने भी महाकुम्भ में दिखाई गहरी रुचि

लोकमित्र ब्यूरो

महाकुम्भ नगर। महाकुम्भ अब सिर्फ भारतीय आयोजन नहीं रहा, यह एक वैश्विक पर्व बन गया है। तीर्थराज प्रयागराज में सोमवार को महाकुम्भ 2025 का भव्य शुभारंभ हो चुका है। ब्राजील, जर्मनी, जापान, इंग्लैंड, अमेरिका और स्पेन जैसे देशों के श्रद्धालु भी प्रयागराज पहुंचने लगे हैं। यह आयोजन अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सनातन संस्कृति के बढ़ते प्रभाव को दिखा रहा है। खास बात ये है कि पाकिस्तान और अरब समेत इस्लामिक देश भी महाकुम्भ में रुचि दिखा रहे हैं। गूगल ट्रेंड्स के अनुसार, इस्लामिक देशों में योगी सरकार द्वारा आयोजित किए जा रहे महाकुम्भ के आयोजन को खूब सर्च किया जा रहा है। महाकुम्भ को सर्च करने वाले देशों की सूची पर नज़र डालें तो पहला नाम सबसे ज्यादा चौंकाता है जो कि पाकिस्तान है। भारत के

परस्पर विरोधी देश में लोग महाकुम्भ के आयोजन और यहां जुट रही व्यापक भीड़ को खूब सर्च कर रहे हैं। पाकिस्तान के बाद कतर, यूएई और बहरीन जैसे देशों ने महाकुम्भ में गहरी रुचि दिखाई है। इसके अलावा, नेपाल, सिंगापुर, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, आयरलैंड, ब्रिटेन, थाईलैंड और अमेरिका जैसे देशों के लोग भी महाकुम्भ के बारे में पढ़ और खोज रहे हैं।महाकुम्भ में अंतरराष्ट्रीय तीर्थयात्रियों की बढ़ती संख्या यह दिखाती है कि सनातन संस्कृति का प्रभाव तेजी से फैल रहा है। संगम में डुबकी लगाने वाले सिर्फ भारतीय ही नहीं, बल्कि विदेशों से आए लाखों श्रद्धालु भी इस दिव्य अनुभव का हिस्सा बन रहे हैं।

इस रिपोर्ट के नतीजे बताते हैं कि महाकुम्भ 2025 ने दुनिया को एक बार फिर भारतीय संस्कृति, अध्यात्म और सनातन धर्म की अद्भुत शक्ति का अहसास कराया है।

महाकुंभ में 10 घंटे में बिछड़े 8000 लोग

खोया-पाया केंद्र पर परिवार से मिलाया गया

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। महाकुंभ में सड़क से घाट तक श्रद्धालुओं की भीड़ ही भीड़ है। 500 मीटर की दूरी तय करने में 1 घंटे से ज्यादा का वक्त लग जा रहा है। आज अमृत स्नान के समय दो बजे तक करीब 8000 लोग अपनों से बिछड़ गए। डिजिटल खोया-पाया केंद्र में अनाउंस कर उन्हें एक-दूसरे से मिलाया गया। इस केंद्र पर हर वक्त करीब 200 से 300 लोग ऐसे हैं, जो अभी अपनों के पास नहीं पहुंच पाए। उनके लिए लगातार अनाउंस किए जा रहे हैं।

देश के कोने-कोने से भक्त प्रयागराज आए हैं। पहले दिन भीड़ इतनी रही कि 3700 लोग अपनों से बिछड़ गए। बाद में खोया-पाया केंद्र से अनाउंसमेंट कर ज्यादातर लोगों को उनके परिवार वालों से मिलवाया गया।महाकुंभ मेला प्रशासन ने मेला में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा

के लिए भूले भटके लोगों के लिए शिविर और भूली भटकी महिलाओं और बच्चों के शिविर बनाया है। पौष पूर्णिमा के स्नान पर जुटी भीड़ के दौरान परिवार से बिछड़ने वाले लोगों के लिए ये शिविर मददगार साबित होते रहे।स्नान पर्व के दौरान लगातार भूले भटके लोगों के नामों की लाउडस्पीकर के माध्यम से उद्घोषणा होती रही। सभी घाटों पर इस तरह के शिविर बनाए गए हैं और बड़ी संख्या में लाउड स्पीकर स्थापित किए गए हैं, जिससे दूर तक और पूरी स्पष्टता के साथ आवाज पहुंच रही है। इन अनाउंसमेंट को सुनकर लोग अपनों तक तुरंत पहुंच पा रहे हैं। उनकी मदद को घाटों पर तैनात पुलिस बल भी पूरी मदद कर रहा है।

ट्रेनों की लेटलतीफी से परेशान श्रद्धालु

प्रयागराज। मकर संक्रांति स्नान पर्व पर श्रद्धालुओं को ट्रेनों की लेटलतीफी का भारी खामियाजा भुगतना पड़ा। कोहरे के कारण ज्यादातर ट्रेनें अपने निर्धारित समय से घंटों देरी से पहुंचीं। खासकर प्रयागराज आने वाली प्रमुख ट्रेनों का समय गड़बड़ाने से श्रद्धालुओं को संगम पर स्नान में देरी का सामना करना पड़ा।

प्रयागराज की प्रमुख ट्रेन प्रयागराज एक्सप्रेस आमतौर पर सुबह सात बजे पहुंचती है, मंगलवार को करीब सात घंटे की देरी से दोपहर दो बजे सूबेदारगंज रेलवे स्टेशन पहुंची। इसके चलते यात्रियों को संगम तक पहुंचने में काफी परेशानी हुई। वंदे भारत एक्सप्रेस नई दिल्ली से चलकर सुबह 12 बजे तक प्रयागराज पहुंचती है, वह भी साढ़े तीन घंटे की देरी से 3:45 बजे स्टेशन पहुंची। वाराणसी से नई दिल्ली जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस को कोहरे के कारण तीन घंटे रीशेड्यूल करना पड़ा। वहीं, रीवा एक्सप्रेस करीब सात घंटे की देरी से दोपहर 1:15 बजे प्रयागराज जंक्शन पहुंची।

एलटीटी गोरखपुर ट्रेन आठ घंटे लेट रही, जबकि स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस और कालिंदी एक्सप्रेस को भी क्रमशः चार और छह घंटे की देरी झेलनी पड़ी। ट्रेनों की देरी के कारण सुबह रेलवे स्टेशनों पर श्रद्धालुओं की भीड़ कम रही, जिससे भीड़ प्रबंधन में आसानी हुई। हालांकि, दोपहर बाद ट्रेनों के आगमन के साथ ही यात्रियों की संख्या बढ़ने लगी। यात्रियों को स्टेशन से संगम तक पहुंचने में अतिरिक्त समय और परेशानी का सामना करना पड़ा। यात्रियों का कहना है कि कोहरे के दौरान ट्रेनों के सुचारू संचालन के लिए रेलवे को अतिरिक्त प्रबंध करने चाहिए। मकर संक्रांति जैसे बड़े अवसरों पर ट्रेनों की देरी ने श्रद्धालुओं की योजनाओं को प्रभावित किया, जिससे लोग खासे नाराज दिखे।

संगम स्नान कर बोले संत- साधुवाद सरकार!

पीएम मोदी के मार्गदर्शन व योगी के नेतृत्व में की गई व्यवस्था की साधु-संतों ने की सराहना

महाकुम्भ नगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महाकुम्भ-2025 की अविस्मरणीय तैयारी से साधु-संत आह्लादित दिखे। सभी संतजनों ने मंगलवार को मकर संक्रांति पर्व पर अमृत स्नान किया और अभूतपूर्व व्यवस्था के लिए सरकार का साधुवाद किया। सभी संतजनों ने 144 वर्ष पश्चात पड़े इस सुखद संयोग में स्नान कर स्वच्छ, सुरक्षित, दिव्य-भव्य महाकुम्भ के आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इतनी बड़ी भीड़ को नियंत्रित करने, अद्भुत व्यवस्था पर साधु-संतों ने सरकार के प्रति आभार भी जताया।

सरकार की व्यवस्था से बहुत प्रसन्न हूं

प्रयागराज। सरकार ने महाकुम्भ की व्यवस्था बहुत अच्छी की है। इस व्यवस्था से मैं बहुत प्रसन्न हूं। सरकार ने इतनी बड़ी भीड़ को भी नियंत्रित किया है, इसलिए सरकार साधुवाद की पात्र है।

जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य

जो कहते हैं कि हम बटे पड़े हैं, वे आकर देखें- सारे घाट पटे पड़े हैं

प्रयागराज। यह पूरे सनातन का स्नान है। यह अमृत व सनातन के अमर होने का पर्व है। इस कुम्भ ने बताया कि सारे घाट पटे पड़े हैं,लोग कहते हैं हम बटे पड़े हैं। आखिर हम कहां बटे पड़े हैं। करोड़ों कल,करोड़ों आज आए और करोड़ों आ रहे हैं। हर घाट पटा है। मैं सभी को आमंत्रित करता हूं कि आओ महाकुम्भ चलें। संगम के तट से संदेश है कि सनातन का संगम सदैव गंगा के पावन प्रवाह की तरह प्रवाहित रहे। सूर्य ने उत्तरायण की दिशा बदली है। यह हमारे जीवन की दिशा बदलने का समय है। जब

सौभाग्यशाली हैं कि इस महाकुम्भ में स्नान करने आए हैं

प्रयागराज। 1982 से कुम्भ में आ रही हूं। कई महाकुम्भ व अर्धमहाकुम्भ किए हैं, लेकिन प्रयागराज महाकुम्भ की अनुभूति अलग ही है। मां गंगा की गोद यह पूरा नया शहर-क्षेत्र बसाया जाता है। 144 वर्ष बाद महाकुम्भ का सुयोग बना है। हम लोग सौभाग्यशाली हैं कि इस महाकुम्भ में स्नान करके आए हैं। आज युवा इस दृश्य को देखकर आह्लादित दिख रहा है। अमृत स्नान के लिए जब अखाड़े निकले हैं, उस समय झोली फैलाकर फूल तक मांग रहे हैं। यह आस्था है। यह अद्भुत कुम्भ है। इसकी शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की। 500 साल की प्रतीक्षा के बाद रामलला मंदिर में विराजित हुए और उनकी वर्षगांठ हो रही है, इससे महाकुम्भ की महिमा और बढ़ जाती है।

साध्वी निरंजन ज्योति
पूर्व केंद्रीय मंत्री

दिशा-गति बदलती है तो मति भी बदलती है। देश को गति भी बदलनी है और मति भी बदलनी है। जैसे गति-मति बदलेंगे, सारा माहौल व मुल्क बदल जाएगा। भारत के पास यंग दिल इंडिया है,इसलिए सभी को मिलकर महान इंडिया बनाना है। मोदी-योगी की यह जोड़ी इस देश में नया योग खड़ा करने आई है। योगी जी ने दिखा दिया, वातावरण मस्त-मस्त और सुरक्षा जबर्दस्त है।

स्वामी चिदानंद सरस्वती,
आध्यात्मिक प्रमुख, परमार्थ निकेतन आश्रम, ऋषिकेश

मकर संक्रांति पर स्काउट और गाइड द्वारा चलाया गया स्वच्छता अभियान

प्रयागराज। महाकुंभ,भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जनपद प्रयागराज मुख्यायुक्त डॉ प्रभात कुमार के निर्देशन में कैंप कार्यालय सेक्टर 6 से स्काउट एंड गाइड के स्काउट मास्टर और गाइड कैप्टन, रोवर और रेंजर्स द्वारा मकर संक्रांति के पावन पर्व पर महाकुंभ के संपूर्ण 25 सेक्टर में हनुमान मंदिर बंधवा, कंट्रोल रूम, ट्रैफिक कंट्रोल, झूंसी पुल, चुंगी बैरहना पुल एवं अस्थाई बस स्टैंड, बेला कछार एक, बेला कछार 2, बेली कछार, झूसी, दुर्जनपुर, सरस्वती गेट, नेहरू पार्क, लेप्रोसी चौराहा, सरस्वती हाइटेक सिटी एवं रेलवे स्टेशन प्रयागराज, प्रयाग, प्रयागराज संगम नोज, कैंप कार्यालय सेक्टर 6 में स्काउट और गाइड्स द्वारा मेला क्षेत्र की गंदगी को साफ सुथरा कर कचरा मुक्त किया गया। नोडल अधिकारी मेला सेवा शिविर जिला विद्यालय निरीक्षक एवं उपाध्यक्ष पी एन सिंह प्रयागराज एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला कमिश्नर स्काउट प्रवीण कुमार तिवारी और सहायक प्रदेशिक संगठन आयुक्त कमलेश द्विवेदी के साथ-साथ जिला संस्थान की टीम युद्ध स्तर पर कार्य कर रही है। सेक्टर नंबर 6 में सेक्टर की प्रभारी स्टेट ट्रेनिंग कमीश्नर गाइड सितारा त्यागी, डिवीजन मण्डल सहयोगी रविंदर कौर सोखी वाराणसी मण्डल एवं राजेश प्रजापति विंध्याचल मण्डल, राकेश सैनी देवीपाटन मण्डल के साथ-साथ डीओसी वेद प्रकाश भगत, जिला नोडल आकांक्षा केशरी, डीओसी गायत्री यादव, नोडल कैंप प्रभारी सुरेंद्र प्रताप सिंह ,आईटी कोऑर्डिनेटर पंकज कुमार मिश्र, नोडल प्रभारी राजीव रंजन पटेल,नोडल प्रभारी तीर्थराज पटेल, चंद्रकांत, मीडिया सेल प्रभारी इरशाद अहमद,आनंद कुमार आदि के माध्यम से श्रद्धालुओं की सेवा प्रदान की गई।

मदरसा में हजरत अली के जन्मदिन के अवसर पर जशने मौलूदे काबा का हुआ आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

करारी, (कौशाम्बी)। कस्बा करारी स्थित मदरसा जामिया इमदादुल उलूम में हजरत अली के जन्म दिवस के अवसर पर जशने मौलूदे काबा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रधानाचार्य मोहम्मद इमरान ने की, संचालन मौलवी मेराज वारिस ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पवित्र कुरान से कारी मोहम्मद जाकिर ने किया , इस अवसर पर मौलाना मोहम्मद अकरम रजा ने अपने संबोधन में कहा कि हजरत अली के अंदर कुछ गुण ऐसे थे जो संसार के किसी भी व्यक्ति में नहीं थे, जैसे आप काबा शरीफ के अंदर पैदा हुए तथा मस्जिद के अंदर आपकी शहादत हुई अर्थात आप पर मस्जिद के अंदर नमाज की हालत में जानलेवा हमला हुआ था। दूसरा गुण यह था कि आपकी अस्त्र की नमाज कजा हो जाने पर पश्चिम में सूर्यास्त होने के पश्चात पुनः सूर्योदय हुआ था। और आपने नमाज अदा की थी, आप बहुत बड़े ज्ञानी और विद्वान थे। ज्ञान से संबंधित समस्याओं का निदान तुरंत कर देते थे, इस अवसर पर गुलफैज, ममनून, अल सैबी,अली हसनैन, मोहम्मद यूसुफ मुस्ताक आदि ने हजरत अली की शान में रचनाएं प्रस्तुत की। प्रधानाचार्य मोहम्मद इमरान ने भी अपने कलाम पढ़े। आ गए दीने मोहम्मद को बचाने मौला, दसश्त कर्बला में तेरी गोद के पाले मौला। तुमने खुद खाया न खाया यह अलग बात मगर, दर से पलती है ये मखलूक तुम्हारे मौला ।। नाखुदा अपना बनाया तुम्हें जिन लोगों ने, कश्तियां उनकी पहुंचती है किनारे मौला।। अंत में सलाम पढ़ा गया तथा कुल शरीफ पढ़ा गया और शीरीनी तक्सीम की गई मुल्क में अमन चौन और उन्नति की दुआएं मांगी गई इस अवसर पर खास तौर पर हाफिज मोहम्मद इस्माइल हाफिज लईक, हनीफ उर्फ लल्ला, सैकन आदि मौजूद रहे।

अंत से अनंत की यात्रा का बोध कराती है भागीरथी भगवती गंगा- साध्वी ऋतंभरा

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। महाकुंभ के प्रथम अमृत स्नान पर साध्वी ऋतंभरा ने गंगा में लगाई डुबकी और. पूजन किया। उन्होंने मां गंगा की पूजन एवं आरती वंदन किया।इस अवसर पर उन्होंने देशवासियों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश को एकात्मता के सूत्र में बांधता है। दिव्य एवं भव्य महाकुंभ का पावन उत्सव और कहा कि भागीरथी भगवती मां गंगा जीवन से लेकर अंत तक और अंत से आनंद तक की यात्रा का बोध कराती है। प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया मेला क्षेत्र में भक्तों के द्वारा लगाए गए खिचड़ी शिविर में जाकर उन्होंने श्रद्धालुओं को खिचड़ी वितरित किया।

कुंभ मेले में आए श्रद्धालुओं का किया स्वागत अभिनंदन

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। महाकुंभ मेले के प्रथम अमृत स्थान के पर्व पर प्रयागराज आए श्रद्धालुओं का भाजपा कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह पर सेवा के उपक्रम चलाये। प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि मुंडेरा, लीडर रोड, खुल्दाबाद, बहादुरगंज राम भवन, मुट्ठीगंज कीडगंज, कर्नलगंज, कटरा, लोकनाथ चौराहा, आर्य कन्या चौराहा, दारागंज, अलोपी बाग, सिविल लाइन, बालसन चौराहा, मेडिकल चौराहा, बैहराना आदि स्थानों पर सेवा संकल्प का शिविर लगाकर खिचड़ी वितरण किया गया और श्रद्धालुओं को ऊपर पुष्प वर्षा कर उनका अभिनंदन किया गया। श्रद्धालुओं को संगम जाने वाली मार्ग की जानकारी दी गई। इसके अलावा कार्यकर्ताओं ने शहर के प्रमुख चौराहे पर स्थित महापुरुषों की प्रतिमा पार्क

पर स्वच्छता अभियान चलाया और रंगोली बनाया।अभिनंदन करने वालों में प्रमुख रूप से राम भवन चौराहे पर पूर्व भाजपा पार्षद विजय वैश्य, भाजपा प्रवक्ता राजेश केसरवानी, कीडगंज में पार्षद किरन जायसवाल, हिम्मतगंज में महामंत्री वरुण केसरवानी, कर्नलगंज में पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल भट्ट, अंजलि गोस्वामी, लोकनाथ में पार्षद सुनीता चोपड़ा, मुंडेरा में पार्षद दीपिका सिंह, पवन मिश्रा, मनोज कुमार कुशवाहा राबिन साहू, कीडगंज में पार्षद मुकेश लारा, प्रमोद मोदी, विवेक अग्रवाल, अजय अग्रहरि,हीवेट रोड पर पार्षद कुसुमलता गुप्ता, मनोज मिश्रा नवरत्न कत्याल, शत्रुघ्न जायसवाल आदि सैकड़ों कार्यकर्ता रहे।

आरएन सिंह पीजी महाविद्यालय में पत्रकारों को किया गया सम्मानित

लोकमित्र ब्यूरो

चायल, कौशाम्बी। स्थानीय रामनाथ सिंह महाविद्यालय में मंगलवार को चायल प्रेस क्लब तथा क्षेत्र के समस्त पत्रकारों का प्रबंधक डॉक्टर श्रीकृष्ण पटेल द्वारा अंग वस्त्र,स्मृति चिन्ह तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रबंधक ने अपने वक्तव्य में पत्रकार बंधुओ के द्वारा किए जा रहे सामाजिक हितार्थ कार्यों का उद्बोधन किया जिसमें उन्होंने पत्रकारिता का किस प्रकार से शुरुआत हुई तथा हमारे पत्रकार बंधु किस प्रकार से समाज में विभिन्न प्रकार की कुरीतियों को तथा आम जनमानस की समस्याओं को सरकार तक पहुंचा कर सामाजिक परिवर्तन में अपना अहम योगदान दे रहे हैं। अपने उद्बोधन में शामिल कर समस्त पत्रकार बंधुओ को बधाइयां दी। इसी क्रम में कौशांबी मेडिकल प्रोफेशनल एसोसिएशन के अध्यक्ष डा. इकरार अहमद, सचिव पी शर्मा, कोषाध्यक्ष डॉ नीतू कनौजिया, डॉक्टर महेश गुप्ता और डॉक्टर सैयद सईद अहमद आदि लोगों ने अपने वक्तांश में पत्रकार बंधुओं को सम्मानित किया। उक्त कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के संचालक प्रदीप कुमार विश्वकर्मा ने किया तथा कार्यक्रम में अभिमन्यु सिंह पटेल, संदीप कुमार प्रजापति, सनी प्रताप सिंह, राजेश कुमार पटेल, अरविंद कुमार मौर्य, अरविंद कुमार पटेल, युवराज सिंह और चंद्रभान सिंह आदि क्षेत्र के सम्मानित भाई बंधु एवं मित्रगण मौजूद रहे।

मकर संक्रांति पर कौशाम्बेश्वर संकट मोचन आश्रम ट्रस्ट ने महाकुंभ प्रयागराज में वितरित किया खिचड़ी प्रसाद

लोकमित्र ब्यूरो

बारा, कौशाम्बी। मकर संक्रांति के पावन अवसर पर कौशाम्बेश्वर संकट मोचन आश्रम ट्रस्ट ने महाकुंभ सेक्टर 9 में आए श्रद्धालुओं के लिए विशेष खिचड़ी प्रसाद वितरण का आयोजन किया। इस धार्मिक आयोजन में सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया और इसे एक अनोखा आध्यात्मिक अनुभव बताया।महाकुंभ में लाखों श्रद्धालु गंगा स्नान और पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। कौशाम्बेश्वर संकट मोचन आश्रम ट्रस्ट ने जरूरतमंदों और श्रद्धालुओं को खिचड़ी प्रसाद वितरित कर उनके सेवा भाव को प्रकट किया। ट्रस्ट का उद्देश्य न केवल धार्मिक परंपराओं का पालन करना था, बल्कि जरूरतमंदों की भूख मिटाकर सामाजिक सेवा का संदेश देना भी था। प्रसाद के लिए खिचड़ी को बड़े पैमाने पर तैयार किया गया। इसमें चावल, दाल, तिल और देसी घी का उपयोग किया गया, जो मकर संक्रांति के पारंपरिक भोजन का हिस्सा है।प्रसाद वितरण का आयोजन महाकुंभ क्षेत्र के मुख्य घाटों और आश्रम के पास किया गया। यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया।आयोजन में न केवल स्थानीय लोगों ने बल्कि दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं ने भी भाग लिया। कई श्रद्धालुओं ने इसे मकर संक्रांति के अवसर पर मिला ईश्वरीय आशीर्वाद बताया। प्रसाद वितरण के दौरान स्वच्छता और अनुशासन का विशेष ध्यान रखा गया। प्लास्टिक के उपयोग से बचने के लिए पत्तल और मिट्टी के बर्तनों का इस्तेमाल किया गया। कौशाम्बेश्वर संकट मोचन आश्रम ट्रस्ट के बाबा बुद्धन दास और सेवक दास खत्री बाबा ने कहा,

प्रसाद वितरण हमारी परंपरा का हिस्सा है। हमारा उद्देश्य केवल श्रद्धालुओं को भोजन कराना नहीं, बल्कि सेवा के माध्यम से ईश्वर की भक्ति करना है। यह आयोजन हमें एकजुटता और सेवा का संदेश देता है। प्रसाद ग्रहण करने वाले श्रद्धालुओं ने इस पहल की सराहना की। एक श्रद्धालु ने कहा, महाकुंभ में इस तरह का प्रसाद पाना बहुत सौभाग्य की बात है। यह भोजन सिर्फ शारीरिक भूख नहीं, बल्कि आत्मा को भी तृप्त करता है। मकर संक्रांति के अवसर पर कौशाम्बेश्वर संकट मोचन आश्रम ट्रस्ट द्वारा आयोजित यह प्रसाद वितरण कार्यक्रम न केवल धार्मिक और सामाजिक सेवा का प्रतीक बना, बल्कि महाकुंभ के विशाल आयोजन में श्रद्धालुओं के बीच आपसी सहयोग और सद्भावना का संदेश भी फैलाया। इस मौके पर अंकित केशरवानी,संदीप सिंह,शांति दास महराज,सहित ट्रस्ट के सदस्य मौजूद रहे।

फेसबुक की मदद से बिछड़ी वृद्धा बेटे से मिली

नैनी(प्रयागराज)। मकर संक्रांति पर महाकुंभ में स्नान के लिए मध्य प्रदेश के सतना जिले से आई वृद्धा अपनों से बिछड़ कर नैनी मेवालाल की बगिया चौराहा पहुंच कर रोने लगी। उसके पास न तो रास्ते का पैसा था और न ही परिवार के किसी मोबाइल नंबर।

उसे रोता हुआ देख कर ड्यूटी पर तैनात महिला आरक्षी पुलिस ने अपने पास बुलाया और उसकी पीडा को समझा।

वृद्धा से साथ आए बेटे का नाम पूछा और फ़िर लग गई मोबाइल फोन पर फेसबुक एकाउंट से उसे तलाशने। फिर क्या था थोड़ी देर की मेहनत रंग लाई। बेटे के नाम से कई एकाउंट दिखने लगे। सभी में लगे प्रोफाइल फोटो की पहचान से जुड़े एक फोटो वृद्धा के बेटे की निकल गई। फेसबुक की सहायता से मोबाइल नंबर पता चलने के बाद वृद्धा की बेटे से जब बात हुई तो, उसके खुशी का कोई ठिकाना नहीं था। खुशी से वृद्धा झूम उठी और महिला आरक्षी पुलिस को गले लगा लिया।

यह भावुक नज़ारा देखकर मौजूद सब इंस्पेक्ट ने महिला सिपाही की पीठ थपथपा कर उसे शाबाशी दिया। परिवार से बिछड़ी महिला का नाम सियासखी पयासी, मध्य प्रदेश के सतना जिले के सिंहपुर थाना क्षेत्र के गांव भंवर की रहने वाली है। उसके बेटे का नाम ओम प्रकाश पयासी है।

मकर संक्रांति पर नगर अध्यक्ष ने लोगों को खिचड़ी प्रसाद वितरण किया

लोकमित्र ब्यूरो

सराय अकिल, (कौशाम्बी)। नगर पंचायत सराय अकिल कस्बे में मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष अनूप सिंह ने जगह-जगह खिचड़ी प्रसाद वितरण किया लोगों को मकर संक्रांति शुभकामनाएं दी।

बता दे सराय अकिल कस्बा मकर संक्रांति के अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष अनूप सिंह ने मंगलवार को सब्जी मंडी भगवतीगंज फक्कीराबाद बुधपुरी आदि कई जगह

मकर संक्रांति पर खिचड़ी प्रसाद वितरण किया तथा लोगों को शुभकामनाएं दी राहगीरों ने खिचड़ी खाकर शुभकामनाएं दी, तथा कस्बा के लोगों ने खिचड़ी खाकर नगर पंचायत अध्यक्ष अनूप सिंह को शुभकामनाएं दी मौके पर पप्पू सिंह संदीप पाठक गोलू नरोत्तम दास अग्रहरि पूर्व सभासद ओमप्रकाश अग्रहरी दीपू केसरवानी डंपी केसरवानी समाजसेवी कपिल पांडे कल्लू पांडे आदि लोग मौजूद रहें।

ससुर ने बहू के साथ किया दुराचार का प्रयास, शिकायत

लोकमित्र ब्यूरो

करारी, कौशाम्बी। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में सोमवार की रात एक ससुर ने सो रही बहू के साथ दुराचार का प्रयास किया। ससुर की अश्लील हरकतों से बहू नींद से जाग गई। शोर मचाने पर सास भी मौके पर पहुंच गई और किसी से न बताने को कहा। विरोध पर सास श्वसुर ने बहू की पिटाई किया। शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।इलाके की एक विवाहिता ने बताया कि उसका शौहर रोजी रोटी के वास्ते परदेश में है। सोमवार की रात करीब ग्यारह बजे वह अपने कमरे में सो रही थी। तभी चुपके से उसका श्वसुर भी उसके पास पहुंच गया। श्वसुर अश्लील हरकत करते हुए कपड़ा उतारने व दुराचार का प्रयास करने लगा। श्वसुर की हरकतों से बहू की नींद खुल गई। नींद से जागी पीड़िता ने शोर मचाया तो उसकी सास भी कमरे में पहुंच गई और शांत कराया। इस पर सास ने चुप रहने व किसी से न बताने की धमकी दी। विरोध पर दोनों ने विवाहिता की पिटाई की। मंगलवार को विवाहिता ने घटना की शिकायत इलाकाई थाने में किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

हाइटेंशन तार की चपेट में आने से किशोर झुलसा, अस्पताल में मौत

पेड़ से पत्ती तोड़ते समय हुआ हादसा, परिजनों में कोहराम

लोकमित्र ब्यूरो

करारी, (कौशाम्बी)। क्षेत्र के रहीमपुर मौलानी गांव में मंगलवार की सुबह पेड़ से पत्ती तोड़ते समय एक किशोर हाइटेंशन तार की चपेट में आ गया। इससे वह बुरी तरह झुलस गया। आनन फानन में परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।रहीमपुर मौलानी गांव का कमल सिंह मेहनत मजदूरी कर परिवार चलाता है। उसके

तीन बेटे हैं। छोटा बेटा करन सरोज उर्फ आकाश (13) मंगलवार की सुबह करीब दस बजे बकरी चराने बाग की तरफ गया था। वह पेड़ से पत्ती तोड़ रहा था। पत्ती तोड़ते समय लग्घी पेड़ के बगल से गुजरी हाइटेंशन तार में छू गई। इससे वह करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। इसके बाद आनन फानन में परिजन उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए। जहां थोड़ी ही देर में उपचार के दौरान करन की मौत हो गई। करन की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। सूचना के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।